सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 05 जनवरी, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 05, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## नागरिकों की सुरक्षा के लिए डेटा संरक्षण नियम

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार द्वारा जारी डेटा संरक्षण नियम नागरिक अधिकारों की रक्षा और नवाचार के बीच संतुलन बनाते हैं। } 14

## अमित शाह ने केजरीवाल पर बोला हमला

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आरोप लगाया कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री के तौर राजधानी की आधारभूत संचरनाओं को सुधारने के बजाय खुद के लिए शीश महल बनवाया। } 16

संक्षेप

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज करेंगे नमो भारत कॉरिडोर का उदघाटन

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को साहिबाबाद और न्यू अशोक नगर के बीच नमो भारत कॉरिडोर के अतिरिक्त 13 किलोमीटर लंबे दिल्ली खंड का उद्घाटन करेंगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि उद्घाटन पूर्वाह्न करीब 11 बजे होगा और प्रधानमंत्री मोदी साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर की यात्रा करेंगे। रविवार को शाम पांच बजे से यात्री परिचालन शुरू हो जाएगा और 15 मिनट के अंतराल पर ट्रेनें उपलब्ध होंगी। न्यू अशोक नगर स्टेशन से मेरठ साउथ तक का किराया स्टैंडर्ड कोच के लिए 150 रुपये और प्रीमियम कोच के लिए 225 रुपये है।

### परमाणु वैज्ञानिक आर चिदंबरम का निधन



नयी दिल्ली। भारत के परमाणु हथियार कार्यक्रम के वास्तुकार राजगोपाल चिदंबरम (88) का शनिवार सुबह मुंबई में निधन हो गया। उन्होंने 1974 और 1998 में पोखरण में परमाणु परीक्षणों में अहम भूमिका निभाई थी। विश्वस्तरीय भौतिक विज्ञानी और कुशल विज्ञान प्रशासक चिदंबरम ने परमाणु भौतिकी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया, साथ ही ग्रामीण भारत में समुदायों को सशक्त बनाने के लिए नवीन तकनीकों की शुरुआत की। चिदंबरम 1962 में भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बार्क) में शामिल हुए और 1990 में इसके निदेशक बने। 1993 में, उन्होंने परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष और परमाणु ऊर्जा विभाग में सचिव के रूप में देश के परमाणु कार्यक्रम का नेतृत्व किया, इस पद पर वह 2000 तक रहे।

### अंतरिक्ष में जीवन का हुआ अंकुरण

नयी दिल्ली। इसरो ने शनिवार को कहा कि पीएसएलवी-सी60 पीओईएम-4 प्लेटफॉर्म पर अंतरिक्ष में भेजे गए लोबिया के बीज मिशन के प्रक्षेपण के चार दिन के भीतर सूक्ष्म-गुरुत्वाकर्षण परिस्थितियों में अंकुरित हो गए हैं। अंतरिक्ष एजेंसी ने सूक्ष्म-गुरुत्वाकर्षण स्थितियों में पौधों के विकास का अध्ययन करने के लिए विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) के कक्षीय पादप अध्ययन (सीआरओपीएस) प्रयोग के लिए कॉम्पैक्ट रिसर्च मॉड्यूल के हिस्से के रूप में लोबिया के आठ बीज भेजे। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अंतरिक्ष में हुआ जीवन का अंकुरणउ पीएसएलवी-सी60 पीओईएम-4 के माध्यम से वीएसएससी के सीआरओपीएस प्रयोग में 4 दिन में लोबिया के बीज सफलतापूर्वक अंकुरित हुए।

## भगोड़ा घोषित होने के बाद भी पेश नहीं होना अपराध

एजेंसी



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने माना है कि किसी मामले में भगोड़ा घोषित किये जाने के बाद भी पेश नहीं होना अलग अपराध है और भगोड़ा घोषित के निर्देश को रद्द किये जाने के बाद भी इस अपराध की सुनवाई जारी रह सकती है। उच्चतम न्यायालय ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के जून 2023 के फैसले को चुनौती देने वाली अपील पर दो जनवरी को अपना फैसला सुनाया। पीठ ने कानूनी प्रश्नों पर विचार किया, जिसमें यह भी शामिल था कि क्या भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के प्रावधानों के तहत किसी अभियुक्त को अपराधी घोषित करने का दर्जा तब भी बना रह सकता है, जब उसे उसी अपराध के संबंध में मुकदमे के दौरान बरी कर दिया जाता है। न्यायमूर्ति सी.टी. रविकुमार और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ ने कहा, हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 174ए एक अलग, मूल अपराध है, जो सीआरपीसी की धारा 82 के तहत भगोड़ा घोषित किये जाने का आदेश वापस लिये जाने ...शेष पृष्ठ 14 पर

## कुछ लोग जाति के नाम पर समाज में फैला रहे जहर : मोदी

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में ग्रामीण भारत महोत्सव का किया उद्घाटन

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जाति के नाम पर समाज में जहर फैलाने के लिए विपक्ष पर शनिवार को हमला बोला और लोगों से गांवों की साझा संस्कृति एवं विरासत को मजबूत करने के उद्देश्य से ऐसी साजिशों को विफल करने को कहा।

प्रधानमंत्री ने ग्रामीण भारत महोत्सव का उद्घाटन करते हुए कहा कि उनकी सरकार 2014 से ग्रामीण विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही है और 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने में गांव महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मोदी ने कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) गठबंधन के अन्य नेताओं का परोक्ष जिक्र करते हुए कहा कि कुछ लोग जाति के नाम पर समाज में जहर फैलाने और सामाजिक ताने-बाने को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा हमें इन षड्यंत्रों को विफल करना होगा तथा अपने गांवों की साझा विरासत को संरक्षित एवं मजबूत करना होगा। गांधी और अखिलेश यादव सहित विपक्षी नेता जातिगत जनगणना की लगातार मांग कर रहे हैं।

मोदी ने कहा कि वह 2014 से ग्रामीण भारत की सेवा में लगातार लगे हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा ग्रामीण भारत के लोगों के लिए सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करना मेरी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य सशक्त ग्रामीण भारत सुनिश्चित करना, ग्रामीणों को पर्याप्त अवसर प्रदान करना, पलायन को कम करना और गांवों के लोगों के लिए जीवन को आसान बनाना है। मोदी ने गांवों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजनाओं के बारे में कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय बनाए गए हैं और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण भारत के करोड़ों लोगों ...शेष पृष्ठ 14 पर

# अयोध्या को बनाया विकास का प्रतीक

## अपने-अपने बूथ पर भाजपा की जीत को लेकर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा करें कार्यकर्ता : योगी

### मिशन मिल्कीपुर में जुटे सीएम ने कार्यकर्ताओं से किया संवाद

विशेष संवाददाता




लखनऊ/अयोध्या। 'मिशन मिल्कीपुर' की कमान संभाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय के सभागार में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं संग बैठक की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया और कहा कि बूथ पर भाजपा को अधिक से अधिक वोट मिले, इसे लेकर कार्यकर्ताओं में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने सपा पर जमकर निशाना साधा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कार्यकर्ता अपना बूथ, ग्राम सभा व मंडल सर्वाधिक मतों से जिताने को लेकर आपस में प्रतिस्पर्धा करें। जीत के लिए संपर्क व संवाद ही सबसे बेहतर रास्ता है। इसके जरिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का लक्ष्य रखें। उन्होंने कहा कि भाजपा विकास की प्रतीक है। हमने अयोध्या को विकास का प्रतीक बनाया है। हम विकास और सनातन के प्रतीक राम को मानते हैं, जबकि सपा विध्वंस के प्रतीक बाबर को मानती है। सपा ने अयोध्या को विकास को रोका, राम भक्तों पर गोलियां चलवायीं और प्रदेश को दंगे की आग में भी झोंका। सपा आज भी आतंकियों, दुराचारियों, अपराधियों के साथ खड़ी रहती है जबकि भाजपा निरंतर देश-प्रदेश को विकास की ओर ले जा रही है। बिना भेदभाव सिर्फ पात्रता के आधार पर आवास, शौचालय, निःशुल्क गैस कनेक्शन दिया जा रहा है। प्रदेश को अराजकता तथा माफिया राज से मुक्त कराया गया है। सीएम ने कार्यकर्ताओं से कहा कि डबल इंजन सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर जनता के बीच में जाएं और विकास के बलबूते वोट की ...शेष पृष्ठ 14 पर

### सरकार ने जरूरतमंदों के लिए तैयार किया रैन बसेरों का तंत्र

विशेष संवाददाता

लखनऊ। कड़ाके की सर्दी में अब कोई भी व्यक्ति खुले आसमान के नीचे सोने को मजबूर नहीं होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पूरे प्रदेश में रैन बसेरों और आश्रय स्थलों की सुविधाओं को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है। इन व्यवस्थाओं का उद्देश्य ठंड के प्रकोप से हर जरूरतमंद व्यक्ति को बचाना और उनके लिए सुरक्षित व गरिमामय आश्रय प्रदान करना है।

मुख्यमंत्री योगी ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया है कि रैन बसेरों का संचालन पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया है कि कोई भी व्यक्ति खुले आसमान, डिवाइडर, सड़क की पटरी या पार्कों में सोने को मजबूर न हो। प्रदेशभर में 1240 रैन बसेरों का विस्तार : प्रदेश में अब तक 1240 रैन बसेरों और आश्रय स्थलों को विकसित किया गया है, जहां ठंड से बचने के लिए सभी आवश्यक संसाधन मौजूद हैं। इसके साथ ही, तीन लाख से अधिक कंबल वितरित किए जा चुके ...शेष पृष्ठ 14 पर

### तमिलनाडु : पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, छह की मौत

विरुधुनगर (तमिलनाडु)। तमिलनाडु में विरुधुनगर के निकट पटाखा बनाने के कारखाने में शनिवार को विस्फोट होने से छह कर्मियों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

संदेह है कि रसायनों को मिलाने की प्रक्रिया के दौरान यह विस्फोट हुआ, जिससे कम से कम एक कमरा क्षतिग्रस्त हो गया तथा छह कर्मचारियों की मौत हो गई। विस्फोट सुबह के समय तब हुआ जब श्रमिक निर्माण प्रक्रिया के हिस्से के रूप में रासायनिक-कच्चे माल को मिलाने में लगे हुए थे। इसके परिणामस्वरूप छह लोगों की मौत हो गई और कारखाना परिसर के चार कमरे धराशायी हो गए। विस्फोट में घायल मोहम्मद सुदीन नामक कर्मी को मदुरै स्थित एक सरकारी अस्पताल में ले जाया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है। मृतकों की पहचान एस शिवकुमार (56), एस मीनाक्षी सुंदरम (46), आर नागराज (37) और जी वेलमुरुगन, एस कामराज और आर कन्नन (तीनों की उम्र 54 वर्ष) के रूप में की गई। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मौतों पर दुख व्यक्त ...शेष पृष्ठ 14 पर

## यूपी में सर्दी का सितम, पहाड़ों पर भीषण बर्फबारी

❍ कई जिलों में जारी कोल्ड डे का अलर्ट ❍ कई उड़ानें व रेल यातायात प्रभावित

विशेष संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में ठंड का प्रकोप कम होने का नाम ही नहीं ले रहा है। यहां भीषण ठंड पड़ रही है। लोग ठंड से बचने के लिए अलाव जला रहे हैं। न्यूनतम तापमान के साथ अधिकतम तापमान में भी कमी आने लगी है। सुबह-शाम तो सुबह-शाम, दिन में भी लोगों को ठंड से ठिठुरते हुए देखा जा रहा है। सुबह और शाम के समय लोग कम से कम बाहर जा रहे हैं। सुबह के समय रास्ते सुनसान बने हुए हैं। दूर-दूर तक लोग दिखाई नहीं दे रहे हैं। यूपी के अन्य जिलों की तुलना में लखनऊ में तापमान तेजी से गिर रहा है। बीते दिन यहां न्यूनतम तापमान गिरकर 6.6 डिग्री पहुंच गया और अधिकतम तापमान 17 डिग्री दर्ज किया गया है। वहीं प्रदेश के कई जिलों में रात से समय भीषण ठंड हो रही है। लोग कंबलों की ढेरों लेयर्स लेकर सो रहे हैं ताकि ठंड से बच सकें। इस बीच मौसम विभाग ने बताया कि आने वाले दिनों में भी यूपी के लोगों को ठंड से खास राहत मिलने की संभावना नहीं है। आगामी दिनों में प्रदेश में ठंड का स्तर और बढ़ेगा। साथ ही आईएमडी ने यूपी के कई जिलों में कोहरे-कोल्ड डे का ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने यूपी में कोहरे के विभिन्न अलर्ट जारी किए हैं। गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, महामायानगर, आगरा, एटा, मैनपुरी, इटावा, फिरोजाबाद, बलरामपुर, महाराजगंज, कुशीनगर, देवरिया, बलिया, गोरखपुर, ...शेष पृष्ठ 14 पर

## मिलेट्स मंडुआ के उत्पादन को बढ़ावा

### धामी सरकार ने किसानों से की मंडुवा की रिकॉर्ड 3100 मीट्रिक टन की खरीद

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मिलेट्स उत्पादों को बढ़ावा देने के आवाहन का उत्तराखंड में खासा असर देखने को मिल रहा है। उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार ने प्रधानमंत्री की आकांक्षा के अनुरूप मंडुआ मिलेट्स की जमकर खरीददारी की है।कुछ समय पहले तक उपेक्षित रहने वाला मंडुआ अब हाथों हाथ बिक रहा है। राज्य सरकार ने ही इस साल विभिन्न सहकारी और किसान संघों के जरिये उत्तराखंड के किसानों से 3100 मीट्रिक टन से अधिक मंडुआ खरीदा है। सरकार ने इस साल किसानों को मंडुआ पर 4200 प्रति कुंतल का समर्थन मूल्य भी दिया है।

उत्तराखंड के सीढ़ीदार खेतों में परंपरागत रूप से मंडुआ की खेती होती रही है। लेकिन कुछ साल पहले तक मंडुआ फसल उपेक्षा का शिकार रहती थी, जिस कारण किसानों का भी मंडुआ उत्पादन के प्रति मोह भंग होने लगा था लेकिन केंद्र और उत्तराखंड सरकार द्वारा अब मिलेट्स फसलों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिस कारण उत्तराखंड में मंडुआ उत्पादक क्षेत्र के साथ ही उत्पादन भी बढ़ रहा है। मौजूदा सरकार ने मंडुआ उत्पादक किसानों को प्रोत्साहन देने के लिए सबसे पहले 2022 इसे राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत के तहत, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों से खरीदना शुरू किया। साथ ही उपभोक्ताओं तक मिलेट्स उत्पाद पहुंचाने के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली से लेकर मिड डे मील और आंगनबाड़ी केंद्रों के पोषण कार्यक्रम में इसे शामिल किया गया। इसी तरह सरकार ने स्टेट मिलेट मिशन शुरू करते हुए, उत्पादन बढ़ाने के साथ ही, मिलेट्स उत्पादों को अपनाने के लिए व्यापक प्रचार प्रसार, किसानों से खरीद से लेकर भंडारण तक की मजबूत व्यवस्था तैयार की। वहीं किसानों को बीज, खाद पर अस्सी प्रतिशत तक सब्सिडी दी गयी। सरकार ने दूर दराज ...शेष पृष्ठ 14 पर



आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 18.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 08.04 डिसे. |

भीतर पढ़ें

❍ अत्याधुनिक उपकरणों से हो रही संगम की सुरक्षा (पृष्ठ-02)
❍ महाकुम्भ में लगेंगे परिवहन निगम की 40 ई-बसें (पृष्ठ-02)
❍ नेपाल को दो लाख टन गेहूं निर्यात की अनुमति (पृष्ठ-14)
❍ 2050 तक तीन गुना हो जायेंगी उपभोक्ता कीमतें (पृष्ठ-14)
❍ परिधान निर्यातकों ने बजट में मांगा कर प्रोत्साहन (पृष्ठ-14)

विशेष खबर

प्रयागराज में पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने तैयारियों का लिया जायजा, टीथर्ड ड्रोन व ड्रोन रोधी प्रणाली भी की गयी तैनात

## महाकुम्भ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकता

विशेष संवाददाता



महाकुम्भ नगर। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लेने शनिवार को यहां पहुंचे। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, प्रदेश पुलिस की प्राथमिकता है और इसके लिए सभी स्तरों पर तैयारी पूरी कर ली गई है। पुलिस महानिदेशक ने संवाददाताओं को बताया, मुख्य स्नान पर्वों पर जल, थल और नभ तीनों स्तर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।

महाकुम्भ हमारे लिए बहुत बड़ा अवसर है, खासकर जब इस पूरी पृथ्वी पर इतना बड़ा मानव समागम होने जा रहा है। लगभग 40 से 50 करोड़ लोग इस 45 दिन में यहां पर आएंगे। उन्होंने बताया कि महाकुम्भ को लेकर पिछले कुछ माह से युद्ध स्तर पर तैयारी की जा रही हैं और आधारभूत ढांचा, उपकरण तथा श्रमबल सभी कुछ अनुकूल है। अधिकारी ने बताया कि इस बार आपदा प्रबंधन, अग्नि सुरक्षा और यातायात के लिए विशेष कोष जारी किए गए हैं। प्रशांत कुमार ने बताया कि यहां पर किसी तरह की कोई कठिनाई ना हो, इसके लिए सभी तरह के अत्याधुनिक उपकरण यहां आ चुके हैं। उन्होंने बताया कि यहां इंटरसेप्टर तैनात हो चुके हैं और टीथर्ड ड्रोन व ड्रोन रोधी प्रणाली भी यहां तैनात की गयी है। अधिकारी ने बताया कि जल के मोर्चे पर पिछले कुम्भ की तुलना में इस बार व्यवस्था और अधिक मजबूत की गई है। उन्होंने बताया कि मेला क्षेत्र में घाट की संख्या और क्षमता इसीलिए बढ़ाई गई है ताकि जो भी श्रद्धालु जिस मार्ग से आ रहे हैं, वे वही स्नान करें और निर्धारित मार्ग से वापस जाएं। अधिकारी ने बताया कि साइबर से जुड़े मामलों को लेकर भी पुलिस सजगता से कार्य कर रही है। कुमार ने बताया कि आतंकी खतरों और धमकियों को लेकर एटीएस की पैरा कमांडो टीम यहां पहुंच चुकी है। उन्होंने बताया कि महाकुम्भ में सात चक्रीय सुरक्षा सुनिश्चित की गई है और अंतरराष्ट्रीय और अंतरराज्यीय सीमा से लेकर कुम्भ क्षेत्र तक सुरक्षा घेरा तैयार किया गया है।

अधिकारी ने बताया कि इसके अलावा पिछले कुम्भ के मुकाबले 40 प्रतिशत अधिक पुलिस बल यहां तैनात किया गया है। पुलिस महानिदेशक ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उच्च स्तरीय बैठक में यातायात व्यवस्था, रेलवे स्टेशन, बस स्टॉप पर सुरक्षा प्रबंध की जानकारी ली। डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा सभी विभागों के समन्वय से कार्य चल रहा है, यहां सभी एहतियात लिए जा रहे हैं, उन्होंने कहा हमने महाकुंभ के दौरान 40 से 50 करोड़ लोगों के स्नान कराने की और उनको सकुशल गंतव्य स्थान तक पहुंचाने की जिम्मेदारी ली है। उन्होंने कहा इसी को देखते हुए पुलिस की छुटटी बंद कर दी गयी है तााकि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा उत्पन्न न हो।

## जम्मू-कश्मीर : खाई में गिरा सेना का वाहन, चार की मौत

एजेंसी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में सेना के एक वाहन के खाई में गिरने से चार सैन्यकर्मियों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि उत्तरी कश्मीर जिले में एसके पायन के पास सेना का एक वाहन सड़क से फिसलकर खाई में गिर गया। उन्होंने बताया कि तीन जवानों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। सेना की चिनार कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि बांदीपोरा जिले में दायित्व निर्वहन के समय खराब मौसम और कम दृश्यता की स्थिति के कारण भारतीय सेना का एक वाहन फिसलकर खाई में गिर गया। इसने कहा घायल सैनिकों को स्थानीय कश्मीरी लोगों की सहायता से चिकित्सा देखभाल के लिए तुरंत बाहर निकाला गया। हम तत्काल सहायता प्रदान करने वाले नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। सेना ने कहा दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में तीन वीर जवानों की जान चली गई। भारतीय सेना शोकसंतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करती है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जवानों की मौत पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा, बांदीपोरा में एक दुखद सड़क दुर्घटना में भारतीय ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# अत्याधुनिक उपकरणों से हो रही संगम की सुरक्षा और निगरानी

## गंगा और यमुना की सुरक्षा और निगरानी के लिए करीब 4 हजार जल पुलिस के जवानों को किया गया तैनात

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/महाकुम्भ नगर।।** महाकुम्भ में आस्था की डुबकी लगाने आ रहे करोड़ों श्रद्धालुओं की सुरक्षा योगी सरकार की प्राथमिकता में है। इसी क्रम में गंगा और यमुना नदियों की सुरक्षा और निगरानी के लिए बड़ी संख्या में जल पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है। इन जवानों को अत्याधुनिक उपकरणों से भी लैस किया गया है। अंडर वाटर ड्रोन और सोनार सिस्टम जैसे इक्विपमेंट्स के माध्यम से जल

- **महाकुम्भ 2025 के लिए योगी सरकार ने तैयार की जल पुलिस योजना**
- **जल पुलिस के जवानों को अंडर वाटर ड्रोन और सोनार सिस्टम जैसे इक्विपमेंट्स से किया गया है लैस**

पुलिस संगम के चप्पे चप्पे पर निगरानी कर रही है। लाइफबॉय और एफआरपी स्पीड मोटर बोट जैसे इक्विपमेंट्स आपातकालीन परिस्थितियों में सहायक होंगे। किसी भी तरह की आपदा से निपटने के लिए वेल ट्रेन्ड जल पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं।



**पर्याप्त मात्रा में जल पुलिस के जवान तैनात :** जल पुलिस योजना के तहत अब तक करीब 2500 जवान तटों की सुरक्षा के लिए तैनात कर दिए गए हैं। तीन जल पुलिस स्टेशन बनाए गए हैं जो श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 24 घंटे तत्परता से कार्यरत हैं। तटों पर सुरक्षा की मॉनीटरिंग जल पुलिस के कंट्रोल रूम से की जा रही है, जबकि पूरे मेला क्षेत्र में 17 जल पुलिस सब कंट्रोल रूम भी स्थापित किए गए हैं। इस मैनपावर में मेले की शुरूआत से पहले और इजाफा किया जाएगा और इसमें करीब 1300 जल पुलिस के जवान और जुड़ जाएंगे। इस तरह मेले के दौरान कुल मिलाकर 3800 जल पुलिस के जवान तटों की सुरक्षा में मुस्तैद रहेंगे।

**अत्याधुनिक उपकरणों से किया गया लैस :** तटों की सुरक्षा के लिए योगी सरकार ने जल पुलिस के जवानों को अत्याधुनिक उपकरणों से लैस किया है। 8 किमी. क्षेत्र में डीप वॉटर बैरीकेडिंग की गई है। 2 फ्लोटिंग रेस्क्यू स्टेशन बनाए गए हैं, जहां किसी भी अप्रिय घटना से बचाव के लिए जवानों की तैनाती की गई है। इसके अलावा संगम क्षेत्र की सुरक्षा के लिए 11 एफआरपी स्पीड मोटर बोट तैनात की गई हैं। 6 सीटर इस बोट में जवान हर समय संगम क्षेत्र की निगरानी करते नजर आ रहे हैं। आपातकालीन परिस्थितियों के लिए 4 वाटर एंबुलेंस भी तैनात कर दी गई हैं, जो तत्काल राहत पहुंचाने में समक्षम हैं। इसके अतिरिक्त 25 रिजार्जेबल मोबाइल रिमोट एरिया लाइटनिंग सिस्टम को भी तैनात किया गया है तो चेंजिंग रूम के साथ 4 अनाकोंडा मोटर बोट भी तैनात की जा रही है।

**इमरजेंसी प्लान भी तैयार :** इसके अतिरिक्त जल पुलिस के जवान 2 किमी. लंबी रिवर लाइन से भी लैस हैं, जो यमुना में ट्रैफिक कंट्रोल में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसके अलावा उन्हें 100 डाइविंग किट, 440 लाइफबॉय, 3 हजार से ज्यादा लाइफ जैकेट, 415 रेस्क्यू ट्यूब, 200 थ्रो बैग विद रोप, 29 टॉवर लाइट सिस्टम, एक अंडर वाटर ड्रोन और एक सोनाल सिस्टम से लैस किया गया है। ये सभी अत्याधुनिक उपकरण जल पुलिस के जवानों को तटों की सुरक्षा के साथ-साथ जल में होने वाली हर तरह की गतिविधि की निगरानी और सुरक्षा में सक्षम बनाता है।

प्रभारी पुलिस महानिरीक्षक पीएसी पूर्वी जोन प्रयागराज डॉ. राजीव नारायण मिश्र ने बताया कि महाकुम्भ उत्तर प्रदेश जल पुलिस, पीएसी एवं एसडीआरएफ के लिए बहुत बड़ा

- **लाइफबॉय और एफआरपी स्पीड मोटर बोट जैसे इक्विपमेंट्स आपातकालीन परिस्थितियों में बनेंगे सहायक**
- **किसी भी तरह की आपात परिस्थिति से निपटने के लिए वेल ट्रेन्ड जल पुलिस के जवान भी तैनात**

अवसर है। इस दौरान संगम व अन्य क्षेत्रों की सुरक्षा और निगरानी हम सबकी जिम्मेदारी है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सरकार ने जल पुलिस व पीएसी को अत्याधुनिक उपकरणों से लैस किया है। पर्याप्त संख्या में जनशक्ति भी उपलब्ध करायी गयी है। हमारा प्रयास महाकुम्भ को शत प्रतिशत 'इंसिडेंट फ्री' बनाना है।

## श्रद्धालुओं को गौरव की अनुभूति दे रही महाकुम्भ की सजावट

**महाकुम्भ नगर।** प्रयागराज में सनातन धर्म के सबसे बड़े समागम महाकुम्भ 2025 को भव्य बनाने के लिए योगी सरकार कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। देश और दुनिया से करोड़ों श्रद्धालुओं का यहां पहंचना शुरू हो गया है और जो चीज उन्हें सबसे ज्यादा आकर्षित और गौरव की अनुभूति प्रदान कर रही है वो है यहां सी सजावट। महाकुम्भ के लिए पूरे प्रयागराज को विभिन्न माध्यमों से सजाया गया है। विभिन्न भाषाओं में साइनेजेस लगाए गए हैं, जबकि थीमैटिक लाइटिंग, फसाड लाइटिंग, स्तंभ, थीमैटिक इंस्टॉलेशन समेत कलाकृतियों और म्यूरल पेंटिंग्स से शहर की सजावट की जा रही है। महाकुम्भ के दौरान त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाने आ रहे श्रद्धालुओं को यह सजावट एक यादगार अनुभव प्रदान कर रही है।

**विभिन्न भाषाओं में सुविधा जनक साइनेजेस स्थापित :** श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पूरे प्रयागराज में बड़ी संख्या में साइनेजेस लगाए गए हैं, जो विभिन्न भाषाओं में हैं। इनमें सिटी एरिया में 610 तो मेला एरिया में 800 साइनेजेस लगाए जा रहे हैं। सिटी एरिया में साइनेज लगाने का काम पूरा हो चुका है, जबकि मेला एरिया में भी 90 प्रतिशत से ज्यादा साइनेज लगाए जा चुके हैं और तेजी से साइनेजेस लगाने का कार्य पूर्ण किया

- **मेला क्षेत्र के साथ ही पूरे शहर में विभिन्न भाषाओं में लगाए गए हैं साइनेजेस**
- **जगह-जगह थीमैटिक, फसाड लाइटिंग और स्तंभ प्रस्तुत कर रहे सांस्कृतिक झलक**
- **विभिन्न स्थलों पर स्थापित कलाकृतियों और म्यूरल पेंटिंग्स करा रहीं सुखद अनुभव**

जा रहा है। यह साइनेजेस पीडब्ल्यूडी की ओर से लगाए जा रहे हैं। इनके माध्यम से समस्त भाषायी पर्यटक और श्रद्धालु अपने नियत स्थान पर पहुंचने में सक्षम हो रहे हैं।

**सजावट में दिख रही संस्कृति की झलक :** इसी तरह, शहर को सजाने के लिए विभिन्न कार्य पूरे हो रहे हैं। इसमें नगर निगम द्वारा थीमैटिक लाइटिंग के कार्य को पूरी गति से अंजाम दिया जा रहा है। पूरे शहर में कुल 3540 थीमैटिक लाइटिंग के पोल्स में से 95 प्रतिशत को लगा दिया गया है। बाकी कार्य भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा। इसकी चमक लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। वहीं, पर्यटन विभाग द्वारा सभी 8 लोकेशंस पर फसाड लाइटिंग का कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है। इस फसाड लाइटिंग से धार्मिक स्थल और ऐतिहासिक महत्व वाले स्थलों की आभा दोगुनी हो गई है। सीएंडडीएस द्वारा 84 स्थलों पर स्तंभ लगाए जा रहे हैं, जो 90 प्रतिशत से ज्यादा लग भी चुके हैं। यह स्तंभ सांस्कृतिक झलक प्रस्तुत कर रहे हैं। वहीं विभाग द्वारा सभी चार स्थलों पर थीमैटिक इंस्टॉलेशन का कार्य भी पूरा कर लिया गया है।

**यादगार बन रहा अनुभव :** मेला क्षेत्र को अद्भुत छवि देने के लिए प्रयासरत प्रयागराज मेला प्राधिकरण की ओर से भी विभिन्न सौंदर्यीकरण के कार्य कराए गए हैं। इसमें 15 लाख स्क्वायर फीट से ज्यादा एरिया में कलाकृतियां लगाई गई हैं। कलाकृतियों के साथ-साथ म्यूरल पेंटिंग की जिम्मेदारी भी मेला प्राधिकरण की है, जिसे प्राधिकरण सफलतापूर्वक संचालित कर रहा है। पूरे मेला क्षेत्र समेत अन्य प्रमुख स्थानों पर कुल 0.33 लाख स्क्वायर फीट में म्यूरल पेंटिंग का कार्य समाप्ति की ओर बढ़ रहा है। इससे पूरे मेला क्षेत्र की आभा अलग ही दिखाई दे रही है, जो श्रद्धालुओं के अनुभव को यादगार बना रही है।

# महाकुम्भ में श्रद्धालुओं की सेवा में लगेंगी परिवहन निगम की 40 इलेक्ट्रिक बसें

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ के दौरान श्रद्धालुओं को परिवहन सेवा सुलभ कराने के लिए योगी सरकार इलेक्ट्रिक बसों का संचालन करने जा रही है। महाकुम्भ से पहले प्रयागराज में 10 से 15 इलेक्ट्रिक

- **महाकुम्भ से पहले 10 से 15 इलेक्ट्रिक बसें पहुंच जायेंगी प्रयागराज**
- **मौनी अमावस्या तक 30 और इलेक्ट्रिक बसों को कराया जायेगा उपलब्ध**

बसों का संचालन शुरू हो जाएगा, जबकि 29 जनवरी को मौनी अवास्या के प्रमुख स्नान पर्व तक 30 और बसों को लखनऊ मुख्यालय से प्रयागराज भेज दिया जाएगा। इलेक्ट्रिक बसें विभिन्न रूटों पर श्रद्धालुओं को परिवहन सेवा उपलब्ध कराएंगी और उनके सफर को आसान बनाएंगी। उल्लेखनीय है कि 13 जनवरी से 26 फरवरी के बीच प्रयागराज में आयोजित हो रहे महाकुम्भ में करोड़ों लोगों के आने का अनुमान है। ऐसे में ये इलेक्ट्रिक बसें परिवहन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।



**महाकुम्भ से पूर्व पहुंचेंगी 10 से 15 बसें :** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के जीएम प्राविधिक अजीत कुमार सिंह ने बताया कि महाकुम्भ मेला के प्रारंभ होने से पूर्व 10 से 15 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन प्रयागराज में शुरू हो जाएगा। वहीं, मौनी अमावस्या पर्व के पूर्व लगभग 30 से 40 बसें प्रयागराज पहुंच जाएंगी। इन बसों की सप्लाई स्विच मोबिलिटी द्वारा की जा रही है। बसों की लंबाई 12 मीटर है तथा एक चार्जिंग में यह लगभग 200 किलोमीटर से अधिक संचालित की जा सकेंगी। उन्होंने बताया कि नई इलेक्ट्रिक बसें जो परिवहन निगम को प्राप्त हो रही हैं उनको सीधे प्रयागराज क्षेत्र ही भेजा जा रहा है। पूर्व में इनका प्री डिलीवी इंस्पेक्शन कानपुर में किया जाता था, लेकिन महाकुम्भ मेले के दृष्टिगत इन बसों का प्रयागराज क्षेत्र में ही प्रयाग डिपो के अंतर्गत चेकिंग की जाएगी तथा रजिस्ट्रेशन करने के उपरांत इनको वहीं पर संचालित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय प्रबंधक प्रयागराज द्वारा मार्गो को चिन्हित कर लिया गया है, जिन पर इनका संचालन कराया जाएगा।

**रूट प्लान भी तैयार :** प्रयागराज परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक एमके त्रिवेदी ने बताया कि इलेक्ट्रिक बसों के लिए शहर और बाहर दोनों का रूट प्लान तैयार है। उन्होंने बताया कि नेहरू पार्क, बेला कछार और अंदावा समेत प्रयागराज में बसों की चार्जिंग की 4 जगह व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गई है। मेला प्रशासन और पुलिस के द्वारा इनके रूट भी तय किए जा चुके हैं। पीक डेज में कुल 6 रूट्स पर बसों का संचालन होगा, जबकि सामान्य दिनों में 11 रूट्स पर इलेक्ट्रिक बसें दौड़ेंगी। उन्होंने बताया कि बसों के आते ही उनका संचालन तत्काल प्रभाव से शुरू कर दिया जाएगा।

**द्वितीय चरण में डबल डेकर बसें भी होंगी संचालित :** परिवहन विभाग द्वितीय चरण में डबल डेकर बसें भी संचालित करेगा। विभाग को दूसरे चरण में कुल 120 इलेक्ट्रिक बसें

- **एक चार्जिंग में लगभग 200 किलोमीटर से अधिक चलेंगी ये इलेक्ट्रिक बसें**
- **प्रयागराज में इलेक्ट्रिक बसों की चार्जिंग के लिए चार स्थल किये गये चिन्हित**

मिलने की संभावना है। इनमें से 20 बसें डबल डेकर होंगी तथा 100 बसें 9 मीटर और 12 मीटर की होगी। 20 डबल डेकर की आपूर्ति स्विच मोबिलिटी के अलावा अन्य दो प्रकार की बसों की आपूर्ति में पिनेकल मोबिलिटी प्रा. लि. द्वारा की जाएगी। महाकुम्भ के दौरान इन बसों का संचालन मुश्किल है।

# महाकुम्भ में आये 10,000 मरीजों का हुआ उपचार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ में श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य का विशेष ख्याल रखा जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश

- **सेंट्रल के साथ अरैल के सब सेंट्रल हॉस्पिटल में भी ओपीडी शुरू**

पर महाकुम्भ के कोने कोने में श्रद्धालुओं को बेहतरीन उपचार की व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है। महाकुम्भ में सेंट्रल हॉस्पिटल के चिकित्सक पूरे उत्साह से मरीजों की देखभाल में लगे हैं। अभी तक 10 हजार से भी अधिक मरीजों का उपचार किया जा चुका है।

**सेंट्रल की तरह सब सेंट्रल हॉस्पिटल में भी मरीजों की देखरेख शुरू :** महाकुम्भ मेला के नोडल चिकित्सा स्थापना डॉक्टर गौरव दुबे ने बताया कि सीएम योगी के निर्देश पर महाकुम्भ के कोने कोने में श्रद्धालुओं को बेहतर उपचार की व्यवस्था की गई है। इसी क्रम में सेंट्रल हॉस्पिटल की ही तरह अरैल स्थित सेक्टर 24 में एक सब सेंट्रल हॉस्पिटल भी पूरी क्षमता से शुरू कर दिया गया है। यहां भी स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की तैनाती कर दी गई है। जिन्होंने देश दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं का विधिवत उपचार भी शुरू कर दिया है।

**स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की तैनाती :** 25 बेड वाला अरैल स्थित यह सब सेंट्रल हॉस्पिटल हाईटेक सुविधाओं से लैस है। यहां सेंट्रल हॉस्पिटल की ही तरह से मरीजों को उपचार की सुविधा मिलेगी। यहां पर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की तैनाती भी कर दी गई है।

# मंत्री आशीष पटेल इस्तीफा दें, हम स्वागत करेंगे : अजय राय

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश की भाजपा सरकार में मंत्री आशीष पटेल ने यदि भ्रष्टाचार किया है तो प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हिम्मत दिखाते हुए उन्हें अपने मंत्रिमंडल से बर्खास्त करें और यदि मंत्री आशीष पटेल सही हैं

- **अजय राय ने कहा, मंत्री आशीष पटेल यदि सही है और उनका शोषण हो रहा है तो उन्हें एवं अनुप्रिया पटेल को तत्काल भाजपा का साथ छोड़ देना चाहिए**

और सरकार एसटीएफ और सूचना निदेशक मिलकर उन्हें प्रताड़ित कर रहे हैं और उनमें जरा सा भी स्वाभिमान हो तो उनके और अनुप्रिया पटेल को इस अपमान करने वाली भाजपा सरकार को तत्काल छोड़ देना चाहिए। इसका कांग्रेस स्वागत करेगी।



यह बातें कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय पर शनिवार को आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने पत्रकारों के समक्ष दिया। प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने प्रदेश की भाजपा सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि उप्र में जबसे योगी आदित्यनाथ की सरकार आयी है नीचे से लेकर ऊपर तक बहुत बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार व्याप्त हो गया है, जिससे प्रदेश की जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। इससे बड़ा सबूत और क्या हो सकता है कि भाजपा सरकार में मंत्री आशीष पटेल की रिश्तेदार और विधायिका पल्लवी पटेल ने उनके ऊपर तमाम तथ्यों के साथ दावा करते हुए आरोप लगाया पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ना तो उनकी जांच कराने को तैयार हैं और ना ही मंत्री को बर्खास्त कर पा रहे हैं। जबकि मंत्री ने सीधे-सीधे योगी के दो खास सिपहसालार पर खुलेआम आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मंत्री आशीष पटेल यदि ईमानदार हैं और उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है तो उन्हें हिम्मत दिखानी चाहिए कि वह तत्काल इस्तीफा देकर अपने आत्मसम्मान की रक्षा करे और यदि वह ऐसा करते हैं तो कांग्रेस उनका स्वागत करेगी। उन्होंने भाजपा सरकार की योजना जन जीवन मिशन में व्याप्त भ्रष्टाचार को उजागर करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना के तहत उप्र में 31 हजार 3 सौ 3 करोड़ के घोटाले की एक जनहित याचिका उच्च न्यायालय के लखनऊ खंडपीठ में दायर की गयी है।

# भाजपा भ्रष्टाचार में पूरी तरह से डूबी हुई : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा की नीतियों से प्रदेशवासियों को तबाही के सिवा कुछ नहीं मिला है। भाजपा भ्रष्टाचार में पूरी तरह से डूबी हुई है। घर-घर जल में लूट मची है। स्वास्थ्य विभाग में प्रत्येक स्तर पर भ्रष्टाचार है। क्रूरता और

- **सपा अध्यक्ष ने राष्ट्रीय और प्रदेश फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक को किया सम्बोधित**

कायरता भाजपा का मिलाजुला चरित्र है। भाजपा का आचरण खतरनाक है।



अखिलेश यादव शनिवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में राष्ट्रीय और प्रदेश फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा में माफियाओं की भरमार है। भाजपा जनता की नहीं सुनना चाहती है। भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है। महंगाई चरम पर है। किसान, नौजवान, मजदूर, व्यापारी, शिक्षक, अधिवक्ता सभी परेशान है।

उन्होंने याद दिलाया कि सपा के पास डॉ. राममनोहर लोहिया, बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की विचारधारा और नेताजी मुलायम सिंह यादव के संघर्ष की विरासत है। सामाजिक न्याय की लड़ाई समाजवादी ही लड़ते रहे है और आज भी संघर्ष जारी है। जातीय जनगणना के माध्यम से हर एक की समानुपातिक भागीदारी निश्चित हो सकेगी। सपा का जनता से भावनात्मक रिश्ता है। जनता के सरोकारों से सपा जुड़ी रहती है। जनता की बात ही सपा की बात है।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की बुनियादी आत्मा संविधान है। भाजपा संविधान को ही बदलना चाहती है। संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने संविधान के माध्यम से गरीब-अमीर सबको एक वोट का अधिकार दिया था। दलित, पिछड़ों को आरक्षण देकर सामाजिक समानता का हक दिया था। भाजपा आरक्षण और वोट के अधिकार को समाप्त करना चाहती है। लोकतांत्रिक संस्थानों को भी कमजोर करने का काम कर रही है। चुनावों में भाजपा सरकार पुलिस प्रशासन के बल पर धांधली करके चुनाव प्रक्रिया की पवित्रता को भी नष्ट करने का काम कर रही है। अधिकृत प्रत्याशियों के नामांकन पत्र जबरन छीनने और फाड़ने का काम करती है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य 2027 के विधानसभा चुनाव को जीत कर पीडीए की सरकार बनाना है।

# अनूठी पहल- किसानों को पराली के बदले गोवंश खाद दे रही योगी सरकार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। योगी सरकार पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए लगातार महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। यही वजह है कि पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश में पराली जलाने की घटनाओं में बेतहाशा कमी आयी है। योगी सरकार

- **पराली के बदले अब तक वितरित की गई डेढ़ लाख कुंतल से अधिक खाद**
- **अभियान में वाराणसी, बांदा, बदायूं, जालौन, बरेली, अमेठी, सिद्धार्थनगर और बहराइच का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन**

ने किसानों के हित में अनूठी पहल शुरू की है, जिसमें पराली जलाने की घटनाओं को रोकने और किसानों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से 'पराली के बदले गोवंश खाद' योजना चलाई जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह अभिनव अभियान प्रदेश में किसानों की आय बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

**मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने में किया जा रहा खाद का उपयोग :** प्रदेश में हर वर्ष फसलों की कटाई के बाद पराली जलाने की समस्या बढ़ जाती थी, जिससे वायु प्रदूषण गंभीर रूप से प्रभावित होता है। इसे रोकने के लिए योगी सरकार ने 28 अक्टूबर से 'पराली के बदले गोवंश खाद' अभियान का संचालन किया। अभियान के दौरान प्रदेश में 2,90,208.16 कुंतल पराली एकत्रित की गई और किसानों को इसके बदले 1,55,380.25 कुंतल गोवंश खाद वितरित की गई। इस खाद का उपयोग जैविक खेती और मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने में किया जा रहा है। अभियान के तहत प्रदेश के कई जनपदों ने उत्कृष्ट कार्य किया। इनमें वाराणसी,



बांदा, बदायूं, जालौन, बरेली, अमेठी, सिद्धार्थनगर और बहराइच शामिल हैं। इन जनपदों में किसानों ने बड़े पैमाने पर पराली जमा की और खाद का लाभ लिया। अभियान के माध्यम से पराली के बदले गोवंश खाद वितरण से निराश्रित गोवंश संरक्षण को भी बढ़ावा मिल रहा है। गो-आश्रय स्थलों में एकत्रित गोवंश खाद किसानों तक पहुंचाई जा रही है, जिससे पशुपालन विभाग की सक्रियता और प्रभावी कार्यशैली भी उजागर होती है।

**जैविक खेती को मिल रहा बढ़ावा, पर्यावरण संरक्षण को मिल रही दिशा :** योगी सरकार की यह पहल सिर्फ अस्थायी समाधान नहीं है, बल्कि पारदर्शी सोच को दशार्ता है। इससे जहां जैविक खेती को बढ़ावा मिल रहा है, वहीं किसानों की उत्पादन लागत भी घटेगी, यह पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। योगी सरकार का 'पराली के बदले गोवंश खाद' अभियान किसानों, पर्यावरण और समाज के लिए महत्वपूर्ण कदम है। यह योजना न

- **पराली जलाने की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए योगी सरकार ने उठाया कदम**
- **अभियान के तहत 2 लाख कुंतल से अधिक पराली को किया गया एकत्रित**

सिर्फ पराली जलाने की समस्या को प्रभावी ढंग से नियंत्रित कर रही है, बल्कि किसानों को जैविक खेती अपनाने के लिए भी प्रेरित कर रही है। योगी सरकार की इस पहल से प्रदेश में हरित क्रांति की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है।

## 24 मृतक आश्रितों को दिया गया नियुक्ति पत्र

**लखनऊ ।** बाल विकास सेवा व पुष्टाहार विभाग में शनिवार को 24 मृतक आश्रितों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्या ने इन्हें नियुक्ति पत्र दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के क्रम में शनिवार को कैबिनेट मंत्री, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, श्रीमती बेबी रानी मौर्या द्वारा विभाग के 24 मृतक आश्रितों को सरकारी सेवा में नियोजित किये जाने के लिए नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। विभागीय नियमानुसार 23 आश्रितों को कनिष्ठ सहायक एवं 01 को चतुर्थ श्रेणी के पद पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में तैनाती प्रदान की गयी। कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्या ने सभी अभ्यर्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने प्रतिबद्धता, ईमानदारी एवं लगन से कार्य करने व जनहित पर जोर दिया। नियुक्ति पत्र पाकर सभी अभ्यर्थियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्री व विभाग के प्रति आभार जताया।

# मेला प्राधिकरण ने आयोजित किया स्वच्छता मित्र सामूहिक भोज

**लखनऊ/महाकुम्भ नगर।** प्रयागराज में आयोजित होने जा रहे महाकुम्भ 2025 को दिव्य-भव्य के साथ स्वच्छ-महाकुम्भ बनाने का संकल्प मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिया है। सीएम योगी के संकल्प को सफल बनाने की दिशा में मेला प्राधिकरण महाकुम्भ में सफाई व्यवस्था और स्वच्छता मित्रों का विशेष ध्यान रख रहा है। इसी दिशाक्रम में शुक्रवार को मेला क्षेत्र में संगम तट के समीप नववर्ष के उपलक्ष्य में स्वच्छता मित्रों के लिये सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। जिसमें मेला की विशेष कार्याधिकारी आकांक्षा राणा समेत, स्वच्छता और सैनिटेशन विभाग के अधिकारी, कर्मचारीगण व सेक्टर मजिस्ट्रेट ने सामूहिक भोज कर स्वच्छताकर्मियों का उत्साहवर्धन किया और स्वच्छ महाकुम्भ के सीएम योगी के संकल्प को सफल बनाने का प्रण भी लिया।

सीएम योगी ने अपने पिछले प्रयागराज दौरे पर समीक्षा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिये थे कि स्वच्छता महाकुम्भ की पहचान है। स्वच्छ-महाकुम्भ अभियान को सफल बनाने के लिए न केवल स्वच्छता के अच्छे से अच्छे इंतजाम करने होंगे, बल्कि मेले में कार्यरत स्वच्छता मित्रों और उनके परिवार का भी पूरा ध्यान रखना होगा। सीएम योगी के दिशानिर्देशों के मुताबिक मेला प्राधिकरण महाकुम्भ में 1.5 लाख शौचालयों के निर्माण के साथ सफाई के आधुनिक उपकरणों का भी प्रयोग कर रहा है। साथ ही लगभग 15 हजार स्वच्छता मित्रों और 2 हजार गंगा सेवादूतों की नियुक्ति की जा रही है। स्वच्छता मित्रों के रहने के लिए हर सेक्टर में सैनिटेशन कालोनी और उनके बच्चों के लिये विद्याकुम्भ स्कूल और आंगबाड़ी भी बनाई जा रही हैं।

संक्षेप

## सेवा निवृत्त शिक्षकों की बैठक संपन्न

**नसीराबाद, रायबरेली।** शनिवार को ब्लॉक सभागार छतोह में सेवानिवृत्त शिक्षकों के संगठन उत्तर प्रदेश शिक्षक कल्याण परिषद की छतोह शाखा की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें अधिकांश पेंशनर और पारिवारिक पेंशनर शामिल हुए। संगठन के अध्यक्ष कामता नाथ सिंह ने बताया कि सत्र 2006 से 2015 के बीच सेवानिवृत्त सभी शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों और पारिवारिक पेंशनरों को सरकार द्वारा एक अतिरिक्त नोशनल इंक्रीमेंट का लाभ दिया जाएगा। सभी संबंधित पेंशनरों से उनके पेंशन स्वीकृति आदेश, बैंक पासबुक और आधार कार्ड की छाया प्रतियां प्राप्त कर अभिलेख तैयार किए गए। बैठक में सेवानिवृत्त शिक्षक स्व.राम प्रसाद विश्वकर्मा और स्व. सीताराम मौर्य की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया गया तथा दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गई।बैठक में महामंत्री नसीम अहमद, कोषाध्यक्ष राम बरन मिश्र, रामेंद्र बहादुर सिंह, देव नारायण चतुर्वेदी, रामनाथ, महेश दत्त मिश्र, लालता प्रसाद, काशी राम सोनकर आदि पेंशनर मौजूद रहे।

## भगवान की भक्ति ही भवसागर से पार लगाने का साधन है

**लालगंज, रायबरेली।** भगवान की भक्ति से ही सब कुछ पाना संभव है और भगवान की भक्ति ही भवसागर से पार लगाने का एकमात्र साधन है, यह संदेश देते हुए खड़गपुर सौतना गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा की व्यास गद्दी पर विराजमान आचार्य अखिलेश जी महाराज ने कहां की कलियुग में श्री भागवत कथा और श्री राम कथा के सुनने मात्र से सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। आचार्य महाराज ने कहा कि भागवत कथा सुनने मात्र से जब राजा परीक्षित को मोश्र प्राप्त हो गया तो हम सबको उक्त प्रसंग से प्रेरणा लेकर भागवत कथा अवश्य सुनना चाहिए।तीसरे दिन की कथा में भागवताचार्य ने भक्त ध्रुव और प्रहलाद हिरण कश्यप की कथा सुना कर लोगों को भाव विभोर कर दिया और कहा कि भगवान के भक्तो को कभी भी कष्ट नहीं होता। ध्रुव और प्रहलाद को जब भी जरूरत पड़ी, भगवान ने स्वयं उनकी सहायता की और दुष्टो का संहार किया। भागवत कथा के अवसर पर उन्नाव जिले के सरोसी से कथा सुनने आए प्रियांशु परिहार के द्वारा महाराज जी का अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया।

## मक्के से लदा ट्रक पलटा, बाल बाल बचे ड्राइवर व खलासी

**नसीराबाद, रायबरेली।** सलोन-जायस मार्ग पर राजा राम चेतना डिग्री कालेज चतुरपुर गांव के समीप मकाई के दानों से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर रोड के किनारे खंथी में पलट गया। ड्राइवर व खलासी तथा लेबर बाल-बाल बचे। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने राहत व बचाव कार्य किया। ट्रक नंबर सीजी 04 एन यू 6477 जैसे ही उनका ट्रक परसदेपुर से जायस सलोन मार्ग राजाराम चेतना डिग्री कॉलेज चतुरपुर के पास पहुंचा तो जायस की तरफ से आ रहे वाहन को बचाने के चक्कर में रोड के किनारे खंथी में गिरकर पलट गया।शिवानी से मकाई के दाना लादकर गोरखपुर के लिए जा रहे थे। चर्चा है कि ड्राइवर शायद नींद में हो गया, जिससे उसकी गाड़ी अनियंत्रित हो गई। खलासी ने बताया कि किसी तरह उन लोगों की जान बच गई है। मकाई उतारने वाले मजदूर बाल बाल बच गए।

## आबकारी निरीक्षकों ने 47 लीटर अवैध कच्ची शराब की बरामद

**सुलतानपुर।** आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत जनपद में अवैध शराब के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई। जिलाधिकारी एवं उप आबकारी आयुक्त अयोध्या प्रभार के निदेर्शानुसार, जिला आबकारी अधिकारी राजेश कुमार तिवारी और एसडीएम सदर व क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने यह अभियान चलाया। आबकारी निरीक्षकों संजय कुमार मिश्रा, गिरिराज सिंह, संजय उपाध्याय, संजय श्रीवास्तव, नेहा श्रीवास्तव और उनकी टीम ने ग्राम वल्लीपुर में दबिश दी। इस दौरान 47 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई और 450 किलो लहन को नष्ट किया गया। साथ ही, एक अभियुक्त राज पुत्र सन्नू को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। असरोगा टोल पर टीम द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया और सर्किल की शराब दुकानों व ढाबों का निरीक्षण किया गया। ढाबा मालिकों को सख्त निर्देश दिए गए कि अवैध शराब का सेवन या बिक्री न होने दें। गांवों में अवैध शराब के खतरों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए पोस्टर भी लगाए गए।

# मोना के प्रयास से रामपुर खास को मिली करोड़ों की सड़क परियोजना की सौगात

### प्रमोद तिवारी तथा मोना का रंग लाया प्रयास, लालगंज से संग्रामगढ़ हाइवे का होगा पुनर्निर्माण



जिला संवाददाता (vol)

**प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने नववर्ष पर अपने निर्वाचन क्षेत्र रामपुर खास को करोड़ो की सड़क परियोजना की सौगात सौपी है। क्षेत्र की महत्वपूर्ण सडक परियोजना के पुर्ननिर्माण होने से बाबा घुइसरनाथ धाम से चित्रकूट धाम के लिए श्रद्धालुओं को अब सुगम आवागमन भी मुहैया हो सकेगा। वहीं जिले के अलावा पडोसी जिले अमेठी, गौरीगंज व रायबरेली के परशदेपुर क्षेत्र के अधिकांश हिस्सों के साथ जिले के मानिकपुर धाम में गंगा स्नान व कड़ा शीतला धाम दर्शन पूजन के लिए भी बाबा घुइसरनाथ धाम होते हुए प्रयागराज तथा चित्रकूट के लिए सडक संसाधन बेहतर दिखेगा। विधायक के हाथों क्षेत्र की अति महत्वाकांक्षी सड़क परियोजना के पुर्ननिर्माण एवं नवनिर्माण के मद में बडी सौगात को लेकर शनिवार को लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे दिखे। क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के तहत लालगंज से संग्रामगढ़ राजमार्ग के पुर्ननिर्माण के लिए धनराशि आवंटन का प्रस्ताव सौंपा था। विधायक आराधना मिश्रा ने राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी से भी इस सड़क परियोजना के लिए वित्तीय स्वीकृति दिलाने में सहयोग मांगा था। विधायक मोना का यह अथक प्रयास रंग लाया। शासन की ओर से लालगंज से संग्रामगढ़ के लिए राजमार्गो के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के नए कार्यो के मद में छत्तीस करोड़ अस्सी लाख तैंतीस हजार रुपए की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत की गयी है। शासन के अनुसचिव अभय प्रताप श्रीवास्तव के तीन जनवरी को जारी लोक निर्माण विभाग के लिए जारी शासनादेश में बताया गया है कि कुल धनराशि के सापेक्ष इस सड़क परियोजना के लिए बारह करोड़ अठासी लाख बारह हजार रुपए की पहली किश्त जारी भी कर दी गयी है। इसके तहत इस हाइवे पर प्रति किलोमीटर पर डेढ़ करोड़ रुपए के खर्च से सड़क चमचमाती दिखेगी। लालगंज से संग्रामगढ़ तक लगभग पचीस किलोमीटर मात्र के लिए सडक परियोजना के पुर्ननिर्माण से अब बेलहा, रामपुर बावली बाजार, अनेहरा, नरई बाजार, हिसामपुर बाजार सहित इनसे जुड़े आसपास के सैकड़ों गांवो तथा मजरो के लोगों को भी आवागमन के साथ कारोबारी के क्षेत्र में भी अब बेहतर सुविधा मिल सकेगी।

सडक परियोजना के लिए करोड़ो की धनराशि की मंजूरी मिलने को लेकर शनिवार को क्षेत्रीय लोगों में खासी खुशी का माहौल देखा गया। क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने सड़क परियोजना के लिए धनराशि अवमुक्त कराने में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के अथक प्रयासों के प्रति क्षेत्रवासियों की ओर से आभार जताया है। वहीं चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी, ब्लाक प्रमुख इं. अमित सिंह पंकज, रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक प्रमुख नीतू सरोज, जिपंस लालजी यादव, जिपंस रघुनाथ सरोज ने लालगंज-संग्रामगढ़ हाइवे के पुर्ननिर्माण के लिए मिलने वाली सड़क संसाधन की जनसुविधा को लेकर विधायक आराधना मिश्रा मोना व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के सफल प्रयास की सराहना की है।

## छात्रा के अपहरण को लेकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा

**प्रतापगढ़।** घर से स्कूल के लिए निकली छात्रा लापता हो गयी। लापता छात्रा की मां की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। वहीं छात्रा की मां ने आरोपी द्वारा फिरौती की मांग का भी आरोप लगाया है। लेकिन पुलिस इसे निराधार मान रही है। पुलिस की टीम लापता छात्रा की खोजबीन में जुटी बतायी जा रही है। उदयपुर थानान्तर्गत क्षेत्र के एक गांव की उन्नीस वषीर्या छात्रा सांगीपुर स्थित एक कालेज में पढ़ती है। वह तीन जनवरी को सुबह करीब आठ बजे घर से स्कूल के लिए निकली थी। छात्रा के घर वापस न लौटने पर लापता छात्रा की मां ने पुलिस को पूरे सरदार ननौती गांव निवासी समर बहादुर यादव के पुत्र शिवा यादव के खिलाफ अपहरण करने की तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं तहरीर में आरोपी द्वारा छात्रा के भाई के मोबाइल पर मैसेज के जरिए पांच लाख की फिरौती मांगने का आरोप भी लगाया है। लेकिन पुलिस मामला प्रेम प्रसंग का बताते हुए फिरौती मांगने के आरोप को मनगढ़न्त मान रही है। एसओ राधेबाबू का कहना है कि आरोपी शिवा यादव के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया है। छात्रा की खोजबीन करने में पुलिस जुटी है।

## संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनीं शिकायतें



**बलरामपुर।** जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं के प्रभावी निराकरण हेतु डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में उतरौला में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ।इस दौरान डीएम द्वारा जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना गया एवं कतिपय शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया।उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण निर्धारित समयावधि के भीतर किए जाने को निर्देशित किया गया।भूमि विवाद एवं लॉ एंड ऑर्डर से जुड़े मामलों में राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में गलत रिपोर्टिंग पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान फरियादियों द्वारा 43 प्रार्थना पत्र दिए गए जिसमें से मौके मौके पर 03 प्रार्थनापत्रों का निस्तारण किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, एसडीएम उतरौला अवधेश कुमार, जिला विकास अधिकारी व मुख्य चिकित्सा अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें। वहीं तुलसीपुर संपूर्ण समाधान दिवस एसडीएम अभय कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान फरियादियों द्वारा 20 प्रार्थना दिए गए जिसमें से मौके पर 03 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया, जबकि बलरामपुर संपूर्ण समाधान दिवस एडीएम प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान फरियादियों द्वारा 58 प्रार्थना पत्र दिए गए जिसमें से 03 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया।

## टंकी से पेयजल आपूर्ति बाधित होने पर व्यापारियों ने किया विरोध प्रदर्शन



**प्रतापगढ़।** बाजार में पानी की टंकी से आपूर्ति न होने को लेकर शनिवार को व्यापारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। रानीगंज कैथौला बाजार में जलनिगम की टंकी निर्मित है। व्यापारियों का कहना है कि पानी की टंकी से लगभग छः महीने से पेयजल आपूर्ति बाधित है। आक्रोशित व्यापारियों का यह भी आरोप है कि विभागीय अवर अभियंता को समस्या की फोन पर कई बार जानकारियां दी भी गयी है। इसके बावजूद समस्या का समाधान नही हुआ है। आरोप यह है कि परियोजना से जुड़े कर्मचारी इन दिनों नदारद है और हफ्तों से टंकी के गेट पर ताला लटक रहा है। धरना प्रदर्शन में व्यापार मण्डल अध्यक्ष पवन अग्रहरि ने कहा कि समस्या का समाधान न होने पर उच्चाधिकारियों के समक्ष भी विरोध दर्ज कराया जाएगा। इस मौके पर रामबाबू सोनी, राजू केसरवानी, विजय मोदनवाल, तीरथ मोदनवाल, दिनेश केसरवानी, सुनील अग्रहरि, सनी सिंह, शरद सिंह, शिवेन्द्र सिंह आदि रहे।

## सहायक अभियंता लालचंद व वरिष्ठ सहायक विजय शुक्ला को सराहनीय सेवा के लिए मिला सम्मान



**प्रतापगढ़।** जिले के ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग एवं डिप्लोमा इंजीनियर संघ के बैनरतले सेवानिवृत्त विभागीय अधिकारी व कर्मचारी को समारोहपूर्वक विदाई दी गयी। शैल श्याम सभागार में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के सेवानिवृत्त सहायक अभियंता इं. लालचंद्र पाण्डेय व वरिष्ठ सहायक विजय शुक्ला को अधिशाषी अभियंता इं. सुजीत कुमार राय ने सराहनीय सेवा के लिए प्रशस्ति पत्र तथा अंगवस्त्रम एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मौजूद विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अलावा बड़ी संख्या में शामिल हुए पंचायत प्रतिनिधियों ने भी जिले के रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक में तैनात रहे सेवानिवृत्त सहायक अभियंता लालचंद्र पाण्डेय की प्रशासनिक कार्यशैली व विभागीय कार्यो में उत्कृष्ट सेवा को सराहते हुए उन्हें सम्मानित किया। सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि रिटायर्ड अधिशाषी अभियंता पीके मिश्र ने कहा कि जनता तथा शासन की मंशा के अनुरूप प्रशासनिक संवर्ग को अपने दायित्व का निर्वहन करना चाहिए। कार्यक्रम में रामपुर खास की विधायक आराधना मिश्रा मोना के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने भी क्षेत्रीय लोगों की ओर से सेवानिवृत्त सहायक अभियंता इं. लालचंद्र पाण्डेय के क्षेत्र में कार्यकाल को सराहा। कार्यक्रम में डिप्लोमा इंजीनियर संघ के अध्यक्ष लीलाधर मिश्र, सहायक अभियंता इं. मनीष त्रिपाठी, सहायक अभियंता इं. पंकज श्रीवास्तव ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संयोजन अवर अभियंता इं. सुभाषचंद्र शर्मा व अवर अभियंता इं. शुभम त्रिपाठी ने किया। संचालन संतोष श्रीवास्तव ने किया। समारोह को राममणि मिश्र, नरेन्द्र सिंह, डॉ. नन्हे लाल यादव, भुवनेश्वर शुक्ल, डॉ. अमिताभ शुक्ल, जिपंस लालजी यादव, सांगीपुर प्रधान संघ अध्यक्ष रोहित सिंह ने भी संबोधित किया। इस मौके पर अवर अभियंता रमेशचंद्र शुक्ल, राजू मिश्र, अधिवक्ता शैलेन्द्र मिश्र, विनोद कुमार, महन्थ द्विवेदी, जगदीश नारायण तिवारी बबलू, गिरिजाशंकर शुक्ल आदि रहे।

## ठंड से बचाव के दृष्टिगत 15 तक आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों का अवकाश घोषित

**बलरामपुर।** शीतलहरी एवं ठंड से बचाव के दृष्टिगत जिलाधिकारी पवन अग्रवाल के निर्देश पर जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों पर आने वाले बच्चों (03 वर्ष से 06 वर्ष) का दिनांक 15 जनवरी तक के लिए अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि अवकाश की अवधि में सभी आंगनबाड़ी केंद्र खुले रहेंगे तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र पर उपस्थित रहकर समस्त विभागीय कार्यों का निष्पादन किया जाये।

## दुर्घटना में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस

**प्रतापगढ़।** रोडवेज यात्री सेवा की टक्कर से दुर्घटना में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत हो गयी। लीलापुर पुलिस ने यात्री सेवा के चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। लीलापुर के कटैया नेवादा निवासी बचऊराम पुत्र गोकुल प्रसाद ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि सत्ताईस दिसंबर को दिन मे डेढ़ बजे उसकी पत्नी श्यामा देवी घर से कटरा गयी थी। वहां से ईरिक्शा से वापस आते समय अजगरा बाजार के समीप प्रतापगढ़ की तरफ से आ रही रोडवेज बस ने ईरिक्शा को ओवरटेक कर साइड से टक्कर मार दी। इसके चलते ईरिक्शा में सवार उसकी पत्नी समेत तीन लोग चुटहिल हो गये। जिला अस्पताल में इलाज के बाद गंभीर रूप से घायल श्यामा को परिजन एम्स रायबरेली ले गये। लखनऊ के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान श्यामा की मौत हो गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने यात्री सेवा के अज्ञात चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। एसओ अरूण कुमार का कहना है कि केस दर्ज किया गया है। चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## एस एसबी और पुलिस की सयुंक्त टीम ने पैदल की सरहद की निगेहबानी

**बलरामपुर।** प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली गैसड़ी मय पुलिस बल द्वारा एस0एस0बी0 के साथ जनपद में शांति सुरक्षा बनाए रखने के दृष्टिगत इंडो नेपाल बॉर्डर पर पैदल गस्त किया गया। निरीक्षक थाना कोतवाली गैसड़ी बलजीत राव मय पुलिस बल द्वारा एसएसबी0 के साथ जनपद में शान्ति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखनें हेतु इंडो नेपाल बॉर्डर पर पैदल गस्त किया गया। इस दौरान इंडो नेपाल बॉर्डर से सटे गाँवों तथा बार्डर एरिया, जंगल की पगडंडियों पर निरन्तर पैदल गस्त कर दौरान संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। नेपाल राष्ट्र की सीमा पर सतर्क दृष्टि रखने के हेतु समय-समय पर सीमा से सटे हुए गावों के ग्राम सुरक्षा समिति व संम्भ्रान्त व्यक्तियों को मादक पदार्थों की तस्करी, मानव व गौ तस्करी, अवैध कटान व अन्य संदिग्ध गतिविधियों को रोकने के बारे मे लोगों को जागरूक किया जा रहा है तथा संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तत्काल पुलिस को देनें के बारें मे बताया जा रहा है, जिससे पुलिस द्वारा इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अकुंश लगाया जा सके। पुलिस टीम द्वारा एस. एस. बी. के साथ पैदल गस्त के दौरान नेपाल बॉर्डर से सटे गांव का भ्रमण कर जनमानस को सुरक्षा का एहसास दिलाया गया।



## समाधान दिवस में गैरहाजिर मिले अफसरों से स्पष्टीकरण तलब, 112 शिकायतों में 3 निपटीं



**प्रतापगढ़।** समाधान दिवस में गैरहाजिर मिले दस अधिकारियों का एसडीएम ने स्पष्टीकरण तलब किया है। वहीं समाधान दिवस में एक सौ बारह शिकायतों मे अधिकारियों ने कुल तीन का निस्तारण कराया। अपर पुलिस अधीक्षक तथा एसडीएम ने शिकायतों की सुनवाई करते हुए मातहतों को निस्तारण कराए जाने के कड़े निर्देश दिये। सर्वाधिक शिकायते राजस्व विभाग की तिरपन रहीं। इनमे से दो का निस्तारण कराया गया। पुलिस विभाग की सत्ताईस शिकायतो मे एक का निस्तारण हुआ। वहीं विकास विभाग की सात, विद्युत विभाग की सोलह, आपूर्ति विभाग की तीन व अन्य विभागों की छः शिकायतो पर निस्तारण के लिए मातहतो को मौके पर जाने के निर्देश दिये गये। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय ने जमीनी विवादो पर मातहत पुलिसकर्मियों को राजस्व विभाग की टीम के साथ मौके पर शांति व्यवस्था के प्रबन्धों पर कडे निर्देश दिये। समाधान दिवस में एसडीएम नैंनसी सिंह ने अनुपस्थित अधिकारियों की भी ब्यौरा तलब किया। इसके तहत एसडीओ विद्युत, सहायक अभियंता लघु सिंचाई, एएसएओ संग्रामगढ़, सहायक विकास अधिकारी पंचायत लालगंज, सहायक विकास अधिकारी कृषि, खण्ड शिक्षा अधिकारी रामपुर संग्रामगढ समेत दस अधिकारियों की गैरहाजिरी पर एसडीएम ने स्पष्टीकरण तलब किया। समाधान दिवस का संचालन प्रभारी तहसीलदार पंकज कुमार ने किया। इस मौके पर पूर्ति निरीक्षक अमित शुक्ला, अवर अभियंता जलनिगम अमित कुमार, सहायक अभियंता सिंचाई गणेशशंकर श्रीवास्तव, चकबंदी अधिकारी इंद्रेश कुमार आदि रहे।

## किसान जागरूकता चौपाल में दी गसी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी



**प्रतापगढ़।** किसान सम्मान निधि एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत औपचारिक पंजीकरण को लेकर जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। तहसील के लालूपुर ग्राम में पंचायत भवन पर आयोजित चौपाल में एसडीएम नैंनसी सिंह ने सरकार की किसानों के हित से जुडी योजनाओं की जानकारियां दी। उन्होने कहा कि किसान सम्मान निधि की अगली किश्त का लाभ पंजीकृत किसानों को ही मिल सकेगा। कृषि विभाग की नेहा सिंह ने योजना की पात्रता पर प्रकाश डाला। प्रधान बृजेश प्रताप सिंह ने चौपाल का संयोजन व संचालन क्षेत्रीय लेखपाल केके सरोज ने किया। आभार प्रदर्शन सहज जनसेवा केंद्र प्रभारी मनोज वर्मा ने किया। इस मौके पर राधेश्याम सरोज, राजेश वर्मा, सूर्यप्रसाद दुबे, रवीन्द्र ओझा, प्रीतेन्द्र ओझा आदि रहे।

## उत्पीड़न को लेकर लेखपालों ने किया धरना प्रदर्शन, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**प्रतापगढ़।** शिकायतों की बगैर जांच कराए लेखपालों के उत्पीडन पर शनिवार को तहसील परिसर में लेखपाल संघ द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया। संघ के पदाधिकारियों ने तहसील अध्यक्ष केके सरोज की अगुवाई में मांगो को लेकर सीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम नैंनसी सिंह को सौंपा। लेखपाल संघ द्वारा धरने प्रदर्शन के दौरान इस बात पर आक्रोश जताया गया कि शिकायतों की साजिश पर लेखपालों को साधारण शिकायत के आधार पर भी एनटी करप्शन तथा विजिलेंस टीम द्वारा परेशान किया जाता है। वहीं ज्ञापन में कहा गया है कि भूमि अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने पर प्रभावशाली वर्ग द्वारा लेखपालों के खिलाफ झूठी शिकायतें दर्ज करायी जाती हैं। विजिलेंस टीम प्री टैज्प जांच की कागजी कार्रवाई लेखपालों को उत्पीड़ित किया जा रहा है। संघ के पदाधिकारियों ने आगाह किया है कि उनके उत्पीड़न पर रोक नही लगायी गयी तो वह आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। धरना प्रदर्शन के बाद लेखपालों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम नैंनसी सिंह को सौंपा। इस मौके पर महामंत्री मो. अकरम खॉन, विनोद कुमार यादव, शिवम सिंह, जितेन्द्र शुक्ल, राजू सरोज, कुलदीप राव आदि लेखपाल मौजूद रहे।

# विधान परिषद की नियम पुनरीक्षण समिति की अफसरों संग बैठक

जिला संवाददाता (vol)

- जनकल्याणकारी कार्यक्रमों योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचें : सभापति




**मेरठ।** शनिवार को विकास भवन सभागार में उत्तर प्रदेश विधान परिषद की नियम पुनरीक्षण समिति के सभापति धर्मेन्द्र भारद्वाज की अध्यक्षता में जनपद मेरठ, बागपत व हापुड के अधिकारियो के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक में सभापति ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की स्पष्ट मंशा है कि प्रदेशवासियों हेतु संचालित जनकल्याणकारी कार्यक्रमों एवं योजनाओं का लाभ पंक्ति में अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए सभी अधिकारी अपने-अपने जनपदों के जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओ के लाभ से वंचित न रहे। जिलाधिकारी द्वारा सभापति सहित समिति के सभी सदस्यो को शहीद स्मारक स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सभापति द्वारा मेरठ विकास प्राधिकरण में नियुक्त किये गये नवयुवको को नियुक्ति पत्र वितरित किये गये।

उन्होने कहा कि विभागीय कार्य प्रणाली को सरल और जनउपयोगी बनाने में अधिकारियो एवं जनप्रतिनिधियो की भूमिका होती है। जनप्रतिनिधि स्थानीय प्रशासन एवं जनता के बीच ब्रिज की तरह कार्य करते है, जिसका उद्देश्य आमजनमानस को सरकार के विकास कार्यक्रमो का लाभ पहुंचाना एवं प्रक्रियाओ को सरल करना होता है। समस्त अधिकारी जनप्रतिनिधियो द्वारा भेजे गये पत्रो का प्राथमिकता पर संज्ञान लेते हुये तत्काल कार्यवाही करें तथा संबंधित जनप्रतिनिधि को उससे अवगत कराये। जनप्रतिनिधि के कार्य क्षेत्र में कराये जा रहे विकास कार्यों की शिलापट्ट पर उनका नाम भी अंकित किया जाये।

सभापति ने अधिकारियों से कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी के सिद्धांतों पर चलते हुए कार्यकताओं एवं जनता की समस्याओं का शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने का काम करें, ताकि जनता के बीच में शासन एवं प्रशासन के कार्य प्रणाली को लेकर सकारात्मक संदेश जाता रहे। सभापति द्वारा जनपद में कराये जा रहे विकास कार्यों के संबंध में जिलाधिकारी एवं समस्त प्रशासनिक अधिकारियो की सराहना करते हुये जनपद में आयोजित मेरठ महोत्सव के सफल आयोजन के लिए बधाई दी गई।

जिलाधिकारी दीपक मीणा ने सभापति को आश्वस्त करते हुए कहा कि आज की बैठक में जो आपके द्वारा मार्गदर्शन एवं निर्देश दिए गए हैं उनका अधिकारियों के माध्यम से गंभीरता के साथ पालन सुनिश्चित कराया जाएगा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश विधान परिषद नियम पुनरीक्षण समिति के सदस्यगण, एसएसपी विपिन ताडा, नगर आयुक्त सौरभ गंगवार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन बलराम सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अनिल कुमार, जिला विकास अधिकारी अम्बरीष कुमार, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी, गणमान्य व्यक्ति व मेरठ के अलावा, बागपत व हापुड के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एंटी करप्शन की कार्रवाई के विरोध में लेखपालों ने किया धरना-प्रदर्शन

## प्रदर्शन कर रहे लेखपाल एंटी करप्शन टीम की जबरन ट्रैप कार्यवाही का रहे थे विरोध



जिला संवाददाता (vol)

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** चौरीचौरा तहसील के राजस्व कर्मियों (लेखपालों) ने शनिवार को तहसील मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। लेखपाल एंटी करप्शन टीम पर विभिन्न जनपदों में जबरन ट्रैप करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई का विरोध कर रहे थे। तथा मांगो को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी चौरीचौरा प्रशांत वर्मा को सौंपकर जांच कराकर कार्रवाई की मांग किया।

लेखपालों ने पत्रक के माध्यम से बताया कि लेखपाल राजस्व विभाग का फील्ड कर्मचारी होता है। जनता की भूमि विवाद सहित अधिकांश समस्याएं लेखपाल के पास ही आते हैं। और लेखपाल द्वारा ही समस्या का निस्तारण किया जाता है। जिसमें एक पक्ष का असंतुष्ट होना स्वाभाविक है। लेखपालों का कहना है कि एन्टी करप्शन /विजिलेंस विभाग द्वारा सामान्य शिकायत के आधार पर ,दिये गये टार्गेट को पूरा करने की लालच में प्री ट्रैप जांच की कागजी औपचारिकता पूरी कर लेखपाल को फंसाने का विविध प्रयास कर लेखपाल के हाथ, वाहन ,कक्ष जबरन पैसा रखकर उसे गिरफ्तार कर लिया जाता है। लेखपालों ने गाजीपुर, लखनऊ सरोजिनी नगर, तथा महराजगंज ज़िले में जबरन ट्रैप की कार्रवाई की गई है। लेखपालों का कहना है कि उप्र0 लेखपाल संघ भ्रष्टाचार विरोधी है। लेकिन झूठी कार्यवाही करना न्यायोचित नहीं है। लेखपालों ने एंटी करप्शन टीम/विजिलेंस टीम द्वारा किए जा रहे जबरन ट्रैप की कार्रवाई को रोकने के लिए मुख्यमंत्री से गुहार लगाया है।

### लेखपालों ने किया धरना-प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**बांसगांव,गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ एवं राजस्व निरीक्षक संघ के आह्वान पर शनिवार को स्थानीय लेखपालों ने तहसील दिवस कार्य का बहिष्कार करते हुए तहसील परिसर के बरामदे में धरना प्रदर्शन किया। लेखपालों ने एंटी करप्शन की करवाई पर रोक लगाने संबंधी एक मांग पत्र मुख्यमंत्री को संबोधित उपजिलाधिकारी बांसगांव केसरीनंदन त्रिपाठी को सौंप कर कार्यवाही कराने की मांग किया। लेखपाल संघ तहसील अध्यक्ष संतोष राय व राजस्व निरीक्षक संघ के अध्यक्ष अक्षयबर शुक्ला के नेतृत्व लेखपालों ने मांगपत्र देते हुए आरोप लगाया कि कुछ दलाल किस्म के लोग अनावश्यक रूप से जमीनी विवाद में लेखपालों को पैमाईश के नाम पर पहले तैयार कर ले रहे है जब उनके मन के अनुकूल कार्य नहीं हो रहा है तो विजलेंस एवं एंटी करप्शन के कर्मियों से मिलकर साजिश के तहत उनके गाड़ी एवं पैकेट में पैसा डालकर पकड़वा दे रहे है जिसका संगठन घोर विरोध करता है तथा मुख्यमंत्री एवं गृह सचिव से इस पर रोक की मांग किया है। इस अवसर पर विवेक रानू,बृजेश दुबे,सौरभ सिंह,सुश्री सबिता सिंह,राजस्व निरीक्षक रमाशंकर यादव,आशीष शाही, जयनाथ यादव,सुर्यनारायण पाठक आदि उपस्थित रहे।धरने का संचालन संघ के मंत्री रामशब्द सिंह ने किया।

## संक्षेप

### आरपीएफ जवान की ट्रक की टक्कर से मौत

**इटावा।** तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से आरपीएफ जवान की मौत हो गई। आरपीएफ जवान बाइक लेकर खड़े हुए थे, जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को पकड़ लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। फ्रेंडस कालोनी थाना क्षेत्र के गौरापुरा मोड़ के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक के पास खड़े आरपीएफ जवान को टक्कर मार दी। इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। राजेश कुमार 47 पुत्र बालाजी निवासी ग्राम उरईया थाना कुर्रा जिला मैनपुरी के रहने वाले थे। वह अपने हाल पता आईटीआई चैराहा पीएसी गली नंबर 3 की तरफ जा रहे थे। इसके बाद अन्य जनपदों में भी इनकी तैनाती रही।

### बाइकों की भिड़ंत में एक मरा, दो घायल

**उदी, इटावा।** थाना कोतवाली इटावा क्षेत्र यमुना नदी पुल के उत्तरी क्षेत्र में दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में एक युवक की मौत हो गयी। जबकि अन्य दो घायल हो गए। थाना बढ़पुरा के ग्राम उदी मोड़ अड्डा ध्यानी निवासी अमित सिंह उर्फ सनी पुत्र कोमल सिंह 25 वर्ष बाइक पर इटावा से वापस घर आ रहा था कि तभी उक्त यमुना पुल पर उदी मोड़ की तरफ से जा रही बाइक से टक्कर हो गयी। आमने-सामने की टक्कर में सनी गंभीर घायल हो गया ।जबकि दूसरी बाइक सवार आशीन पुत्र शाहबुद्दीन 25 एवं अजय पुत्र चिंटू 20 निवासी ग्राम नगला गौर थानां बढ़पुरा भी घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा तीनों घायलों को जिलाचिकित्सालय भर्ती कराया गया जहां से गम्भीर घायल अमित को सैफई रेफर किया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। उपरोक्त घायल आशीन व अजय का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### कंपनी गार्डन में जनता से शुल्क की वसूली

**इटावा।** डॉ. राममनोहर लोहिया पर्यावरणीय उद्यान, इटावा में जहां शहरवासी, बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं संभ्रांत लोग अपने स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए जाते हैं वहीं उद्यान विभाग ने इस नववर्ष पर 1 जनवरी से खुली हवा लेने पर भी टहलने वालों से 5 रुपए की शुल्क वसूली की जाने लगी है। यहां तक कि सुबह सुबह लोगों से आधार कार्ड दिखाने की बात की जा रही है। आज इसी शुल्क वसूली के विरोध में सपा नेता उदयभान सिंह यादव व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सर्वेश शाक्य समेत सुबह 6 बजे शहर के संभ्रांत जनों द्वारा खुली हवा पर शुल्क के विरोध में उनके समर्थन में शुल्क वसूली के विरोध में शामिल हुए।

### कमिश्नर व डीएम ने महोत्सव की तैयारियों का लिया जायजा

**गोरखपुर।** मण्डलायुक्त अनिल ढींगरा व जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश ने चंपा देवी पार्क में आयोजित होने गोरखपुर महोत्सव का जायजा लिया। कार्यक्रम स्थल पर तैयारियों की विस्तार से जानकारी लेने के साथ ही संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

आगामी 10 जनवरी से 12 जनवरी 2025 तक गोरखपुर महोत्सव का आयोजन चंपा देवी पार्क में होगा। शनिवार को मण्जलायुक्त अनिल ढींगरा व जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश ने संबंधित अधिकारियों संग कार्यक्रम स्थल पर पहुंच कार्यक्रम की चल रही तैयारियों का विधिवत जायजा लिया।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समन्वय बनाकर सभी कार्य तय समय सीमा के अंदर कर लें। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गौरव ग्रोवर, मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार मीना और नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल तथा जीडीए वीसी आनन्द वर्धन, अपर जिलाधिकारी नगर अंजनी कुमार सिंह सहित विभिन्न अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## सदर विधायक के जन्मदिन पर उद्योग व्यापार मंडल ने बांटे हेलमेट




इटावा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल युवा जिला इकाई अजय गुप्ता के नेतृत्व में सदर विधायक सरिता भदोरिया के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर शहर के नागरिकों को संदेश दिया कि जीवन में सुरक्षित यातायात के लिए हेलमेट बहुत आवश्यक है सभी लोगों को सफर में चाहे 10 कम की दूरी तय करनी हो हेलमेट लगाकर के ही घर से निकलना चाहिए इसके लिए सदर विधायक सरिता भदौरिया के जन्मदिवस की अवसर पर संदेश देने के लिए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने अनोखी पहल की इस अवसर पर युवा जिलाध्यक्ष अजय गुप्ता व शहर अध्यक्ष ओमरतन कश्यप ने सदर विधायक का फूल मालाओं से लादकर केक काटकर जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिलाउपाध्यक्ष राजीव पाल, हैप्पी ठाकुर, श्रीकृष्णा मिश्रा, प्रदीप कनौजिया, जिलासंगठन मंत्री रमेश जैन, युवा जिलामहामंत्री राघव यादव, युवा जिलाउपाध्यक्ष तरुण रंजन गुप्ता, शहर महामंत्री विवेक गुप्ता, उपाध्यक्ष बच्चू मिश्रा, सुमित गर्ग, अखिलेश कौशिक, आशुतोष पमर, नगर संरक्षक मकसूदन दूबे, कोषाध्यक्ष दीप चंद्र जैन, नगरमंत्री अविनाश पाल, शिव गुप्ता, अंकुर शाक्य, पूजा पाल, मुन्नी देवी, एकल भदौरिया, मयंक शर्मा, ध्रुव अग्निहोत्री उपस्थित रहे।

### सभासद ने धरना-प्रदर्शन करने की चेतावनी दी

जसवंतनगर, इटावा। वार्ड में साफ सफाई न होने से आजिज सभासद ने वार्डवासियों के साथ मिलकर पालिका प्रशासन के खिलाफ धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। नगर पालिका परिषद के वार्ड नम्बर 14 पूर्वी लुधपुरा सभासद साधना शाक्य ने बताया कि पिछले 15 दिनों से उनके वार्ड में कहीं भी सफाई नही हो रही है नालियां बजबजा रहीं हैं। सफाई नायक राम सिया से लगातार फोन पर लगातार बात करने की कोशिश की गई लेकिन फोन रिसीव नहीं होता है। सभासद पति और उनके प्रतिनिधि गुड्डू शाक्य का कहना है कि उन्होंने पालिका चैयरमैन और ईओ से भी इस सम्बंध में अनुरोध किया किंतु अब तक कोई सुनवाई नहीं हो रही। वार्ड निवासियों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। यदि यही हालत रही तो वह अपने वार्डवासियों के साथ मिलकर धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

### समस्याओं का मौके पर निस्तारण

भरथना, इटावा। मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील क्षेत्र के कुल 25 फरियादियों ने अपने-अपने प्रार्थना पत्र सौंपकर अधिकारियों के समक्ष समस्या के समाधान की गुहार लगायी। जिसमें मात्र दो नाम दुरूस्ती की समस्याओं का मौके पर निस्तारण हो सका। माह के प्रथम शनिवार को स्थानीय तहसील सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों की कुल 25 शिकायतें आयीं। जिसमें नाम दुरूस्ती की मात्र दो शिकायतों का ही मौके पर निस्तारण हो सका। शेष प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों ने सम्बन्धित कर्मचारियों को सौंपकर जल्द से जल्द निस्तारण के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर उपजिलाधिकारी सुशान्त श्रीवास्तव, तहसीलदार राजकुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी अतुल प्रधान सहित समस्त विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## स्वास्थ्य को लेकर संवेदनशील है मोदी और योगी की सरकार : महेश



**गोरखपुर।** केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार जनता के स्वास्थ्य को लेकर काफी संवेदनशील है, एक तरफ जहां स्वास्थ्य सेवाओं में तेजी से काम हो रहा है तो वहीं आयुष्मान कॉर्ड जैसी योजनाओं का लाभ देकर सरकार हर तबके के लोगों को पांच लाख रुपए तक की मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान कर रही है। उक्त बातें चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर ने शुक्रवार को नगर पंचायत बड़हलगंज के कैम्प कार्यालय में आयोजित निःशुल्क आयुष्मान भारत शिविर में सत्तर वर्ष से अधिक आयु के लोगों को आयुष्मान कॉर्ड पंजीकरण के दौरान कही। इस दौरान सैकड़ों लोगों का आयुष्मान कॉर्ड पंजीकरण कर उनका कॉर्ड बनाया गया। इस दौरान ईओ राम समुख, सभासद दीपक शर्मा, सूरज सोनकर, राकेश राय, सुनील यादव, रामदास मद्धेशिया, नियाज कुरैशी, सुनील कुमार, कृष्णा गुप्ता, अभिषेक श्रीवास्तव, सुरेश उमर, अमलेश कुमार सहित अन्य संख्या में लोग मौजूद रहें।

## बाल वैज्ञानिकों ने विज्ञान प्रदर्शनी में किया अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन



**चौरीचौरा, गोरखपुर।** वंशी सिंह इंटर कालेज रामूडीहा, सोनबरसा में बाल वैज्ञानिकों ने विज्ञान प्रदर्शनी लगाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद उपस्थित अतिथियों ने बाल वैज्ञानिकों की सोच की सराहना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेहरू इंटर कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य तेज प्रताप शाही रहे ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि तेज प्रताप शाही ने कहा कि यह वर्ष प्रगति का है। बच्चों का प्रयास बहुत ही सराहनीय है। आज का बच्चा हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। वह अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन क्षेत्र में ही नहीं बल्कि देश स्तर पर करके अपना नाम रौशन करें। कालेज के प्रबन्धक प्रसिद्ध नारायण सिंह जनक ने कहा कि ज्ञान के द्वारा ही बच्चे आगे बढ़ सकते हैं। ज्ञान और अनुशासन का होना बहुत जरूरी है। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरसस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्जवलित कर किया गया। उक्त अवसर पर बृजेश पांडेय, वरुण जायसवाल, सुरेश गुप्ता, विनोद सिंह, उप प्रधानाचार्य सोबिन गुप्ता, शिक्षक शिशिर पांडेय, ऋषि, आयुष, सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### ब्रेल दिवस पर नेत्रहीनों को किया गया जागरूक

**चरगांवा, गोरखपुर।** चरगांवा ब्लॉक के जंगल धूषण गांव के टोला छोटी रेतवहिया में ब्रेल दिवस पर पुर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति के तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां जहां नेत्रहीनों की ब्रेल लिपि की विस्तार से जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में पीजीएसएस की तरफ से स्पेशल एजुकेटर अब्दुल हमीद व विवेक सिंह ने बताया कि आज के दिन को ब्रेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। जो लुई ब्रेल के याद में मनाया जाता है। उन्होंने ही नेत्रहीनों के लिए ब्रेल लिपि का आविष्कार किया था। जो आज उनकी शिक्षा और स्वतंत्रता का माध्यम बना।

### कांग्रेसियों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

**इटावा।** कांग्रेस पार्टी द्वारा किसानों की आवाज की आवाज उठाने पर पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप आदित्य जैन के खिलाफ दर्ज झूठा मुकदमा वापस लिए जाने के संबंध में राज्यपाल उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मलखान सिंह यादव ने कहा कि 26 दिसंबर को जनपद झांसी में कई दिनों तक इंतजार करने के बाद सरकारी खरीद केंद्र पर किसानों की मूंगफली नहीं खरीदे जाने वह कमीशन के रूप में 1400 से 1600 की वसूली से आक्रोशित किस भोजला मंडी से अपनी मूंगफली से लदी ट्रैक्टर ट्रालियां लेकर जिलाधिकारी को अपनी पीड़ा सुनाने पहुंचे जिसमें एक ट्रैक्टर ट्राली कलेक्ट्रेट के अंदर जा पहुंची व



अन्य मुख्य द्वार पर बाहर खड़ी नहीं किसानों की समस्या को लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप आदित्य जैन भी कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ जिलाधिकारी से मिलने पहुंचे प्रदीप आदित्य जैन जिलाधिकारी अविनाश कुमार के चेंबर में जाकर किसानों की समस्याओं को रखा। किसानों की समस्या को गंभीरता के साथ लेते हुए जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को किसानों की मूंगफली की खरीद करने ट्रालियों के साथ भोजला मंडी भेजा। इसके बाद पुलिस द्वारा किसानों के साथ ट्रैक्टर ट्राली लेकर कलेक्ट्रेट में उत्पाद मचाने मारपीट करने व सरकारी कार्य में बाधा डालने का पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप आदित्य जैन व ट्रैक्टर चालक रामपाल सिंह व 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। हम कांग्रेसियों से मांग करते हैं कि किसानों की समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप आदित्य जैन व अन्य के खिलाफ दर्ज किया गया मुकदमा अभिलंब वापस लिए जाने हेतु जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन झांसी को आदेश करें। ज्ञापन देने वालों में शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, मोहम्मद राशिद खान, कोमल सिंह कुशवाहा, आसिफ जादरान, सतीश शाक्य, राकेश राठौर, विष्णुकांत मिश्रा, अंसार अहमद, अमित अग्निहोत्री, हरेंद्र दिवाकर, सोहेल वारसी, यशवंत दुबे, रौनक खान, मोहम्मद आदिल, रोहन कुमार, इंद्रेश कुमार, बाबू सिंह, जावेद खान उपस्थित रहे।

### पांच लाख के जेवरात व नकदी गायब

**भरथना, इटावा।** सूने घर में अज्ञात बदमाशों ने ताला तोडकर 5 लाख रुपए कीमती सोने- चाँदी के आभूषण आदि पार कर दिये। जबकि पडोसी के घर में ताला तोडने में बदमाश असफल होकर खाली हाथ लौट गये। कस्बा क्षेत्र अन्तर्गत मुहल्ला शुक्लागंज में बीती रात्रि अज्ञात बदमाशों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। मुहल्ला निवासी पीडिता अनीता देवी पत्नी छोटेलाल प्रजापति ने बताया कि उसके पति बाहर रहकर मजदूरी करते है। जबकि वह अपने छोटे दो बच्चों के साथ घर पर रहती है। बीती शुक्रवार

## पिता की पुण्यतिथि पर समाजसेवी ने गरीबों में बांटा कंबल



- कोहना गांव कबीर मठ पर मनाई गई स्व हरिवंश यादव की 11वीं पुण्यतिथि
- गरीबों की सेवा कर माता-पिता से मिले संस्कारों को ही आगे बढा रहा हु : उमेश

गोला, गोरखपुर। गोला क्षेत्र के कोहना गांव कबीर मठ पर शनिवार को स्व हरिवंश यादव की 11वीं पुण्यतिथि मनाई गई। जहां उनके चित्र पर पुष्पांजलि कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया गया तथा उनकी स्मृति में गरीबों में कंबल वितरण किया गया।

कार्यक्रम में सबसे पहले उनके पुत्र सरयू रत्न विभूषित युवा समाजसेवी उमेश कुमार यादव समेत अन्य आगंतुकों ने अपने पिता स्व हरिवंश यादव के चित्र पर पुष्पार्चन कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। तदुपरांत उन्होने अपने दिवंगत पिता की स्मृति में गांव के निराश्रितों, गरीबों में कंबल वितरण किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि अपने माता-पिता से मिले संस्कारों को ही आगे बढा रहा हुं। और उनकी याद में गरीबों व असहायों की सेवा ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर युवा नेता पंकज सोनकर, विशाल सोनकर, आशीष यादव, अनूप यादव, आकाश यादव, विकास यादव, तेज प्रकाश यादव, सत्येंद्र यादव, पवन यादव, भरत यादव, भोला यादव, सोनू यादव व मोनू यादव आदि उपस्थित रहे।

### ग्राम प्रधान के साथ मारपीट चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के गांव सभा गौनर के कुछ लोगों द्वारा एक लड़के को पीटते देख बचाने गए ग्राम प्रधान को मनबढ़ों ने मारपीट दिया। इसके साथ ही ग्राम प्रधान को जान से मार देने की धमकी भी दिया गया। ग्राम प्रधान की तहरीर पर चौरीचौरा पुलिस ने चार नामजद के खिलाफ धारा 115(2), 351(2), 351(3) के तहत केस दर्ज किया है।

चौरीचौरा थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत गौनर के ग्राम प्रधान कैलाश निषाद ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि शुक्रवार की शाम 6 बजे वह पंचायत भवन से अपने घर जा रहे थे। रास्ते में गांव के श्याम पांडेय पुत्र अशोक पांडेय, घनश्याम पांडेय पुत्र मनीष पांडेय, हिमांशु पांडेय पुत्र मनीष पांडेय और अशोक पांडेय पुत्र गिरीश पांडेय गांव के ही एक राजेश शर्मा को मार रहे थे। मैं जाकर बीच बचाव करना चाहा ।तो उक्त लोगों ने मुझे ही मारना पीटना शुरू कर दिया। कुछ लोगों ने बीच बचाव करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। पुलिस तहरीर के आधार पर सभी नामजद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट में त्रुटिवष मेरा नाम नीलेश सागर दर्ज हो गया है जबकि मेरा सही नाम नीलेश सागर त्रिपाठी है मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाता है। मेरे पासपोर्ट में भी मेरा सही नाम ही दर्ज किया जाये। **नीलेश सागर त्रिपाठी पुत्र शिव सागर त्रिपाठी नि. ग्राम गौरा पर. अलेमऊ थाना तह. जयसिंहपुर जिला सुलतानपुर।**

**गुमशुदा सूचना**



**तलाश गस्ती थाना मोहनगंज जनपद अमेठी**

**1 - नाम गुमशुदा** - अर्शी फात्मा पुत्री निसार अहमद उम्र 17 वर्ष निवासी ग्राम शाहमऊ थाना मोहनगंज जनपद अमेठी। **2- सूचनाकर्ता का नाम व पता** - श्री निसार अहमद पुत्र मो. ईदू निवासी ग्राम शाहमऊ थाना मोहनगंज जनपद अमेठी मो.नं. 8299624313। **3- गुमशुदगी दर्ज किये जाने का दिनांक** - मु.अ.सं. 311/2024 धारा 137 (2) भारतीय न्याय संहिता। **4- हुलिया** - एकहरा जिस्म, गोरा रंग, गोल चेहरा, आँख कान नाक कद औसत उम्र करीब 17 वर्ष। **5- पहनावा**- काला रंग का सूट, डुपट्टा काला, गले मे छोटी चैन, ब्लैक कलर का लेडीज बैग, कान बूंदा, काले रंग की जूती पहने हुए है। **6- संक्षिप्त विवरण** - अर्शी फात्मा पुत्री निसार अहमद उम्र 17 वर्ष का दिनांक 08.11.2024 की रात्रि 03.30 बजे विपक्षी अफरीदी उर्फ अददा पुत्र मो. तौफीक खान निवासी ग्राम तामामऊ थाना जायस जनपद अमेठी बहला फुसला कर भगा ले गया यदि किसी को भी इनके सम्बन्ध में कोई भी जानकारी मिलती है तो निम्न नम्बरों पर सूचित करने की कृपा करे।

| (पुलिस अधीक्षक) | (क्षेत्राधिकारी तिलोई) | (प्रभारी निरीक्षक) |
|---|---|---|
| जनपद अमेठी | जनपद अमेठी | मोहनगंज अमेठी |
| 9454400427 | 9454401516 | 9454404140 |

**कार्यालय ग्राम पंचायत नरायनपुर, वि.ख. कूरेभार, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2024-25 दिनांक-04.01.2025

**अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन**

ग्राम पंचायत नरायनपुर वि.ख. कूरेभार में मनरेगा योजना अर्न्तगत वर्ष 2024-25 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें दिनांक 11.01.2025 के अपरान्हः 02:00 बजें तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्हः 03:00 बजें निविदादाताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष खोली व निरस्त की जायेगी। दरे पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | शशीकांत के घर से तालाब तक नाली, पटिया निर्माण कार्य। | 19.85 लाख रुपया। | ईंट, बालू, मोरंग, सीमेंट, गिट्टी, सरिया आदि। |

नोट- सभी नियम व शर्ते लागू होगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

| श्रीमती पूनम पांडेय | पुष्पेन्द्र कुमार वर्मा |
|---|---|
| ग्राम प्रधान | ग्राम पंचायत सचिव |
| ग्रा.पं.- नरायनपुर, वि.ख.- कूरेभार | ग्रा.पं.- नरायनपुर, वि.ख.- कूरेभार |
| जनपद-सुलतानपुर | जनपद-सुलतानपुर |

## वॉल पेंटिंग से लोगो को कर रहे जागरूक

**गगहा, गोरखपुर।** गगहा थाना पुलिस ने एक अनूठी पहल कर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया है। पुलिस के इस पहल की लोग जमकर सराहना भी करते नही थक रहे। गगहा थाना पुलिस ने फोरलेन से सटे थाना परिसर की बाउंड्री वाल पर अपराध व साइबर अपराध से बचाव, पुलिस सहायता को लेकर वाल पेंटिंग के माध्यम से तमाम स्लोगन लिखवाकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया है। श्लोगन को थाना पर आए फरियादी ध्यान से पढ़कर गगहा पुलिस द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए लिखवाया गया वाल पेंटिंग को लोगों ने सराहा है।

गगहा पुलिस ने बाउंड्री वॉल पर लिखा श्लोगन संवेदनशील हर संवेदना समझने को तैयार,चलाये आप कोई वाहन, यातायात नियमों का पालन करें, दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अनदेखा न करें,सही कदम उठाए 112पर कॉल मिलाएं, बच्चों को जागरूक बनाए,112का पाठ पढ़ाए,रील बनाने के चक्कर में न दिखाएं छूठी शान आपके अपनों के लिए बेश कीमती है आपकी जान, सशक्त नारी समृद्ध प्रदेश, तीन नए कानून महिला अधिकारियों की करेंगे रक्षा,नारी सुरक्षा,नारी सम्मान, महिलाओं की सुरक्षा सम्मान सर्वोपरि, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन 1090,क्यूआर कोड स्कैम,आंन लाइन शापिंग करते समय सर्तक रहे, फिशिंग क्यू आर कोड से होने वाली धोखाधड़ी से बचें, पेमेंट से पहले




वेबसाइट की प्रमाणिकता जांचें, महिला सहायता एवं सुरक्षा चक्र, महिला एवं वाल सुरक्षा संगठन उत्तर प्रदेश एवं एंबुलेंस पावर 112 को वांल पेंटिंग से लिखवा कर लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रहा है। इस सन्दर्भ में थानाध्यक्ष गौरव कुमार वर्मा ने बताया कि लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से बांउड्री वांल पर वांल पेंटिंग के माध्यम से श्लोगन लिखवाया गया है.जिससे लोगों को जानकारी हो सके।

### 120 मामलों में मात्र तीन निस्तारित

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** चौरीचौरा तहसील सभागार में शनिवार को उपजिलाधिकारी चौरीचौरा प्रशांत वर्मा की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील दिवस में कुल 120 मामले आए, जिसमें से मौके पर मात्र तीन का निस्तारण हो सका। शेष मामले संबंधित विभाग को प्रेषित कर निस्तारण के लिए भेज दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में लक्ष्मीपुर निवासी लालजी ने पेड़ कटवाने के लिए अनुमति दिए जाने की मांग किया। उनका कहना है कि अपने ही खेत में अपने ही द्वारा लगाए गए पेड़ ,अपने ही बेटी की शादी में प्रयोग करने के लिए काटने हेतु अनुमति लेना पड़ रहा है। चौरा निवासी कृष्णा, साधू शैलेन्द्र, हीरामन आदि ग्रामीणों ने नाली निर्माण को लेकर शिकायती प्रार्थना दिया।

### संदिग्ध हालात में युवक की मौत

**उदी, इटावा।** थाना बढ़पुरा क्षेत्र मानिकपुर बाईपास मार्ग स्थित ग्राम मड़ैया पुल के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत का मामला सामने आया है। थाना बढ़पुरा पुलिस के अनुसार मनोज पुत्र तहसीलदार सिंह उम्र 35 वर्ष निवासी खेडा पति मुहल्ला इकदिल थानां इकदिल -इटावा शुक्रवार की शाम घर से इटावा बाजार जाने की कहकर बाइक से निकला था। जो देर रात बाजार से घर वापस आ रहा था कि तभी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी गयी। सूचना पर जब स्वजन घटना स्थल पर पहुंचे तो मनोज की मृत्यु हो चुकी थी। इस आशय की मृतक के पिता द्वारा थानां में तहरीर दी गयी है। थानां पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर/टीआरएस/गोरखपुर, विद्युत लोको शेड, गोरखपुर/पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है:-

**निविदा सूचना संख्याः ELS-GKP-CAMC-CRANE-24-25, कार्य का नामः "विद्युत लोको शेड गोरखपुर में 03 वर्षो के लिये KRANE mfg. मेक विभिन्न क्षमता की EOT क्रेनों की CAMC".** अनुमानित लागतः ₹ 1,41,80,260.05, अग्रिम धनः ₹ 2,20,900/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः ₹ 0.00, निविदा की अवधिः 36 माह।

नोटः • ऑफर अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय 07-02-2025, 15:00 बजे तक एवं यह ई-निविदा 07-02-2025 को 15:00 बजे के बाद खोली जायेगी। • इस ई-निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी, न्यूनतम अहर्तायें तथा नियम एवं शर्तें, रेलवे की वेबसाइट ***www.ireps.gov.in*** पर उपलब्ध है। • निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस निविदा से संबंधित शुद्धि-पत्र (यदि कोई हो) को वेबसाईट पर संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मंण्डल विद्युत इंजीनियर/टीआरएस
मुजाधि/विद्युत-205 गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

संक्षेप

## ट्रक ने दो युवकों को कुचला, एक की मौत

गोला गोकर्णनाथ,खीरी।(वीओएल) शहर के पटेल चैराहे पर अनियंत्रित ट्रक ने दो युवकों को कुचल दिया।जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसका साथी गंभीर घायल हो गया।जिसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम रोशननगर निवासी अजीज अहमद का 32 वर्षीय बेटा अतीक अहमद गांव के ही अपने साथी मासूम अली के 25 वर्षीय बेटे हसमत अली के साथ एक ही बाइक पर काम करने कोटवारा जा रहे थे।परिजन बताते हैं कि वह मोहम्मदी रोड पटेल चौराहे पर खड़े होकर मोहम्मदी से आ रहे अपने साले का इंतजार करने लगे। तभी खुटार की तरफ से तेज रफ्तार आ रहे ट्रक ने उन्हें कुचल दिया और उसका साथी हसमत गंभीर घायल हो गया।प्रत्यक्षदर्शी बताते हैं कि ट्रक की गति इतनी तेज थी कि वह युवकों की बाइक को कुचल कर डिवाइडर को तोड़ते हुए रोड के किनारे पेड़ से जा टकराया।चालक घने कोहरे का लाभ उठाकर भागने में कामयाब हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।घायल हसमत को सीएचसी ले जाया गया जहां से डॉक्टरों से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। परिजन बताते हैं कि अतीक ई रिक्शा चला कर अपना परिवार का पेट भरता था।कुछ दिनों से उसने ई रिक्शा चलाना छोड़ दिया था और अपने साले के साथ रहकर राजगीरी का काम कर रहा था।शनिवार की सुबह यह हादसा हो गया। अतीक की मौत से परिजन हाल बेहाल हैं।

## ससुरालियों पर दहेज एक्ट में मुकदमा दर्ज

जंगबहादुरगंज खीरी। दहेज में लिए ससुराल वालों ने बहू की पिटाई कर घर से निकाला केश दर्ज। थाना उचौलियां क्षेत्र के ग्राम किरियारा निवासी नूरबी पुत्री अली अहमद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि दो वर्ष पूर्व मेरी शादी शमशाद पुत्र निसार अहमद निवासी ग्राम बिलासपुर थाना करेली जिला पीलीभीत के साथ हुई थी उसके बाद ससुराल पक्ष शमशाद पुत्र निसार अहमद, निसार अहमद पुत्र अज्ञात, रहीस उर्फ गुड्डू पुत्र निसार अहमद, मनोवर पत्नी रहीस उर्फ गुड्डू मुझे रोजाना अतिरिक्त देहज की मांग कर मुझे प्रताड़ित करते रहे जिसकी सूचना मैने अपने मायके वालों को भी दी जबकि मेरे परिवार वालों ने मेरी शादी मुस्लिम रीति रिवाज व दान दहेज देकर की थी 1 जनवरी 2025 को मुझसे मेरे ससुराल बालों ने चार पहिया गाड़ी व एक लाख रुपए की मांग कर मुझे लाठी डंडों से बुरी तरह मारा पीटा व जान से मारने की धमकी देकर घर से निकाल लिया उचौलियां पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर बी एन एस की धारा 85, 115(2), 151(3), 3, 4 में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

## भारतीय स्टेट बैंक शाखा पलिया ने एस एसबी को दिए बेरिकेट

पलियाकलां-खीरी। नगर के भारतीय स्टेट बैंक पलिया शाखा के प्रबंधक सूबेदार सिंह के द्वारा संपूर्णानगर रोड पर गदनिया स्थित 39वीं वाहिनी एसएसबी कैंप कार्यालय को 08 बैरिकेटिंग भेंट किए गए।बैरिकेटिंग भेंट किए जाने का उद्देश्य है कि सड़क पर चल रही तेज रफ्तार की गाड़ियों की गति को कम करना, जिससे उक्त मार्ग पर आए दिन हो रहे एक्सीडेंट से निजात मिलेगी, साथ ही आकस्मिक स्थितियो से निपटने में भी बैरिकेटिंग का अहम रोल होता है।

# शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करें अफसर : डीएम



जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए शनिवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में तहसील मोहम्मदी सभागार में ₹संपूर्ण समाधान दिवस₹ आयोजित हुआ। इस अवसर पर विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह की उपस्थिति में डीएम ने एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अभिषेक कुमार व अन्य अधिकारियों ने आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए।

डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मा. मुख्यमंत्री के निदेशों को अमलीजामा पहनाया जाय।डीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, जरूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रतानुसार लाभान्वित भी किया जाय।आम जनता की शिकायतों, आवेदनों के समयबद्ध और संतुष्टिपरक समाधान के लिए शिकायतकर्ता से स्वयं बात करें। पीड़ित/परेशान व्यक्ति की मनोदशा को समझें, उसकी भावना का सम्मान करें और पूरी संवेदनशीलता के साथ उसकी समस्या का समाधान किया जाए।डीएम ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है, इसलिए सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करे।इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी।भूमि संबंधी मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर गुणवत्तापरक निस्तारण करें। सुनवाई के दौरान डीएम ने न केवल शिकायत लेकर आए फरियादियों की समस्या सुनकर निदान कराया बल्कि योजनाओं को सोगाते भी दी।डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 80 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 13 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ।सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 53, पुलिस 11, विद्युत 05, विकास 01, नगर निकाय 04, लोक निर्माण, जल निगम और आपूर्ति 02-02 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें पृष्ठांकित कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया।

## नानपारा मैलानी आमान परिवर्तन को लेकर रेल मंत्री को दिया ज्ञापन

तिकुनिया खीरी। कस्बे के व्यापारियों ने तराई विकास संस्थान के बैनर तले एकत्रित हो करके नानपारा मैलानी आमान परिवर्तन के लिए केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को संबोधित ज्ञापन रेलवे स्टेशन अधीक्षक हरदीप सिंह को सौंपा है।ज्ञापन में कहा गया है कि बहराइच से मैलानी छोटी रेल लाइन का आमान परिवर्तन का आदेश 2016 में होने के बावजूद इसे 2017, 18 में निरस्त कर बहराइच नानपारा रुपैडिहा आमान परिवर्तन किया गया और नानपारा मैलानी रोक दिया गया। यह जानकारी तराई विकास संस्थान द्वारा मांगी गई आरटीआई के तहत महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर द्वारा संस्थान को दी गई थी। जिसको लेकर बॉडर के लाखों लोगों में बड़ी लाइन का सपना राख हो गया है रेल मंत्री से निवेदन किया गया है नानपारा मैलानी को भी आमान परिवर्तन कराया जाए जिससे कि जिले के महत्वपूर्ण बॉर्डर के रेलस्टेशन मिहींपुरवा बिछिया, तिकुनिया, बेलरायां, पलिया कला के लोगों में बड़ी रेल लाइन का सपना साकार हो सके।

शुक्रवार को तिकुनिया रेलवे स्टेशन पर 11 बजे तराई विकास संस्थान तथा कस्बे के व्यापारी इकट्ठे हुए और उन्होंने रेल मंत्री को संबोधित ज्ञापन रेलवे स्टेशन अधीक्षक हरदीप सिंह को सौंपा है। ज्ञापन में नानपारा मैलानी आमान परिवर्तन शीघ्र शुरू कराएं जाने की मांग जोरदार तरीके से की गई है।संस्थान ने कहा है आमान परिवर्तन के लिए नानपारा से मैलानी तक ब्रांड गेज संघर्ष समिति का गठन जल्दी किया जा रहा है और आमान परिवर्तन के लिए आंदोलन इसी के साथ शुरू कर दिया जाएगा।ज्ञापन देने वालों में संस्थान के अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल, महामंत्री सत्य प्रकाश श्रीवास्तव ,अशोक सिंघल, विनोद जिंदल, विनय गुप्ता, राम मनोहर, विकास कुमार, मनोज यादव मौजूद रहे।

## वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने किया लघु उद्योग भारती कैलेण्डर का विमोचन

शाहजहांपुर/लघु उद्योग भारती शाहजहांपुर द्वारा वर्ष 2025 के नवीन कैलेंडर का वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने विमोचन करते हुए सभी उपस्थित जनों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई दी शनिवार को कैलेण्डर का विमोचन करते हुए वित्त एवं



संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कैलेंडर की सराहना करते हुए लघु उद्योग भारती शाहजहांपुर को अपना सुंदर एवं प्रभावी कैलेंडर छपवाने पर सराहना की लघु उद्योग भारती शाहजहांपुर को अपनी शुभकामनाएं एवं बधाई दी भविष्य में लघु उद्योग भारती संगठन की समस्याओं का समाधान एवं निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया इस अवसर पर लघु उद्योग भारती महामंत्री ब्रज संभाग उत्तर प्रदेश राकेश अग्रवाल,जिला अध्यक्ष नवनीत प्रकाश गुप्ता,महामंत्री हर्षवर्धन अग्रवाल,कोषाध्यक्ष सीए निलेय शुक्ला,अनुराग अग्रवाल एवं महेंद्र दुबे आदि उद्यमी उपस्थित रहे उसके बाद संगठन द्वारा कैलेंडर वितरण का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया जिसमें श्रीमान जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी,मुख्य चिकित्सा अधिकारी,जिला कृषि अधिकारी सहित विभिन्न अधिकारियों को कैलेंडर भेंट किया गया।

## एक वर्ष बाद भी नहीं हो सका मनरेगा मजदूरों का पेमेंट

कलान-शाहजहांपुर /विकास खण्ड कलान क्षेत्र के गांव सनाय निवासी नन्हे अवधेश सर्वेश दामोदर आदि दर्जनों मजदूरों ने शनिवार को समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गांव के प्रधान राजीव एवं आलोक सिंह ने 1 वर्ष पूर्व हुए मनरेगा के कार्य का पैसा गबन कर लिया है जिसका एक वर्ष बीत जाने के बावजूद हम लोगों को पेमेंट नहीं मिला समाधान दिवस पर दिए प्रार्थना पत्र में मनरेगा मजदूरों ने बताया कि उन्होंने जब ग्राम प्रधान और आलोक सिंह से कहा कि हम लोगों को मजदूरी के पैसे नहीं मिले हैं।तो ग्राम प्रधान और आलोक सिंह ने कहा कि तुमने काम नहीं किया है। उन्होंने तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र लेकर पैसा दिलाए जाने की गुहार लगायी है।

## विधायक ने बायोप्लास्टिक फैक्ट्री स्थल का किया निरीक्षण



गोला गोकर्णनाथ,खीरी।(वीओएल) गोला विधान सभा क्षेत्र के कुम्भी में 2.5 करोड़ की धनराशि से लगने वाली बायोप्लास्टिक फैक्ट्री स्थल का विधायक अमन गिरि ने निरीक्षण कर सम्बधित लोगों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।शनिवार को विधायक अमन गिरि तमाम लोगों के साथ गोला विधान सभा क्षेत्र के कुम्भी में लगने वाली बायोप्लास्टिक फैक्ट्री स्थल पर पहुंचे।उन्होंने मौजूद सम्बन्धित व्यक्ति से फैक्ट्री से संबंधित सभी औपचारिकताओं को शीघ्र पूर्ण कर निर्माण कार्य मे तेजी लाने के निर्देश दिये।विधायक ने कहा कि बायोप्लास्टिक फैक्ट्री लग जाने से क्षेत्र के लोंगो को जहां रोजगार मिलेगा वहीं विकास के नये आयाम स्थापित होगें।इस मौके पर सन्दीप सिंह, जयसिंह अर्कवंशी, उदय यादव, तोहीद खा, पप्पू प्रधान, संजय सिंह, बलवीर अर्कवंशी, उत्तम चैधरी, जितेन्द्र अर्कवंशी, बलवीर अर्कवंशी आदि मौजूद रहे।

## जिले में डीएम की अनूठी पहल मिशन मैदान को जमीन पर उतारने की कवायद तेज



लखीमपुर खीरी।जिले में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अभिनव पहल, वर्ष 2025 में लिए गए संकल्प के क्रम में मिशन मैदान को जमीन पर उतारने की कवायत इन दिनों जोरों पर चल रही।जिले के एक हजार परिषदीय विद्यालयों में तीन श्रेणियां में खेल मैदान विकसित किया जा रहा है।इन खेल मैदानो की प्रगति जानने के उद्देश्य से शनिवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सीडीओ अभिषेक कुमार ने तहसील और ब्लॉक मोहम्मदी के प्राथमिक विद्यालय झखरा, प्राथमिक विद्यालय मुड़िया का जायजा लिया, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

डीएम ने अफसरो की टीम संग दोनों विद्यालयों में विकसित किया जा रहे मैदान की प्रगति जानी।बीडीओ अश्वनी कुमार सिंह ने ब्लॉक मोहम्मदी में तैयार किए जा रहे खेल मैदानो की विद्यालयवार प्रगति बताई। डीएम ने निर्देश दिए कि सभी विद्यालयों में निर्धारित समय सीमा, गुणवत्ता से खेल मैदान को विकसित किया जाए।इस दौरान उन्होंने वालीबाल, फुटबॉल, रनिंग ट्रेक सहित झूले आदि के संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिए।डीएम ने सीडीओ संग निर्माणाधीन खेल मैदान का निरीक्षण किया।नक्शे व मैदान पर तैयार किए जा रहे खेल मैदान की वस्तुस्थिति देखी।कहा कि इन मैदानों से ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को अभ्यास का मौका मिलेगा और वह बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे।ऑपरेशन मैदान के तहत परिषदीय विद्यालयों में क्रिकेट, वालीबॉल, ओपेन जिम जैसी सुविधाएं युवाओं को मिलेंगी।ये खेल के मैदान छात्रों में टीमवर्क, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देंगे, जिससे उनके समग्र विकास और कल्याण में योगदान मिलेगा।इस मौके पर डीसी मनरेगा विपिन कुमार चौधरी, बीडीओ अश्विनी कुमार सिंह, सहायक विकास अधिकारी पंचायत, संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## आर्य कन्या कॉलेज में गायत्री परिवार का ढपली वादन प्रशिक्षण शिविर शुरू

लखीमपुर खीरी।गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ लखीमपुर खीरी वर्ष 2025 को नारी उत्कर्ष के लिए समर्पित करेगा।इसके लिए कन्याओं और नारियों को प्रतिभा



संपन्न बनाने और सृजन की दिशा धारा से जुड़ने के लिए विभिन्न कार्यक्रम किए जाएंगे।इस क्रम में पहला कार्यक्रम कन्याओं में संगीत से संस्कार जागने के उद्देश्य से निः शुल्क ढपली वादन प्रशिक्षण शिविर नगर के भगवानदीन आर्य कन्या इंटर कॉलेज में चल रहा है।प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ विद्यालय प्रधानाचार्या ज्योति तिवारी ने गायत्री महामंत्र का सामूहिक उच्चारण करके किया गया था।शुक्रवार को प्रशिक्षण के दूसरे दिन छात्राओं ने कहरवा ताल का अभ्यास किया।अभ्यास में कॉलेज की शिक्षिकाओं ने भी भाग लिया।ढपली वादन प्रशिक्षण युवा प्रकोष्ठ के अनुराग मौर्य द्वारा दिया जा रहा है।अनुराग मौर्य ने बताया प्रशिक्षण के लिए विद्यालय से 40 छात्राओं का ढपली सीखने के लिए पंजीकरण कराया है।ढपली वादन प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन युवा प्रकोष्ठ लखीमपुर की रचना अग्रवाल, विद्यालय शिक्षिका वंदना गुप्ता, मंचल गुप्ता आदि मौजूद रहीं।

## ब्लॉक परिसर में मीडिया पर प्रतिबंध चौथे स्तंभ पर हमलाः अमित गुप्ता

जिला संवाददाता(vol)

शाहजहांपुर। जनपद के विकासखंड जलालाबाद के खंड विकास अधिकारी द्वारा एक पत्रकार द्वारा ब्लॉक से संबंधित खबर प्रकाशित करने के बाद पत्रकार के साथ अभद्रता, और जेल भेजने की धमकी के साथ ब्लॉक परिसर में मीडिया पर लगाए गए प्रतिबंध को लेकर ऑल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऐप्जा नें समाधान दिवस के अवसर पर जलालाबाद एस डीएम उत्सव आनंद को एक ज्ञापन सौंप कर खंड विकास अधिकारी जलालाबाद रवि कुमार के खिलाफ कार्यवाही कराए जाने की मांग की है।

आपको बता दें जलालाबाद क्षेत्र के एक पत्रकार द्वारा खंड विकास अधिकारी जलालाबाद रवि कुमार को लेकर एक खबर प्रकाशित की थी जिसमें लिखा गया था कि खंड विकास अधिकारी समय से अपने कार्यालय नहीं पहुंच रहे हैं साथ ही खबर में लिखा गया था कि खंड विकास अधिकारी को ब्लॉक स्तर पर आवास उपलब्ध कराया गया है इसके बावजूद खंड विकास अधिकारी शाहजहांपुर से अप डाउन करते हैं जिसके चलते ब्लॉक परिसर में आने वाले फरियादी खंड विकास अधिकारी से मिलने के लिए चक्कर लगाते रहते हैं। इस खबर से बौखलाए खंड विकास अधिकारी ने खबर छापने वाले पत्रकार के साथ अभद्रता करते हुए जेल भेजने की धमकी के साथ ब्लॉक परिसर में पत्रकारों के प्रवेश पर रोक लगा दी और अपने अधीनस्थ कर्मचारियों से कहा कि ब्लॉक परिसर में कोई मीडिया कर्मी प्रवेश नहीं करेगा जिसको लेकर ऐप्जा के तहसील अध्यक्ष विमल गुप्ता ने कहा कि पत्रकारों पर इस तरह का प्रतिबंध चौथे स्तंभ पर हमला है जो संगठन किसी तरह बर्दाश्त नहीं करेगा।और इस संबंध में खंड विकास अधिकारी पर कार्यवाही नहीं की गई तो संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन देने वालों में जिला महासचिव अनुराग उर्फ राजू मिश्रा तहसील अध्यक्ष विमल गुप्ता, तहसील महामंत्री अजीत मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष अशोक द्विवेदी, तहसील उपाध्यक्ष प्रिंस गुप्ता, संरक्षक हरीश गुप्ता कोषाध्यक्ष धीरज गुप्ता, मीडिया प्रभारी सुमित गुप्ता , सचिन आकाश मिश्रा , अलछेद्र सिंह , पंकज सिंह, संतोष उपाध्याय, शकील अहमद, धर्मेंद्र शर्मा, अमरीक सिंह, भूपेंद्र सिंह, सहित अधिवक्ता अर्पित गुप्ता मौजूद रहे।

## मेन गेट पर कार्यालय की जगह 'कार्य' और अधिकारी की जगह लिखा है 'धिकारी'




खंड विकास अधिकारी रवि कुमार अपने कार्यालय पर कितना उपस्थित रहते हैं यह तो इसी से पता चलता है कि जिस अधिकारी की नजर अपने कार्यालय के मुख्य द्वार पर नहीं पड़ती जहां कार्यालय की जगह कार्य लिखा है और अधिकारी की जगह धिकारी लिखा है तो आप समझ सकते हैं कि खंड विकास अधिकारी रवि कुमार शासन की मंशा के अनुरूप फरियादियों की फरियाद कितनी सुनते होंगे और शासनादेश के अनुसार विकासखंड परिसर में बने अपने आवास का प्रयोग कितना करते होंगे और जब उनकी कमियों को लेकर पत्रकार ने खबर प्रकाशित कर दी तो फिर जेल भेजने की धमकी के साथ अपनी खामियों छुपाने के लिए मीडिया पर प्रतिबंध लगा दिया और ।जब इस संबंध में जिला मुख्य विकास अधिकारी अपराजिता सिंह से फोन संपर्क किया गया तो उन्होंने खंड विकास अधिकारी का बचाव करते हुए कहा कि मीडिया प्रतिबंध का कोई लिखित खंड विकास अधिकारी द्वारा आदेश जारी नहीं किया गया है इस संबंध में खंड विकास अधिकारी से वार्ता कर समस्या का समाधान किया जाएगा।

## जिला अस्पताल में इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ का निर्माण शुरू

आजमगढ़।मंडलीय अस्पताल में मरीजों के जांच की सुविधा बढ़ेगी। 1.25 करोड़ की लागत से इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ का निर्माण शुरू हो गया है।एक ही छत के नीचे 24 घंटे मरीजों को 90 प्रकार की जांच की सुविधा मिलेगी।अस्पताल में 4000 वर्ग फुट में निर्माण हो रहा है। मंडलीय अस्पताल में औसतन 1200 लोगों की ओपीडी प्रतिदिन होती है।करीब 300 लोगों को प्रतिदिन जांच की जरूरत पड़ती है।पैथोलॉजी में दोपहर करीब एक बजे के बाद सेंपल नहीं लिया जाता है। जिससे मरीजों को परेशानी होती है।इसके साथ ही सभी प्रकार की जांच सुविधा न होने पर भी लोगों को बाहर से जांच करानी पड़ती है। अब लोगों की समस्या दूर हो जाएगी। मंडलीय अस्पताल में इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ का निर्माण शुरू हो गया।इसके शुरू हो जाने पर यहां पर लोगों को जांच की सुविधा 24 घंटे मिलेगी।सभी प्रकार की जांचें एक छत के नीचे ही उपलब्ध होगी। जिससे मरीजों को इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा।ओपीडी के पास ही लैब की स्थापना की जा रही है, काम शुरू हो गया है।

## 20 जनवरी तक कराएं फार्मर रजिस्ट्री, अन्यथा सम्मान निधि के लाभ से होना पड़ेगा वंचित

मीरजापुर।जनपद में एग्रीस्टैक डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रकचर फॉर एग्रीकल्चर के अन्तर्गत फार्मर रजिस्ट्री का कैम्प का शुभारम्भ 02.12.2024 से किया गया है। जनपद मीरजापुर के 595 राजस्व ग्रामों में कैम्प का आयोजन कृषि, राजस्व व पंचायत सहायक कार्मिकों के सहयोग से किया गया,04 जनवरी 2025 तक कुल लक्ष्य 285884 के सापेक्ष 56075 किसानों द्वारा फार्मर रजिस्ट्री का कार्य कराया गया है।जिसमें तहसील चुनार में आबंटित लक्ष्य 87671 के सापेक्ष 20140, तहसील मड़िहान में लक्ष्य 32152 के सापेक्ष 5383, तहसील लालगंज में लक्ष्य 48711 के सापेक्ष 6802 तथा तहसील सदर में आबंटित लक्ष्य 117350 के सापेक्ष 23750 किसानों द्वारा फार्म रजिस्ट्री का कार्य कराया गया है। जनपद के सभी किसानों से अपील किया गया है कि अपने-अपने ग्राम में जन सेवा केन्द्र (सी0 एस0 सी0) पर उपस्थित होकर अपना आधार, मोबाइल नम्बर व सभी खतौनी लेकर फार्मर रजिस्ट्री का कार्य कराना सुनिश्चित करें।साथ ही अवगत कराना है कि दिनांक 20 जनवरी 2025 तक सभी किसान भाई अपना फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण करा लें, अन्यथा भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त के लाभ से वंचित रह जायेंगे।अतः जिन किसान भाईयों द्वारा अभी तक फार्मर रजिस्ट्री का कार्य नहीं कराया गया है।वह अपना फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण करा लें।

# स्वामी विवेकानंद में कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा शुरू



**गोला गोकर्णनाथ,खीरी।**(वीओएल) स्वामी विवेकानंद जी की 162 वीं जयंती पर स्वामी विवेकानंद बाल उद्यान द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा की कलश यात्रा के साथ शुरूआत हुई।

शुक्रवार को विद्यालय से मां मंगला देवी मंदिर तक शोभा यात्रा निकाली गई।कलशों में जल भरकर महिलाओं और बच्चों ने विद्यालय में स्थापित किए।इसके साथ श्रीमद भागवत कथा का शुभारम्भ किया गया। स्वामी विवेकानंद जी की 162 वीं जयंती के अवसर पर इस वर्ष विद्यालय में स्वामी विवेकानंद की मूर्ति की स्थापना की जानी है।12 जनवरी को जन्मोत्सव पर मूर्ति का अनावरण किया जाएगा।10 जनवरी तक कथा और कन्या भोज भंडारा का समापन होगा।12 जनवरी अपरान्ह 2 बजे युग पुरूष स्वामी विवेकानंद जी एवं विद्यालय के संस्थापक शिवकुमार राबडा व राजकुमारी राबडा की मूर्ति का अनावरण, सम्मान समारोह और विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। जिसमें स्व0 शिव कुमार राबडा व राजकुमारी राबडा की स्मृति में लखनऊ के प्रसिद्ध कहानीकार महेन्द्र भीष्म को विवेक भारती, शाहजहांपुर की बाल साहित्यकार सृष्टि पाण्डे को विवेकश्री व पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए राजीव अग्निहोत्री को सम्मानित किया जायेगा। विद्यालय की प्रधानाचार्या शशिबाला रावड़ा ने बताया कि कथा 2 बजे से 5 बजे तक चलेगी।

## साहस-धैर्य और सौम्यता की प्रतीक नारी का हो सम्मानः पं. हरिकृष्ण

गोला गोकर्णनाथ,खीरी।(वीओएल) जिस घर में नारी के आंसू बहते है, उस घर से सुख, आनंद बहकर घर से बाहर हो जाता है और वहां दुख, दरिद्रता का वास हो जाता है।



कथाव्यास पंडित हरिकृष्ण शास्त्री ने स्वामी विवेकानंद बाल उद्यान में श्रीमद भागवत कथा के महात्म का वर्णन करते हुए कहा कि सतयुग, द्वापर, त्रेता में प्रभु के सानिध्य को पाने के लिए कठोर जप, तप, और व्रत आदि के वर्णन पुराणों में मिलते है। कलयुग में श्रीमद्भागवत कथा का वाचन और श्रवण संपूर्ण फलदायी होता है।उन्होने मौजूद भक्तों से सत्मार्ग पर चलकर प्रभु का सुमिरन करने का संदेश दिया।कथा व्यास ने ब्रहमा जी द्वारा सृष्टि की रचना के लिए दोनों भुजाओं से मनु व सतरुपा का अवतरण तथा मानव सृष्टि की वृद्धि की कथा का संक्षिप्त वर्णन किया।उन्होने महाभारत कथा का सार संक्षेप बताते हुए राजा परीक्षित के वन बिहार की कथा में तप कर रहे ऋषि के गले में मृत सर्प डालने के कारण ऋषि पुत्र श्रंगी ऋषि द्वारा एक सप्ताह में सर्प द्वारा डसने से उनकी मौत हो जाने के श्राप और श्राप से मुक्ति को श्रीमद्भागवत की कथा श्रवन का वर्णन किया।उन्होने कहा नशा, जुआं, चरित्र हनन से मनुष्य के घर परिवार का सर्वस्व नाश हो जाता है।उन्होने देवी स्वरुपा नारी की प्रशंसा करते हुए कहा कि साहस, धैर्य, और सौम्यता की प्रतीक नारी का सम्मान होना चाहिए।उन्होंने कहा कि यत्र नारी पूज्यंते, रमंते तत्र देवता और जहां नारी अपमानित व दुखी होती है। वहां सर्वस्त नाश हो जाता है। कथा के पश्चात आरती व प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर कथा आयोजक शशिबाला रावडा, ऊषा रावडा, अंजू राबडा, केके शुक्ला, शशिकांत मिश्र, आदर्श शुक्ला, प्रेमलता मिश्रा, ओमप्रकाश गुप्ता, धर्मेन्द्र मिश्रा, आलोक बाजपेई, सत्येन्द्र शुक्ला, उमेश शुक्ला, धीरज शुक्ला, मनोज मिश्रा, संतोष वर्मा, अमित, संजय, गौरव, राहुल, मीना गुप्ता, किरन, सुमन, कमलेश, अनामिका, काजल, वंशिका, उपन्या, शिल्पी, प्रांसी, नीलम, शिवांगी, आरती सहित तमाम भक्त मौजूद रहे।

# पालिकाध्यक्ष ने गौशाला में किया प्रभात फेरी का स्वागत



गोला गोकर्णनाथ,खीरी।(वीओएल) नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने गौशाला में सिख संगत की प्रभात फेरी का स्वागत किया।सिख संगत गुरु पर्व से 10 से 15 दिन पहले से प्रभात फेरियां निकालना शुरू करते हैं जो गुरुद्वारे से निसान साहिब लेकर सैकड़ों की संख्या में नगर भ्रमण करते हैं और जो भी श्रद्धालु आमंत्रित करता है वहाँ अरदास करते हैं। उसी क्रम में शनिवार को गौशाला में पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने प्रभात फेरी को आमंत्रित कर अरदास करवाई। श्री गुरू गोविन्द सिंह का प्रकाश उत्सव 6 से 8 जनवरी तक मनाया जायेगा।जिसमें 6 जनवरी को सुबह 9 बजे से श्री अखण्ड पाठ, 7 जनवरी सुबह 10 बजे से शाम तक, 8 जनवरी श्री अखण्ड पाठ का समान, दिन के दिवान प्रातः 9 से ढाई बजे तक, इसके बाद लंगर का आयोजन किया जायेगा।

इस मौके पर प्रमुख सेवादार सुखविन्दर सिंह टोनी,कुलजीत सिंह भाटिया रिंकल, नवदीप सिंह, गुरमीत सिंह, मंजीत सिंह, प्रीतम सिंह, अजेन्द्र सिंह, शत्रोहन मिश्रा,विमल शुक्ला, नगर मंत्री धीरज बाजपेयी, मीडिया प्रभारी विजय मिश्रा, सेक्टर संयोजक सुनील मिश्रा, मनोज बाथम,प्रदीप खतौलिया, लवकुश अवस्थी मौजूद थे।

संक्षेप

## धूमधाम से मना स्कूल का वार्षिकोत्सव

जौनपुर । माँ गायत्री बालिका विद्यालय इण्टर कॉलेज अकबरपुर केराकत का वार्षिकोत्सव समारोह बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ । वार्षिकोत्सव में विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक नृत्य व नाटक का मंचन करते हुए लागों का मन मोहा ।कार्यक्रम की अध्यक्षता अवकाश प्राप्त प्रोफेसर वीरेंद्र प्रताप सिंह जी ने किया ।बच्चे देश के भविष्य का दर्पण,जैसा हम बच्चों को ढालतें है देश की दिशा उसी ओर मुड़ती है उक्त बातें मुख्य अतिथि के रूप में एमएलसी ब्रिजेश सिंह ने कहीं ।वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में आए उप जिलाधिकारी महोदय केराकत व पूर्व ब्लॉक प्रमुख संत कुमार सिंह ने कहा बच्चे देश की फुलवारी कार्यक्रम में संरक्षक ठाकुर देवराज सिंह , विद्यालय अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ,प्रधानाचार्य नीतू सिंह ,प्रबंधक संतोष कुमार सिंह ,संयोजक जय प्रकाश पाठक व विद्यालय के अध्यापक जन मौजूद रहें ।

## सावित्रीबाई फुले की मनायी जयंती

जौनपुर ।सम्राट अशोक क्लब भारत शाखा महिला विंग के तत्वावधान में नारी शिक्षा की जननी, भारत की प्रथम महिला शिक्षिका, नारी मुक्ति की प्रणेता, समाज सुधारिका सावित्रीबाई फुले की 194वीं जयंती पंचशील फ्लावर मंडी चाचकपुर सिपाह में मनाया गया। मुख्य अतिथि गीता मौर्य विशिष्ट अतिथि शालिनी मौर्य और गोल्डी सिंह संयुक्त रूप से रही ।आकांक्षा मौर्य अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद।कार्यक्रम की अध्यक्षता रेखा मौर्य ने संचालन विनीता मौर्य ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने सावित्रीबाई फुले की जीवनी पर प्रकाश डाला और अपने अपने वक्तव्य दिए। कार्यक्रम में सम्राट अशोक क्लब परिवार के सदस्य कन्हैया मौर्यसहित अन्य उपस्थित रहे। अन्त में सम्राट अशोक क्लब के जिलाध्यक्ष गंगा प्रसाद मौर्य शाखा ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## ट्रक के धक्के से युवक की मौत

मीरजापुर। थाना कटराकोतवाली क्षेत्र के शीतला मंदिर स्थित तिराहे पर ट्रक के धक्के से मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई और एक घायल है। बताते है कि सनी यादव उम्र लगभग 42 पुत्र शोभनाथ यादव बेलखरिया का पूरा निवासी को रात्रि में ग्यारह बजे के करीब शीतला मंदिर के पास ट्रक ने मोटरसाइकिल में धक्का मार दिया जिसमे सनी यादव की मौके पर ही मौत हो गयी और एक ब्यक्ति घायल है। घटना की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया तथा पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

## रिटायर्ड शिक्षकों का प्रवेश डीआईओएस कार्यालय में रोका जाये

जौनपुर। शिक्षक संघ की जनपदीय बैठक जिलाध्यक्ष तेरस यादव की अध्यक्षता में बलुआ घाट में सम्पन्न हुई जिसमें विभिन्न शिक्षक समस्याओं तथा सांगठनिक क्रिया-कलापों पर शिक्षकों एवं पदाधिकारियों के बीच विचार-विमर्श किया गया। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष डा0 राकेश सिंह ने कहा कि शिक्षक हित किसी भी संगठन की शीर्ष प्राथमिकता होनी चाहिए तभी शिक्षा, संगठन, शिक्षक और शिक्षार्थी सबका भला होगा। साथ ही यदि किसी भी संगठन के नेतृत्व या पदाधिकारी द्वारा कोई सराहनीय पहल की जाए तो उसका स्वागत किया जाना चाहिए। जनपद जौनपुर एक शिक्षक संगठन के जिलाध्यक्ष और अन्य शिक्षक नेता द्वारा जिलाधिकारी को पत्र लिखकर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में सेवानिवृत्त शिक्षक नेताओं के प्रवेश को प्रतिबंधित करने की मांग की गयी है जो स्वागत योग्य है ।विभिन्न शिक्षक संगठनों में महत्वपूर्ण पदों पर काबिज दशकों पूर्व सेवानिवृत्त मठाधीशों को हटाने की मांग को लेकर हमारे संगठन के शिक्षक नेता विधान परिषद का चुनाव भी लड़ चुके हैं। जिलाधिकारी से मांग करने वाले शिक्षक नेता अपने संगठन के शीर्ष नेतृत्व से भी सेवानिवृत्त मठाधीशों से विभिन्न कार्यालयों का चक्कर लगाने एवं संगठन के पदों से हटाने की मांग अवश्य करेगें। यदि शिक्षक संगठनों द्वारा यह मांग स्वीकार कर ली जाए तो निश्चित रूप से सम्पूर्ण शिक्षा जगत लाभान्वित होगा और युवाओं को नेतृत्व का भरपूर अवसर मिलेगा। प्रदेश मंत्री डा0 प्रमोद श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षकों का नेतृत्व कार्यरत शिक्षक नेता द्वारा ही किया जाना चाहिए लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कार्यरत शिक्षकों को आगे नहीं आने दिया जाता। जौनपुर से उठायी गयी शिक्षक नेता की मांग को उनका संगठन अवश्य ही स्वीकार करेगा। मंडल अध्यक्ष सरोज कुमार सिंह ने कहा कि यदि शिक्षक और सांगठनिक हित में किसी भी संगठन द्वारा कोई पहल या मांग उठायी जाती है तो निश्चित रूप से उसका समर्थन किया जाना चाहिए इससे जनपद के शिक्षकों की एकजुटता दिखायी देती है।

# पोते ने दादा-दादी को उतारा मौत के घाट



जिला संवाददाता(vol)

मीरजापुर। जनपद में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां अपने सगे पोते ने ही बुजुर्ग दादा दादी को मौत के घाट उतार कर खुद को भी जख्मी कर लिया है।

दरअसल, यह पूरा मामला राजगढ़ थाना क्षेत्र के तालर गांव के पहाड़ी पूर्वा से जुड़ा हुआ है। जहां शनिवार को देर शाम बाद गांव निवासी छोटू कोल पुत्र नरसिंह कोल ने अपने दादा पीतांबर उम्र 85 वर्ष एवं दादी हीरा देवी उम्र 80 वर्ष को कुल्हाड़ी से काटकर मौत के घाट उतार दिया है। इस लोमहर्षक घटना अंजाम देने के बाद छोटू ने स्वयं अपने को भी चाकू से वार कर घायल कर लिया है। ग्रामीणों ने बताया कि छोटू पिछले कुछ महीनों से मानसिक रूप से अर्ध विक्षिप्त हो गया है। क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चा। स्थानीय पुलिस मौके पर मौजूद है।

पुलिस के मुताबिक शनिवार 04 जनवरी 2025 को थाना क्षेत्र राजगढ़ के ग्राम तालर के रहने वाला छोटू कोल पुत्र नरसिंह कोल 14 वर्ष ने अपने दादा पीतांबर कोल पुत्र स्वर्गीय भुन्नू कोल 85 वर्ष तथा दादी हीरावती पत्नी पीतांबर 80 वर्ष को कुल्हाड़ी से मार कर हत्या कर दिया तथा खुद को चाकू से अपने ऊपर हमला कर घायल हो गया। उक्त घटना के बाद सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है तथा घायल छोटू को एंबुलेंस के माध्यम से ईलाज हेतु राजगढ़ सीएससी भेजा गया है। छोटू पुत्र लगभग 02 महीने से मानसिक रूप से अर्ध विक्षिप्त हो गया था तथा उसके पिताजी मजदूरी का कार्य करते हैं छोटू दो भाई हैं बड़ा भाई की शादी हो गई है।

## नाबालिग को खंभे से बांध कर मारने का वीडियो वायरल, दो गिरफ्तार

मीरजापुर। हलिया थाना क्षेत्र के बरडीहा कला के सरहरा गांव का एक वीडियो शोसल मीडिया पर एक नाबालिग को खम्भे में बांधकर मारने पीटने का वायरल होने के बाद हरकत में आने पर पुलिस ने पीड़ित नाबालिग की माँ की तहरीर पर ग्राम प्रधान व पुत्र व उसके साथियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर ग्राम प्रधान व उसके पुत्र को हिरासत में लेकर पूछताछ करने में जुट गई।

सूचना मिलने प? सीओ लालगंज थाने पर पहुंचकर ग्राम प्रधान व उसके पुत्र से घटना के संबंध में जानकारी लिया। बताते हैं कि हलिया थाना क्षेत्र के बरडीहा कला के सरहरा गांव निवासी सरोज देवी पत्नी जगजीवन लाल ने शुक्रवार को थाने में तहरीर देकर बताया है की ट्रैक्टर के पार्ट की चोरी को लेकर मेरे पटीदार ग्राम प्रधान पन्ना लाल व उनका पुत्र बबलू उसके साथीगण मेरे 14 वर्षीय पुत्र अशोक कुमार को बीते 31 दिसम्बर की सुबह पकड़कर गाली गलौच देते हुए डंडे से मारपीट कर अपने घर के सामने बिजली के खम्भे से बांधकर मारने पीटेने लगे और जान से मारने की धमकी दिया। इसी बीच किसी ने घटना की वीडियो बनाकर वायरल कर दिया, जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधा? पर मुकदमा दर्ज कर ग्राम प्रधान पन्ना लाल व उसके पुत्र को हिरासत में लेकर पूछताछ करने में जुट गई। सूचना मिलने पर सीओ लालगंज अशोक कुमार सिंह थाना पर पहुंचकर ग्राम प्रधान व उसके पुत्र से पूछताछ कर रहे है इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया की शोसल मीडिया पर एक नाबालिग को पोल से बांधकर मारने पीटेंने का वीडियो वायरल होने पर वीडियो की जांच पड़ताल करने के बाद पीड़ित नाबालिग की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर ग्राम प्रधान व उसके पुत्र को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है जिसमें मारपीट में सम्मिलित अन्य साथियों की तलाश की जा रही है।

## भारतीय कुश्ती संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत



जौनपुर। नगर के तारापुर कालोनी में निजी कार्यक्रम में पहुंचे भारतीय कुश्ती संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय सिंह का समर्थकों द्वारा माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि जब से कुश्ती संघ की कमान वृजभूषण शरण सिंह हाथ में आई कुश्ती के क्षेत्र में काफी उत्थान हुआ है। पिछले पांच ओलम्पिक से लगातार मेडल मिले हैं, कुश्ती का विवादों के घेरे में रहने से खेल का नुकसान जरुर हुआ। तीन खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए घिनौना आरोप लगाये और कुश्ती का बंटाधार किया। उन्होंने कहा कि , भाजपा सरकार में खेलों को खूब बढ़ावा मिला है । खेलो इंडिया का बजट ही लगभग नौ हजार करोड़ है। मोदी सरकार में खेलों के लिए बेहतर काम हो रहा है , खिलाड़ियों के लिए स्टेडियम बनने के साथ ही अन्य सहयोग सरकार के द्वारा मिल रहा है । जिसका साकारात्मक परिणाम भी दिख रहा है । स्वागत करने वालों में डा. कोमल सिंह, डा. सुबाष राय, विजय प्रकाश सिंह, अमित कुमार राय उर्फ पंकज, पत्रकार विद्याधर राय विद्यार्थी स्नेहिल राय, राघव सिंह, राजन राय आदि प्रमुख रहे।

## मां दक्षिणमुखी देवी का श्रृंगार देख भक्त हुए निहाल



आजमगढ़। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शनिवार से चैक स्थित मां दक्षिणमुखी देवी का दरबार सज गया है। दो दिन तक चलने वाले मां के इस भव्य आयोजन में 56 भोग का श्रंगार किया जाएगा। इस दौरान कलाकारों की माने तो लगभग एक सप्ताह से मंदिर को अंतिम रुप देने में जुटे है।

इस दौरान मां की अलग झांकी बनाई गई, वही दरबार को मनमोहक फूलों से सजाया गया है। कलकत्ता से आए कलाकारों ने बताया कि जब कभी भी की सेवा का अवसर मिलता है। मानो घर आने का बुलाआ किसी ने भेजा हो और हम लोग हर काम-काम छोड़कर मां के दरबार को सजाने के लिए आ जाते है। लगातार कई वर्षो से चला आ रहा मां की मनमोहक श्रृंगार लोगों के लिए खुशियों की सौगात लेकर आती है। शहर के मुख्य चैक पर मां दक्षिणमुखी देवी की महिला अपरंपार है। भक्तो की माने तो नवरात्र के समय भक्त दिल्ली, मुंबई और कोलकता सहित अन्य राज्यों से आकर मां का पूजन-दर्शन करते है। इतना ही कई भक्त ऐसे है तो कोलकता में रहते हुए भी अपने रिश्तेदारो के माध्यम से मां का लाइव दर्शन प्रतिदिन करते है। इस दौरान भक्तों ने बताया कि मां का अदभुत दर्शन बड़े ही सौभाग्य से मिलता है। जब कभी भी मां का सिर्फ ध्यान करते है तो हमे सुख संबृद्धि की अपार खुशिया मिल जाती है। पुजारी शरद चंद तिवारी ने बताया कि मां की महिमा अपरंपार है हम अपने शब्दो में क्या कहे मां के दरबार में जिसने भी शिश झुकाया है, मां ने उसकी झोली खुशियों से भर दी है।

## महाकुंभ पर दो स्पेशल ट्रेनों का होगा संचालन

आजमगढ़। रेलवे प्रशासन ने प्रयागराज के महाकुंभ मेला के अवसर पर श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा हेतु दो स्पेशल ट्रेनों का संचालन कर रही है। उक्त दोनों ट्रेनों आजमगढ़ से मचिलीपट्टणम एवं आजमगढ़ से गुटूर के लिए चलेगी। 7083/ 7084 मचिलीपट्टणम-आजमगढ़-मचिलीपट्टणम कुंभ मेला विशेष गाड़ी का संचलन 5 फरवरी को मचिलीपट्टणम से और 7 फरवरी को आजमगढ़ से एक फेरे के लिये किया जायेगा। इस गाड़ी में एलएसएलआरडी का एक, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का एक, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 8, शयनयान श्रेणी के 9, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 2 और जनरेटर सह लगेज यान के एक कोच सहित कुल 22 कोच लगाये जाएंगे। इसी क्रम में इस गाड़ी में एलएसएलआरडी का एक, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का एक, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 8, शयनयान श्रेणी के 9, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 2 तथा जनरेटर सह लगेज यान के एक कोच सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे। इस आशय की जानकारी पूर्वोत्तर रेलवे के जन संपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने दी।

## लेखपालों का शोषण नहीं करेंगे बर्दाश्त



जौनपुर। आजमगढ़ में विजिलेंस द्वारा लेखपाल पर कार्यवाही को गलत बताते हुए उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के आवाहन पर उप शाखा तहसील केराकत के सभी लेखपालों द्वारा केराकत तहसील प्रांगण में एक दिवसीय धरने पर बैठ विरोध जताया। विरोध प्रदर्शन की अगुआई करते हुए लेखपाल संघ के उपाध्यक्ष आमीन खान कहना है कि आए दिन लेखपाल लोगों को विजिलेंस गलत तरीके से केश में फंसा रही है जिसके मद्देनजर हम सभी लेखपाल बंधु यहां बैठ विजिलेंस विभाग के खिलाफ प्रदर्शन कर रहें है ।हमारी मांगे है कि शासन द्वारा विजिलेंस के इस तरह की कार्यवाही पर रोक लगे। और न्यायपूर्ण तरीके से कार्य हो। प्रदर्शन में गोविंद कुमार, अर्चना वर्मा, त्रिभुवन यादव, सतीश कुमार, सोनाली शर्मा, सविता, आराधना, गौतम, ज्योति रानी, शिव वीर सिंह, गौरव सिंह कुशवाहा, शैलेंद्र कुमार मिश्रा, जय,रवि यादव,राजेश कुमार श्रीवास्तव, चंद्रजीत सिंह, अनिल कुमार, सूर्यकांत सरोज आदि लेखपाल मौजूद रहे।

## मुकेश चंद्राकर की हत्या पर बिफरे पत्रकार

मीरजापुर। छत्तीसगढ़ के तेज तर्रार पत्रकार मुकेश चंद्राकर की निर्मम हत्या पर पूरे देश के पत्रकारों में उबाल आ गया है। शनिवार को मीरजापुर के पत्रकारों ने भी कलेक्ट्रेट परिसर स्थित राजकीय उद्यान में श्रद्धांजलि दी।

इस दौरान एकत्र हुए पत्रकारों ने कहा कि छत्तीसगढ़ के पत्रकार मुकेश चंद्राकर की निर्मम हत्या ने एक पुनः यह दशार्या है कि देश में न तो पत्रकार सुरक्षित हैं और ना ही निष्पक्ष पत्रकारिता, दोनों ही आज के समय में जोखिम पूर्ण हो उठे है। खासकर खोजपरक और ग्राउंड रिपोटिंग और भी दुरुह हो गया है। इस दौरान पत्रकारों ने मुकेश चंद्राकर की तस्वीर रखकर श्रद्धांजलि दी और 2 मिनट का मौन रखा। तत्पश्चात पत्रकार मुकेश के हत्यारों को फांसी देने की मांग करते हुए की उनकी हत्या की कड़ी निंदा की।



वरिष्ठ पत्रकार प्रभात मिश्रा, संजय दुबे ने कहा भ्रष्टाचार उजागर करने पर छत्तीसगढ़ के पत्रकार की हत्या गयी है। पत्रकार मुकेश चंद्राकर की निर्मम हत्या को लेकर देशभर के पत्रकारों में आक्रोश है। इस दौरान पत्रकारों ने पत्रकार मुकेश के हत्यारों को फांसी देने की मांग करते हुए केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा पत्रकारों को सुरक्षा प्रदान करने की बात कही गई ।इस मौके पर प्रभात मिश्रा, जेपी पटेल, समीर वर्मा, संजय दुबे, संतोष देव गिरि, मनीष रावत, इन्द्रप्रीत सिंह लकी, आफताब आलम, दीपक मिश्रा, राहुल तिवारी, बृजेन्द्र दुबे, कमलेश विश्वकर्मा, विष्णु पांडेय, तिलक राज शर्मा इत्यादि पत्रकार मौजूद रहे हैं।

## ठण्ड से हाहाकार, अलाव बना 'ऊंट के मुंह में जीरा'



जौनपुर। कई दिनों से सूरज न निकलने से लगातार पड़ रही कड़ाके की ठंड और कोहरे के चलते जनजीवन अस्त व्यस्त है. ठंड ने हर किसी को अपने लपेटे में लिया है. घना कोहरा व शीतलहर ने लोगों को घरों में पैक कर दिया है. लोग आग जलाकर ठंड से बच रहे हैं. ठंड से इंसान ही नहीं जानवर भी बेहाल हो गए हैं। ठंड से बचने के लिए नगर पालिका द्वारा चन्द जगहों पर अलाव की व्यवस्था की गयी है जो अपर्याप्त साबित हो रहा है। जहां इंसान के साथ-साथ पशु भी ठंड से बचने के लिए आग का सहारा ले रहे हैं। ठंड के चलते लोग घरों में कैद हो गए हैं. लोग ठंड से बचने के लिए आग का सहारे ले रहे हैं।

शहरी क्षेत्रों में अलाव की व्यवस्था की है. यहां लोग आग सेंकते दिखाई दे रहे हैं. जगह-जगह चैक चैराहों पर जल रहे अलाव के पास मवेशियों को भी साफ देखा जा सकता है, जो ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं ।वहीं डॉक्टर्स लोगों को ठंड से बचने की सलाह दे रहे हैं और ठंड में सुबह या शाम ना टहलने को कहा है. बाहर निकलना बहुत जरूरी हो तो पूरे गर्म कपड़े पहनकर रखें, इम्यूनिटी पावर बढ़ाने के हाई प्रोटीन डाइट युक्त मोटी दालें और विटामिन सी युक्त मौसमी फल खानपान में शामिल करें. गुनगुना पानी नियमित अंतराल पर पीते रहे. अगर बीपी या हार्ट की दवा लेते हैं तो इसे नियमित रूप से लेते रहें और नियमित अंतराल पर डॉक्टर की सलाह भी जरूर लें। भीषण ठंड और शीतलहरी से आम जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. गर्म कपड़ों के साथ ही अलाव का भी सहारा लिया जा रहा है. बावजूद ठिठुरन खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है. इस ठंड से लोग अपने स्तर से ही अलाव का व्यवस्था कर भीषण ठंड को झेलने पर विवश दिख रहे हैं. जिससे सभी वर्ग के लोग काफी परेशान हैं. तापमान में लगातार हो रही गिरावट से लोगों की मुश्किलें बढ़ गयी है। सूर्यदेव के दर्शन भी हुए. लेकिन लोगों की परेशानी फिर भी कम नहीं हुई. ठंड का प्रकोप बाजार क्षेत्र में भी दिख रहा है. बाजार में दिन के समय भी लोगों की भीड़-भाड़ कम देखी जा रही है. लोग जरूरी कार्य से ही बाहर निकल रहे हैं. ठंड में सबसे अधिक परेशानी बच्चों और बुजुर्गों को हो रही है मौसम विभाग के अनुसार अभी तीन-चार दिनों तक मौसम में कोई बदलाव नहीं होगा। जिले में जारी भीषण शीतलहर के बीच प्रशासन द्वारा अब तक चैक-चैराहों व झुग्गी झोपड़ियों में अलाव की व्यवस्था नहीं की गयी है. जिसके कारण खास तौर पर गरीब, मजदूर, रिक्शा चालक जैसे लोगों को शाम ढलने के बाद काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है. लोगों ने जिला प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए तत्काल गरीब बस्तियों एवं शहर के चैक-चैराहों पर लकड़ी उपलब्ध करवा कर अलाव जलाने की मांग की है।

## सपा सरकार बनने पर ही रूकेगा पीडीए का उत्पीड़नः दुर्गा प्रसाद



आजमगढ़। सदर विधानसभा की मासिक बैठक समाजवादी पार्टी कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में विधानसभा सदर के बूथ प्रभारी सेक्टर प्रभारी के साथ-साथ सक्रिय सदस्य शामिल हुए। बैठक में पीडीए पंचायत को सफल बनाने के साथ-साथ वोटर लिस्ट में नाम बढ़ाने के साथ अन्य चुनावी रणनीतियों पर चर्चा की गयी। अध्यक्षता हरिश्चंद्र यादव व संचालन शिव मूरत यादव ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री और सदर विधायक दुर्गा प्रसाद यादव 2027 में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अगुवाई में समाजवादी सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ता और पदाधिकारी मजबूती से लग जाय। प्रदेश में सबसे ज्यादा उत्पीड़न पीडीए समाज का, छात्रों, किसानों और नौजवानों का हो रहा है, धर्म के नाम पर समाज में भय और नफरत फैलाया जा रहा है इन सारी समस्याओं का निदान तभी होगा जब योगी सरकार जायेगी।

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष विजय यादव, पूर्व मंत्री राम दुलारे राजभर पार्टी प्रवक्ता अशोक यादव अरविंद मौर्य, राजा राम सोनकर, शंभु चैहान, वेद प्रकाश यादव बूथ और सेक्टर प्रभारीगण तथा सम्मानित कार्यकर्ता साथी उपस्थित रहे।

## सपा कार्यालय पर मनी सावित्रीबाई फुले की जयंती

मीरजापुर ।समाजवादी पार्टी द्वारा शिक्षा और सुधार की मसीहा सावित्रीबाई फुले की जयंती समाजवादी पार्टी कार्यालय स्थित लोहिया ट्रस्ट पर मनाई गई। इस मौके पर उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित की गई। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव आदर्श यादव ने कहा सावित्रीबाई फुले भारत की पहली महिला शिक्षिका और बालिका शिक्षा की पथप्रदर्शक थी। सन् 1848 में पुणे में पहला बालिका विद्यालय स्थापित कर सावित्रीबाई ने शिक्षा में नई क्रांति लाई। उनका जीवन समाज सुधार, समानता, और नारी सशक्तिकरण का प्रतीक है। आज का दिन भारत की पहली महिला शिक्षिका और सामाजिक क्रांति की अग्रदूत सावित्रीबाई फुले को समर्पित है। उनका जीवन महिलाओं और वंचित वर्गों की शिक्षा और समानता के लिए एक मिशाल है ।इस मौके पर झल्लू यादव, मेवालाल प्रजापति, भरत लाल बिन्द, अरशद अली, जमाल अहमद, मनोज चैहान, राममिलन यादव, रामगरीब यादव, उमाशंकर यादव आदि मौजूद रहे।

## यातायात पुलिस को सुपुर्द किया गया इन्टरसेप्टर वाहन



मीरजापुर। प्रयागराज महाकुम्भ-2025' के निर्विघ्न एवं सफल आयोजन तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा-व्यवस्था व यातायात व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक मीरजापुर अभिनन्दन द्वारा इन्टरसेप्टर वाहन ,एक अदद इनोवा व एक अदद मोटर साइकिल यातायात पुलिस को सुपुर्द किया गया ।इन्टरसेप्टर वाहनों में लगे हाईटेक कैमरों व यत्रों द्वारा शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों तथा ओवर स्पीडिंग करने वालों की पहचान कर उनके विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जा सकती है जिससे यातायात नियमों का पालन कराया जा सके व सड़क दुर्घटना में कमी लायी जा सकेगा ।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

आजमगढ़। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत शनिवार को पुलिस ने महिलाओं, बालिकाओं को सुरक्षा के लिए जागरूक किया। मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा-सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं एवं मुद्दों पर समझ बनाने को लेकर जानकारी दी। घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध, महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी। महिला हिंसा से संबंधित अन्य शिकायतों के निवारण के लिए वीमेन पावर लाइन (1090), पुलिस आपातकालीन सेवा (112), सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076), चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098), वन स्टाप सेन्टर (181), साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930), स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102), एम्बुलेन्स सेवा (108), जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, राष्ट्रीय और राज्य महिला आयोग के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक किया गया।

## जगह-जगह पटिया टूटने से राहगीर परेशान

आजमगढ़। नगर के मड़या मोहल्ला के मल्लाह बस्ती में आने-जाने वाली गली में पानी निकासी के लिए बनी नाली पर लगी पटिया जगह-जगह टूट गई है। जिससे आने-जाने वाले राहगीरों को दिक्कते उठानी पड़ रही है। आये दिन लोग खुले नाली में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। मड़या मोहल्ला के मल्लाह बस्ती में आने-जाने वाले मार्ग के बीचो बीच गंदा पानी के निकासी के लिए नगर पालिका की तरफ से नाली का निर्माण कराया गया है। इधर एक साल पहले नाली पर रखी गयी पटिया जगह- जगह टूट कर गायब हो गई। जिससे रास्ते के बीच में नाला खुला है। उक्त गली से मुहल्लेवासियों का हमेशा आना-जाना लगा रहता है। लोग आये दिन खुले नाली में गिर कर घायल होते रहते हैं। इसके बाद भी नगर पालिका प्रशासन अंजान बना हुआ है। हालंकि इसे लेकर मुहल्लेवासियों ने कई बार नपा अधिकारियों से शिकायत कर नाली पर पटिया लगवाने की मांग की, लेकिन अभी तक खुले नाली पर पटिया नहीं लगावा गया है। मुहल्ले के श्रीराम, रामभुवन, अभिषेक आदि ने नपा प्रशासन से शीघ्र नाली पर पटिया लगवाने की मांग की।

## शिकायतों को समयबद्ध निस्तारित करें: डीएम

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देशित किया कि



शिकायतों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा है कि फरियादियों की सुनवाई करते हुए प्रभावी निस्तारण कराया जाए जिससे पीड़ितों को न्याय मिल सके। जिलाधिकारी के द्वारा मौके पर उपस्थित थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिया गया कि अपने अपने क्षेत्र में चाईनीज मांझा बेचने वालों पर प्रभावी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी द्वारा फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। इस दौरान 70 शिकायते प्राप्त हुईए जिसमें 11 का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान लगभग 100 गरीब असहाय सहित पात्र फरियादियों को तथा मौके पर उपस्थित दो दिव्यांग उमेशए लालमन को कम्बल वितरित किया गया। ज्वांइट मजिस्ट्रेट इशिता किशोरए उपजिलाधिकारी सदरए मुख्य चिकित्सा अधिकारीए तहसीलदारए नायब तहसीलदारए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारीए अपर पुलिस अधीक्षक शहरए जिला पंचायत राज अधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। अपर जिलाधिकारी वि0ध्रा0 रामअक्षयबर चैहान की अध्यक्षता में तहसील केराकत के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसी क्रम में अन्य तहसीलों में भी फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए उनका निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया गया।

## निरंकार ने समय और सृष्टि को बनायाः सुदीक्षा महराज

जौनपुर। ह्यनिरंकार को हर कार्य में सम्मिलित कर आध्यात्मिक जागृति और सच्ची खुशी का विस्तार संभव है ।ह्वह्व यह बाते निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज द्वारा दिल्ली में आयोजित विशेष सत्संग समारोह में मानवता के नाम संदेश दिए। स्थानीय मीडिया सहायक उदय नारायण जायसवाल ने बताया कि सुदीक्षा महाराज ने कहा कि निरंकार ने समय और सृष्टि को बनाया है, जिसमें अलग-अलग ग्रहों पर समय की अलग अवधारणा होती है इसलिए, नये वर्ष का अर्थ है हर क्षण को सार्थक बनाना ।सच्ची खुशी और आनंद केवल निरंकार में समाहित है। इस नये वर्ष में हमें अपने जीवन को ऐसा बनाना है कि हम हर व्यक्ति तक इस सच्चाई को पहुंचा सकें। हमें अपने जीवन को इस तरह ढालना है कि हर पल, हर कार्य में निरंकार की महत्ता को समझ सकें। सेवा, सुमिरण और संगत का वास्तविक अर्थ तभी प्रकट होगा, जब हम इसे दिल से अपनाएंगे। केवल मित्रता या सामाजिक दबाव के कारण अपनी आध्यात्मिकता में परिवर्तन नहीं करना चाहिए। सच्चे मन और जागरूकता से ही हम अपने जीवन को निरंकार से जोड़ पाएंगे ।कहा कि आज के समय में समाज और मानव जीवन से जिज्ञासा धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही है। लोग परमात्मा के अस्तित्व पर संदेह कर रहे हैं और सत्य की राह देखने के बजाय उसे नकारने में लगे हैं। यह स्थिति केवल इसलिए है क्योंकि कई लोग परमात्मा को पाने का दावा करते हैं, लेकिन सच्चे प्रयास नहीं करते। सतगुरु के ज्ञान से हमें जो सत्य प्राप्त हुआ है, वह केवल कहने-सुनने तक सीमित न रहे। यह हमारे जीवन में महसूस हो और ऐसा महके कि समाज के लिए वरदान बन सके। हमारा जीवन परमात्मा की ओर प्रेरित करने वाला बने, न कि दिखावे तक सीमित रहे।

संक्षेप

## नगर पालिका व नगर पंचायतों में साप्ताहिक बंदी का दिन हुआ निर्धारित

**कुशीनगर।** उत्तर-प्रदेश दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम 1962 की धारा- 8 तथा सपठित उत्तर प्रदेश दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान नियमावली 1962 के नियम- 06 में प्रदत्त अधिकार का प्रयोग करते हुए विशाल भारद्वाज जिलाधिकारी, कुशीनगर ने आदेश निर्गत किया है कि नगर पालिका परिषद्-पडरौना, हाटा, कसया एवं नगर पंचायत तमकुहीराज सेवरही, रामकोला, कप्तानगंज, खड्डा फाजिलनगर सुकरौली तथा लक्ष्मीगंज जनपद कुशीनगर वाणिज्य अधिष्ठानों के लिए वर्ष 2025 में साप्ताहिक बन्दी के दिन निर्धारित किए हैं।उक्त आदेश के क्रम में नगर पालिका परिषद् पडरौना कुशीनगर एवं नगर पंचायत सेवरही तथा लक्ष्मीगंज में स्थित समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान (नाई, हेयरड्रेसर, कटिंग, सैलून की दुकानों को छोड़कर) रविवार को साप्ताहिक बंदी रहेगी।

## युवक की धारदार हथियार से हत्या

क्योलड़िया, बरेली। थाना क्षेत्र के गांव पनबडिया परतीतपुर गांव में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। गांव के (42) वर्षीय लक्ष्मीकांत दिनकर पुत्र रामेश्वर दयाल शुक्रवार को बाइक से बरेली गए थे। यहां उन्होंने लैपटॉप ठीक कराया और बरखन कस्बे से परचूनी दुकान का सामान खरीद कर घर लौट रहे थे। रास्ते में पनवडिया गांव और कटैया आत्माराम के बीच ढाकन लाल के खेत के पास पहले से घात लगाए बदमाशों ने उन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया

# समाधान दिवस में 90 शिकायतें मिलीं, 15 का निस्तारण



जिला संवाददाता(vol)

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा की उपस्थिति में शनिवार को तहसील पडरौना के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वप्रथम संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सभागार में आए हुए जनता फरियादियों की समस्याओं व शिकायतों को बारी-बारी से गम्भीरता के साथ सुनने के उपरान्त विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निस्तारण किया गया तथा अवशेष प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों को त्वरित, समयबद्ध , गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सुपुर्द कर दिये। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाधान दिवस पर आए हुए शिकायतों को सदैव प्राथमिकता पर रखते हुए हर पीड़ित की समस्या का निष्पक्ष निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिन शिकायतों का निस्तारण आज नहीं हो सका है उनका समय के अंतर्गत शासन की मंशानुसार निर्धारित अवधि के भीतर सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ गुणवत्ता पूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण शत प्रतिशत निस्तारण हो जाना चाहिए। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने पुलिस विभाग से जुडे मामलों की सुनवायी की व पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं थानाध्यक्षो को प्राप्त सभी सन्दर्भो का निस्तारण राजस्व विभाग की सहायता से टीम बनाकर प्राथमिकता एवं गुणवत्ता के साथ शत प्रतिशत सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिये। राजस्व व पुलिस विभाग के अधि0/कर्मचारियों को शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 90 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से राजस्व विभाग के 62 में से 15 को तत्काल निस्तारित किया गया। पुलिस विभाग से संबंधित 14, विकास विभाग से संबंधित 08 तथा अन्य विभाग के 06 प्राप्त हुए। इस प्रकार कुल 90 में से 15 प्रार्थना पत्र का निस्तारण तत्काल एवं अवशेष 75 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को समयांतर्गत निस्तारण के निर्देश के साथ सौंपा गया। इस दौरान उप जिलाधिकारी पडरौना व्यास नारायण उमराव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुरेश पटारिया, बीएसए राम जियावन मौर्य, डीडीओ कल्पना मिश्रा, जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक प्रियदर्शी, तहसीलदार, सहित विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी, खंड विकास अधिकारीगण, ईओ कसया एवं थानाध्यक्ष गण, पूर्ति निरीक्षक, कानूनगो व लेखपाल उपस्थित रहे।

## समाधान योजना में स्टाम्प कमी के वादों को कराएं निस्तारित

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज के निर्देशों के क्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव मिश्रा द्वारा अवगत कराया गया है कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जन सामान्य को अधिकाधिक सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से स्टाम्प कमी के वादों की एक समाधान योजना लागू की है, जिसके अनुसार समाधान योजना के लागू होने के पूर्व तक योजित किसी भी स्टाम्प वाद/स्टाम्प अपील एवं स्टाम्प निगरानी में यदि पक्षकार संदर्भ आख्या में इंगित कमी स्टाम्प स्टाम्प शुल्क की धनराशि को देय ब्याज के साथ जमा करने को इच्छुक है, तो पक्षकार द्वारा सम्बन्धित न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं।प्रार्थना पत्र की प्राप्ति उपरांत न्यायालय द्वारा एक सप्ताह में संदर्भ आख्या में इंगित कमी की धनराशि की पुष्टि हेतु आवश्यक कार्यवाही की जायेगी तत्पश्चात न्यायालय द्वारा पुष्टि की गयी धनराशि तथा ब्याज एवं रुपए 100 के टोकन के अर्थदण्ड की धनराशि को नियमानुसार एक सप्ताह में कोषागार के मद संख्या - 0030 में जमा कराने हेतु पक्षकार को अवगत कराया जायेगा। पक्षकार एक सप्ताह में धनराशि कोषागार में जमा कर चालान की प्रति न्यायालय में प्रस्तुत करेगा, जिसकी पुष्टि के उपरान्त न्यायालय/मा0 सी0सी0आर0ए0 के पीठासीन अधिकारी स्टांप कमी एवं ब्याज धनराशि मय अर्थदंड के कोषागार में जमा कराए जाने की पुष्टि के प्रमाण स्वरूप प्रस्तुत रशीद के दृष्टिगत बाद को रु0 100/ के टोकन अर्थदंड के साथ निस्तारित कर दिया जायेगा। यह समाधान योजना दिनांक 31 मार्च 2025 तक प्रभावी रहेगी।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम और एसएसपी ने सुनी शिकायतें

**मीरगंज, बरेली।** तहसील में शनिवार को जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नागरिकों की विभिन्न समस्याओं का निस्तारण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजस्व, पुलिस, राशन कार्ड, चकबंदी, विद्युत, स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास कार्यों से संबंधित शिकायतें आईं।जिलाधिकारी ने समाधान दिवस के दौरान फरियादियों की शिकायतें सुनीं। जिनमें सबसे अधिक शिकायतें राजस्व विभाग (15), पुलिस विभाग (10), विकास विभाग (8), पूर्ति विभाग (5) और वन विभाग (1) से संबंधित थीं। कुल मिलाकर 45 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें से 2 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। बाकी शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजकर उन्हें गुण-दोष के आधार पर निस्तारण के निर्देश दिए गए। समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य, उपजिलाधिकारी मीरगंज तृप्ति गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह, तहसीलदार विशाल कुमार शर्मा, नायब तहसीलदार दीपक कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि तीन पात्र लाभार्थियों को अंत्योदय कार्ड भी वितरित किए गए। इसके अलावा सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर जिलाधिकारी ने सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में एफआईआर दर्ज की जाएगी। समाधान दिवस में आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर सभी लंबित शिकायतों का समाधान करने का आदेश दिया। इस दौरान जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जन समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

## खाद्यान्न वितरण में गड़बड़ी पर होगी कड़ी कार्रवाई: डीएम

**देवरिया।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने बताया है कि शासन की मंशा के अनुरूप जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं द्वारा आवश्यक वस्तुओं का वितरण करते समय कार्डधारकों का ई-पॉस मशीन के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण करते हुए, ई-वेजिंग मशीन से तौल कर खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित किया जाता है यह संज्ञान में आया है कि कुछ उचित दर विक्रेताओं द्वारा वितरण के दौरान ई-वेजिंग मशीन पर अनधिकृत रूप से बाट, पत्थर अथवा ईंट रखकर खाद्यान्न की तौल की जाती है। इससे कार्डधारकों को निर्धारित मात्रा से कम खाद्यान्न प्राप्त होता है। उचित दर विक्रेताओं का यह कृत्य उत्तर प्रदेश आवश्यक वस्तु अधिनियम (वितरण एवं विनियमन) आदेश, 2016 की विभिन्न धाराओं का स्पष्ट उल्लंघन है और शासन की मंशा के विपरीत है।

जिलाधिकारी ने जनपद देवरिया के सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में उचित दर विक्रेताओं द्वारा खाद्यान्न के वितरण पर सतर्क दृष्टि रखें। साथ ही, उचित दर दुकानों पर तैनात अपने अधीनस्थ नोडल/पर्यवेक्षणीय अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दें कि वितरण के समय वे दुकान पर उपस्थित रहकर यह सुनिश्चित करें कि कार्डधारकों को निर्धारित मात्रा में निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण हो।इसके अतिरिक्त, जिला पूर्ति अधिकारी, देवरिया को निर्देश दिया है कि नगरीय क्षेत्र में उचित दर विक्रेताओं के वितरण कार्य पर कड़ी निगरानी रखें। यह सुनिश्चित करें कि भविष्य में कोई विक्रेता कार्डधारकों को निर्धारित मात्रा से कम खाद्यान्न न दे। पर्यवेक्षणीय अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि वितरण प्रक्रिया के दौरान खाद्यान्न की तौल कार्डधारकों से दूर किसी कमरे के अंदर न की जाए। खाद्यान्न की तौल कार्डधारकों के सामने ही होनी चाहिए। उक्त निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

## हिस्ट्रीशीटरों की कराई गई परेड सभी को दी गई कड़ी हिदायत



**देवरिया।** आज पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर द्वारा जनपद के सभी थानों के प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षों को पूर्व में दिए गए हिस्ट्रीशीटरों की परेड कराये जाने के निर्देश के अनुपालन में जनपद के समस्त थाना प्रभारी द्वारा अपने अपने थानाक्षेत्रान्तर्गत हिस्ट्रीशीटरों को थाना परिसर में बुलाकर परेड करायी गई। सभी को असामाजिक कृत्यों को छोड़कर समाज की मुख्यधारा में जुड़कर कार्य करने हेतु हिदायत किया गया। यह भी अवगत कराया गया कि यदि इनके द्वारा आपराधिक कृत्यों में किसी भी प्रकार की संलिप्तता पायी गई तो उनके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। सभी की निगरानी की जा रही है।

# पुलिस अधीक्षक ने थाना खुखुन्दू का किया निरीक्षण



**देवरिया।** आज पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर द्वारा थाना खुखुन्दू का आकस्मिक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान थाना भवन, परिसर में बने मेस तथा बैरकों का औचक निरीक्षण किया गया । इसके साथ ही थाना मालखाना व थाना कार्यालय के महत्वपूर्ण रजिस्टरों की गहनता से अवलोकन कर संबन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

थाना कार्यालय के सभी रजिस्टरों का अवलोकन किया गया, जिसके क्रम में भूमि विवाद सम्बन्धित सभी मामलों को भूमि विवाद रजिस्टर में अंकित करने हेतु निर्देशित किया गया व राजस्व टीम के साथ समन्वय स्थापित कर समय से निस्तारण कराने व विवादित सभी प्रकरणों में निरोधात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिया गया। इसी क्रम में फ्लायी सीट रजिस्टर को चेक किया जिसमें थानें के सभी हिस्ट्रीशीटरों की प्रभावी निगरानी करने हेतु निर्देश दिया गया तथा समाधान रजिस्टर की चेकिंग की गयी जिसमें सम्बन्धित मामलों को समय से निस्तारण करने व फीडबैक लेने हेतु निर्देश दिये गए। इसी क्रम में त्यौहार रजिस्टर को चेक किया गया तथा आगामी त्यौहार मकर संक्रान्ति के दृष्टिगत पुलिस बल की ड्यूटियाँ लगाए जाने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए ।

बैंक, एटीएम, ग्राहव सेवा केंद्र पर सुरक्षा के दृष्टिगत ड्यूटी में लगने वाले पुलिस बल को संदिग्धों की चेकिंग हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए ।

महिला हेल्प डेस्क रजिस्टर का निरीक्षण किया गया जिसके क्रम में बताया गया कि महिला सम्बन्धी अपराधों को महिला हेल्प डेस्क रजिस्टर पर जरूर अंकित करें तथा सभी मामलों का निस्तारण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

कंप्यूटर/सीसीटीएनएस कक्ष का निरीक्षण करते हुए सीसीटीएनएस कर्मचारियों से उउळठर के सभी फार्मो की फीडिंग के बारे में पूछताछ की गयी तथा संबन्धित कर्मियों को समय से फीडिंग करने हेत निर्देश दिए गए तथा क्ष्म्र से प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समय से निस्तारण करवा कर जांच आख्या समय से अपलोड करने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे एक भी प्रार्थना पत्र डिफाल्टर न हो सके तथा प्रदेश में जनपद देवरिया का रैंक अच्छा हो सके।थाना परिसर के निरीक्षण के क्रम में बैरक का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई आदि के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।मेस का निरीक्षण किया गया तथा मेस में बने भोजन को ग्रहण भी किया गया और उसकी गुणवत्ता चेक की गयी तथा मौसमी सब्जियों का इस्तेमाल करने हेतु निर्देशित किया गया।

## कान्हा गोशाल हाटा का निरीक्षण

**कुशीनगर।** मुख्य पशु चिकित्साधिकारी रविंद्र द्वारा कान्हा गोशाला हाटा का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के समय डॉ. राजीव कुमार, उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, हाटा व अभिषेक कुशवाहा, केयर टेकर तथा कृष्ण कुमार, एवं जुगल किशोर श्रमिक मौके पर उपस्थित मिले।निरीक्षण के समय मौके पर कान्हा गोशाला में कुल 48 गोवंश संरक्षित मिले, जिसमें 45 नर एवं 3 मादा है। सभी संरक्षित गोवंश स्वस्थ पाये गये। ठण्ड के दृष्टिगत संरक्षित गोवंशों के बचाव हेतु शेडों के चारो तरफ प्लास्टिक शीट से कवर किया गया है तथा शेडों के अन्दर सर्दी से बचाव हेतु हैलोजन लाईट 20 अदद लगाया गया है। सभी गोवंशों के सर्दी से बचाव हेतु-2 सेट प्रति गोवंश जूट के बोरे से काउ-कोट बनाया गया है। गोशाला में प्रतिदिन अलाव जलाने की व्यवस्था शेड के अन्दर ही की गई है। गोशाला में संरक्षित समस्त गोवशों में एफ० एम०डी० टीकाकरण 20-08-2024 को एवं एच०एस०टीकाकरण 21-05-2024 को एवं लम्पी रोग का टीकाकरण 24-09-2024 को करा दिया गया है। गोशाला में संरक्षित समस्त गोवशों में पुनः एफएमडी टीकाकरण निर्धारित अवधि उपरान्त माह फरवरी 2025 तक लगाने हेतु उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, हाटा को निर्देशित किया गया है। एफ०एम०डी० टीकाकरण कराने से पूर्व कृमिनाशक दवापान समस्त गोवंशीय पशुओं को देने हेतु संबंधित उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी हाटा को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के समय मौके पर गोवशों को भरण-पोषण हेतु चोकर कुल 37.13 कुन्तल, पशु आहार 88 कि०ग्रा०, गुड 1.05 कुन्तल एवं नमक 16.4 कि०ग्रा० उपलब्ध मिला।



## डीएम की पहल पर एचडीएफसी बैंक ने स्थापित किया 25 केवीए का सोलर प्लांट



**देवरिया।** जिले के मेहरौना स्थित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय के छात्र अब बिजली कटौती की समस्या से मुक्त होकर निर्बाध पढ़ाई कर सकते हैं। इसकी वजह बनी जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की विशेष पहल, जिसके चलते विद्यालय परिसर में 25 केवीए की क्षमता का सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित हो सका। इसी के साथ डीएम ने छात्रों से किया अपना वादा पूरा किया गत वर्ष अगस्त माह में जब जिलाधिकारी ने विद्यालय का निरीक्षण किया था, तो छात्रों ने असमय बिजली कटौती से पढ़ाई बाधित होने की शिकायत की। इस पर डीएम ने तुरंत समस्या की गंभीरता को समझा और समाधान का वादा किया। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने इस समस्या के समाधान के लिए निजी स्तर पर पहल करते हुए एचडीएफसी बैंक से संपर्क किया। बैंक ने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (उरफ) के तहत विद्यालय परिसर में 25 केवीए का सोलर प्लांट लगाने के लिए 40 लाख रुपये का योगदान दिया। इस प्लांट में कुल 45 सोलर पैनल लगे हैं, जो विद्यालय को लगातार बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे। सोलर पैनल की स्थापना से अब छात्रों को गर्मी के दिनों में बिजली की अनवरत आपूर्ति के साथ बेहतर अध्ययन का अवसर मिलेगा।

जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने इस प्रयास में सहयोग देने वाले राजस्व विभाग, एचडीएफसी बैंक और विद्यालय प्रशासन के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा से संबंधित उनकी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। अब छात्र बिना किसी विघ्न के अपनी पढ़ाई में जुट सकेंगे।इसके साथ ही जिलाधिकारी ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि इस सुविधा का लाभ उठाकर वे अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करें। उन्होंने कहा कि अब छात्रों का यह दायित्व है कि वे अच्छे अंक प्राप्त कर हमें गर्व महसूस कराएं। छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की सोलर प्लांट चालू होने के बाद, छात्रों ने जिलाधिकारी के प्रति आभार व्यक्त किया। विद्यालय के एक छात्र ने कहा, कि अब हमें पढ़ाई के दौरान बिजली कटने की चिंता नहीं होती। डीएम मैम ने हमारे लिए जो किया है, उसके लिए हम हमेशा उनके आभारी रहेंगे। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार राय, एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी, जिला समाज कल्याण उपस्थित रहे।

## पुलिस अधीक्षक ने चलाया ऑपरेशन क्लीन अभियान

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर द्वारा विभिन्न थानों के आकस्मिक निरीक्षण एवं थाना भ्रमण के दौरान पाया गया कि जनपद के थानों पर काफी संख्या में लावारिस तथा माल मुकदमाती वाहन खड़े हैं। इन वाहनों से थानों की काफी अधिक भूमि आच्छादित है। थाना परिसर में काफी संख्या में लम्बे समय से लावारिस माल मुकदमाती/207 एमवी0 एक्ट में सीज शुदा वाहन जो धूप गर्मी बरसात के कारण वाहनों के कलपुर्जा में जंग लगने के कारण धीरे-धीरे नष्ट हो रहे हैं। वाहनों के पुर्जो के क्षरण के कारण थाना परिसर में रहने वालों व आने-जाने वाले व्यक्तियों के स्वास्थ्य पर भी खतरे की सम्भावना उत्पन्न होती है। जिसके निस्तारण हेतु जनपद में *ऑपरेशन क्लीन* अभियान चलाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सुन्दर भाई अम्बाला देसाई बनाम गुजरात राज्य व सी0एम0 मुदालियार बनाम गुजरात राज्य, मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिये गये आदेशानुसार ऐसे वाहनों को वाहन स्वामी द्वारा अवमुक्त न कराने की दशा में नीलाम कर नीलामी से प्राप्त धनराशि राजकीय कोष में जमा कराये जाने का प्राविधान है। इस क्रम में जनपद के थानों में लम्बित मालों वाहनों के विधिक निस्तारण हेतु दिनांक 06.01.2025 से दिनांक 06.03.2025 तक एक विशेष अभियान चलाया जायेगा। थानों में वाहनों के निस्तारण की कार्यवाही अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्री सुनील कुमार सिंह व सम्बन्धित क्षेत्राधिकारीगण के कुशल पर्यवेक्षण में प्र0नि0/थानाध्यक्ष के नेतृत्व में प्रधान लेखक/का0मु0 मालखाना एवं सहायक मालखाना द्वारा की जायेगी। *आपरेशन क्लीन* अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक थाने में खड़े वाहनों की संख्या के आधार पर 100 वाहनों के निस्तारण हेतु लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## सुरक्षा जवान व सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती के लिए विकास खंडवार तिथि निर्धारित

**कुशीनगर।** जिला विकास अधिकारी कल्पना मिश्रा ने कमाण्डेट, क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र जौनपुर, के पत्र के क्रम में बताया कि दसवीं पास/ फेल नवयुवकों को रोजगार प्रदान करने के लिए एस०आई०एस० ग्रुप द्वारा रजिस्ट्रेशन कैम्प का आयोजन हेतु विकास खण्ड में शिविर लगाये जाने की अनुमति प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।उक्त के क्रम में जनपद के समस्त विकास खंडों में कैंप का आयोजन किया जाएगा जिसके अंतर्गत दिनांक 06 जनवरी एवं 07 जनवरी को विकासखंड सेवरही व खड्डा ब्लाक परिसर में, दिनांक 08 एवं 09 जनवरी को कसया व नेबुआ नौरंगिया ब्लॉक परिसर में, लगी है जो 10 एवं 11 जनवरी को फाइजिलनगर एवं कप्तानगंज में, 12 एवं 13 जनवरी को तमकुही राज व बिशनपुरा में, 16 एवं 17 जनवरी को सुकरौली व मोती चक में, 18 एवं 19 जनवरी को पडरौना वह हाटा में, तथा 20 एवं 21 जनवरी 2025 को ब्लॉक परिसर दुदही व रामकोला में कैंप के माध्यम से सुरक्षा जवानों एवं सुरक्षा सुपरवाइजर की भर्ती की जाएगी।

## युवक से मारपीट, जान से मारने की धमकी

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम भरहे चौरा निवासी एक युवक को बुरी तरह जान से मारने के प्रयास में करीब आधा दर्जन लोगों ने मारपीट कर घायल करने का मामला प्रकाश आया हैबताया गया है कि नौशाद अंसारी पुत्र निजामुद्दीन निवासी भरहे चौरा के गोईता टोला ने थाने में तहरीर देकर जान से मारने के प्रयास में गम्भीर रूप से घायल करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दिया है। जिसमें लिखा है कि मेरे चाचा का लड़का गेहूँ पिसवाने जा रहा था कि पुराने रंजिश को लेकर राजाराम यादव,राजू यादव पुत्रगण श्री यादव,एवम अज्ञात में संदीप यादव पुत्र रमेश यादव,विकास यादव पुत्र संजय यादव,आलोक यादव, अमन यादव पुत्रगण जयप्रकाश यादव उक्त लोग लाठी डंडा व धारदार किस्म का हथियार लेकर मेरे भाई को मारने के लिये दौड़ाए जिसे मैं बचाने के लिये गया तो उक्त सभी लोगों ने मुझे लाठी डंडा और धारदार चाकू से हमें मारने लगें। मेरे पेट मे चाकू से मारने का प्रयास करते ही मौके पर मेरे ही गांव के कुछ लोगों के आने से हमारी जान बचीअपने द्वारा दिये गए तहरीर में यह भी आरोप लगाया है कि जब भी हम लोग भटनी उसी रास्ते से जाते है तो उक्त सभी लोग घात लगाकर मारने के लिये तैयार रहते है।और हमें धमकी देते है कि तुम लोगों को बसने नही देंगे।उक्त मारपीट की घटना के सम्बंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि तहरीर मिली है मुकदमा दर्ज कर बहुत जल्द कार्यवाही की जायेगी।

## विजय लक्ष्मी गौतम ने किया कंबल वितरण

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश सरकार की ग्राम्य विकास राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने विकास खंड लार के विभिन्न गांवों में कंबल वितरण कर जरूरतमंदों की सहायता की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने निपानिया चौराहा, मालकौली हरिजन बस्ती, विशुनपुरा दलित बस्ती, रेवली और भेवली गांवों का दौरा कर सैकड़ों लोगों को कंबल वितरित किए राज्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा, प्रदेश सरकार गरीब और वंचित वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। सर्दी के मौसम में ठंड से बचाव के लिए हर जरूरतमंद तक मदद पहुंचाने का हमारा संकल्प है।

कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री ने सरकारी योजनाओं की जानकारी दी और जनता से अपील की कि वे योजनाओं का लाभ उठाएं।

# पुलिस ने अन्तर्जनपदीय लूट व चोरी करने वाले गैंग का किया खुलासा

**कुशीनगर।** जिले के पुलिस टीम द्वारा अंतर्जनपदीय लुट व चोरी करने वाले गैग के 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि सोने, चांदी, लैपटॉप व वाहन आदि लगभग 25 लाख रुपए का बरामद हुए है। पुलिस ने बताया कि 30.12.2024 को थाना रामकोला पर राजन वर्मा पुत्र गामा वर्मा द्वारा मु0अ0सं0 570/2024 धारा 304(2)/352 में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। जिसको लेकर पुलिस की तीन टीमें गठित की गई थी, पुलिस के द्वारा घटना का सफल अनावरण करते हुए मो0 आसिफ पुत्र मो0 मुमताज निवासी ग्राम रेलवे कालोनी वार्ड न0- 08 थाना कप्तानगंज, आदित्य कुशवाहा पुत्र भगवानदास कुशवाहा ग्राम चकबंदी वार्ड नं0- 16 थाना कप्तानगंज, जाहिद पुत्र गयासुद्दीन निवासी पिपराबर सिवान छोटी मुगलटोली थाना रामकोला, अनुज मिश्रा पुत्र हरिराम मिश्रा निवासी सुगर फैक्ट्री कालोनी वार्ड नं0- 08 थाना कप्तानगंज, मोहन यादव पुत्र नन्दलाल यादव निवासी चन्दरपुर बरवा टोला थाना रामकोला, आरिफ पुत्र मु0 मुमताज निवासी रेलवे कालोनी वार्ड नं0- 08 थाना कप्तानगंज, जय साहनी पुत्र मोहन साहनी निवासी झझवा टोला वार्ड न0- 06 थाना कप्तानगंज, कृष्णा वर्मा पुत्र घनश्याम वर्मा निवासी सतपोखरीया थाना अहिरौली बाजार, विपिन कुशवाहा पुत्र जंगबहादुर कुशवाहा निवासी पिपरा वर सिवान थाना रामकोला, राजेश वर्मा पुत्र श्री कृष्ण वर्मा निवासी मुण्डेरवा बाजार थाना मुण्डेरवा जनपद बस्ती को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि इन पास से 124.40 ग्राम सोने का सिक्का, 3.30 किग्रा चांदी की धातु, दो अदद लैपटाप, दो अदद बायोमैट्रिक फिंगर स्कैनर, कुल 45,700/- रुपए नगद, चार अवैध तंमचा 315 बोर, 07 जिन्दा कारतूस, 06 अदद मोटरसाईकिल व 07 मोबाईल बरामद हुए है। पुलिस ने बताया कि अभियुक्तों ने पूछताछ मे बताया कि हमलोगो का एक संगठित गिरोह है। हम लोगो द्वारा घटना से पहले घूम-घूम कर रेकी कर लेते थे, उसके बाद सून-सान स्थानो से चोरी, लूट व छिनैती करते है।

- 25 लाख रुपये का सोना, चांदी, लैपटाप, वाहन के साथ 10 लोगो को किया गिरफ्तार



# तमकुहीराज मे ग्राम न्यायालय की मिली मंजूरी, न्यायधीश की हुई नियुक्ति

**कुशीनगर।** सूबे की योगी सरकार की मंजूरी के बाद कुशीनगर। शासन द्वारा जनपद के तमकुहीराज में ग्राम न्यायालय की स्थापना की मंजूरी के बाद इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एडीशनल सिविल जज (जूनियर डिवीजन) कसया अंशुमान को तमकुहीराज ग्राम न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया है। ग्राम न्यायालय की स्थापना को लेकर अधिवक्ताओं और क्षेत्रीय जनता ने लंबे समय से मांग की थी। कहना ना होगा कि तमकुहीराज तहसील बार संघ के पूर्व अध्यक्ष अशोक राय के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने जिला जज कुशीनगर और जिलाधिकारी कुशीनगर को पत्र सौंपकर इस मांग को उठाया था।गौरतलब हो कि ग्राम न्यायालय न सिर्फ ग्रामीण क्षेत्र में रह रहे नागरिकों को आसानी से न्याय उपलब्ध कराने में सहायक होगा, बल्कि न्यायिक प्रक्रिया में सुधारों के परिणामस्वरूप न्याय तंत्र पर दबाव को कम करने सहायक सिद्ध होगा। ग्राम न्यायालय की मूल भावना ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे लोगों को आसानी से उनके घर के नजदीक और निःशुल्क न्याय प्रदान करना है। ऐसे में ग्राम न्यायालय आम जनता तक न्याय की पहुँच बढ़ाने के साथ ही समय और धन की बचत कर प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से देश के विकास में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान प्रदान करेगा।

- इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कसया एडीशनल सिविल जज अंशुमान को ग्राम न्यायालय का न्यायाधीश किया नियुक्त

### क्या है ग्राम न्यायालय

देश के आम नागरिकों तक न्याय व्यवस्था की पहुँच को बढ़ाने और प्रत्येक नागरिक को देश के न्यायिक तंत्र से जोड़ने के लिये ग्राम न्यायालय अधिनियम, 2008 के तहत ग्राम न्यायालयों की स्थापना की रूपरेखा प्रस्तुत की गई है। इस व्यवस्था के अंतर्गत राज्यों को ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम न्यायलयों की स्थापना करने के निर्देश दिये गए हैं, जिससे पंचायत स्तर पर दीवानी या फौजदारी के सामान्य मामलों (जिसकी अधिकतम सजा 2 वर्ष) में सुनवाई कर नागरिकों को त्वरित न्याय उपलब्ध कराया जा सके। इस व्यवस्था को लागू करने का मुख्य उद्देश्य देश के ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे नागरिकों को स्थानीय स्तर पर संवैधानिक प्रक्रिया के माध्यम से न्याय उपलब्ध कराना था।

### जनता में खुशी

ग्राम न्यायालय की स्थापना से क्षेत्रीय लोगो में खुशी की लहर दौर गयी है। लोगो का कहना है कि ग्राम न्यायालय की स्थापना के बाद क्षेत्रीय जनता को समय पर न्याय मिलने की उम्मीद जगी है। बार संघ अध्यक्ष विनोद सिंह पटेल, पूर्व अध्यक्ष अशोक राय सहित अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने शासन और उच्च न्यायालय के प्रती आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कदम न केवल न्याय प्रक्रिया को सुगम बनाएगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर विवादों का त्वरित समाधान भी करेगा।

संक्षेप

## आप ने जिला कार्यकारणी गठित कर किया विस्तार

उन्नाव। आम आदमी पार्टी के कार्यकारिणी विस्तार के क्रम में उत्तर प्रदेश प्रभारी सांसद संजय सिंह के निर्देशानुसार प्रांतीय अध्यक्ष विनय पटेल के अनुमोदनोपरांत कार्यकारिणी घोषित की गई। जिसमें जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनायें दी और कहा आपसे अपेक्षा की जाती है जनपद में आम आदमी पार्टी की रीतियों नीतियों को जन जन तक पहुँचाकर अरविन्द केजरीवाल पूर्व मुख्यमंत्री दिल्ली सरकार द्वारा देखे गए जन कल्याण हित के सपने को साकार करने में एकजुट होकर आम आदमी पार्टी को मजबूत बनाने का काम करेंगे जिला कार्यकारिणी में गठन क्रमशः इस प्रकार है |महासचिव की जिम्मेदारी अंकित कुमार एडवोकेट को वहीं मोईन अंसारी, राघवेंद्र बाजपेई, जीत ज्ञानी एडवोकेट, दीपक राजपूत और सौरभ यादव को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी तथा रमेश गुप्ता को कोषाध्यक्ष सरीफ खान को मीडिया प्रभारी प्रदीप कुमार एडवोकेट को शोशल मीडिया प्रभारी और सत्यम पल एडवोकेट, किशोर अवस्थी, मान सिंह यादव, नीलेश कुमार, नीरज कुमार, अनुपम यादव, रूचि यादव को जिलासचिव व अलोक सिंह, रइश अहमद, मनोज तिवारी, आयुष यादव, हिमांशु साहू को जिला कार्यकारिणी में स्थान दिया गया है।

## शार्ट सर्किट से लगी आग

महमूदाबाद/सीतापुर सीएचसी अधीक्षक के आवास स्थित उसके कमरे में शुक्रवार की रात शार्ट सर्किट से आग लग गई। अग्निकांड में लैपटाप समेत अन्य सामान समेत करीब एक लाख की संपत्ति जलकर खाक हो गई। सुबह अधीक्षक के पहुंचने पर कमरे से धुंआ निकलता देख अग्निकांड की जानकारी हुई सीएचसी अधीक्षक महमूदाबाद डा. आशीष वर्मा ने बताया कि शुक्रवार की रात आवश्यक कार्य से वे लखनऊ चले गए थे। सुबह वापस आने पर देखा कि अधीक्षक आवास से धुंआ निकल रहा है। अंदर जाकर देखा तो लैपटाप, रजाई, गद्दा, कपड़े सहित करीब एक लाख रुपए का सामान जलकर खाक हो चुका था और उसी से धुंआ निकल रहा था। बाल्टियों से पानी पहुंचाकर आग से काबू पाया गया।

## लेखपाल संघ ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

महोली/सीतापुर लेखपाल संघ तहसील महोली के बैनर तले एकत्रित हुए लेखपालों ने शनिवार को एक बैठक आयोजित की। जिसमें फर्जी तरीके से एंटीकरप्शन टीम द्वारा लेखपालों को फंसा कर गिरफ्तार किए जाने का आरोप लगाते हुए, जमकर नाराजगी की है। इसके बाद सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा है। ज्ञापन में बताया है कि राजस्व लेखपाल लगन व मेहनत से समय समय पर जनता की सेवा करते हुए खेती संबंधी समस्याओं का समाधान करते हैं। इसके बावजूद साजिशन सामान्य शिकायत पर एंटी करप्शन व बिजलेंस टीम द्वारा फर्जी तरीके से लेखपालों की जेब में पैसा डलवाकर गिरफ्तार किया जा रहा है। कई जगहों पर लेखपालों के साथ ऐसी घटनाएं हो चुकी है जो निंदनीय है। इसकी जांच कराई जाय। इस दौरान लेखपाल संघ अध्यक्ष अनीश द्विवेदी, कमल कुमार, धीरेंद्र प्रताप सिंह, अनुज कुमार, प्रतीक गुप्ता समेत लेखपाल मौजूद रहे।

## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

उन्नाव। भारत उन्नयन समिति (पंजीकृत एनजीओ) तथा कमलावती रिसर्च एंड वेलफेयर फाउंडेशन (पंजीकृत एनजीओ) के संयुक्त सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों में आम जन मानस को स्वच्छता तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने हेतु लगातार कार्य किया जा रहा है। उक्त दोनों सामाजिक संस्थाओं के संयुक्त सहयोग से प्रत्येक माह के प्रथम शनिवार को निःशुल्क चिकित्सा शिविर के आयोजन किए जा रहे है। दोनों संस्थाओं के संयुक्त सहयोग से अब तक शहर के अतिरिक्त कई गांवों में शिविर लगाए जा चुके है। बिछिया ब्लॉक के ग्राम जरगांव में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 245 मरीजों का परीक्षण किया गया तथा उनको निःशुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया इस शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, दंत रोग विशेषज्ञ, फिजिशियन के वरिष्ठ डॉक्टर्स में डॉ० एस०के०वर्मा, डॉ० प्रवीण निगम, डॉ० आर०के०पटेल, डॉ० ए०के०रावत, डॉ० आंचल वर्मा प्रमुख रूप से आमंत्रित किए गए थे। शिविर का उद्घाटन ग्राम प्रधान पंकज त्रिवेदी एवं पूर्व प्रधान सोने लाल ने फीता काट कर किया।

# लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण करें



सीतापुर ।जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील बिसवां में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया ।सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आई०जी०आर०एस० पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें ।सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी बिसवां मनीष कुमार, जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे ।तहसील बिसवां में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 89 शिकायतों में से 09 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील लहरपुर में प्राप्त 43 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील सिधौली में प्राप्त 41 प्रार्थना पत्रों में से 06, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 57 प्रार्थना पत्रों में से 07, तहसील सदर में प्राप्त 26 प्रार्थना पत्रों में से 05, तहसील मिश्रिख में प्राप्त 36 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील महोली में प्राप्त 24 प्रार्थना-पत्रों में से 04 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

## एक छत के नीचे मिले फरियादियों को न्यायः शशांक त्रिवेदी

महोली/सीतापुर ।संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक शशांक त्रिवेदी ने की।

शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन विधायक शशांक त्रिवेदी व उप जिलाधिकारी शशी बिंदु द्विवेदी ने आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित विभाग के अधिकारी को निस्तारण के निर्देश दिए। इस अवसर पर विधायक शशांक त्रिवेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी की मंशा है कि एक छत के नीचे फरियादियों को न्याय मिल सके। लाभार्थी परक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों पर तेजी से निस्तारित की जाए जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। शिकायतकर्ता के द्वारा जो शिकायत की गई है उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। उप जिलाधिकारी शशीबिंद द्विवेदी ने कहा कि सरकार की जो योजनाएं चलाई जा रही हैं उनका लाभ पात्र व्यक्ति को अवश्य दिया जाए। किसी भी फरियादी को बार-बार दौड़ न लगानी पड़े। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि जो किसान पीएम सम्मान निधि पा रहे हैं उनकी फार्मर रजिस्ट्री अवश्य कर दी जाए। अगर किसी किसान की फार्मर रजिस्ट्री नहीं होगी तो वह इस योजना का लाभ नहीं ले सकेंगे। समाधान दिवस में कुल 24 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें चार शिकायतों



का निस्तारण किया गया वहीं राजस्व 22, पुलिस एक अन्य एक शिकायतें प्राप्त हुई। इस अवसर पर तहसीलदार तपस्या यादव, प्रमुख प्रतिनिधि ऐलिया संजीव सिंह, महोली प्रमुख जगदीश प्रसाद, नायब तहसीलदार महेंद्र सिंह, शिव प्रकाश, बीडीओ महोली प्रशांत शुक्ला, पिसावा अमित यादव, हर्षकेश शुक्ला, मनमोहन सिंह, मोबीन खान, प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा, एसडीओ विद्युत ज्ञानेश कुमार सहित संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## अधिवक्ता मिलन समारोह में एक दूसरे को शुभकामनायें दी



जिला संवाददाता(vol)

पुरवा, उन्नाव। अधिवक्ता समागम में सभी अधिवक्ताओं ने बार अध्यक्ष उन्नाव सतीश शुक्ला को एक स्वर में बार काउंसिल ऑफ उ० प्र० का सदस्य निर्वाचित कराने का संकल्प लेते हुए एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दी।

विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शनिवार को स्थानीय बार भवन में नवीन वर्ष का अधिवक्ता मिलन व 13वें अधिवेशन का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ सरस्वती वंदना से किया गया। कार्यक्रम संयोजक व संचालक एडवोकेट राम बाबू शुक्ला ने सभी का आभार जताया। अपने उद्बोधन में बार एसोसिएशन उन्नाव के अध्यक्ष सतीश शुक्ला ने एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट पर चर्चा की और सभी अधिवक्ताओं को आश्वासन दिलाया कि बार काउन्सिल का सदस्य बनते ही अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता समाज को बीमा लाभ से आच्छादित करने की आयु सीमा सौ वर्ष की जाने पर जोर देते हुए न्यूनतम धनराशि 20 लाख रुपए करने की मांग रखी। अधिवक्ताओं में गंगा महेश यादव ने अपने उद्बोधन में सदस्य बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के प्रत्याशी सतीश शुक्ला को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए आगामी बार काउन्सिल यूपी के चुनाव में विजई बनाने का अनुरोध किया। इस दौरान कौशलेंद्र शंकर शुक्ल, प्रदीप सिंह, विद्याशंकर पाण्डेय, राकेश श्रीवास्तव, सुरेश यादव, रेवा शंकर रावत, रईस हैदर नकवी, मोहसिन खां, राजेश वर्मा, महेंद्र श्रीवास्तव, रजनीश शर्मा, योगेश, रत्नम चौरसिया समेत सैकड़ों अधिवक्ता शामिल हुए।

## न्यायाधीश ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

### निरीक्षण के दौरान देखी जेल की व्यवस्थाएं



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। अपर जिला जजध्सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेंद्र नाथ त्रिपाठी सीतापुर द्वारा जिला कारागार का साप्ताहिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाकशाला को देखा।

अपर जिला जज ने महिला बैरक व किशोर बैरक का हाल देखा। साथ-साथ जिला कारागार सीतापुर में स्थापित लीगल एड क्लीनिक को देखा। जेल अस्पताल का भी निरीक्षण किया। अपर जिला जज के मुताबिक निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई उचित पाई गयी। बन्दियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को जाना गया। किसी भी बन्दी द्वारा किसी प्रकार की समस्या से अवगत नही कराया गया। इस मौके पर सुजीत बाजपेयी डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेन्स काउंसिल सिस्टम व अंकुर वर्मा, असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स काउंसिल सिस्टम तथा सुरेश कुमार सिंह, जेल अधीक्षक, जिला कारागार सीतापुर आदि उपस्थिति रहे।

## पानी गर्म करते समय वृद्धा की करंट लगने से मौत

पाटन, उन्नाव। बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के गांव चौरसिया नगर मगरायर में शनिवार की सुबह इमर्शन रॉड से पानी गर्म करते समय 70 वर्षीय वृद्धा करंट की चपेट में आ गई। परिजन बीघापुर सौ शैय्या अस्पताल ले गए। जहाँ डॉक्टर ने वृद्धा को मृत घोषित कर दिया गया। चौरसिया नगर निवासी राजाराम चौरसिया की 70 वर्षीय पत्नी मुन्नीदेवी शनिवार की इमर्शन रॉड से पानी गर्म कर रही थी बाल्टी के छू जाने से करंट की चपेट में आ गई। जिससे वह अचेत होकर गिर गई। परिजन सौ शैय्या अस्पताल ले गए जहां इमरजेंसी में मौजूद डॉक्टर ने वृद्धा को मृत घोषित कर दिया।

## नेत्र शिविर का नगर विकास राज्यमंत्री ने किया शुभारंभ



सीतापुर। नेत्र शिविर का आयोजन ऑख अस्पताल में किया गया। जिसका उद्घाटन नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर मंत्री ने नेत्र शिविर में मरीजों को वितरित किये जाने वाले चश्मों एवं दवाओं के स्टॉल का अवलोकन किया। इस शिविर में कुल 377 मरीज देख गये, जिसमें 111 मरीज भर्ती किये गये, जिसमें आयुष्मान कार्ड के 52 मरीज तथा 110 मरीजों को चश्मा वितरित किया गया। साथ ही 132 मरीजों को दवाएं भी वितरित की गयीं ।शिविर के आयोजन के दौरान डा0 आकांक्षा दास, कैम्प मैनेजर अमित सिंह, कैम्प आगेर्नाइजर विजेन्द्र सिंह एवं राम किशोर शुक्ला सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कड़ाके की ठंड में असहायों की सेवा ही मानवता की सेवा है

महोली/सीतापुर ।सर्दी के मौसम को देखते हुए जरूरतमंद व गरीबों को कंबल वितरण का आयोजन कृषक इंटर कॉलेज में विधायक शशांक त्रिवेदी, उप जिलाधिकारी शशी बिंद द्विवेदी व तहसीलदार तपस्या यादव द्वारा किया गया।

इस अवसर पर 325 जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। विधायक शशांक त्रिवेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर क्षेत्र में रह रहे निराश्रित व जरूरतमंद लोगों को इस ठंड के मौसम में कंबल वितरित किए जाएं। जिन्हें वास्तविकता में कंबल की जरूरत है उन्हें तहसील प्रशासन ढूंढढूंढ कर कंबल वितरित कर रहा है। धर्म व जाति से दूर हटकर कंबल वितरित किए जा रहे हैं। क्षेत्र में जो लोग लाचार, बेबस व गरीब होने के कारण इस कड़ाके की ठंड में अपना




जीवन गुजर बसर कर रहे हैं उन लोगों को चिन्हित कर कंबल वितरित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में ठंड का प्रकोप और ज्यादा बढ़ाने की संभावना है। कड़ाके की ठंड में असहायों की सेवा ही मानवता की सेवा है। इस दौरान कंबल मिलने की खुशी में महिलाओं ने विधायक का आभार व्यक्त कर खुशी जताई। कंबल वितरण के दौरान नगर पंचायत की 16 स्वच्छकार महिलाओं को विधायक शशांक त्रिवेदी ने कंबल देते हुए कहा कि इस सर्दी के मौसम में नगर को साफ सुथरा रखने की जिम्मेदारी आप पर है। आपकी इस भीषण ठंड में मेहनत से ही नगर स्वच्छ रहता है। इस अवसर पर नायब तहसीलदार महेंद्र सिंह, शिव प्रकाश, लेखपाल अनीश द्विवेदी, डीपी सिंह, कमल वर्मा सहित तहसील कर्मी मौजूद रहे।

## जल्द ही जाम भरे सफर से क्षेत्रवासियों को मिलेगी निजात

### कई जनपदों के लिये बेहद अहम है यह मार्ग



जिला संवाददाता(vol)

महमूदाबाद/सीतापुर। जल्द ही जाम भरे सफर से क्षेत्रवासियों को निजात मिलने वाली है। राज्य सरकार द्वारा महमूदाबाद से लगी बाराबंकी सीमा से 33 किलोमीटर लंबे लखनऊ के बेहटा तक मार्ग को 10 मीटर चौड़ा किया जाएगा।

आबादी सहित बाजार वाले क्षेत्रों में इसकी चौड़ाई 20 मीटर तक बनाई जाएगी। मार्ग चौड़ीकरण का काम काफी तेज गति से किया जा रहा है। इसी के तहत महमूदाबाद सीमा के शेष बचे 3.19 किमी मार्ग के चौड़ीकरण व उच्चीकरण के लिये 12.86 करोड़ की धनराशि सरकार द्वारा आवंटित की गयी है, जिसकी पहली किश्त 6.43 करोड़ मार्ग निर्माण के लिये जारी की गयी। इस मार्ग के चौड़ीकरण के बाद क्षेत्रवासियों को लखनऊ जाने में होने वाली कठिनाइयों से निजात मिलेगी। प्रदेश की राजधानी से जनपद बाराबंकी व सीतापुर को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण का काम जल्द ही शुरू हो चुका है।

दो जनपदों से होकर लखनऊ जाने वाले इस मार्ग से प्रतिदिन करीब बीस हजार वाहन गुजरते हैं। जिसमें सीतापुर जनपद के महमूदाबाद, बिंसवा, रामपुर मथुरा, सरैंया, रेउसा, सदरपुर, थानगांव, तंबौर, के साथ बाराबंकी जनपद के डफ्फरपुर, बड्डूपुर, बाबाकुटी, टिकैतगंज, कुर्सी सहित करीब एक सैकड़ा गांवों से जुड़े हजारों लोग प्रतिदिन इस मार्ग का उपयोग करते हैं। बाराबंकी लखनऊ व सीतापुर से जुड़ा यह मार्ग बहराइच जाने वाले लोगों के लिए भी अहम है।

काफी लंबे समय से बाराबंकी व सीतापुर जनपद के वासियों को इस मार्ग पर लगने वाली भीषण जाम से निजात दिलाने के लिए विधानसभा कुर्सी के विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा प्रयत्नशील थे। इस मार्ग का निर्माण 242 करोड़ की लागत से हो रहा है। महमूदाबाद-कुर्सी-लखनऊ सड़क मार्ग बनाए गए प्रस्ताव के अनुसार पेल्ड शोल्डर तकनीक से बनाया जाएगा। महमूदाबाद समेत बड्डूपुर, बाबाकुटी, रीवां-सींवा, टिकैतगंज, कुर्सी सहित आबादी व बाजार वाले स्थानों पर सड़क को फोरलेन बनाया जा रहा है। कस्बों में एक मीटर का डिवाइडर, डिवाइडर के दोनों तरफ साढ़े सात-साढ़े सात मीटर की सड़क तथा दो-दो मीटर की पटरियां बन रही हैं, शेष मार्ग का चौड़ीकरण दस मीटर किया जा रहा है।

बाराबंकी सीमा से महमूदाबाद नगर के रोडबेज बस स्टाप तक 3.19 किमी तक सड़क का निर्माण अवशेष रह गया था। कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा व महमूदाबाद विधायक आशा मौर्या ने उक्त अवशेष मार्ग निर्माण के लिए प्रदेश सरकार से मांग की थी। प्रदेश सरकार ने मांग को स्वीकृति देते हुए 3.19 किमी मार्ग के उच्चीकरण एवं चैड़ीकरण की स्वीकृति देते हुए 12 करोड़ 86 लाख रुपए की स्वीकृति देते हुए प्रथम किश्त छह करोड़ 43 लाख 33 हजार रुपए जारी कर दिए हैं।

## सुन्दर कांड पाठ का आयोजन



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के एक गाँव में संगीतमई सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन किया गया। संगीत मय सुंदर काण्ड अध्यात्म मानस मंडल द्वारा सुनाकर श्रोताओं को मन्त्रमुग्ध कर दिया। फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के सूसूमऊ गाँव में शिक्षक शिवप्रताप सिंह के द्वारा अपने आवाश पर शनिवार को संगीतमयी सुन्दर काण्ड पाठ का कराया। मधुर संगीतमयी सुन्दर काण्ड अध्यात्म मानस मंडल के संचालक हर्ष मनु शुक्ला के नेतृत्व में गाया गया ।रामचरित मानस के सुन्दर काण्ड सुनकर कर श्रोता मन्त्रमुग्ध होते हुए झूमने लगे। इस मौके पर प्रमुख रूप ज्ञानेंद्र सिंह, झल्लू महाराज, कमलेश सिंह, संजीव त्रिवेदी, संतोष, अजीत रावत आदि सहित सैकड़ो संख्या में भक्त मौजूद रहे। सभी के प्रति कृष्णपाल सिंह द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का बहुत महत्वः शिक्षक एमएलसी



महमूदाबाद/सीतापुर ।विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का बहुत महत्व है। जो विद्यार्थी जीवन में अनुशासन को शामिल करने के साथ शिक्षकों की बातों को गंभीरता से ग्रहण करता है, वह कभी असफल नहीं हो सकता। विद्यार्थियों को अपना कीमती समय अध्ययन में व्यतीत करना चाहिए। आज का दौर प्रतिस्पर्धा का दौर है। अधिक से अधिक माध्यम उपलब्ध हैं जहां से उचित ज्ञानार्जन कर अपने जीवन के निर्धारित किए गए लक्ष्य आसानी से प्राप्त किए जा सकते हैं ।यह बात प्रकाश विद्या मंदिर इंटर कालेज और बाबूराम सावित्री देवी इंटर कालेज के शैक्षिक अलंकरण समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि शिक्षक एमएलसी उमेश द्विवेदी ने कही। उन्होंने कहा कि अभिभावक प्रतिदिन अपने बच्चों को स्कूल भेजने का काम करें यह उनका दायित्व है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि एमएलसी पवन सिंह चैहान ने कहा कि शिक्षक कोई साधारण व्यक्ति नहीं बल्कि समाज को सही दिशा देने का काम करने वाला प्राणी है। उन्होने कहा कि ग्रामीण इलाकों में बेहतर शिक्षा देकर विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने का काम जो विद्यालय कर रहे हैं वह सराहनीय है। कार्यक्रमाध्यक्ष कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने कहा कि महमूदाबाद क्षेत्र शिक्षा का हब बनता जा रहा है। विद्यार्थी अपने जीवन में अनुशासन को जरूर शामिल रखें। अनुशासित जीवन जीने वाला व्यक्ति कभी असफल नहीं हो सकता है। कार्यकम का शुभारंभ द्वीप प्रज्जवलन से हुआ। अतिथियों का स्वागत संस्था के प्रबंधक ओमप्रकाश वर्मा, प्रधानाचार्या शशि सिंह, प्रधानाचार्य अरूण वर्मा, कमल वर्मा, पुष्कर वर्मा ने माल्यार्पण, स्मृति चिन्ह भेंटकर किया। बच्चों द्वारा मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये ।इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन सुरेश वर्मा, बच्चा सिंह, दिलीप सिंह, विपिन सिह राठौर, भाजपा नेता अंब्रीश गुप्त, प्रदीप प्रजापति, अरूण कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

## पूर्व विधायक की तृतीय पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

रेउसा/सीतापुर ।शनिवार को किशोर जनता माध्यमिक विद्यालय खानपुर मे स्वर्गीय पंडित किशोरी लाल शुक्ला पूर्व विधायक की तृतीय पुण्य तिथि की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया कार्यक्रम के सैकड़ो की संख्या मे लोग




उपस्थित हुए सभी लोगो ने पुष्प अर्पित वा माल्यार्पण किया कार्यक्रम मे मुख्य रूप से विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यछ रामेन्द्र शुक्ला ने कहा की परम पूज्य बाबा जी के बताये मार्ग पर चलें तभी उन्हे सच्ची श्रद्धांजलि मिलेगी श्री शुक्ला ने कहा इस गांजरी छेत्र मे राजनीति के साथ चारो दिशाओ मे विद्यालय की स्थापना करके छेत्र को शिक्षित करने का प्रयास किया और आज भी उनके द्वारा संचालित संस्था से लोग लाभान्वित हो रहे है श्रद्धांजलि सभा मे विद्यालय प्रबंधक राहुल शुक्ला प्रधानचर्या रमेश चंद्र अवस्थी अनुराग मिश्रा अनूप मिश्रा राजबिहारी अवस्थी मनोज त्रिवेदी जयशंकर विशाल राधे रामकुमार अमित सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## एक बार फिर बना जिला पंचायत सीतापुर राजनीतिक आखाड़ा

सीतापुर। एक बार फिर जिला पंचायत सीतापुर राजनीतिक आखाड़ा बन गया है। एक तरफ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर के प्रतिनिधि शिवकुमार गुप्ता व दूसरी तरफ पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष/पूर्व सांसद राजेश वर्मा अपनी ताकत आजमा रहे है। सोमवार को जिला पंचायत राजनैतिक अखाड़ा बन गया जंहा जिला पंचायत अध्यक्ष व निर्माण समिति के अध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता करीब 53 जिला पंचायत सदस्यों के साथ बैठक कर कई प्रस्ताव पारित किए और पूर्व सांसद राजेश वर्मा व बिसवां विधायक निर्मल वर्मा तथा अधिशाषी अभियंता संजय कुमार के विरुद्ध गंभीर आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा।

वहीं दूसरी तरफ चार जिला पंचायत सदस्य विकास भवन के धरना स्थल पर एक दिवसीय धरना कर शिवकुमार गुप्ता के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए जिला पंचायत में हो रहे भ्रष्ट्राचार के खिलाफ जांच कर कार्यवाही की मांग की। मालूम हो कि बीते एक माह पूर्व जिला पंचायत सदस्यों की शिकायत पर पूर्व सांसद राजेश वर्मा व मिश्रिख सांसद अशोक



राव त ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर जिला पंचायत में हो रहे भ्रष्ट्राचार की जांच करने की मांग की थी। जिसके बाद जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवकुमार गुप्ता ने लामबंदी करते हुए शनिवार को नेहरु हाल में सदस्यो के साथ बैठक की। जिसमें 13 प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। हालांकि इस बैठक को जिला पंचायत के अधिकारी गैरसैंवाधानिक बता रहे है। बैठक में अधिशासी अभियंता संजय कुमार के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव पारित करते हुए पद से बर्खास्त करने का प्रस्ताव पारित हुआ। इसके साथ ही मानचित्र स्वीकृत, ठेकेदारों के पंजीकरण/नवीनीकरण , एनओसी, स्वीकृत अध्यक्ष के बिना अनुमति न जारी करने का प्रस्ताव पारित हुआ।

### ● जिला पंचायत में हो रहे भ्रष्ट्राचार की जांच करने की मांग

जिला पंचायत के अधिकारी बायोमैट्रिक उपस्थिति के साथ बगैर अनुमति मुख्यालय छोड़ने तथा क्षेत्र भ्रमण के दौरान अध्यक्ष के मोबाइल पर फोटो भेजने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। जिला पंचायत के कर्मचारियों को अध्यक्ष के कक्ष में मिलने का प्रस्ताव भी पास किया गया। इसके साथ ही करीब 13 प्रस्ताव पारित हुए। जिला पंचायत अध्यक्ष ने बैठक के बाद तहड़ी भोज भी कराया। जिसके बहाने अपनी ताकत का अहसास भी कराया। हालांकि इस बैठक को जिला पंचायत के जानकार असैंवाधानिक बता रहे है।

संक्षेप

## डम्फरों से हो रहीं सड़क दुर्घटनाएं, कार्यवाही की मांग

**ललितपुर**। विगत दिनों ओवरलोड राख भरकर भयावह गति से भाग रहे डम्फर की चपेट में आने से स्कूटी सवार एक युवती की मौत हो गयी थी, जबकि स्कूटी सवार दो युवतियों की हालत गंभीर होने पर झांसी रेफर किया गया था। इस प्रकरण में नागरिक विकास मोर्चा के अध्यक्ष हरीबाबू शर्मा ने चिगलौआ स्थित पावर प्लाण्ट पर गंभीर आरोप लगाये हैं। मोर्चा अध्यक्ष ने प्लाण्ट में रिक्त पदों पर स्थानीय लोगों को रोजगार दिलाने, पर्यावरण नियमों का सख्ती से पालन कराने एवं सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने को लेकर ठोस कदम उठाये जाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन देते समय मोर्चा अध्यक्ष हरीबाबू शर्मा, पार्षद मनमोहन चैबे एड., समाजसेवी करन पाल, सुधीर कुमार श्रीवास्तव, गोविन्द सिंह जाट, के.पी.सिंह, गनेश प्रसाद, दीपक नारायण के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

## पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**ललितपुर**। अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन में प्रेस क्लब (रजि.) के तत्वाधान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में प्रेस क्लब के संरक्षक सदस्य रहे कीर्तिशेष मास्टर प्रताप सिंह पटेल की पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया गया। पत्रकारों ने सर्वप्रथम अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, तदोपरान्त कीर्तिशेष मास्टर प्रताप सिंह पटेल के चित्र सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित की।

इस दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले ने कहा कि कीर्तिशेष मास्टर प्रताप सिंह पटेल अपनी योग्यता, क्षमता एवं उत्कृष्ट कार्यशैली की बदौलत पत्रकारिता के क्षेत्र में साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी कीर्तिमान स्थापित किये। प्रेस क्लब संरक्षक सदस्य के रूप में उन्होंने उल्लेखनीय कार्य करते हुये अपने कर्तव्यों, दायित्वों का बखूबी निर्वह्न किया। पत्रकारिता के मूल उद्देश्यों को लेकर वह हमेशा संघर्षरत रहे। सभा के दौरान प्रेस क्लब के सदस्य पत्रकार कुन्दन पाल के चचेरे भाई के आकस्मिक निधन व दैनिक जागरण झांसी के प्रबंधक प्रशान्त सिंह की पूज्यनीय माताजी के निधन पर शोक व्यक्त किया।

पत्रकारों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामनायें कीं।

## ई-कॉमर्स को लेकर व्यापारियों ने पीएम को भेजा ज्ञापन

**ललितपुर**। निष्पक्ष प्रतिस्पधाएं, एमएसएमई हितों और उपभोक्ता संरक्षण की रक्षा के लिए ई- कॉमर्स में विनियमन अधिनियम बनाये जाने को लेकर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के आह्वान एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के निर्देश पर प्रधानमंत्री, सांसद संबोधित एक ज्ञापन जिलाध्यक्ष राजकुमार जैन, पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, विधायक प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल को श्रीजगदीश मार्केट में व्यापारियों की उपस्थिति में ज्ञापन प्रेषित किए गए। ज्ञापन में बताया कि भारतीय ई- कॉमर्स उद्योग में विनियामक निरीक्षण की तत्काल आवश्यकता की ओर आकर्षित करना चाहते है।

ई- कॉमर्स ने कुछ ऐसी प्रथाओं को जन्म दिया है जो निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को खतरे में डालती है विशेष रूप से व्यापारी, एमएसएमई खुदरा विक्रेताओं और उपभोक्ताओं को प्रभावित करती है। विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को तभी पूरा किया जा सकता है। जब स्थानीय उत्पाद, स्थानीय व्यापार एवं स्थानीय पयर्टन को बढ़ावा दिया जायेगा। लेकिन यह ई- कॉमर्स कम्पनियां कानूनो का उल्लघंन करते हुये उसमे बाधक बन रही है। व्यापार और एमएसएमई क्षेत्र हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ है और यह अनैतिक प्रथाओं से लगातार चुनौती का समाना कर रहा है जिन्हें अगर अनियंत्रित छोड़ दिया जाए तो यह इसके विकास व्यापार और जीडीपी में योगदान को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है।

इस दौरान महेन्द्र जैन मयूर, प्रदीप त्रिपाठी, मज्जू सोनी, अशोक जैन अनौरा, अनिल जैन, नवीन सिंघई, स्वदेश गोयल, महेश सतभैया, रोहित शिवाजी, ज्ञानप्रकाश खण्डेलवाल, हरगोविन्द डोडवानी, राजीव सुडेले, रमाकान्त तिवारी आदि मौजूद रहे।

# अवैध खनन में 4 खदानों पर एक करोड़ 89 लाख जुर्माना



**बांदा**। जिलाधिकारी के निर्देश पर बालू के खनन पट्टा क्षेत्रो की जांच के निर्देश के चलते संयुक्त टीम ने कई खदानों पर कार्रवाई की। तहसील बाँदा स्थित ग्राम मरौलीखादर के गाटा 333/7 का भाग खण्ड 1 रकबा 17.2802 हे०, प्रशान्त कुमार गुप्ता पुत्र राम किशन गुप्ता निवासी पेट्रोल पंप के पास, गांधी नगर महोबा के पक्ष में स्वीकृत है, की संयुक्त टीम में खान निरीक्षक, खान अधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर, डिप्टी कलेक्टर सदर व अपर जिलाधिकारी ने बीते 26 दिसंबर को जांच की।

जांच में पाया गया कि पट्टाधारक ने खनन पट्टा क्षेत्र के अन्तर्गत 1471 घन मी० बालू का अतिरिक्त खनन व परिवहन तथा खनन पट्टा क्षेत्र से बाहर 2003 घन मी० बालू का अवैध खनन, परिवहन मिला। पट्टाधारक के अवैध खनन पर 31,26,600 का जुमार्ना की नोटिस दी गयी है। इसी प्रकार तहसील नरैनी स्थित ग्राम बरियारी के डेस्कोन बिल्डटेक प्रा०लि० निदेशक संजीव कुमार गुप्ता पुत्र प्रेमचन्द्र गुप्ता निवासी किदवई नगर, जिला कानपुर नगर के पक्ष में स्वीकृत है, की संयुक्त जांच खान निरीक्षक, पुलिस क्षेत्राधिकारी नरैनी व उपजिलाधिकारी नरैनी ने बीते 27 दिसंबर को जांच की और पाया कि पट्टाधारक ने खनन पट्टा क्षेत्र के अन्तर्गत 2762 घन मी० बालू का अतिरिक्त खनन व परिवहन तथा खनन पट्टा क्षेत्र से बाहर 8281.50 घन मी० बालू का अवैध खनन व परिवहन किया है।

पट्टाधारक के अवैध खनन करने पर 99,39,150 का जुमार्ना की नोटिस दी गयी। तहसील बाँदा स्थित ग्राम-मरौलीखादर के खण्ड 5, रकबा 23.00 हे० यह डेस्कोन बिल्डटेक प्रा०लि० निदेशक संजीव कुमार गुप्ता पुत्र प्रेमचन्द्र गुप्ता निवासी किदवई नगर, जिला कानपुर नगर के पक्ष में स्वीकृत है, की संयुक्त जांच में पाया गया कि पट्टाधारक द्वारा स्वीकृत खनन पट्टा क्षेत्र के अन्दर 4371.20 घन मी० बालू का अतिरिक्त खनन व परिवहन किया है। यहां भी 39,34,080 का जुमार्ना की नोटिस दी गयी है।

इसी प्रकार तहसील बाँदा स्थित ग्राम बेंदाखादर के पट्टाधारक पहलवान ट्रेडर्स प्रो० कैलाश सिंह यादव पुत्र राम वृक्ष सिंह यादव निवासी उपहार एल्डिको उद्यान, रायबरेली रोड, थाना पी०जी०आई०, जिला लखनऊ के पक्ष में स्वीकृत है, की संयुक्त जांच में स्वीकृत खनन पट्टा क्षेत्र के अन्दर 2139.55 घन मी० बालू का अतिरिक्त खनन व परिवहन मिला। पट्टाधारक के विरूद्ध 19,25,595 की नोटिस दी गयी है।

# जमीनी विवाद में पूरे परिवार से मारपीट, घर में तोडफोड़

**ललितपुर**। जमीन हड़पने के सम्बन्ध में शासन स्तर पर मुख्यमंत्री से शिकायत करने पर जांच करने पहुंचे एसडीएम ललितपुर व लेखपाल ने जमीन नाप कर सामग्री हटाने के लिए समय दिया था। इसी प्रकरण में विपक्षियों द्वारा एकराय होकर गालियां देकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देते हुये घर गृहस्थी के सामान की तोडफोड करने का मामला प्रकाश में आया है।

**● पीड़िता की तहरीर पर छह महिलाओं समेत चौदह पर एफआईआर दर्ज**

प्रकरण को लेकर थाना कोतवाली पुलिस ने छह महिलाओं समेत चौदह लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। मुख्यालय के निकटवर्ती ग्राम दैलवारा में रहने वाली सीमा पत्नी धनीराम कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने मुख्यमंत्री व आलाधिकारियों से गांव के दबंग लोगों के खिलाफ जमीन हड़पने को लेकर शिकायत की थी।

प्रकरण को लेकर 2 जनवरी 2025 की शाम करीब 4 बजे उप जिलाधिकारी ललितपुर व लेखपाल मौके पर जांच करने पहुंचे, जहां मौके पर पैमाइश कर पीड़िता की जमीन नाप कर उक्त लोगों को सामग्री हटाने के लिए समय देकर चले गये थे। आरोप है कि इसी रंजिश को लेकर उसी दिन शाम करीब 7 बजे जब वह घर में थी तो लक्ष्मन पुत्र गनेश, बाबूलाल, रामसिंह, जगदीश, राजू पुत्रगण लक्ष्मन, ममता पत्नी बाबूलाल, सगुन पत्नी रामसिंह, गायत्री पत्नी जगदीश, मानकुंअर पत्नी राजू, पुष्पेन्द्र, छोटू पुत्रगण बाबूलाल, दीपक पुत्र जगदीश, कमला पत्नी पुष्पेन्द्र, सोनम पत्नी दीपक ने एकराय होकर लाठी-डण्डों से उसके घर में घुसकर गालियां देते हुये मारपीट कर दी।

मौके पर पीड़िता की पुत्री रीना व सास गुलाबरानी पत्नी लल्लू बचाने पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट करते हुये घर-गृहस्थी का सामान तोडफोड कर दिया। शोरगुल होने पर पहुंचे ग्रामीणों ने जब उक्त लोगों को ललकारा तो उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। यह भी आरोप लगाया कि उक्त लोग उसकी जमीन पर जबरन कब्जा करने की धमकी देते रहे। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (2), 333, 352, 115 (2), 324 (4), 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## दुर्घटना से बचाव को लगाए गए रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप



**बांदा**। जिले में लगातार गिरते तापमान और बढ़ रहे कोहरे को देखते हुए परिवहन विभाग ने शनिवार को टैक्टर एवं ट्रैक्टर ट्रालियों में रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाया। शहर के कालू कुआं मंडी समिति में एआरटीओ प्रशासन शंकरजी सिंह एवं पीटीओ रामसुमेर यादव ने कार्रवाई की। एआरटीओ ने बताया कि रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगने से अंधेरे में सामने से आने वाले और पीछे से आने वाले वाहन की रोशनी पड़ने पर रेडियम टेप चमकता है जिससे वाहन चालक को मालूम हो जाता है कि आगे वाहन जा रहा है और दुर्घटना से बचा जा सकता है। उन्होने कहा कि अक्सर कोहरे के कारण आने जाने वाले वाहन बिना रेडियम टेप के टैक्टर ट्रालियों को कोहरे के चलते अंधेरे में देख नही पाते और नतीजतन यह दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। उन्होने बताया कि जितनी भी ट्रैक्टर ट्रालियां सड़कों पर चल रही हैं और इस्तेमाल हो रही हैं सभी में रेडियम टेप लगाया जाएगा ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके। एआरटीओ ने कहा कि बिना रेडियम टेप के टैक्टर ट्रालियों के संचालित पाए जाने पर परिवहन विभाग 10 हजार रुपये का चालान करेगा। इस जुमार्ने की स्थिति से बचने एवं दुर्घटनाओं को रोकने के लिए टैक्टर ट्राली में रेडियम टेप जरूर लगवाएं और दुर्घटना से बचें।

## दुराचार के आरोपी को 10 वर्ष की कैद

**बांदा**। तमंचे की नोक पर महिला के साथ दुराचार करने के आरोपी को दोषी पाते हुए फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम न्यायाधीश पल्लवी प्रकाश ने 10 वर्ष के कठोर कारावास व 10 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड अदा न करने पर आरोपी को तीन माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। पीड़िता सियाबाई पत्नी चुन्ना उर्फ श्रीपाल लोध निवासी ग्राम खानपुर थाना गिरवां ने थाने में दर्ज कराई प्रथम सूचना रिपोर्ट में कहा कि वह गांव से लगभग 500 मीटर अपने खेत पर बने मकान में रहकर खेती की देखभाल करती है। वह मजदूरी कर अपने बच्चों का पालन-पोषण करती है। 2 अप्रैल 2017 को पीड़िता खेत में बने मकान में सो रही थी तभी गांव का कंचन पुत्र वीरेन्द्र सिंह शराब के नशे में था और अपने हांथ में तमंचा लिऐ था उसने दरवाजे में जोर-जोर से लात मारी जिससे दरवाजा खुल गया और वह घर के अंदर घुसकर उसे जबरदस्ती निर्वस्त्र कर दिया। फिर लात-घूसों व तमंचों की बटों से मारा। जब वह बेसुध हो गयी तो कंचन सिंह ने उसके साथ दुराचार किया। गुप्तांगों से बहुत अधिक खून बह रहा था क्यों कि दुराचार के बाद आरोपी ने उसके गुप्तांग में अपना हांथ डाल दिया था और यह कहते हुए चला गया कि कहीं शिकायत की तो तुम्हे और तुम्हारे परिवार को जान से मार दूंगा। पीड़िता गांव स्थित घर पहुंची और घटना की पूरी जानकारी परिजनों को दी। वह रात्रि में ही लड़के परसादीलाल को लेकर थाना गिरवां गयी और 4 अप्रैल 2017 को रिपोर्ट दर्ज कराई। न्यायालय में विवेचक ने आरोप पत्र दाखिल किया। सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से 8 गवाह पेश किए गये। पीड़िता की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी मनोज कुमार दीक्षित एवं राम कुमार सिंह ने पैरवी की। न्यायाधीश ने दोनो पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस और पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के पश्चात आरोपी कंचन सिंह पुत्र पुत्र वीरेन्द्र सिंह को महिला के साथ जबरन दुराचार करने का दोषी पाते हुए 10 वर्ष की कठोर कैद व जुमार्ने की सजा सुनाई। अन्य धाराओं में भी सजा व जुमार्ना हुआ। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगीं।

# निरंकार से ही आध्यात्मिक जागृति का विस्तार संभव



**बांदा**। निरंकार को हर कार्य में सम्मिलित कर आध्यात्मिक जागृति और सच्ची खुशी का विस्तार संभव है। यह प्रेरणादायक वचन निरंकारी सद्गुरू माता सुदीक्षा ने नववर्ष के अवसर पर विशेष सत्संग समारोह में व्यक्त किए।

नववर्ष के पहले दिन सद्गुरू माता एवं निरंकारी परम पिता के सानिध्य में प्रेरणादायक वचनों से आत्मिक शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा का सुखद अनुभव मिला। सद्गुरू माता ने कहा कि नववर्ष केवल नंबर परिवर्तन है। वास्तविकता में यह केवल इंसानी मष्तिस्क की बनाई गयी अवधारणा है। निरंकार ने समय और श्रष्टि को बनाया है, जिसमें अलग-अलग गृहों पर समय की अलग अवधारणा होती है इसलिए नये वर्ष का अर्थ है हर क्षण को सार्थक बनाना। सच्ची खुशी और आनंद केवल निरंकार में समाहित है। इस नये वर्ष में हमें अपने जीवन को ऐसा बनाना है कि हम हर व्यक्ति तक इस सच्चाई को पहुंचा सकें।

जीवन को इस तरह ढालना है कि हर पल हर कार्य में निरंकार की महत्ता को समझ सकें।

सेवा सुमिरण और सत्संग का वास्तिविक अर्थ तभी प्रकट होगा जब हम इसे दिल से अपनाएंगे। उन्होने कहा कि सेवा सुमिरण और सत्संग के बिना भक्ति अधूरी है। सच्चा जीवन वही है जिसमें परमात्मा का प्रेम और भक्ति का वास हो। हमें प्रेम, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ मानव परिवार को साथ लेकर चलना चाहिए।

# शिकायतो का निस्तारण किया जाना सम्भव न हो तो उसका स्पष्ट कारण लिखें: डीएम




**बिजनौर**। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आप सभी को जो भी शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त होते हैं उनको स्वयं पढ़ते हुए उनका ससमय निस्तारण करना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने निर्देश दिये कि यदि किसी शिकायत का निस्तारण किया जाना सम्भव नहीं है तो उसका स्पष्ट कारण लिखते हुए शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए ताकि वे अपनी शिकायत को पुनः प्रेषित न कर सकें। शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी निश्चित रूप से प्राप्त कर लें, शिकायतकर्ता को संतुष्ट किये बिना शिकायत का निस्तारण स्वीकार्य नहीं होगा जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल शनिवार को तहसील नजीबाबाद के भारत रत्न चैधरी चरण सिंह सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। उन्होंने उपस्थित सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक अपने कार्यालय में बैठकर जन सामान्य की शिकायतों की सुनवाई करना सुनिश्चित करें तथा उनका पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारण करें। उन्होंने सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को अपनी विभागीय शिकायत पंजिका को मेंटेन रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कुछ शिकायतें ऐसी होती हैं जो जिला स्तर से संबंधित न होकर मंडल स्तर तथा मुख्यालय स्तर से संबंधित होती हैं जिस कारण उसका समयबद्धता के साथ निस्तारण न होने पर उक्त शिकायतें डिफॉल्टर श्रेणी में चली जाती है जिससे जिले की रैंकिंग प्रभावित होती है। जिलाधिकारी ने कहा कि तहसील दिवस, आईजीआरएस एवं जनता दर्शन पर प्राप्त होने वाली शिकायतों की मॉनिटरिंग शासन स्तर से की जा रही है। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन पर प्राप्त होने वाली शिकायतों को सभी अधिकारी पूरी गंभीरता से लेते हुए ससमय उनका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उक्त संबंध में उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसी शिकायतों का गम्भीरतापूर्वक निस्तारण करना सुनिश्चित करें जिससे जिले की रैंकिंग प्रभावित न होने पाये। तहसील दिवस के मौके पर कुल 40 शिकायतें दर्ज की गयीं। जिन में 03 शिकायतों का मौके पर ही विभागीय अधिकारियों के माध्यम से निराकरण करा दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 कौशलेंद्र सिंह, उप जिलाधिकारी नजीबाबाद एवं तहसीलदार नजीबाबाद के अलावा सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

## जन शिकायतों का हो निस्तारण: डीएम



**बांदा**। तहसील नरैनी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप ने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनशिकायतों को प्राथमिकता पर लेते हुए उनका निस्तारण गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्धता के साथ किया जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए। कुल 65 आवेदन प्राप्त हुए। उन्होंने मौके पर 4 जन शिकायतों का निस्तारण करते हुए शेष प्रकरणों को सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को इस निर्देश के साथ दिये कि शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ निस्तारण कराया जाए। समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस, विकास, समाज कल्याण व अन्य विभागों से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त हुए। पुलिस विभाग से सम्बन्धित समस्याओं को सुनते हुए उनके त्वरित निराकरण गुणवत्ता के साथ करने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिये। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, जिला विकास अधिकारी रमा शंकर, खण्ड विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी नरैनी, क्षेत्राधिकारी पुलिस, तहसीलदार व जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस रिमांड में आरोपियों की निशानदेही पर जले हुए कपड़े व सोने के सिक्के बरामद

**बिजनौर**। पुलिस ने कॉमेडियन सुनील पाल व अभिनेता मुश्ताक खान के अपहरण कांड के मुख्य आरोपी लवीपाल और पूर्व सभासद सार्थक चैधरी को शुक्रवार को रिमांड पर लिया। दोनों की निशानदेही पर पुलिस ने सोने के दो सिक्के तथा मुश्ताक खान के जले हुए कपड़े भी बरामद किए।

**● कॉमेडियन सुनील पाल व अभिनेता मुश्ताक अपहरण कांड**



पुलिस मुश्ताक खान का मोबाइल पहले ही बिहार से बरामद कर चुकी है। थाना शहर कोतवाली पुलिस के अनुरोध पर अदालत ने बृहस्पतिवार शाम मुख्य आरोपी लवी और पूर्व सभासद सार्थक चैधरी का पुलिस कस्टडी रिमांड मंजूर किया था। अदालत का आदेश मिलते ही पुलिस द्वारा शुक्रवार को दोनों आरोपियों को जेल से रिमांड पर लिया गया और पूछताछ की। पूछताछ में लवी की निशानदेही पर नजीबाबाद के गांव जहानाबाद के पास हाईवे किनारे से अभिनेता मुश्ताक खान के जले हुए कपड़े और अधजला सूटकेस बरामद किया। पुलिस ने इसके अलावा कॉमेडियन सुनील पाल के मोबाइल के जरिए मेरठ से खरीदे गए सोने के दो सिक्के भी बरामद किए। दोनों सिक्कों का वजन दस-दस ग्राम है। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) संजीव वाजपेयी ने जानकारी देते हुए बताया कि न्यायालय के आदेश पर मुख्य आरोपियों लवी पाल और सार्थक चैधरी को रिमांड पर लिया गया था, जिनकी निशानदेही पर सोने के दो सिक्के, मुश्ताक खान के जले हुए कपड़े बरामद किए गए है।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में भी हो शीतकालीन अवकाश



**ललितपुर**। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में शीतकालीन अवकाश की मांग को लेकर सूबे के राज्यमंत्री को नीता सिंह के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें बताया गया है कि जिले में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय जो कि बेसिक शिक्षा परिषद एवं समग्र शिक्षा अभियान से संचालित हैं। इस समय जिले में अत्यधिक ठण्ड पड रही है, और शीतलहर के कारण बेसिक के कक्षा 1 से 8 तक के विद्यालयों में शीतकालीन अवकाश घोषित किया गया है। इसके साथ ही आश्रम पद्धति विहान आवासीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों में भी शीतकालीन अवकाश घोषित है, कई जिलो के कस्तूरबा में भी अवकाश घोषित है। परन्तु जिले के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में शीतकालीन अवकाश घोषित नहीं किया गया है, विद्यालयों में अपर्याप्त संसाधनों में बालिकाओं को ठण्ड के प्रकोप को सहन करना पड रहा है। ऐसी परिस्थितियों में कस्तूरबा विद्यालयों में भी शीतकालीन अवकाश की मांग की गई है। ज्ञापन पर प्रियंका , रेशमा ताम्रकार अन्नपूर्णा आदि के हस्ताक्षर बने हुये हैं।

## साइबर ठगों ने खाते से उड़ाये 31 हजार रुपये, पीड़ित ने की कार्रवाई की मांग

**नगीना, बिजनौर**। थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव निवासी एक युवक के खाते से साइबर ठगों द्वारा 31 हजार की धनराशि निकलने का मांमला प्रकाश में आया है। ठगी का शिकार हुए युवक ने बैंक सहित थाना बढ़ापुर में प्रार्थना पत्र देकर अपनी रकम वापसी के लिए गुहार लगाई गई है। जानकारी के अनुसार थाना बढापुर क्षेत्र के ग्राम ग्राम भरतपुर निवासी दीपक कुमार पुत्र रमेश सिंह नगीना एचडीएफसी बैंक का खाता धारक है। गुरुवार की रात्रि दीपक अपना मोबाइल फोन चार्जिंग पर लगाकर सो गया देर रात करीब 2 बजे जब दीपक शौच के लिए उठा तो उसने अपने मोबाइल पर मैसेज देखा की उसके खाते से करीब 31 हजार रुपए की धनराशि निकल गई है। मैसेज पढने के के बाद दीपक की नींद उड़ गई। दीपक सवेरे ही नगीना स्थित एचडीएफसी बैंक की शाखा में पहुंचा जहां पर उसने अपने खाते से निकल गई रकम वापस पाने के लिए गुहार लगाई तो बैंक कर्मचारियों द्वारा दीपक को बताया गया कि वह साइबर हेल्प डेस्क सहित संबंधित थाने में अपनी रिपोर्ट दर्ज कराए। दीपक ने बाद में साइबर न0 1930 पर फोन के माध्यम से अपनी रिपोर्ट दर्ज कराई तथा थाना बढ़ापुर में लिखित शिकायत देकर अपनी रकम वापस दिलाने के लिये की गुहार लगाई।

# तीन साल में रकम दोगुनी करने के नाम पर करोड़ों की धोखाधड़ी

जिला संवाददाता(vol)

ललितपुर। तीन साल में रकम दोगुनी करने का लालच देकर करीब तीन करोड़ रुपये की फर्जी कम्पनी खड़ी करने और रुपये वापस न लौटने का आरोप लगाते हुये तीन महिलाओं समेत नौ लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी गयी है। एसपी को दिये गये शिकायती पत्र पर दर्ज की गयी इस एफआईआर के बाद एलयूसीसी जैसे ही एक और बड़े स्कैम का पदार्फाश हो सकता है।

शहर क्षेत्र के सिविल लाइन निवासी शैलेन्द्र जैन पुत्र रूपचंद्र जैन ने एसपी को दी तहरीर में बताया कि विगत वर्ष 2023 के माह दिसम्बर में ग्राम बरौदा बिजलौन व हाल बी-बाजार के पास सिविल लाइन निवासी महेन्द्र सिंह व रामजी पुत्रगण देशपत लोधी उसके घर आये और बोले कि वह एमआई लाइफ स्टल कम्पनी का संचालन कर रहे हैं, जिसमें तीन साल में रुपया दोगुना हो जायेगा। बताया कि बालाजी ट्रांस्पोर्ट में भी पार्टनर ग्राम गनगोरा के मजरा पटपुरा व हाल पिसनारी चैराहा निवासी कल्यान सिंह पुत्र सिनाम सिंह व उनकी पत्नी गुड्डी, साले रेलवे कालोनी लोको पायलट झांसी चन्दन सिंह पुत्र किशोरी भी पार्टनर हैं। बताया कि कम्पनी में रुपया लगाने पर तीन साल में दोगुना हो जायेगा। योजना समझ न आने पर जब पीड़ित ने रुपया लगाने से इंकार किया तो उक्त लोग फिर से 10 दिन बाद महेन्द्र सिंह, रामजी पुत्रगण देशपत, सीता पत्नी महेन्द्र, हरकुंवर पत्नी देशपत, कल्यान पुत्र सिरनाम, गुडडी, चन्दन सिंह पुत्र किशोरीलाल, सावरकर चैक पुष्पबिहार कालोनी बीना जिला सागर निवासी हेमन्त पुत्र बारेलाल, बबीना झांसी के राजीव कुमार पुत्र भरत सिंह उसके घर एकराय होकर आये और फिर से विश्वास दिलाया कि तीन वर्ष में उनकी रकम को दोगुना कर देंगे। आरोप है कि उक्त लोगों ने साजिश व षड ?त्र कर फर्जी कूटरचित दस्तावेज तैयार कर उसका रुपया धोखाधड़ी कर हड़प लिया।

**● लाखों रुपये ठगे जाने के बाद पीड़ित ने दर्ज करायी एफआईआर**
**● संगठित गिरोह बनाकर करोड़ों की कम्पनी खड़ी करने का भी आरोप**

बताया कि पीड़ित ने दो बार बारी-बारी से 4 लाख व 3 लाख रुपया नकद दिये, जिसके एवज में महेन्द्र ने आईडीबीआई शाखा सिविल लाइन ललितपुर के खाता संख्या 1468104000078676 का एक चैक संख्या 155722 मुबलिग 3 लाख रुपये अपने हस्ताक्षर करके दिया एवं सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया शाखा वर्णी जैन इण्टर कॉलेज ललितपुर का खाता संख्या 0000003031102563 का चैक संख्या 005827 मुबलिग 1 लाख रुपये एवं 005828 मुबलिग 1 लाख रुपये का हस्ताक्षर करके दिया। पीड़ित ने बताया कि महेन्द्र सिंह ने अपने भाई रामजी व रिश्तेदार कल्यान सिंह के साथ मिलकर फर्जी कम्पनी बनाकर व ट्रांस्पोर्ट में रुपया लगाकर अपने साथियों के साथ मिलकर एक संगठित गिरोह बनाकर लोगों का कम्पनी में हिस्सा बनाने के नाम पर गरीबों के साथ षड ?त्र व धोखाधड़ी कर उनका रुपया हड़प कर लिया है। आरोप है कि करीब 3 करोड़ रुपया एकत्र कर उक्त लोग घर छोड़कर भागे हुये हैं।

बताया कि बीती 8 दिसम्बर 2024 को सुबह करीब 11 बजे पीड़ित अपने रिश्तेदार व मित्र देवेन्द्र व राकेश के साथ महेन्द्र के घर पहुंचा और रुपया वापस मांगा तो उक्त लोगों ने गालियां देते हुये रुपये हड़प लेने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर व एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 338, 336 (3), 319 (2), 318 (4), 316 (2), 352, 340 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## डम्फर की टक्कर से बाइक चालक समेत दो घायल

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जिजयावन निवासी नन्दलाल पुत्र बलराम सेन ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीती 22 दिसम्बर को उसका भतीजा दीपक पुत्र लखन अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 एस 4020 से जिजयावन से नाराहट जा रहा था। बताया कि अपराह्न करीब 3.30 बजे उसका भतीजा ग्राम बमरौला के पास पहुंचा ही था कि पीछे से आ रहे डम्फर संख्या यू.पी.94 ए.टी. 8707 के चालक ने तेजी व लापरवाही से डम्फर चलाकर उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका भतीजा बाइक से उछल कर पैदल जा रहे बमरौला निवासी गजाधर पुत्र शिवलाल से जा टकराया, जिससे उसका भतीजा व गजाधर गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को मौके पर मौजूद राहगीर संदीप पुत्र जमना प्रसाद व अरविन्द पुत्र गजाधर ने देखा और एम्ब्युलेंस के जरिए उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया।

## सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दुर्घटनाओं से बचाव के लिए लोगों को किया जागरुक




**धामपुर, बिजनौर**। डीएम के निर्देश पर धामपुर शुगर मिल में सड़क सुरक्षा माह के अभियान की शुरूआत मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता के आह्वान वर्ष के प्रथम दिवस से की गई। सड़क सुरक्षा अभियान जनवारी के पूरे माह चलेगा। धामपुर शुगर मिल के कारखाना महाप्रबंधक विजय गुप्ता एवं उनकी टीम के द्वारा सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए श्रमिकों, कर्मचारी, ठेकेदारों एवं मिल के अंदर एवं बाहर तथा पार्किंग एरिया में चारपहिया एवं दोपहिया वाहनों को लाने वालों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया तथा उन्हें हेलमेट तथा सीट बेल्ट पहनकर ही गाड़ी ड्राइव करने के लिए जागरुक किया गया। एचआर हेड विवेक यादव, गन्ना महाप्रबंधक ओमवीर सिंह, राने सिंह, सेफ्टी एवं सिक्योरिटी हेड भारत भूषण बरनी, अजय पांडेय एवं अन्य कर्मचारियों संजीव शर्मा, राजेंद्र सिंह, शरद गहलौत, अभिषेक त्यागी, डॉक्टर पंकज श्रीवास्तव, स्मृति यादव, कमल सिंह पवार, अरविंद सक्सेना, धर्मेंद्र, दिनेश राजपूत, पंकज शर्मा आदि ने ट्रकों, ट्रैक्टर ट्राली, मोटरसाइकिल, ई-रिक्शा, साइकिल, स्कूटी आदि पर लगभग 500 रिफ्लेक्टर चस्पा किया और सुरक्षित, कम स्पीड पर अपने-अपने वाहनों को चलाने के लिए सुझाव दिए गए। धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता द्वारा अभियान पूरे जनवरी माह चलाये जाने का निर्णय लिया गया है।

संक्षेप

## नेत्र मंदिर में नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन

आजमगढ़। नेत्र मंदिर हर्रा की चुंगी पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामेश्वर प्रसाद अग्रवाल व सुधीर कुमार अग्रवाल के चित्र पर माल्यार्पण किया गया व दीप प्रज्वलन कर आशीष गोयल व अशोक अग्रवाल, द्वारा संयुक्त रूप से निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया गया। जिसमें सैकड़ों की तादाद में लोगों ने अपनी आंखों का जांच करवाया। इस बाबत आशीष गोयल ने कहा कि गरीबों व असहाय की मदद करने का संकल्प हम लोगों ने लिया है, हमारा पूरा प्रयास रहेगा कि इस संकल्प के दृष्टिगत हम कर्तव्य को पूरा करते रहे। अशोक अग्रवाल ने बताया यह अस्पताल हमेशा गरीबों के इलाज के लिए जाना जाता है। अभिषेक जायसवाल दीनू ने बताया इनका परिवार हमेशा गरीब तबके के लोगों की मदद करता है। डॉ एसके मिश्रा और डॉक्टर पूनम कुमारी द्वारा मरीजों की आंखों की जांच की गई। इस अवसर पर अशोक अग्रवाल, अजय अग्रवाल, अध्यक्ष इनरव्हील प्रिया अग्रवाल, इनरव्हील की पूर्व अध्यक्ष अमित लता सिंह अमरनाथ अग्रवाल, रितेश गोयल, दीनानाथ सिंह, गौरव रघुवंशी, राघवेंद्र मिश्रा लड्डू, माया सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## क्षय मित्र बनायें, टीबी को हरायें : सीएमओ

ललितपुर। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिले में 24 मार्च 2025 तक सौ दिनों का सघन क्षय रोगी खोजी अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग अन्य विभागों के साथ मिलकर काम करेगा। अभियान में हाई रिस्क वाले क्षय रोगियों को खोज कर उनका इलाज किया जायेगा एवं अन्य विभागों के सहयोग से अधिक से अधिक लोंगों को जागरूक किया जायेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 इम्तियाज अहमद ने बताया कि कई क्षय रोगियों में कुपोषण की समस्या पायी जाती है। निःक्षय मित्र बनकर क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरित करके उनका स्वास्थ्य सुधार किया जा सकता है। आम जनमानस भी निःक्षय मित्र बनके इस अभियान को सफल बनाने में भागीदार बन सकते हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अपील पर 30 निःक्षय मित्र बनाये गये। इससे जनपद में कुल निःक्षय मित्रों की संख्या 74 हो गयी है। जिला क्षय रोग अधिकारी डा0 रामनरेष सोनी ने बताया कि इस अभियान के मुख्य उद्देष्य टी0बी0 के नये रोगियों को खोजना, व्यापक प्रचार प्रसार के माध्यम से सामुदायिक जागरूकता उत्पन्न करना, टी0बी0 रोगियों की मृत्यु दर कम करना, टी0बी0 रोग से पीडित व्यक्तियों में डिफरेंषिएटेड टी0बी0 केयर अप्रोच पद्वति को लागू करके तथा पोषण सम्बन्धी सहायता प्रदान करके मृत्यु की सम्भावना को कम करना, जोखिम वाली जनसंख्या की टी0बी0 स्क्रीनिंग और परीक्षण टी0बी0 के नये रोगी न बनने देना आदि है। क्षय रोग से ग्रसित मरीजों को समय पर इलाज उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। अभियान को सफल बनाने के लिये प्रभावषाली व्यक्तियों एवं धर्मगुरूओं से भी सहयोग लिया जा रहा है। पब्लिक हेल्थ स्पेषलिस्ट डा0 सौरभ सक्सेना ने बताया कि टी0बी0 की बीमारी से ग्रसित लोगों को गोद लेने के लिये आम जन को प्रेरित किया जा रहा है। निःक्षय मित्र बनकर क्षय रोगियों के पोषण में सुधार करके आमजन उनसे सच्ची मित्रत्रा निभा सकते है।

## शिकायतों का समयबद्ध तरीके से करें निस्तारण

आंवला, बरेली। तहसील सभागार में मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सीडीओ जगप्रवेश और एसडीएम आंवला एन राम ने आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुना और शिकायतों को सुनकर संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द गुणवत्ता पूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की कोई भी कोताही न बरती जाए। तहसील समाधान दिवस के दौरान राजस्व से संबंधित 52, पुलिस से संबंधित 21 , विकास विभाग से संबंधित 8 ,समाज कल्याण विभाग से संबंधित 9 और अन्य 7 विभागों सहित कुल 97 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से 10 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। तहसील समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी एन राम, तहसीलदार आंवला आशीष कुमार सिंह, नायब तहसीलदार अरविंद कुमार, क्षेत्राधिकारी नितिन कुमार, सप्लाई इंस्पेक्टर शंभू नाथ, बिजली विभाग एसडीओ कामेश कुमार, नगर पालिका आंवला अधिशासी अधिकारी जितेंद्र कुमार तथा सभी विभाग के अधिकारी और प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# लेखपाल की गिरफ्तारी पर भड़का संघ, एडीएम को सौंपा ज्ञापन



जिला संवाददाता(vol)

दुद्धी, सोनभद्र। गाजीपुर जिले में तैनात एक लेखपाल की जबरन गिरफ्तारी से लेखपालों में आक्रोश व्याप्त हैं और गिरफ्तारी को लेकर सवाल खड़े करते हुए उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के आह्वान पर दुद्धी लेखपाल संघ के अध्यक्ष विनय कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील प्रांगण में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। धरना पर घंटो बैठने के बाद करीब 2 बजे दुद्धी तहसील समाधान दिवस में आए एडीएम सहदेव मिश्रा को ज्ञापन सौंपा ।लेखपालों का आरोप हैं कि सम्बन्धित लेखपाल, शिकायतकर्ता के गाँव से कई किमी दूर दूसरे गाँव में अनेको ग्रामवासियों की उपस्थिति में पैमाईश कर रहा था।

इसी मध्य शिकायतकर्ता ने आकर लेखपाल की जेब में पैसा डाल दिया जिसे लेखपाल ने नाराज हुए बाहर निकाल कर वापस दिया। इतने में ही एण्टी करप्शन की टीम द्वारा लेखपाल को उठा लिया गया। वीडियों में स्पष्ट रूप से ग्रामवासी बोल रहे हैं कि लेखपाल ने कोई पैसा नहीं लिया है अपितु पैमाईश का कैलकुलेशन कर रहा था और शिकायतकर्ता ने जबरन लेखपाल की जेब में पैसा रखकर एण्टी करप्शन से पकडवाया है ।जिस तरह जबरन लेखपाल को फसाया जा रहा हैं वैसी स्थिति में कस्तकारों का काम करना मुश्किल होता जा रहा हैं। लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष विनय कुमार गुप्ता ने बताया कि आज शनिवार को मुख्यमंत्री महोदय को सम्बोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा गया हैं।

इस दौरान प्रवीण सिंह, विशाल वर्मा, संतोष यादव,महेंद्र यादव, अरुण कन्नौजिया, मुकेश गुप्ता, कुंदन कुमार, सावित्री यादव,वर्षा वर्मा, रीता, अनीता, कानूनगो संघ से रामनाथ यादव, बृजबिहारी, रामचंद्र दिवाकर सहित अन्य लेखपाल सहित राजस्व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डीएम, एसपी ने इंको प्वाइंट का किया निरीक्षण

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने आज पर्यटन विकास के मद्देनजर इंको प्वाइंट का स्थलीय निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने इंको प्वाइंट पर हो रहे निर्माण के सम्बन्ध में जानकारी ली। इंको प्वाइंट के निर्माण व मरम्मत के कार्य को अति शीघ्र व गुणवत्ता पूर्ण तरीके से किये जाने के निर्देश सम्बन्धितों को दियें।




उन्होंने निरीक्षण के दौरान कहा कि इंको प्वाइंट के पार्क में बच्चों के खेलने के साधन व सुरक्षा व्यवस्था का बेहतर प्रबन्ध किया जाये, ताकि बच्चों को किसी प्रकार की समस्या न होने पायें। पर्यटन विकास की प्रतिबद्धता दोहराते हुए इंको प्वाइंट को पर्यटन के रूप में विकसित करते हुए पर्यटको को आकर्षित करने के साथ ही जिले के वन, पहाड़ तथा सांस्कृतिक एवं पुरातात्विक महत्व के स्थलों का विकास कराने के निर्देश सम्बन्धितों को दिये।

## चौकियों की स्थापना का उद्देश्य पीड़ित को निकट न्याय दिलाने के लिए की जा रही पहलः एसपी



महमूदाबाद/सीतापुर। चौकियों की स्थापना का उद्देश्य पीड़ित की निकट न्याय दिलाने के लिए की जा रही पहल है। ग्रामीण पुलिस के आंख, कान होते हैं, इनके सहयोग के बिना अपराध पर नियंत्रण संभव नहीं है। गांवों के साथ चौराहों व प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाएं जिससे अपराध पर अंकुश लग सके। साइबर ठगी से ग्रामीण सावधान रहें, किसी भी कीमत पर मोबाइल नंबर पर आई ओटीपी किसी को शेयर न करें। जागरूक लोग गांव के अन्य को साइबर ठगी से बचने के प्रति जागरूक करें। उक्त बातें पुलिस अधीक्षक सीतापुर चक्रेश मिश्र ने महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र की पुलिस चौकी सिरौली व पुलिस चौकी ऊंचागांव का उद्घाटन फीता काटकर करते हुए कही। पं. अभिषेक अवस्थी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजन अर्चन कर चौकी का उद्घाटन कराया गया। एसपी ने कहा कि गांव में शरारती और अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों की जानकारी ग्रामीणों को अच्छे से होती है और वे यदि मोबाइल के माध्यम से क्षेत्रीय चौकी इंचार्ज या आरक्षियों को दे दें तो उन्हें चिन्हित कर उनपर आसानी से अंकुश लगाया जा सकता है। इस मौके पर सीओ वेद प्रकाश श्रीवास्तव व प्रभारी निरीक्षक महमूदाबाद अनिल सिंह ने बुके देकर पुलिस अधीक्षक का स्वागत किया। संचालन सीता ग्रुप एजुकेशन के चैयरमैन आरके वाजपेयी ने किया। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक सदरपुर मुकुल प्रकाश वर्मा, एसएसआई अरविंद कटियार, चैकी इंचार्ज अरुण कुमार सिंह, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, शैलेन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## कोर वैल्यूज इनोवेशन एंड लर्निंग व टोटल क्वालिटी एंड सेफ्टी उत्सव का समापन




सोनभद्र, सिंगरौली। एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना के उमंग भवन में कोर वैल्यूज इनोवेशन एंड लर्निंग तथा टोटल क्वालिटी एंड सेफ्टी उत्सव का भव्य रूप से समापन किया गया।

दो महीने तक चले इस उत्सव में नवाचार, रचनात्मकता और उत्कृष्टता का शानदार प्रदर्शन हुआ, जिसमें पोस्टर बनाने, क्विज, क्रॉसवर्ड, कहानी लेखन, स्लोगन प्रतियोगिताएं और कर्मचारियों तथा उनके परिजनों के लिए टेस्टी इनोवेशन कुकिंग प्रतियोगिता जैसी कई गतिविधियाँ शामिल थीं। विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने विज्ञान के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करते हुए प्रदर्शनियां लगाईं। दैनिक फ्लायर्स, वरिष्ठ प्रबंधन द्वारा दिए गए प्रेरणादायक संदेश, और इंटरनेशनल पेज पर डाले गए वेबिनार ने इस उत्सव को और भी समृद्ध किया, जिससे निरंतर लर्निंग और इनोवेशन की भावना को बढ़ावा मिला। समारोह का एक महत्वपूर्ण आकर्षण था। ई. सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) द्वारा सुरक्षा कथा सागर का अनावरण। यह 21 कहानियों का एक अभिनव संकलन था, जिसे आधुनिक एआई उपकरणों का उपयोग करके वीडियो में बदला गया था। इन कहानियों ने स्टेशन पर विभिन्न खतरों को और कर्मचारियों तथा संविदा श्रमिकों के लिए सुरक्षित कार्य प्रथाओं को दर्शाया। 2023 बैच के एग्जीक्यूटिव ट्रेनीज ने इस रूपांतरण को बखूबी अंजाम दिया, जिसके लिए उन्हें शीर्ष प्रबंधन द्वारा विशेष सराहना प्राप्त हुई और उन्हें एक स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। यह आकर्षक और दृश्यात्मक प्रारूप सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। समारोह का एक और प्रमुख क्षण था ऑपरेशन विभाग के संविदा श्रमिकों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक। इस नाटक ने हास्य के साथ महत्वपूर्ण संदेश दिए, जो दर्शकों को न केवल मनोरंजन प्रदान करने में सफल रहा, बल्कि गहरे और प्रभावी पाठ भी दिए। इस प्रस्तुति को तालियों और सराहना से नवाजा गया। समारोह का समापन एक भव्य पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जिसमें इनोवेशन एंड लर्निंग तथा टोटल क्वालिटी एंड सेफ्टी के मूल्यों को सम्मानित करने वाली प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर ई. सत्य फणि कुमार, डॉ. बी.सी. चतुर्वेदी, संजीब कुमार साहा, त्रिलोक सिंह, सुजय कर्माकर, राजशेखर पाला, जे. राजकुमार, राकेश अरोड़ा, अंजन पाल, उमेश कुमार, सहित सभी कोर वैल्यू चैंपियंस मौजूद थे ।

## दुष्कर्म के दोषी छोटेलाल को 10 वर्ष की कैद

जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। साढ़े छह वर्ष पूर्व 17 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश ध्विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र अमित वीर सिंह की अदालत ने शनिवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी छोटेलाल को 10 वर्ष की कैद एवं 50 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

अर्थदंड न देने पर तीन माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 40 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक रॉबर्ट्सगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता ने 26 अप्रैल 2018 को रॉबर्ट्सगंज थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि एक दिन पूर्व वह बारात में गई थी। 26 अप्रैल 2018 को सुबह 4 बजे उसे छोटेलाल पुत्र पुरुषोत्तम निवासी अलऊर गुरदह , थाना चोपन, जिला सोनभद्र अपने एक साथी के साथ जबरन उसे उठा ले गए। जब वह चिल्लाने लगी तो मुंह में कपड़ा ठुस दिया और उसका साथी कुछ दूर चला गया। वहीं से लोगों को देख रहा था, जबकि छोटेलाल ने उसके साथ जबरन बलात्कार किया। उसकी उम्र 17 वर्ष है। आवश्यक

- 50 हजार रुपए अर्थदंड, न देने पर तीन माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी

कार्रवाई करें। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट में चार्जशीट दाखिल किया था।

मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, 9 गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी छोटेलाल को 10 वर्ष का कारावास एवं 50 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर तीन माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 40 हजार रुपये पीड़िता को मिलेगा। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

## जरूरतमंदों को कंबल और मिष्ठान बांटकर मनाया जन्मदिन




दुद्धी, सोनभद्र ।दुद्धी कस्बे के रामलीला मैदान परिसर में स्थित प्रगति वस्त्र बैंक के तत्वावधान में शनिवार को ठंड से राहत हेतु गरीब असहाय जरूरत मंद लोगों में कंबल, व मिष्ठान वितरण किया गया ।मिठाई और कंबल पाकर असहायों के चेहरे खिल उठे। प्रगति वस्त्र बैंक संचालक विकास अग्रहरि ने बताया कि राजेश जायसवाल के पुत्र शुभम जायसवाल ने अपने जन्मदिन पर 111 कंबल वस्त्र बैंक को दान किया था। इसलिए उनकी उपस्थिति में आज मिठाई और कंबल वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि नगर कई गणमान्य द्वारा प्राप्त कंबल आज करीब 215 कंबल का वितरण किया गया। नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी राजेश जायसवाल उर्फ राजू जायसवाल के जन्मदिवस के अवसर पर उनके पुत्र शुभम जायसवाल की नेक पहल व विचार के कारण हमारे वस्त्र बैंक को 111 कंबल व वृद्ध जनों के लिए मिष्ठान प्राप्त हुआ, जो सराहनी कार्य है, हर व्यक्ति अपना जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से अपने घरों पर, होटल में ,प्रतिष्ठानों में एवं अन्य स्थानों पर मानते है और हजारों, लाखों रुपए खर्च कर देते हैं ,वही आज कस्बे के प्रतिष्ठित व्यापारी के पुत्र व उनके परिवार जनों के द्वारा जन्मदिन पर जरूरतमंद, वृद्धजन ,असहाय लोगों के बीच मनाया गया जो अति सराहनी व दिल को छू जाने वाला कार्य है। हर व्यक्ति को इस तरह का सामाजिक कार्य कर अपने अच्छे दिनों को व्यतीत करना चाहिए ,जिससे कि ऐसे जरूरतमंदों की कुछ आवश्यकता पूर्ण हो सके और उनका आशीर्वाद इन दयालु लोगों को प्राप्त हो सके, विकास अग्रहरि ने अपने और अपने टीम की ओर से कंबल वितरण करने वाले परिवार जनों का आभार व्यक्त किया है ।वही अपने वस्त्र बैंक द्वारा इकट्ठा किए गए अन्य कंबलों का भी वितरण किया। कंबल पाकर जरूरतमंदो के चेहरे पर अलग मुस्कान देखी गई।

## साप्ताहिक बंदी दिवस घोषित

सोनभद्र। जिलाधिकारी बद्रीनाथ सिंह ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश दुकान और वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम-1962 सपठित प्रादेशिक नियमावली, 1963 के नियम 06 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त अधिनियम सूची-1 में सम्मिलित नगर पालिका टाउन एरिया नोटिफाइड एरिया में आवर्त समस्त दुकानों वाणिज्य अधिष्ठानों हेतु (अनुसूची 2) में उल्लिखित दुकानों वाणिज्य अधिष्ठानों को छोड़कर) आवर्त क्षेत्र के दिवस को अधिनियम धारा-08 (2) के अंतर्गत कैलेंडर वर्ष 2025 के लिए साप्ताहिक बंदी दिवस घोषित किया जाता है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र रावर्ट्सगंज, दुद्धी, मुर्धवा, अनपरा, शक्तिनगर, विण्ढमगंज, का बन्दी का दिन बुधवार निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार से टाउन एरिया क्षेत्र घोरावल नोटिफाइड एरिया क्षेत्र गुरमा, चुर्क, ओबरा, रेनुकूट मंगलवार को बंदी रहेगा। नोटिफाइड एरिया क्षेत्र चोपन, पिपरी व रिहन्दनगर सोमवार को बन्दी रहेगा। इसी प्रकार से म्योरपुर, रेनुसागर, पन्नूगंज, रामगढ़ व डाला गुरूवार को बन्दी रहेगा तथा शाहगंज शक्रवार को बन्दी रहेगा। उन्होंने बताया कि अनुसूची 02 मैं खान-पान नाश्ता समाचार पत्र पत्रिका दवा खाना सब्जी मिठाई दूध मांस अंडा फल फूल फूल हरा चारा सिनेमा मनोरंजन केंद्र क्लब आवासीय होटल वाहन ईंधन बाल कटवाने की दुकान सरकारी लाइसेंस सुधा शराब की दुकान सौदा के प्रयोजन की दुकान परिवहन की सेवाएं विद्युत एवं जल आपूर्ति से संबंधित प्रतिष्ठान साइकिल और रिक्शा रिपेयरिंग की दुकानें सम्मिलित है,जिन पर साप्ताहिक बंदी दिवस के प्रावधान लागू नहीं होंगे।

## शीघ्रता से न्याय मिलना आज की आवश्यकताः न्यायमूर्ति

जौनपुर। त्वरित न्याय दिलाने में सबसे बड़ी भूमिका अधिवक्ता का होता हैं अधिवक्ता वादकारी एवं न्यायाधीष के बीच सेतु बनकर कार्य करता हैं उक्त विचार दीवानी अधिवक्ता संघ द्वारा आयोजित सिविल कोर्ट जौनपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष कुमार श्रीवास्तव संतोषी बाबू की 19वी पुण्यतिथि पर सेमिनार त्वरित न्याय में न्याय पालिका कार्य पालिका विधायिका एवं अधिवक्ताओ की भूमिका सेमिनार में मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति जस्टिस नरेन्द्र कुमार जौहरी लखनऊ खंडपीठ ने कहा ।




उन्होने कहा कि शीघ्रता से न्याय मिलना आज की आवश्यकता है आम आदमी आज भी न्याय पालिका में विश्वास और सम्मान करता हैं। किसी भी शसक्त राष्ट्र के लिए स्वतंत्र न्यायपालिका की आवश्यकता होती हैं स्वतंत्र न्यायपालिका के अभाव में राष्ट्र पतन की ओर चला जाता हैं व्यवस्थापिका एवं कार्यपालिका को न्यायपालिका ही नियंत्रित करती हैं। जूनियर अधिवक्ताओं को अपने सीनियर अधिवक्ताओं का सम्मान करना चाहिए जौनपुर अधिवक्ता संघ का नाम बहुत सुना था आज आने का सौभाग्य मिला। त्वरित न्याय के लिए न्याय पालिका कार्य पालिका विधायिका सभी सक्रिय हैं ।जिला जज अनिल कुमार वर्मा ने कहा अधिवक्ता न्याय पालिका का दर्पण होता हैं जो वादकारियों की बातों को न्यायालय में रखता है। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द ने कहा कि न्यायालय सर्वोपरि है यदि समाज में न्याय शब्द हटा दिया जाए तो लोगों का विश्वास खत्म हो जाएगा त्वरित न्याय न्याय के लिए सभी लोग अपना योगदान देते रहे। पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तूभ ने कहा कि त्वरित न्याय में अधिवक्ता हमेशा तत्पर रहते है और वकालत पेशा सम्मानजनक होता हैं ।अध्यक्षता सुभाष चंद्र यादव अध्यक्ष दीवानी अधिवक्ता संघ संचालन मंत्री रणबहादुर यादव ने किया आभार कार्यक्रम संयोजक राजेश श्रीवास्तव बच्चा भईया बच्चा भईया एडवोकेट ने किया।

## अहिरबुड़वा के कोटेदार पर ग्रामीणों ने लगाया अनियमितता का आरोप, उठाई जांच की मांग

दुद्धी, सोनभद्र। दुद्धी तहसील व म्योरपुर ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत अहिरबुड़वा के सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानदार पर अनियमितता का आरोप लगाते हुए तहसील समाधान दिवस पर शिकायती पत्र देकर जाँच करने की मांग उठाई हैं। तहसील दिवस में दिए प्रार्थना पत्र में ग्रामीण राजदेव, जगदीश राजकुमारी,रामप्यारे, राम प्रताप,कुसुम, लीलावती सहित अन्य ग्रामीणों का आरोप हैं कि कोटेदार द्वारा हम सभी ग्रामीणों को कई बार से बेवकूफ बनाया जा रहा हैं, कभी अंगूठा लगवाकर कर राशन नही दिया जाता हैं तो कभी अंगूठा लगने के बाद भी कह दिया जाता हैं कि जाओ तुम्हारा अंगूठा नही लग रहा हैं। इसके दुकान भी समय से नहीं खुलता और अंगूठा दोपहर में लगवाया जाता है या फिर मशीन खराब है यह कह कर वापस कर दिया जाता है ।साथ ही ग्रामीणों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए कहा जाता हैं कि तुमलोगों को जहाँ जाना हैं जाओ हमारा हर जगह सेटिंग हैं इसलिए हमारा अधिकारी भी हमको कुछ नही करता हैं ।ग्रामीणों ने मांग की हैं कि ग्रामीणों की उपस्थिति में कोटा दुकान की जाँच करके उचित कार्यवाही करने की कृपा करें ताकि हमलोगों को सरकारी द्वारा निर्धारित गल्ला समय से मिल सके।

## भगदड़ अग्निकांड व डूबने की घटनाओं से बचाव के लिए किया मॉक अभ्यास




जिला संवाददाता(vol)

मीरजापुर ।जनपद में शनिवार को जिलाधिकारी के निर्देशन में तथा अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के मार्गदर्शन में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा महाकुंभ 2025 में आने वाले श्रद्धालुओं के सुरक्षा के दृष्टिगत विभिन्न विभागों कि तैयारीयों कि परख हेतु महंत शिवाला स्थित होटल जैनेक्स, ट्रेंड्स मॉल, एवं नार घाट-मीरजापुर में एक मॉक अभ्यास का आयोजन किया गया ।

अपर जिलाधिकारी-वित्त एवं राजस्व द्वारा यह अवगत कराया गया की आयोजित मॉक अभ्यास को महाकुंभ-2025 के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के द्वारा जारी दिशा निर्देशिका के अनुसार आयोजित कराया गया है ' आयोजित मॉक अभ्यास में तीन सिनेरियो क्रमशः डूबना, अग्निकांड और भगदड़ के दौरान राहत एवं बचाव कार्य पर कार्यवाही की गई थी ' सर्वप्रथम महंत शिवाला स्थित होटल जेनेक्स में अग्निकांड की घटना दिखाते हुए भगदड़ का सिनेरियो बनाया गया जिसमें की अग्निशमन विभाग तथा अन्य विभागों ने अग्निशमन करते हुए राहत एवं बचाव कार्य को पूर्ण किया ' उक्त सिनेरियो के अतिरिक्त नार घाट-मीरजापुर में मॉक अभ्यास में यह प्रदर्शित किया गया कि कुछ लोग नदी में नहाने के दौरान डूब रहे हैं तथा उन डूबते हुए लोगों को मीरजापुर में तैनात राज्य आपदा मोचक बल कि टुकड़ी के द्वारा बचाया गया ' इस मॉक अभ्यास में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) शिव प्रताप शुक्ल, क्षेत्राधिकारी नगर श्री विवेक जावला एवं पुलिस विभाग कि टीम, फायर सेफ्टी ऑफिसर अनिल प्रताप सरोज एवं अग्निशमन विभाग की टीम, एस0 डी0 आर0 एफ टीम प्रभारी कुमार सौरभ सिंह एवं उनकी टीम, उप मुख्यचिकित्सा अधिकारी डॉ वी0के0 भारती एवं चिकित्सा विभाग की टीम, जिला आपदा विशेषज्ञ अंकुर गुप्ता, प्रधान सहायक कलेक्ट्रेट अनूप संतु वाला एवं अन्य अधिकारी गण के साथ आपदा मित्रों कि टीम मॉक स्थल पर मौजूद थी।

## राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना सदैव हिंदुत्व के कल्याण के लिए कार्य करती रहेगी

सीतापुर। राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के पंचम स्थापना दिवस पर आयोजित हिंदू महासम्मेलन पूरा शहर भगवा रंग में रंगा नजर आया बहुत ही दिव्य एवं भव्य शोभायात्रा जिसकी शुरूआत राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के राष्ट्रीय कार्यालय सिविल लाइन से हुई जो शहर के विभिन्न मार्गों पर होते हुए कार्यक्रम स्थल राजा कॉलेज मैदान पर पहुंची शोभायात्रा में घोड़े पर सवार छात्राएं रानी लक्ष्मीबाई के रूप में लव जिहाद की थीम पर बनाया गया मॉडल ओर राम मंदिर मॉडल विशेष आकर्षण का केंद्र था एक बहुत ही लंबा कारों का काफिला मोटरसाइकिल एवं पैदल लोग हजारों की संख्या थी हर तरफ सिर्फ भगवा रंग ही नजर आ रहा था ।




कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास एवं साधु संतों के द्वारा दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरूआत की गई कार्यक्रम की शुरूआत में संगठन के राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप हिंदू के द्वारा संगठन की नीतियों के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई संगठन ने अभी तक समाज हित में क्या कार्य किया यह बताया गया और आगामी भविष्य की योजनाएं बताई कार्यक्रम को प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश दीपक गुप्ता जी के द्वारा संबोधित करते हुए कहा गया की बहुत ही जल्द संगठन का एक टोल फ्री नंबर जारी किया जाएगा जिससे 24 घंटे हम अपने लोगों के सीधे संपर्क में रह सकेंगे केसरिया हिंदू युवा वाहिनी के संस्थापक अध्यक्ष अतुल मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारी मंजिलें अलग-अलग हो सकती हैं लेकिन लक्ष्य हमारा सब का एक है इसलिए सभी संगठनों को हिंदुत्व के और सनातन के कार्य के लिए एक बैनर तले कार्य करना चाहिए समारोह को सीतापुर के पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मुनेंद्र अवस्थी ने भी संबोधित किया रमेश बाजपेई अध्यक्ष सीता ग्रुप आफ कॉलेज खैराबाद चेयरमेन प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने भी संबोधित किया महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनीता सोनी एवं राष्ट्रीय सचिव मातृशक्ति श्रीमती शिवानी त्रिवेदी ने भी सम्बोधित किया राष्ट्रीय संरक्षक रामकिंकर पांडे जी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा आज राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना एकमात्र ऐसा संगठन है जो खुलकर हिंदुओं का साथ और हिंदुओं का विकास करने की बात कहता है लव जिहाद की स्क्रिप्ट पर आधारित एक नाट्य रूपांतरण छात्र-छात्राओं द्वारा पेश किया गया कार्यक्रम में पुजारी एवं महंत को अंगवस्त्र एवं शील्ड देकर के सम्मानित किया गया कार्यक्रम में आए हुए सभी विशिष्ट अतिथियों को अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर के सम्मानित किया गया समाज के विभिन्न क्षेत्रों से एडवोकेट पत्रकार को भी अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम को विदेश से आयी डॉक्टर ग्रेवील ने संबोधित करते हुए सनातन धर्म के महत्व के विषय में बताया कार्यक्रम में कई प्रदेशों के पदाधिकारी उपस्थित हुए सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया अंत में मुख्य वक्ता के रूप मे भाषण देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिंदू ने उपस्थित जन मानस को बताया कि राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना सदैव हिंदुत्व के कल्याण के लिए कार्य करती रहेगी राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना की बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना 18 वर्ष से 40 वर्ष तक के सभी कार्यकर्ता की निःशुल्क दुर्घटना बीमा योजना के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी और आगामी भविष्य में और दो योजनाएं इस तरह से लाने का वादा किया और कहा कि हमारा जीवन पूर्ण रूप से सनातन और हिंदुत्व को समर्पित है इसलिए हमारा स्लोगन है हिंदुओं का साथ और हिंदुओं का विकास कार्यक्रम के अंत में पंचम स्थापना दिवस समारोह समिति के अध्यक्ष विवेक हिन्दू ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया और पदाधिकारी ने पूर्ण ऊर्जा और सहयोग के साथ कार्यक्रम में भाग लिया इसके लिए सभी को धन्यवाद दिया।

देश विदेश से जुटे साधु संतों ने हिंदू धर्म के बारे में विस्तृत चर्चा की ।आने वाले समय में हिंदुत्व की जड़े कैसे मजबूत की जाए इस बारे में हिंदू सम्मेलन में एक मत होकर हिंदुत्व का प्रचार प्रसार करने की प्रतिज्ञा ली गई ।कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद खैराबाद अभिषेक गुप्ता बबलू भैया पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मुनींद्र अवस्थी अतुल मिश्रा प्रभात अग्निहोत्री प्रदीप शुक्ला बूंदी राजस्थान राजकुमारी करिश्मा हाडा व विदेश से आई कई साधु संत मौजूद रहे।

संक्षेप

## स्नातक सेमेस्टर में 92173 के सापेक्ष 3222 परीक्षार्थी अनुपस्थित

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की एनईपी बीए, बीएससी व बीकॉम प्रथम, तृतीय व पंचम सेमेस्टर की तीन पालियों की परीक्षा में 92173 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 3222 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली की परीक्षा में 60786, द्वितीय पाली में 9768 व 21619 परीक्षार्थियों में से क्रमशः 2677, 153 व 392 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि विषम सेमेस्टर की तीन पालियों की परीक्षा में शनिवार को 92173 परीक्षार्थियों में से 3222 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस तीन पालियों की परीक्षा में 41291 छात्र व 50882 छात्राएं रही जिनमें 2266 छात्र एवं 956 छात्राएं अनुपस्थित रही।

# महाकुम्भ के दौरान अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को न हो असुविधाः सीएम योगी

जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को भाजपा कार्यकताओं से बैठक के उपरांत प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज के सभागार में जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ-2025 के दौरान अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, क्लाइड मैनेजमेंट, आश्रय स्थल आदि को लेकर जानकारी हासिल की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज



महाकुम्भ-2025 में 40-45 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इसमें से अधिकांश श्रद्धालु अयोध्या भी आएंगे। यहां श्रद्धालु रामलला, हनुमानगढ़ी, सूर्यकुंड समेत अनेक मंदिरों व स्थलों पर दर्शन करेंगे। स्थानीय प्रशासन दर्शनार्थियों की सुरक्षा, क्लाउड मैनेजमेंट, दर्शन-पूजन, आश्रय स्थल आदि को लेकर सारी तैयारी पूर्ण कर ले। ठंड के मौसम में किसी भी श्रद्धालु को यहां परेशानी नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने स्वच्छता पर जोर दिया। साथ ही कहा कि यहां अलाव आदि की भी समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। मंडलायुक्त गौरव दयाल ने महाकुम्भ-2025 के संबंध में अयोध्या में होने वाली तैयारियों को लेकर प्रस्तुतिकरण भी दिया गया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। समीक्षा बैठक में स्थानीय प्रशासन, पुलिस व जिले के आलाधिकारी मौजूद रहे।

## बीबीपीएल में शनिवार को दौलतपुर व पुरैनी की टीमें जीतीं

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** विकासखंड मिल्कीपुर के ग्राम पंचायत अरमारुपीपुर-सफदरभारी में चल रही बीबीपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मैचों में शनिवार को दौलतपुर और पुरैनी की टीमें जीतीं। पहले मैच में दौलतपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 107 रन बनाएं इसके जवाब में मेहदौना 72 रन ही बना सकी और मुकाबला 35 रनों से हार गई, इस मैच में मोहम्मद शुजात मैन ऑफ द मैच रहे। दूसरे मैच में पुरैनी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 91 रन बनाए जिसके जवाब में पिपरी 87 रन ही बना सकी और मुकाबला महज 4 रनों से हार गई, इस मैच में सूरज यादव मैन ऑफ द मैच रहे। इससे पहले मुख्य अतिथि व्यापार मंडल अध्यक्ष बारुन बाजार श्याम किशोर कौशल ने फीता



काटकर क्रिकेट मैच का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए जीवन में खेलों के महत्व को रेखांकित किया और खिलाड़ियों को खेल के दौरान खेल भावना से प्रदर्शन करने की बात कही। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अजय शुक्ल, मनीष ओझा, गगन ओझा, डब्बू गुप्ता, सोनू पांडेय, अनिल ओझा, सुमित पांडेय समेत बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## रेडक्रॉस सोसाइटी पदाधिकारियों ने अस्पताल के वार्डो के लिए भेंट किये हीटर



**बाराबंकी।** रेडक्रॉस सोसाइटी चेयरमैन शैलेन्द्र सिंह के नेतृत्व में रेडक्रॉस सोसायटी पदाधिकारियों ने जिला महिला अस्पताल के वार्डो में रूम हीटर भेट किये। रेडक्रॉस चेयरमैन श्री सिंह ने कहा कि विगत दिनों समाचार पत्रों द्वारा अस्पताल के वार्डो में भर्ती मरीजों को ठंढ से बचाने के लिए रूम हीटर लगाने की जानकारी मिलने पर सदस्यो ने संवेदनशील होकर मरीजों की सुविधा हेतु अपने आर्थिक योगदान से दस रूम हीटर और ब्लड बैंक में दो रूम हीटर दान किये है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 डी0के श्रीवास्तव ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रेडक्रॉस जाना जाता है। जब भी कहीं युद्ध, या आपदा आती है वहां लोग रेडक्रॉस की सहायता सेवाओं की सराहना करते है। इस अवसर पर जिला महिला अस्पताल मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ प्रदीप कुमार, रेडक्रॉस शासकीय सचिव डॉ0 राजीव कुमार, हुमायू नईम खां, आशीष वर्मा, प्रीतम वर्मा, अंकुर माथुर, डॉ0 सुविद्या वत्स, चंद्रशेखर कांडपाल, नेहा सिंह आनंद, बृजेन्द्र कुमार यादव, आदित्य दीक्षित, सोनू वर्मा, अंजू रानी, चमन सिंह वर्मा, रत्नेश कुमार, डॉ0 एस0के0 वर्मा, रोहिताश्व दीक्षित, पंकज यादव, हरपाल सिंह मौजूद रहे।

## नगर पंचायत गोसाईगंज के सीमा विस्तार की उठी मांग

जिला संवाददाता(vol)

**गोसाईगंज-अयोध्या।** आजमगढ़-लखनऊ राजमार्ग पर अयोध्या मंडल की सबसे पुरानी बाजार पूर्वांचल सीमांत स्थित राज्य की लगभग आठ दशक पुरानी गोसाईगंज नगर पंचायत के सीमा का विस्तार किए जाने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है।गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद एवं श्री सीता राम जी विराजमान मंदिर सेवा ट्रस्ट कस्बा दिलासीगंज की सदस्य आरती जायसवाल ने मुख्यमंत्री, नगर विकास मंत्री के साथ साथ मंडलायुक्त एवं डीएम को पत्र भेज कर जल्द से जल्द गोसाईगंज नगर पंचायत से सटे दर्जनों गांवो को नगर पंचायत की सीमा में मिलकर इसका विस्तार किए जाने की मांग की है।भेजे गए पत्र में सभासद श्रीमती जायसवाल ने दशार्या है कि योगी आदित्यनाथ की सरकार ने अपने पिछले कार्य काल में प्रदेश में विकास हेतु कई ग्रामों को मिलाकर दर्जनों से अधिक नई नगर पंचायतो का गठन किया। परंतु राज्य की सबसे पुरानी नगर पंचायत गोसाईगंज का सीमा विस्तार आज तक नहीं किया गया। गौरतलब हो कि नगर के विकास एवं सीमा विस्तार हेतु पिछले बोर्ड के कार्यकाल में सभासद ध्रुव भोजवाल द्वारा भी सीमा विस्तार का मांग जहां उठाई जा चुकी हैं वहीं इस बार भी नगर पंचायत के बोर्ड बैठक में सभी सदस्यों ने एक स्वर से प्रस्ताव पास कर सीमा विस्तार किए जाने पर अपनी मुहर लगा दी है। मजेदार बात यह है कि बीते डेढ़ दशक से कई पार्टी संगठनों एवं क्षेत्रीय जनता ने भी सांसद से लेकर विधायक तक मांग पत्र भेजकर तथा समय-समय पर समाचार पत्रों के माध्यम से सीमा विस्तार के लिए शासन प्रशासन का ध्यानाकर्षण कराया, लेकिन कोई राजनैतिक पकड़ न होने के कारण उनकी यह मांग नक्कार खाने में तू ती की आवाज बन कर रह गई। नगर से सटे ग्राम रामगंज, बेलवारी खान, किसुनीपुर, शिवगढ़, समदा, राम नगर मिश्रौली, काजीपुर गाड़र, पुरउवा, तेजापुर, धारूपुर, चिरकटहा जैसे कई ऐसे गांव हैं जो नगर पंचायत की सीमा से जुड़े होने के कारण इनकी पहचान गोसाईगंज से ही होती है। इन ग्रामों में रहने वाले लोग गोसाईगंज नगर पंचायत के करीब होते हए भी शहरी सुविधाओं से वंचित है। सभासद श्रीमती जायसवाल ने बताया कि इन ग्राम पंचायत को नगर पंचायत में मिला लेने से सीमा विस्तार के साथ-साथ इन्हें शहरी सुविधाएं जहां मिलेगी वहीं नगर पंचायत के आय में भी भारी वृद्धि होगी।

# तीन दिवसीय कार्यशाला के प्रथम बैच का हुआ समापन

**सोहावल- अयोध्या।** पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के अंतर्गत बाल विकास परियोजना सोहावल में तीन दिवसीय प्रशिक्षण का प्रथम बैच प्रशिक्षण का शनिवार को समापन किया गया। इस कार्यशाला में 2 जनवरी से 4 जनवरी तक विभिन्न विषयों में भिन्न-भिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किए गए जिसमें पोषण भी पढ़ाई भी का परिचय, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ईसीसीई पॉलिसी शिक्षा का अधिकार बाल अधिकार, तीन से चार वर्ष के बच्चों 4 से 5 वर्ष के बच्चों और 5 से 6 वर्ष के बच्चों हेतु उपलब्ध कराई गई गतिविधि पुस्तिकाओं का अभ्यास कराया गया। जिसके माध्यम से बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों पर शाला पूर्व शिक्षा और बेहतर ढंग से प्रदान की जा सके। इसके अतिरिक्त आंगनबाड़ी केंद्रों को एक्स केंद्र के रूप में विकसित करने पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को कौशल की और प्रशिक्षण की आवश्यकता है। उसे पर कार्य किया गया और उन्हें जानकारी दी गई। इसके साथ ही बच्चों के विकास के विभिन्न आयामों पर चर्चा की गई। पोषण भी पढ़ाई भी प्रशिक्षण के दूसरे दिवस में पोषण एवं कुपोषण पर सामान्य समझ कुपोषण के प्रकारों पर चर्चा सैम और मैम बच्चों का चिन्हकन और उनके प्रबंधन पर सत्य आयोजित किए गए। इसके साथ ही साथ कुपोषण चक्र को तोड़ने के संबंध में आंगनबाड़ी की माहिती भूमिका पर चर्चा की गई जिसमें परिवार नियोजन जननी सुरक्षा योजना प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आहार और खाद्य विविधता के साथ-साथ कुपोषण परिवार स्तनपान और ऊपरी आहार पर चर्चा व्यक्तिगत स्वच्छता एवं सफाई तथा रियल टाइम मॉनिटरिंग के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के

**-पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिया गया प्रशिक्षण**



द्वारा पोषण ट्रैकर पर किए जाने वाले विभिन्न कार्यों और उनकी फीडिंग के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। पोषण हां और स्वच्छता पर रोल प्ले सक्षम आंगनबाड़ी पोषण एवं स्वास्थ्य तथा शिक्षा पर समुदाय की भागीदारी व्यवहार परिवर्तन पर चर्चा सुपोषण तथा प्रभावी गृह भ्रमण पर चर्चा गृह आधारित देखभाल के साथ-साथ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के कौशल प्रबंधन पर जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त उमाया फाउंडेशन द्वारा दिव्यांग बच्चों की स्क्रीनिंग उनके समावेशन के संबंध में रणनीतियों और दिव्यांग बच्चों के लिए आंगनबाड़ी प्रोटोकाल पर रोल प्ले गतिविधियों और सामग्री के साथ प्रशिक्षण दिया गया एक महत्वपूर्ण शिक्षण केंद्र के रूप में मेरी आंगनवाड़ी पर चर्चा की गई। जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत आंगनबाड़ी केदो को ई सी सी ई केंद्र के रूप में विकसित किए जाने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और समुदाय की क्या महत्व है। इस पर प्रशिक्षण दिया गया। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण में बाल विकास विभाग स्वास्थ्य विभाग ग्रामीण विकास विभाग एवं शिक्षा विभाग से संबंधित विशेषज्ञों तथा उमाया फाउंडेशन द्वारा विभिन्न अपने-अपने विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षण उपरांत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा पोस्ट टेस्ट अथवा प्रशिक्षण पश्चात मूल्यांकन भी किया गया। विकास खण्ड की 100 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रथम बैच में प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण के उपरांत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां उत्साहित है। कार्यक्रम के समापन के दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारी सोहावल डॉक्टर अनीता सोनकर द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रेरित किया गया कि वह इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण में बताए गए विषयों और जानकारी का सदुपयोग करते हुए अपने केंद्रों को और बेहतर बनाने का प्रयास करें। बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और पोषण हेतु पोषण भी पढ़ाई भी की दृष्टिगत नए आयाम स्थापित करने की कोशिश करें। कार्यक्रम में मुख्य सेविका सुमन लता द्वारा पोषण व्यवहार पर गीतों के माध्यम से गतिविधि कराई गई। कुपोषण चक्र एवं परिवार की जिम्मेदारी पर मुख्य सेविका शशि वर्मा द्वारा प्रेजेंटेशन दिया गया। मुख्य सेविका आशा देवी द्वारा गतिविधि पुस्तिकाओं का अभ्यास करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का क्षमता संवर्धन किया गया।

## राजस्व ग्रामों के सीमा स्तम्भों के निर्माण के लिए कार्यदायी संस्था नामित

**बहराइच।** मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि उप जिलाधिकारियों द्वारा स्थलीय सत्यापन में जनपद के राजस्व ग्रामों की सीमा पर गायब व क्षतिग्रस्त पाये गये 1318 सीमा स्तम्भों (सिहद्दो) के निर्माण हेतु जिलाधिकारी मोनिका रानी के निदेशार्नुसार लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, बहराइच व सिडको, बहराइच को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। सीआरओ श्री सिंह ने बताया कि नामित कार्यदायी संस्था द्वारा तहसील पयागपुर में 119 सीमा स्तम्भ, तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में 182 सीमा स्तम्भ, तहसील महसी में 325 सीमा स्तम्भ, तहसील सदर बहराइच में 215 सीमा स्तम्भ, तहसील नानपारा में 192 सीमा स्तम्भ तथा तहसील कैसरगंज में 285 नये सीमा स्तम्भों का निर्माण किया जायेगा। श्री सिंह ने बताया कि सीमा स्तम्भों के स्थापित हो जाने पर पैमाइश सम्बन्धी कार्यों में सुगमता होगी।

## मानसिक रोग से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए प्रशिक्षण संपन्न



**बाराबकी।** ए0डी0आर0 भवन सिविल कोर्ट में मानसिक रोग से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए विधिक सेवा इकाई मनोन्याय समिति का प्रशिक्षण कार्यक्रम अपर जनपद न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह की अध्यक्षता मे आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे बौद्विक रोग से ग्रस्त लोगों को विधिक सहायता के सम्बन्ध मे विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त जनपद न्यायाधीश रामकिशोर, डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउंसिल रंजना शर्मा, सायकाट्रिस्ट डॉ0 सौरभ मिश्रा, डॉ नूपुर प्रिया सिन्हा, क्लिनिकल सायकोलिस्ट डॉ0 विनोद पाल मौजूद रहे।

## निःशुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

अयोध्या। जमीअत उलमा अयोध्या की जिला इकाई के नेतृत्व में पुरानी मछली मंडी के पास जन्नत मैरिज लान में निशुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे अयोध्या आई हास्पिटल और पटेल क्लीनिक की तरफ से आये हुये सभी मरीजों का निशुल्क जाँच कर निशुल्क दवा वितरण किया गया। वही पन्द्रह मरीजों के आंखों के आप्रेशन के लिए अयोध्या आई हास्पिटल ले जाया गया जहां उनका फ्री आप्रेशन करने के पश्चात जरुरी दवा देकर घर भेज दिया जाएगा। ये निशुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर कारी इरफान अहमद हलीमी महासचिव जिला जमीअत उलमा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ मौलाना मोहम्मद अहमद जिला अध्यक्ष जमीअत उलमा जिला अयोध्या ने फीता काट कर किया। इस शिविर मे मुख्य अतिथि के तौर पर डाक्टर उर्फी रहे। मेडिकल कैंप सुबह दस बजे से शाम को चार बजे तक जारी रहा। वहीं स्वास्थ्य शिविर में पार्षद राजेश गौड़ के प्रयास से असहाय लोगों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने की भी सुविधा उपलब्ध रही। वही कारी इरफान हलीमी ने बताया की इस स्वास्थ्य शिविर का मेन उद्देश्य जो गरीब असहाय लोग अपना इलाज नहीं करवा सकते उनका इलाज करना उनकी सेवा करना था।वही जमीन उलेमा जिले के महासचिव कारी इरफान हलीम ने सभी से अपील किया की सभी लोगों को बढ़ चढ़ करके गरीब और असहाय लोगों की मदद करनी चाहिए ताकि जो लोग अपना इलाज नहीं करवा सकते वह भी अपना इलाज करवा सके और स्वस्थ हो। अभी सर्दी का मौसम चल रहा है जिनके पास रजाई लिहाफ नहीं है उनको रजाई और लिहाफ देकर पुण्य के भागीदारी बने।

# डीएम की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

जिला संवाददाता(vol)

**बहराइच।** शुक्रवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि बहराइच-लखनऊ मार्ग व बहराइच-लखीमपुर मार्ग पर दुर्घटना बाहूल्य क्षेत्र (ब्लैक स्पॉट्स) के सुधारात्मक/सुरक्षात्मक कार्य अन्तर्गत मानक के अनुसार सुरक्षा संकेतक बोर्ड, हाईमास्ट लाईट व रिफ्लेक्टर बोर्ड लगवाएं। डीएम ने कहा कि शरद ऋतु में अक्सर नो पार्किंग जोन में खड़े बेतरतीब वाहन अक्सर दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं, इसलिए प्रभावी गश्त कर रोड के किनारे खड़े वाहनों का चालान नियमानुसार कार्यवाही की जाय साथ ही यह सुनिश्चित किया जाय कि रोड के दोनों साईड पर नो-पार्किंग जोन में वाहन न खड़े हों।

डीएम मोनिका रानी ने पुलिस विभाग को निर्देश दिया कि गश्त के दौरान हाईवे पर खड़े वाहनों का संज्ञान लेते हुए उन्हें वाहन न खड़ा करने की ताकीद की जाय। सम्बन्धित द्वारा यदि आदेशों की अवहेलना की जाती है तो सम्बन्धित वाहन स्वामियों को नियमानुसार नोटिस जारी की जाय। पुलिस विभाग को निर्देश दिया कि गश्त के दौरान खनन कार्य में संलिप्त वाहनों पर भी नजर रखी जाय। डीएम ने नगर पालिका परिषद व पुलिस विभाग को निर्देश दिया कि नगर क्षेत्र को जाम की समस्या से मुक्त कराने हेतु रोड के दोनों किनारों पर स्थायी व अस्थायी अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करें।

डीएम ने पिछली बैठक की अनुपालन आख्या पर चर्चा के दौरान नगर क्षेत्र में रोड के किनारे रखे हुए ट्रांसफार्मर्स की शिफटिंग न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर दुर्घटना का कारण बन सकने वाले ट्रांसफार्मर को प्राथमिकता के आधार पर शिफ्ट कराया जाय। डीएम ने ईओ को यह भी निर्देश दिया गया कि नगर क्षेत्र में उपयुक्त स्थान पर टैक्सी स्टैण्ड बनवाकर विभिन्न स्थानों पर संचालित स्टैण्डों को वहां पर शिफ्ट करा दिया जाय। डीएम ने परिवहन व पुलिस विभाग को निर्देश दिया कि यातायात नियमों की जानकारी जन-जन तक पहुँचाये जाने के उद्देश्य से वाल राईटिंग, हैण्डबिल्स, होर्डिंग्स व बैनर इत्यादि के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करायें साथ ही सम्पूर्ण समाधान दिवस, चैपालों, विकिसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों इत्यादि के अवसर पर भी सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी उपलब्ध करायी जाय तथा स्कूली छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों एवं संकेतों के बारे में भी जागरूक किया जाय।

डीएम ने निर्देश दिया कि स्कूल वाहनों का मानक के अनुसार संचालन सुनिश्चित कराये जाने के लिए ठोस कार्यवाही की जाय तथा ऐसे स्कूल जो नियमों की अनदेखी करें उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही भी की जाय। उन्होंने स्कूल वाहनों के चालकों का स्वास्थ्य एवं ड्राईविंग प्रशिक्षण भी कराये जाने का निर्देश दिया। डीएम ने पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि समय-समय पर अवैध रूप से संचालित वाहनों की सघन चेकिंग कर उनके विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाय।

डीएम ने कहा कि अक्सर देखा जाता है कि टू व्हील राईडिंग से होने वाले एक्सिडेंट में घायल होने व मरने वालों में ज्यादा युवा होते हैं। उन्होंने कहा कि आय की युवा पीढ़ी को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना बहुत जरूरी है। उन्होंने डीआईओएस, बीएसए व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्कूलों एवं कालेजों में यातायात नियमों के प्रति जनजागरूकता हेतु भाषण, क्यूज व चित्रकला इत्यादि पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन किया जाय तथा प्रतियोगिता में उत्कृष्ट उपलब्धि अर्जित करने वाले छात्र-छात्राओं को 24 जनवरी को यू.पी. दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाय।

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास कार्यशाला का 6 को

**बहराइच।** सूक्ष्म लघु एवं मध्यमों को गति प्रदान करने एवं अधिक से अधिक रोजगार प्रदान करने तथा प्रदेश में पूंजी निवेश को आर्कषित करने के उद्देश्य से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना लागू की गई है। योजना के अन्तर्गत प्रतिवर्ष 01 लाख नई सूक्ष्म इकाईयों को स्थापित किये जाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है।यह जानकारी देते हुए उपायुक्त उद्योग ने बताया कि कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, बहराइच के प्रांगण में 06 जनवरी 2025 को मध्यान्ह 12.00 बजे से कार्यशाला का आयोजन किया गया है। श्री वर्मा ने योजना की पात्रता रखने वाले युवकों से कार्यशाला में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है। उन्होंने बताया कि योजना की विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस में जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, बहराइच से सम्पर्क किया जा सकता है।

## अधिवक्ताओं ने मांगो को लेकर सौंपा ज्ञापन



**बाराबंकी।** जिला बार एसोसिएशन के तत्वाधान मे अधिवक्ताओ ने विभिन्न मांगो को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गड़करी को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय पर अतिरिक्त मजिस्टेज्ट विवेकशील यादव को सौपा। ज्ञापन कहा गया है कि जनपद मे पड़ने वाले हाइवे टोल टैक्स पर अधिवक्ताओ को टोल टैक्स फ्री किये जाने, जनपद बाराबंकी को लखनऊ मण्डल मे सम्मिलित किये जाने, रूदौली तहसील को जनपद बाराबंकी मे शामिल किये जाने की पुरजोर मांग की। ज्ञापन देने वालो मे बार महामंत्री अशोक कुमार वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेन्द्र यादव, उपाध्यक्ष द्वितीय अंशुमान सिंह, उपाध्यक्ष प्रथम राकेश कुमार तिवारी, सुरेश चन्द्र गौतम, पूर्व महामंत्री रितेश मिश्र, सतीश पाण्डे आदि मौजूद रहे।

# श्री गुरु गोबिन्द सिंह महाराज के प्रकाशोत्सव से पूर्व निकली शोभा यात्रा

## दीप खालसा दल, हालदा पाइपर बैण्ड, नरसिन्हा, बाज रहा मुख्य आकर्षण





जिला संवाददाता(vol)

**बाराबंकी।** लाजपत नगर स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा प्रबन्धक कमेटी द्वारा सिक्खों के दसवे गुरु श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी महाराज के प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में शहर मे नगर कीर्तन व शोभा यात्रा बड़े ही धूम-धाम के साथ निकाली गई। लखनऊ से आये पंच प्यारो आशीष सिंह, जसबीर सिंह अमरजीत सिंह, स्वर्ण सिंह, सतनाम सिंह की अगुवाई में गुरु महाराज की शाही सवारी गुरुद्वारा परिसर से शुरू होकर बेगमगंज, छाया, राजकमल, ईदगाह, सट्टी बाजार, घंटाघर, धनोखर, निबलेट तिराहा, होते हुए पुनः गुरुद्वारा परिसर पहुंची। शोभा यात्रा का जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। शाही सवारी में इस वर्ष पंजाब सें आये गतका पार्टी दीप खालसा दल के हेड़ गुरदीप सिंह की टीम द्वारा अद्भुत करिश्मे दिखाये गये। तो वही मधुर धुन के लिए पंजाब से हालदा पाइपर बैण्ड़ पार्टी ने हेड़ पलविन्दर सिंह व दरबार साहिब अमृतसर से आये सरदार परमजीत सिंह द्वारा नरसिंन्हा को बजाकर शोभा यात्रा को एक अलग रुप में प्रदर्शित किया। तो वही सरदार हरि सिंह व हीरा सिंह द्वारा हाथ पर बाज बैठाकर अद्भूत करिश्मे दिखाये गये। लखनऊ से आये जत्था के हेड अमरजीत सिंह गोल्डी व साथियों एंव हजूरी रागी जत्था तीरथ सिंह व साथियों द्वारा शब्द कीर्तन गायन कर मनमोहक प्रस्तृति दी गई।

**●जनपद के जनप्रतिनिधियों नें गुरु महाराज के दर्शन कर मांगी अमन-चैन की दुआ**

तो वही दूसरी तरफ शाही सवारी के आगें गुरु महिमा अनुसार सिक्खी महिलाओ द्वारा सेवा स्वरुप झाड़ू व पुष्प की वर्षा की जा रही थी। तो वही लैय्या मंडी स्थित श्रीमती गुरबचन कौर, पत्रकार सरदार परमजीत सिंह, अधिवक्ता सरदार भूपिन्दर पाल सिंह द्वारा शोभा यात्रा में श्रद्धालुओं की सेवा व गुरु महाराज के सत्कार हेतु प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधियों समेत बुद्धजीवियों ने हिस्सा लिया।

प्रसाद वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ पूर्व कारागार मंत्री राकेश वर्मा, पूर्व एमएलसी हरगोबिन्द सिंह द्वारा संयुक्त रुप से किया गया। इसके अलावा मुख्य सेवादारो के रुप में भाजपा पिछड़ा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पंकज गुप्ता पंकी, वरिष्ठ अधिवक्ता रणधीर सिंह सुमन, टैक्स बार अध्यक्ष पवन वैश्य, संजीव बक्शी, बार पूर्व महामंत्री शाहीन अख्तर, पूर्व बार वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार सिंह, पं0 प्रित्यूशकान्त शुक्ला, मंझपुरवा वार्ड सभासद प्रतिनिधि अवधेश यादव, बेगमगंज-लाजपत नगर वार्ड सभासद मो0 आरिफ, अधिवक्ता श्याम सिंह, अंकुल वर्मा, पुष्पेद यादव, आसिफ अंसारी, आसिफ अहमद खान ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसी क्रम मे छाया चैराहे पर सरदार जसबीर सिंह विक्की द्वारा भी प्रसाद वितरण किया गया।

## फरियादियों की समस्या का गुणवत्तापूर्ण और त्वरित निस्तारण होः सत्येंद्र कुमार



**बाराबंकी।** तहसील सिरौलीगौसपुर के पारिजात सभागार में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

समाधान दिवस मे आये फरियादियो की विभिन्न समस्याओ को जिलाधिकारी ने सुन सम्बधित अधिकारियो को निर्देशित किया। तथा बिजली विभाग को त्रुटिपूर्ण विद्युत बिलो को अविलंब दुरस्त कराने एंव जल निकासी के लिये नाली व भूमि सम्बन्धी विवादों का निस्तारण समेत अन्य सभी जनसमस्याओं को समयान्तर्गत व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारित किये जाने को लेकर निर्देशित किया। समाधान दिवस के दौरान राजस्व विभाग से 21, पुलिस विभाग से 5, विकास विभाग से 19, पूर्ति विभाग से 8, विद्युत विभाग से 6, एलडीएम विभाग से 1, पशु चिकित्सा विभाग से 1, नगर विभाग से 1, कुल 62 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए।

मौके पर राजस्व विभाग के 3 व पूर्ति विभाग से 4 शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर प्रीति सिंह, तहसीलदार नरसिंह नारायण वर्मा, डीडीओ भूषण कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पांडे, जिला पूर्ति अधिकारी राकेश त्रिपाठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुषमा वर्मा, अप्रोबेशन सहित सभी संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन



**बाराबंकी।** प्रदेश की भाजपा सरकार किसान विरोधी है। योगी सरकार में पुलिस निरंकुश हो गयी है। जिससे अन्नदाता का उत्पीडन लगातार जारी है। और किसानो की हक की आवाज उठाने वालो के ऊपर पुलिस फर्जी मुकदमे दर्ज करा रही है।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य पर जनपद झांसी के नवाबाद थाने में दर्ज कराया गया मुकद्मा फर्जी है। प्रदेश के महामहिम उक्त गम्भीर प्रकरण को तत्काल संज्ञान में लेकर हस्तक्षेप करते हुये पूर्व केन्द्रीय मंत्री, टैक्टर चालक सहित 50 अज्ञात लोगो के खिलाफ दर्ज कराये गये झूठे मुकद्मे को वापस लिये जाने के लिये झांसी जनपद के जिला/पुलिस प्रशासन को निर्देश दे। उक्त आशय की मांग जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मो0 मोहसिन के नेतृत्व मे कांग्रेसियो ने महामहिम राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट विवेकशील यादव को सौपने के पश्चात व्यक्त किये। ज्ञापन में कांग्रेसियो ने कहा है कि उक्त पूरी घटना शान्तिपूर्वक माहौल में सम्पन्न हुयी। कही कोई अराजकता नही हुयी। लेकिन स्थानीय पुलिस ने कलेक्ट्रेट में तैनात होमगार्ड हर प्रसाद की तहरीर पर एक झूठा मुकद्मा प्रदीप जैन आदित्य, टैक्टर चालक रामपाल सिंह सहित 50 अज्ञात लोगो के खिलाफ थाना नवाबाद में 26 दिसम्बर 2024 को दर्ज करा दिया। जो पूरी तरह गलत है। महामहिम इस तानाशाही पूर्वक किये गये गम्भीर प्रकरण में तत्काल हस्तक्षेप कर झांसी के जिला तथा पुलिस प्रशासन को उक्त फर्जी मुकद्मे को वापस लिये जाने की पुरजोर मांग की है।

संक्षेप

## सरकारी कर्मचारी ही पटलों पर करेंगे काम : एडीएम

**लंभुआ, सुलतानपुर**। तहसील परिसर के विभिन्न पटलों का एडीएम ने निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तहसील के सभी विभिन्न पटलों पर सिर्फ सरकारी कर्मचारी ही कार्य करेंगे, अन्य कोई कार्य करता हुआ पाया गया तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान तहसील कर्मचारियों में हड़कंम्प मचा रहा। लंभुआ में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस अपर जिला अधिकारी राजस्व एवं वित्त सुधाकरन की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल- 147 शिकायतें आई थी। सभी शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनकर एडीएम ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समय अवधि के अंदर सभी समस्याओं का निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि मौके पर जाकर गुण दोष के आधार पर पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाए। समस्याओं के निस्तारण में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद उन्होंने तहसील में स्थित विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया। लेखपाल द्वारा अधिवक्ताओं से अभद्रता करने की शिकायत पर उन्होंने कहा कि हमने एसडीएम को निर्देशित कर दिया है, जांच के बाद निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी। कर्मचारियों की कमी की बात पर उन्होंने कहा कि शासन को अवगत करवा दिया गया है और कहा की जो कर्मचारी मौजूद हैं उन्हीं से कार्य लिया जाएगा। फर्जी पट्टे की शिकायत पर कहा कि अभी तक हमारे संज्ञान में ऐसी कोई बात नहीं आई है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर एसडीएम मंजुल मयंक, तहसीलदार देवानंद तिवारी, सीओ अब्दुस सलाम आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

## ठिठुर रहे लोग, नहीं जल रहा अलाव

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर**। तहसील क्षेत्र के बगिया चैराहा पर अलाव नही जल रहा। जिससे स्थानीय दुकानदार और राहगीर भारी शीत लहर और ठंड में ठिठुरने को मजबूर हैं। अलाव के नाम पर कहीं से किसी पेड़ की मिट्टी सहित हरी जड़ को जेसीबी से खुदवाकर रख दिया गया है। खानापूर्ति के लिए स्थानीय लेखपाल का मुंशी सुबह शाम आकर कागज जलाकर फोटो खींच अपलोड कर इतिश्री कर ले रहे है। अलाव न जलने की एक वीडियो पूरे दिन तहसील क्षेत्र के सोसल मीडिया ग्रुप में वायरल हो रहा, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने इस और ध्यान नहीं दिया।

## धरने पर बैठे लेखपालों ने किया कार्य बहिष्कार

लंभुआ, सुलतानपुर। शनिवार को लंभुआ तहसील परिसर में कार्य सका बहिष्कार कर लेखपालों ने धरना दिया। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ सुल्तानपुर की लंभुआ शाखा के संयोजक प्रशांत शुक्ला तथा सह सचिव सुरेश के नेतृत्व में धरना देते हुए लेखपालों ने कहा कि एंटी करप्शन टीम बेवजह लेखपालों को परेशान कर रही है। लेखपालों के पास शासन द्वारा विभिन्न कार्यों को करने के लिए निर्देश जारी हुआ है और लेखपाल कार्य करते रहते हैं तथा क्षेत्र में भी जाते रहते हैं। लेखपालों को साजिशन फंसाया जा रहा है। लेखपाल संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एडीएम वित्त एवं राजस्व सुधाकरन को सौंपा और उनसे मांग किया कि उनकी बात मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाए और समस्याओं का निस्तारण कराया जाए। मौके पर लेखपाल रिंकू पाल, ब्रजेश उपाध्याय, अखिलेश सिंह, संजू यादव, बलराम सिंह आदि मौजूद थे।

## खेल के मैदानों से बढ़ती है सामाजिक समरसता

**सुलतानपुर (वीओएल)**। खेलों के मैदानों से सामाजिक समरसता को आगे बढ़ाया जा सकता है। असली सामाजिक समरसता खेल के मैदानों से ही बढ़ती है। ये बातें कांग्रेस नेता और पूर्व नगर पालिका के प्रत्याशी वरुण मिश्र ने कही। नगर क्षेत्र के एमजीएस मैदान पर कादरी एकता कप क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन में वरुण मिश्र ने कहा ज्यादा से ज्यादा इस तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं, जिससे समाज मे भी एकता के संदेश को बढ़ाया जा सके और समाज मे बढ़ती जा रही खाई को पाटने का यही सबसे अच्छा तरीका है। उन्होंने कहा कि युवाओं को इस तरह की प्रतियोगिताओं के जरिये अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है उद्घाटन मैच बहादुरपुर और ओमनगर की टीमों के बीच खेला गया। इस अवसर पर एडवोकेट राशिद गनी प्रतियोगिता के आयोजक मो. शाहिद, खुर्शीद आलम, शहरयार खान, मुश्ताक अहमद मो.ताहा आदि मौजूद रहे।

# लेखपाल संघ ने एंटी करप्शन की कार्यवाही को बताया अनुचित

### एसडीएम को ज्ञापन सौंपा, न्याय संगत कार्यवाही की मांग की



**लालगंज, रायबरेली**। एंटी करप्शन टीम के द्वारा लेखपालों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई को अनुचित बताते हुए लालगंज लेखपाल संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह और महामंत्री उमाकांत तिवारी ने कार्यकारिणी के लेखपालों के साथ उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर न्याय संगत कार्यवाही किए जाने की मांग की है। लेखपाल संघ का कहना है कि एंटी करप्शन टीम के द्वारा की जा रही कार्रवाई सरासर अनुचित और भ्रामक है। जबरन जेब में पैसा रखकर लेखपालों को फसाया जा रहा है। इस प्रवृत्ति से लेखपाल अब कार्यवाही करने से हिचकेंगे और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचेगी। संघ अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने कहा कि गाजीपुर जनपद के तहसील कासिमाबाद के लेखपाल को जबरन फंसाया गया। इसके अलावा सरोजिनी नगर तहसील के भी लेखपाल को फर्जी तरीके से फंसाया गया है। लेखपाल संघ ने एसडीएम के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेज कर उचित निर्णय लिए जाने की मांग की है। इस मौके पर लेखपाल प्रियम पांडे, जितेंद्र सिंह, राजकुमार पाल, आलोक सिंह, अनामिका आदि मौजूद रही।

### लेखपाल संघ ने दिया एक दिवसीय धरना

**महराजगंज, रायबरेली**। उप्र लेखपाल संघ के आह्वान पर उप शाखा तहसील महराजगंज के लेखपाल संघ अध्यक्ष दर्शिता श्रीवास्तव व महामंत्री राजीव मिश्रा की अगुवाई में मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। दिये गये ज्ञापन में लेखपाल संघ ने कहा है कि साजिशन झूठा फंसाये जाने की नियत से साधारण शिकायत के आधार पर एंटी करप्शन व विजिलेन्स टीम द्वारा जबरन ट्रैप की कार्यवाही पर रोक लगाये जाने की बात कही है। लेखपाल संघ अध्यक्ष दर्शिता श्रीवास्तव ने बताया कि दस से दो बजे तक एक दिवसीय धरना दिया गया। जिसके बाद एसडीएम सचिन यादव को ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर अवनीश प्रताप सिंह, शैलेंद्र कुमार, लवकेश सिंह ,विपिन मौर्या, अमित कुमार शुक्ला, सुनील कुमार यादव, राजेश कुमार , विवेक सिंह, ओम प्रकाश सोनी, राजेंद्र भारती, आद्या प्रसाद, रणविजय सिंह, संतोष पटेल, प्रीती गुप्ता, प्रिया सिंह सहित अनेक लेखपाल मौजूद रहे।

## दबंगों ने सफाईकर्मी पर किया प्राणघातक हमला, हालत गंभीर

- आधा दर्जन लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**नसीराबाद, रायबरेली**। नसीराबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में जमीनी विवाद को लेकर गुरुवार शाम दबंगों ने न सिर्फ एक सफाई कर्मी पर जान से मारने की नीयत से प्राणघातक हमला किया बल्कि सफाई कर्मी को गांव के बाहर से जबरन कार से अपहरण कर 14 किलो मीटर दूर जाकर कार से उतार कर जान से मारने की नीयत से लोहे की रॉड और हॉकी से जमकर पीटा। साथ ही नकदी और फोन भी लूट ले गये। गनीमत रही कि वारदात की भनक मिलते ही ग्रामीणों और राहगीरों ने अपहरणकताओं को दौड़ा लिया। तब कहीं जाकर सफाई कर्मी की जान बची। अपहरण कर्ताओ के हमले से सफाई कर्मी का बायां पैर, दहिना हाथ व दो उंगलिया टूट गई है। साथ ही चेहरे पर भी चोट के निशान मिलें है।

जानकारी के अनुसार नसीराबाद थाना क्षेत्र के थौरी गांव निवासी जयकरन (45) सफाईकर्मी के पद पर तैनात हैं। वर्तमान में उनकी तैनाती महराजगंज ब्लॉक मुख्यालय पर है। गुरुवार को शाम करीब पांच बजे वह ड्यूटी करके बाइक से वापस अपने घर थौरी जा रहे थे। जहां गांव के बाहर प्राथमिक विद्यालय के पास पहले से ही कार में घात लगाए बैठे गांव के ही वरूण पुत्र हीरालाल और अन्य पांच लोगों ने उन्हे रोक लिया और जबरन कार में बैठा लिया। सफाई कर्मी को रहीमगंज से नसीराबाद, छतोह होते हुए परैया नमकसार के आगे पूरे भावा गांव के बाहर सुनसान स्थान पर ले जाकर जमकर पीटा। साथ ही पिस्टल की बट से वार कर पंद्रह हजार की नकदी और मोबाइल भी लूट लिया। आरोप है कि इस बीच दबंगों ने जान से मारने की नीयत से पिस्टल से युवक पर फायर भी किया। लेकिन युवक के करवट लेने के चलते गोली युवक के ऊपर से निकल गई। ग्रामीणों और राहगीरों ने इकठ्ठा होकर दबंगों का विरोध किया तो दबंगों ने युवक को मरणासन्न हालत में ही छोड़कर भाग गए। घटना को लेकर सफाई कर्मी की पत्नी ने थाने में तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक कमलेश कुमार का कहना है कि सफाईकर्मी की पत्नी निर्मला देवी की तहरीर पर एक नामजद समेत पांच अज्ञात लोगों के विरूद्ध मामला पंजीकृत किया गया है। घटना को लेकर एसपी के निर्देश पर एसओजी समेत पुलिस टीम गठित की गई हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार दबिश दी जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

## बछरावां में अतिक्रमण कारियों पर गरजा बुलडोजर



**बछरावां, रायबरेली**। बछरावां कस्बे से लालगंज रोड पर कई वर्षों से लकड़ी की गुमटियां लगाकर अवैध अतिक्रमण करने वालों पर शनिवार की दोपहर लगभग दो दर्जन दुकानों पर बुलडोजर गरजा। प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ को देखते हुए पूरे कस्बे में सड़क के किनारे अतिक्रमण हटाने का काम जारी है। इसी क्रम में शनिवार को बछरावां कस्बे के मुख्य चैराहे से लालगंज रोड रेलवे क्रासिंग तक अतिक्रमण हटाया गया। यहां पर लगभग दो दर्जन से ज्यादा लकड़ी की गुमटियों को हटाकर अतिक्रमण मुक्त किया गया। इस बारे में अधिशासी अधिकारी रामाशीष ने बताया कि शासन के सख्त निर्देश हैं कि सड़क के किनारे किसी प्रकार का अतिक्रमण न किया जाए। अतिक्रमण होने से आवागमन बाधित होता है। इसी क्रम में आज बछरावां चैराहे से लालगंज रोड पर अतिक्रमण हटाया गया।

**अतिक्रमण हटाने से काफी मायूस दिखे दुकानदार**

**बछरावां, रायबरेली**। अतिक्रमण हटाने से जहां एक और सड़कें साफ हो रही थी वहीं पर दूसरी ओर लोगों को रोजी-रोटी के लिए भी संकट खड़ा हो गया। इन दुकानों से लोग अपने परिवार का पेट पाल रहे थे परंतु अतिक्रमण हटाने से दुकानदार काफी मायूस दिखे। दुकानदार राकेश, कुमार ,अमरेंद्र शत्रोहन, विमलेश, मन्नू सहित दर्जनों दुकानदारों ने बताया कि अब उनके लिए इस कड़कड़ाती ठंड में रोजी-रोटी की समस्या खड़ी हो गई है प्रशासन द्वारा किए जा रहे इस कार्य से लोगों में काफी आक्रोश भी दिखा।

## ग्राम चौपाल के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को किया गया जागरूक

**महराजगंज, रायबरेली**। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर महराजगंज कोतवाली प्रभारी ने ग्राम पंचायत मुरैनी के पंचायत भवन में चैपाल का आयोजन किया। चैपाल में लोगों को साइबर अपराध, महिला अपराध, क्षेत्र में हो रहे अपराध के विषय में जागरूक किया गया। महराजगंज कोतवाल जगदीश यादव ने ग्राम सभा मुरैनी के लोगों को नशे से दूर रहने की सलाह दी, साथ ही मौजूद लोगों को यातायात नियमों का पालन करने को कहा। कोतवाली प्रभारी ने ठंड के दिनों में ग्राम सभा में लोगों की सुरक्षा समिति बनाकर पहरा देने के भी निर्देश दिए। कोतवाल जगदीश यादव ने लोगों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं व शिकायतों के विषय में जानकारी प्राप्त की तथा उनके निस्तारण हेतु तत्काल प्रयास किए गए। इस दौरान मुरैनी गांव के वार्ड मेंबर राजकुमार ने रास्ते के विवाद की शिकायत की, जिसे तत्काल प्रभाव से मौके पर ही समाधान किया गया। महिला आरक्षी शगुन शर्मा ने महिला अपराध पर 1090 पर शिकायत करने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि अब महिलाओं बालिकाओं को अपनी समस्या व शिकायत लेकर थाना, पुलिस चैकी व अन्य पुलिस कार्यालय बार-बार नही आना पड़ेगा, अपितु स्थानीय पुलिस नियमित अन्तराल पर ग्राम चैपाल के माध्यम से विभिन्न गांवों में उपस्थित होकर महिलाओं बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही संवाद स्थापित कर उनकी शिकायतों का गुण-दोष के आधार पर निराकरण कराया जाएगा। इस मौके पर ग्राम प्रधान दीपू, प्रधान प्रतिनिधि रणविजय सिंह एडवोकेट, कोटेदार कल्पेश शुक्ला, पंचायत सहायक अंकित कुमार, पुष्कल सिंह, सुशील मिश्रा, रोहित शुक्ला, राहुल, अजय शुक्ला, समेत बड़ी तादाद में महिलाएं चैपाल में उपस्थित रही।

## चोरी की चार बाइक के साथ चार शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

**अमेठी**। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान व अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के क्रम में शनिवार को उ0नि0 प्रदीप सिंह थाना गौरीगंज मय हमराह द्वारा सुल्तानपुर-रायबरेली रोड पर मिश्रौली बाइपास के पास तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान 2 मोटरसाइकिल पर 4 संदिग्ध व्यक्ति आ रहे थे, उक्त संदिग्ध व्यक्तियों को रोकने का प्रयास किया गया तो वापस लौटकर भागने की लगे, जिन्हे हिकमतअमली से घेर कर पकड़ लिया गया। पूछने पर चारो व्यक्तियों ने अपने नाम क्रमशः आयुष यादव पुत्र ज्ञान प्रकाश यादव निवासी ग्राम तुलसीपुर थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी , सुनील कुमार सरोज पुत्र रामकिशोर सरोज निवासी ग्राम गोपालपुर थाना व जनपद अमेठी . सोनू सरोज पुत्र शंभूलाल सरोज निवासी छोटा रामनाथपुर थाना व जनपद अमेठी शिवा पुत्र जगरूप निवासी ग्राम परसांवा थाना व जनपद अमेठी बताया। अपाचे मोटरसाइकिल एवं स्पेलन्डर मोटरसाइकिल के कागजात मांगने पर दिखा न सके, भागने का कारण पूछने पर चारो व्यक्तियों ने बताया कि ?ह दोनो मोरसाइकिल चोरी की है। जिसमें से अपाचे मोटरसाइकिल थानाक्षेत्र संग्रामपुर के धोयें से करीब 1 माह पूर्व व स्प्लेण्डर मोटरसाइकिल थानाक्षेत्र अमेठी के धम्मौर रोड के पास करीब 2 माह पूर्व चोरी किया था, हम चारो लोग मिलकर शादी, अन्य कार्यक्रमों व भीड़भाड़ वाले स्थानो से मोटरसाइकिल चोरी करते है। अभियुक्त आयुष यादव के कब्जे से 1 अपाचे मोटरसाइकिल एवं अभियुक्त सुनील कुमार सरोज के कब्जे से 1 स्पेलन्डर बरामद हुई। गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि 2 अन्य अपाचे मोटरसाइकिल जिन्हे हम लोगों ने करीब 4-5 माह पहले अमेठी रेलवे स्टेशन के पास से चोरी किया था, जिसे ग्राम मनीरामपुर में छिपा कर रखे हैं। अभियुक्तों की निशानदेही पर ग्राम मनीरामपुर से चोरी की 2 अन्य अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की गई। बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों को मौके से समय करीब 4.25 बजे सुबह गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## फ्रेशर पार्टी में झूमे बीटेक और एमबीए के छात्र




**अमेठी**। जनपद के राजर्षि रणञ्जय सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नालजी (आरआरएसआईएमटी) मे फ्रेशर पार्टी-'आगमन' का आयोजन किया गया। फ्रेशर पार्टी ह्यआगमनह्न कार्यक्रम बीटेक और एमबीए के दूसरे साल के छात्रों द्वारा पहले साल के छात्रों के स्वागत के रूप मे हर साल आयोजित किया जाता है। इस रंगा-रंग कार्यक्रम मे सीनियर तथा जूनियर छात्रों ने कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम की शुरूवात एमबीए की छात्राओं के वंदना गीत से हुआ। कार्यक्रम में सिद्धार्थ, शिवम, प्रशांत, श्वेता, उपासना, रजत, और राधिका ने गीत और कविताएं प्रस्तुत किए। अंशिका, भूपेंद्र, आंचल, निशि, निधि, रिया, हिमांशु, पूजा, आकांक्षा, महिमा, स्वाती, तनु, राधिका, अनूपा भारती और महिमा ने एकल और ग्रुप डांस किए। बीटेक के छात्रों द्वारा एक हास्य नाटिका भी प्रस्तुत की गई।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बीटेक और एमबीए प्रथम वर्ष के छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाला फैशन शो (ह्यरैम्प वाकह्न) था। जिसने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम के दौरान मिस्टर फ्रेशर और मिस फ्रेशर चुनने के लिए एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के दो चरण थे। पहला रैम्प वाक तथा दूसरा प्रश्नोत्तर राउंड। बीटेक प्रथम वर्ष से निशि मिस फ्रेशर और अभय सिंह मिस्टर फ्रेशर तथा एमबीए प्रथम वर्ष से आंचल मिस फ्रेशर और शैलेश तिवारी मिस्टर फ्रेशर चुने गए। जिन्हे इस सफलता के लिए ताज और पटका (साश) पहना कर सम्मानित किया गया। इसी के साथ सर्वश्रेष्ठ एकल गायन का पुरस्कार एमबीए छात्रा राधिका को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ एकल नृत्य का पुरस्कार एमबीए छात्रा महिमा एवं सर्वश्रेष्ठ समूह नृत्य का पुरस्कार एमबीए की छात्राओं के ग्रुप को एवं सर्वश्रेष्ठ कविता पाठ के लिए शिवम मिश्र तथा हिमांशु को दिन के सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रम के रूप में पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्थान के निदेशक डॉ शशांक श्रीवास्तव ने कहा कि आज का दिन बीटेक और एमबीए के छात्रों के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट के छात्र भविष्य के कॉर्पोरेट लीडर हैं। निदेशक ने प्रथम वर्ष के छात्रों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दिया। कार्यक्रम को कालेज के डीन डॉ अरुण कुमार सिंह ने भी संबोधित किया।

## परियोजना के सभी हितधारक हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण : मनदीप सिंह छाबड़ा



**रायबरेली**। एनटीपीसी ऊंचाहार में आसपास की ग्राम सभाओं के प्रधानों व हितधारकों संग संवाद बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा ने महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) रवि प्रकाश अग्रवाल, मानव संसाधन प्रमुख रूमा दे शर्मा सहित मुख्य चिकित्साधिकारी (जीवन ज्योति चिकित्सालय) डॉ. मधु सिंह, अपर महाप्रबंधक (राख उपयोगिता) प्रीति सिन्हा व उप महाप्रबंधक (सिविल) राजेश शर्मा आदि ने सम्मिलित होकर ग्राम प्रधानों की समस्याओं को सुना व उनके निराकरण के उपायों पर चर्चा की। इस अवसर पर श्री छाबड़ा ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी परियोजना के सभी हितधारक हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। आपकी सहायता से निरंतर रूप से व्यावसायिक संबंधों को मधुर बनाने में मदद मिलती है और परियोजना व आसपास के ग्रामीणों में सामंजस्य बना रहता है। एनटीपीसी ऊंचाहार का हमेशा का यह प्रयास रहता है कि जनकल्याण के सभी कार्यों में आप सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो। बैठक के दौरान उपस्थित जनों को मधुमक्खी पालन के विषय से अवगत करवाया गया, जिसे सभी ग्राम प्रधानों सहित प्रधान प्रतिनिधि ने बहुत सराहा। बैठक का संचालन प्रबंधक (नैगम सामाजिक दायित्व) स्नेहा त्रिपाठी ने किया।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री पर दर्ज मुकदमा वापस लेने के लिए सौंपा ज्ञापन




**रायबरेली**। किसानों की आवाज उठाने पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य के खिलाफ झूठा मुकदमा वापस लिए जाने के संबंध में जिला एवं शहर कांग्रेस द्वारा राज्यपाल को सम्बोधित एक ज्ञापन डीएम को सौंपा गया। कार्यवाहक जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने घटना की जानकारी देते हुए कहा कि 26 दिसंबर को जनपद झांसी में कई-कई दिनों तक इंतजार के बाद भी सरकारी खरीद केन्द्रों पर किसानों की मूँगफली नहीं खरीदे जाने व कमीशन के रुप में 1400 से 1600 रुपए की वसूली से आक्रोशित किसान भोजला मण्डी से अपनी मूँगफली से लदी ट्रैक्टर-ट्रालियां लेकर डीएम को अपनी पीड़ा सुनाने पहुंचे। जिनमें से एक ट्राली कलेक्ट्रेट में जा पहुंची व अन्य बाहर खड़ी रही। किसानों की समस्या को लेकर पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री जैन आदित्य भी कांग्रेस के एक प्रतिनिधि मण्डल के साथ डीएम से मिलने पहुंचे।

श्री तिवारी ने कहा कि इसके पष्चात सम्बन्धित थाने की पुलिस द्वारा वहां तैनात होमगार्ड हरप्रसाद की तहरीर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य के ऊपर किसानों के साथ ट्रैक्टर-ट्राली लेकर कलेक्ट्रेट में उत्पात मचाने, मारपीट करने व सरकारी कार्य में बाधा डालने का कथित आरोप लगाकर पूर्व मंत्री श्री जैन आदित्य व टैज्क्टर चालक रामपाल सिंह व 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ फर्जी मुकदमा थाना नवाबाद में दर्ज करा दिया गया है। इस अवसर पर प्रमुख रुप से विजयषंकर अग्निहोत्री, हाजी इलियास, वीरेन्द्र यादव, संतोष त्रिवेदी, अजीत सिंह, अनवार खान, संजय श्रीवास्तव, आलोक विक्रम , शैलेंद्र सिंह सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## सम्पूर्ण समाधान में 117 शिकायतों में 5 का मौके पर निस्तारण

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)**। जनवरी माह के प्रथम शनिवार को जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्सना की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ, जिसमें कुल- 117 शिकायते आई और 5 का मौके पर ही निस्तारण हुआ। भीषण ठंड और शीत लहर का भी असर देखने को मिला दोपहर लगभग बारह बजे तक इक्का दुक्का ही फरियादी आए। शिकायतों को पंजीकृत करने के लिए बैठे कर्मी खाली बैठे रहे। जिलाधिकारी के आने के बाद थोड़ी भीड़ फरियादियो की बढ़ी। जिलाधिकारी द्वारा सभी विभागों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया गया। इस मौके पर सीडीओ



अंकुर कौशिक, सीएमओ ओम प्रकाश चौधरी, एसपी सोमेन वर्मा, बीडीओ निशा तिवारी, पूर्ति निरीक्षक अभिषेक सिंह, तहसीलदार मयंक मिश्र, नायब तहसीलदार गरिमा वर्मा, आदि अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

**वकीलों ने डीएम को ज्ञापन सौंपा:** तहसील प्रांगण में अधिवक्ताओं ने बार एसो. अध्यक्ष विजय शंकर शुक्ल सचिव अमित कुमार शुक्ल की अगुवाई में डीएम कृतिका ज्योत्सना को बुके देकर नववर्ष की शुभकामना दिया। तहसील सभागार में ज्ञापन देकर तहसील परिसर में बने सौचालय में पानी चालू करवाने की मांग की।

## अभिनंदन ग्रंथ श्रीश सौष्ठव का लोकार्पण




**सुलतानपुर (वीओएल)**। सुपरिचित कवि श्री नारायण लाल ह्यश्रीशह्न का 75वां जन्मदिन अमृत महोत्सव के रूप में मेहमान अतिथि गृह के सभागार में भव्यता से मनाया गया। इस अवसर पर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर केंद्रित अभिनंदन ग्रंथ ह्यश्रीश सौष्ठवह्न का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. रामजी तिवारी ने श्रीश जी की शालीनता और काव्यप्रतिभा को असाधारण बताते हुए उनके शतायु होने की कामना की। अवधी के शलाका पुरुष डॉ. प्रदीप ने अध्यक्षीय उद्बोधन में उनकी बहुमुखी प्रतिभा की सराहना की। कहानीकार चित्रेश जी ने श्रीश जी को विशिष्ट शालीन और रससिद्ध साहित्यकार कहा। डॉ. सुशील कुमार पाण्डेय ने उन्हें चर्चित और प्रतिष्ठित रचनाकार निरूपित किया। हबीब अजमली ने उन्हें आम आदमी का खास कवि बताते हुए उनकी कविताओं को अद्वितीय बताया। साहित्यकार कमल नयन पाण्डेय ने श्रीश जी को पिंगल शास्त्र का मर्मज्ञ कवि कहा कि जबकि महाकवि विजय शंकर मिश्र भास्कर ने उन्हें मनुष्य और रचनाकार दोनों रूपों में उत्कृष्ट बताया। डॉ. वेदप्रकाश आर्य ने उनके साथ बिताए यादगार संस्मरण साझा किए। सुकवि हरिनाथ शुक्ल की वाणी वंदना और कवि नरेन्द्र शुक्ल के स्वागत गीत ने समारोह को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ओंकार नाथ द्विवेदी ने किया, अंत में जयंत कुमार त्रिपाठी ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह ने श्रीश के कृतित्व और व्यक्तित्व को नए आयाम दिए। इस मौके पर सोमेश शेखर चंद्र, विजय नाथ पांडेय, डॉ.करुणेश भट्ट, अवनीश प्रताप पाण्डेय, डॉ. उमाशंकर लाल, अरुण कुमार श्रीवास्तव, पीयूष कुमार, प्रत्यूष कुमार, दयानिधि मिश्र, डॉ. रामप्यारे, डॉ. सुरेश चन्द्र आदि मौजूद रहे।

# आला हाकिम से तहसील दिवस के फरियादी हुए निराश



**लालगंज, रायबरेली**। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देशों के बावजूद जिले के आला अधिकारी जनता की शिकायतों में रुचि नहीं ले रहे हैं। लालगंज के संपूर्ण समाधान दिवस में जनपद की जिला अधिकारी हर्षिता माथुर 2 घंटे देर 12 बजे पहुंची और डेढ़ घंटे ही सुनवाई करने के बाद तहसील दिवस छोड़कर चली गई। फरियादी डीएम से मिलने को तरसते ही रह गए। शनिवार को आयोजित तहसील दिवस में 137 शिकायतों में ज्यादा नलकूप, राजस्व ,बिजली, उद्यान और पुलिस से संबंधित रही। जिलाधिकारी ने साथ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया।

लालगंज नगर निवासी संजय चड्ढा ने नगर पंचायत के खिलाफ इंटरलॉकिंग कार्य का 7लाख 82हजार रुपए दिलाने की मांग की। संजय चड्ढा ने बताया कि उन्होंने 2018 में गांधी चैराहे पर इंटरलॉकिंग का कार्य किया था। तब से आज तक नगर पंचायत ने भुगतान नहीं किया है। डीएम ने ईओ लालगंज से अविलंब भुगतान करने को कहा है। लालगंज भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी ने नगर में व्याप्त अतिक्रमण के खिलाफ शिकायत की जिस पर जिलाधिकारी ने एसडीएम को निर्देशित करते हुए कहा कि टीम बनाकर तुरंत अतिक्रमण हटाया जाए। भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ने गोविंदपुर वलौली से लेकर सेमरपहा मार्ग की मरम्मत करने के बाबत शिकायत की। डीएम ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से ठेकेदार से वार्ता कर सड़क को पूर्ण कराए जाने का निर्देश दिया है। निराला नगर लालगंज निवासी भाजपा सेक्टर प्रमुख श्याम दीक्षित ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उनकी अपनी जमीन पर निर्माण कार्य नहीं होने दिया जा रहा है। उन्होंने जब शिकायत किया तो तहसील स्तर से चार बार जांच हुई और चारों बार अलग-अलग रिपोर्ट बनाई गई जिसके चलते प्रार्थी की अपनी ही भूमि उसे नहीं मिल पा रही है। तहसील दिवस में क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह, एसडीएम नवदीप शुक्ला, तहसीलदार शंभू शरण पांडे, खंड विकास अधिकारी गगनदीप, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत राजभान शुक्ला, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी अमल पटेल, खंड शिक्षा अधिकारी राजीव कुमार ओझा, प्रभारी निरीक्षक लालगंज संजय कुमार सिंह सहित अन्य सभी अधिकारी मौजूदरहे।

## कड़ाके की ठंड में ठंडा रहा तहसील दिवस

**महराजगंज, रायबरेली**। कड़ाके की ठंड में ठंडा रहा तहसील दिवस, मात्र 34 शिकायतों में 4 का निस्तारण हुआ। भीषण ठंड में दूर दराज से आए 34 फारियादियों ने अपनी फरियाद एडीएम अमृता सिंह के समक्ष रखी। राघौपुर गांव निवासी रामकुमारी ने अपनी दर्ज शुदा भूमि पर विपक्षी द्वारा अवैध निर्माण की शिकायत किया जिस पर एडीएम ने राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मामले के निस्तारण के लिए निर्देशित किया तो वहीं मदाखेड़ा गांव निवासी गोकरन ने मंदिर परिसर से अवैध कब्जा हटवाने की शिकायत किया। समाधान दिवस में प्राप्त 34 शिकायतो में 4 का मौके पर निस्तारण किया गया सर्वाधिक शिकायते राजस्व 13, पुलिस 11, विकास 4 अन्य 6 शिकायती पत्र रजिस्टर में दर्ज किए गए एडीएम ने सम्बन्धित को शिकायतो के निस्तारण के निर्देश दिए और कहा कि निश्चित समयावधि में पक्षों की उपस्थिति में मौके पर शिकायतों का निस्तारण करे।

संक्षेप

## इटावा को हरा सोनेट क्लब आगरा जीता

**टूंडला।** नगर के कंपनी बाग रेलवे ग्राउंड में आयोजित स्वर्गीय श्री हरी शंकर दीक्षित स्मृति क्रिकेट टूनार्मेंट के अंतर्गत शनिवार को मैच मोती झील इटावा और सोनेट क्लब आगरा के मध्य खेला गया जिसमें टॉस सोनेट क्लब के कप्तान ने जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया और पहले खेलते हुए मोती झील इटावा ने 14.3 ओवरों सभी विकेट खोकर 62 रन बनाए जिसमें सर्वाधिक अभिषेक ने 15 बाकी कोई खिलाड़ी 5 का अंक नही छू सका सोनेट क्लब के गेंदबाज गोविंद ने 4 गणेश ने 2 हिमांशु ने 2 विकेट लिए जवाब में खेलने उतरी सोनेट क्लब ने 16.3 ओवरों मैं 65 रन बनाकर इस मैच को 2 विकेट से जीत लिया जिसमें सर्वाधिक तरुण 16 गोविंद 13रन बनाकर नाबाद रहे मोती झील इटावा की तरफ से गेंदबाजी करते हुए हिमांशु ने 3 अजय शर्मा ने 2 विकेट लिए मैच का मैन आफ द मैच गोविंद को दिया गया मैच के दौरान आयोजक डी के दीक्षित अजय राज दीक्षित गुड्डा दीक्षित अभिलाष श्रीवास्तव जावेद अली दीपा सैनी वरुण सोलंकी संजय मेवाती सूरज मेवाती अंकुल गौरव करुआ हेमंत पचौरी मौजूद रहे।

## युवक ने लगायी फांसी

**पिनाहट।** आगरा के पिनाहट के मदनपुर गांव में एक युवक द्वारा खुदकुशी कर लिए जाने से परिजनों में हड़कंप मच गया। उसका शव घर में पंखे के कुंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम कराया है। मामले की छानबीन की जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राहुल पुत्र स्वर्गीय गजाधर उम्र 27 वर्ष निवासी मदनपुर थाना पिनाहट टेंपो चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था। परिजनों का आरोप है कि कल ससुर इसके यहां आया और गाली गलौज और हाथापाई की थी। इसके बाद वह इसकी पत्नी को लेकर चला गया। इस घटना से क्षुब्ध होकर उसने आत्महत्या कर ली।

## गैंगेस्टर में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना रामगढ पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को अवैध असलहा सहित गिरफ्तार किया गया। शनिवार को थाना रामगढ पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गैंगस्टर एक्ट के एक वाँछित अभियुक्त मौहसिन पुत्र सकील निवासी कश्मीरी गेट थाना रामगढ फिरोजाबाद को ऊर्दुनगर के पास से एक अवैध तमंचा सहित गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की है।

## ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर एक की मौत, दूसरा गंभीर

**मथुरा।** घने कोहरे के चलते आज सुबह मथुरा-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित वाद पुल पर पीछे से ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे एक युवक की मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो जिसे इलाज के लिए प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शहर कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत कृष्णानगर के राधा नगर में रहने वाला हर्ष शर्मा पुत्र हरिकिशन आज सुबह 6 बजे रोजाना की तरह साथी पंकज पुत्र सेवकराम निवासी ग्राम राल थना जैत के साथ बाइक पर सवार होकर रिफाइनरी थाना के राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित मैकोडोनाल्ड केनिकट वीपी पेट्रोप पंपके निकट काम करने जा रहा था। बताया गया बाइक जब वाद फ्लाईओवर पर थी तभी पीछे से कोहरे के कारण ट्रक ने उसमें टक्कर मार दी जिससे दोनोंयुवक लहूलुहान अवस्था में सड़क पर गिर गए।

# पर्यटन मंत्री ने औद्योगिक आस्थान का शिलान्यास किया

## हमारा प्रयास सनातन संस्कृति और विरासत को मजबूत करके भारत को विकसित राष्ट्र बनाना : पर्यटन मंत्री




**फिरोजाबाद।** पर्यटन एवं संस्कृति विभाग कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह द्वारा तहसील सिरसागंज के ग्राम पंचायत उरावर हस्तसर्फ में सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा नवीन मिनी औद्योगिक आस्थान का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया गया, इस मौके पर बोलते हुए पर्यटन मंत्री ने कहा कि मैं सर्वप्रथम इस क्षेत्र के सभी लोगों को बधाइयां देता हूं कि जिले में इस सबसे पिछड़े इलाके में मिनी औद्योगिक आस्थान स्थापित किया जा रहा है, यह औद्योगिक आस्थान इस क्षेत्र ही नहीं बल्कि संपूर्ण जिले के विकास की एक नई गाथा लिखेगा, लगातार हमारी सरकार द्वारा लोक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, अब उन स्थानों पर भी विकास हो रहे हैं, जहां पर लोग जाने से डरते थे, हमारी सरकार बिना भेदभाव के सबका विकास कर रही है, हमारा प्रयास है कि उत्तर प्रदेश विकास का ग्रोथ इंजन बने जिन गांवों में सदियों से विद्युत की व्यवस्था नहीं थी, उन क्षेत्रों को हमने विद्युत से जगमग कर दिया है, हमारा प्रयास है कि सनातन संस्कृति और विरासत को मजबूत करके भारत को विकसित राष्ट्र बनाना हमने जनपद के सभी प्राचीन मंदिरों में पर्यटन का विकास किया है, जिससे लोग अपनी संस्कृति से परिचित हो सके और उसकी जड़ों से जुड़े रहें, उत्तर प्रदेश का हर गांव हर परिवार ग्रोथ करें, यही हमारा प्रयास है क्योंकि समृद्ध परिवार-समृद्ध समाज को जन्म देता है और एक समृद्ध समाज ही विकसित राष्ट्र की अभिधारणा को चरित्रार्थ कर सकता है, हम सभी का यह प्रयास होना चाहिए कि हम अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी से करें, जिससे 2047 तक भारत विकासशील से विकसित राष्ट्र बन सके।उन्होंने जापान का उदाहरण देते हुए कहा कि अगर जापान आज इतना आगे है, इसका बहुत बड़ा कारण है कि वहां के लोग सरकारी संपत्ति को क्षति नहीं पहुचते हैं, साथ ही साथ समय की प्रतिबद्धता के साथ अपने कार्य को अंजाम देते हैं। हमें राष्ट्रप्रथम की अवधारणा पर कार्य करना होगा, भारत के पास विवेक है, प्राकृतिक संसाधन है, कर्मठता है, इन सब के होते हुए, हम सबको विकसित और आगे बढ़ने से कोई रोक नहीं सकता, पहले जो उद्योग शहरों तक सीमित होते थे, उनका फैलाव गांव तक हो रहा है, इन उद्योगों से न केवल गांव के लोगों को रोजगार मिलेगा, अपितु गांव की दशा और दिशा भी बदलेगी।

इस मौके पर बोलते हुए जिलाधिकारी रमेश रंजन ने कहा कि इस मिनी औद्योगिक क्षेत्र के विकास से दूरस्थ क्षेत्र का विकास होगा, उन्होंने पर्यटन मंत्री की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके के प्रयासों से 100 से अधिक प्रोजेक्ट टूरिज्म को बढ़ावा देने हेतु जनपद में चल रहे हैं, जो जनपद की दशा एवं दिशा को बदल देंगे, हमने इस अवसर पर जन जागरूकता हेतु विभिन्न प्रकार के लोक कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित कैंप भी लगवाए हैं, जिससे सामान्य जन इन योजनाओं के लाभों से परिचित हो सके, वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि इस मिनी औद्योगिक क्षेत्र के विकास से इस विहड क्षेत्र में विकास की गंगा प्रवाहित होगी जो यहां के लोगों के लिए मिल का पत्थर साबित होगी।इस मौके पर बोलते हुए मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य ने कहा कि आने वाले समय में यह क्षेत्र प्रगति के नए मानदंड स्थापित करेगा ऐसा हम सब का विचार है। इससे पूर्व इस कार्यक्रम की शुरूआत पर्यटन मंत्री ने दीप प्रज्वलित कर की, अंत में जिलाधिकारी ने पर्यटन मंत्री को मोमेंटो भेंट किया, साथ ही इस मौके पर कराटीयन स्कूल सिरसागंज के छात्रों द्वारा गणेश वंदना प्रस्तुत की गई, जवाहर ज्योति अनुज पब्लिक स्कूल की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया, कस्तूरबा गांधी बालिकाओं द्वारा नृत्य नाटिका प्रस्तुत किया गया, इस मौके पर स्वामी विवेकानंद योजना अंतर्गत विद्यार्थियों को टेबलेट वितरित किए गए, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना अंतर्गत लाभार्थियों को ऋण स्वीकृत प्रमाण पत्र वितरित किया गया, एक जनपद एक उत्पाद योजना के लाभार्थियों को ऋण वितरण, कौशल उन्नयन हेतु टूल किट का वितरण किया गया, जबकि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को धनराशि एवं प्रमाण पत्र का वितरण किया गया, जबकि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों को चाबी का वितरण किया गया, मनरेगा जॉब कार्ड धारकों को सम्मान प्रमाण पत्र वितरण किया गया, कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया, इसके अलावा आयुष्मान कार्ड वितरण, आ0वा0 किट वितरण पात्र लाभार्थियों को घरौनी वितरण, कंबल वितरण इत्यादि का कार्य भी किया गया, साथ ही इस अवसर पर विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल भी लगाए गए, इस मौके पर जिलाधिकारी रमेश रंजन, जिला भाजपा अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, अराव एवं मदनपुर के ब्लॉक प्रमुख, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य व अन्य जनपद सभी स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# परचून की दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान



**मथुरा।** बीएसए कॉलेज रोड़ पर एक परचून की दुकान में आग लग गई। आग लगने की सूचना पर पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाया, तब तक दुकान में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। बताया जाता है कि थाना कोतवाली के अंतर्गत बीएसए कॉलेज के समीप प्रोफेसर कॉलोनी में शॉर्ट सर्किट के चलते एक परचून की दुकान में भीषण आग लग गई। दुकान स्वामी नीलेश गुप्ता ने बताया कि उनकी नीलेश ट्रेडर्स के नाम से प्रोफेसर कॉलोनी में परचून की दुकान हैं। शुक्रवार की देर शाम वह रोजाना की तरह दुकान बंद कर घर चले गए थे। रात को घर पर खाना खाकर सो गए। रात को करीब 3 बजे उनकी दुकान के ऊपर रह रहे छात्र उनके घर पहुँचे और बताया कि उनकी दुकान में आग लग गई हैं। इस सूचना पर वह भागकर आये तो देखा कि उनकी दुकान में भीषण आग लगी है और आग की ऊँची-ऊँची लपटें दिखाई दे रही थीं। दुकान स्वामी ने आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी, दुकान में लगी आग को देख आसपास के लोगों में भी भय व्याप्त हो गया और लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल कर आ गए। आग को देखने के लिए काफी लोगों के भीड़ एकत्रित हो गई। दमकल विभाग की गाड़ी सूचना मिलने के बावजूद करीब 1 घंटे देरी से पहुंची। दुकान में आग लगने से करीब 25 से 30 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

## प्रकाश पर्व को लेकर व्यवस्थाएं चाक-चौबंद करने में जुटा नगर निगम प्रशासन

**आगरा।** पांच जनवरी होने वाले गुरुगोविंद सिंह के प्रकाश पर्व को लेकर नगर निगम प्रशासन ने व्यवस्थाओं को चाक चौबंद रखने के लिए तैयारियां प्रारंभ कर दी है। साफ सफाई, मार्ग, प्रकाश आदि व्यवस्थाओं की जांच कर प्रकाश पर्व से दो दिन पूर्व ही सभी कमियों को दूर करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को अपर नगर आयुक्त सुरेंद्र प्रसाद यादव ने निर्देश जारी कर दिये हैं। संबंधित विभागों के द्वारा व्यवस्थाओं को ठीक करने के लिए कार्रवाई शुरू की जा चुकी है। अपर नगर आयुक्त ने निर्देश जारी करते हुए कहा है कि हमेशा की भांति गुरु गोविंद सिंह के प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में माईथान से घटिया, फुलट्टी, सेब का बाजार, हींग की मंडी, मीराहुसैनी चौराहा, सदर भट्टी कलक्ट्रेट चौराहा, छीपीटोला और बालू गंज चौराहा होते हुए नगर कीर्तन गुरुद्वारा शहीद संत बाबा केहर सिंह गुरुद्वारा बालूगंज पर समाप्त होगा। अतः इस रुट पर मार्ग, प्रकाश, सफाई, पेयजल आवारा पशुओं की रोकथाम, फौगिंग और एंटीलार्वा दवाई का छिड़काव समय से पूर्व ही करा लिया जाए। सभी संबंधित विभगों के अधिकारियों को अपर आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया है कि वे व्यक्तिगत रुप से अध्यक्ष श्रीगुरु सिंह साहब गुरुद्वारा माईथान कंवल दीप सिंह संपर्क में रह कर सभी व्यवस्थाओं को पूर्ण कराएं। वहीं दूसरी ओर अध्यक्ष गुरु सिंह साहब गुरुद्वारा माईथान की ओर से नगर निगम प्रशासन से कीर्तन यात्रा के समस्त मार्ग पर सफाई के साथ चूना डलवाने, धूल मिट्टी को उड़ने से रोकने के लिए पानी का छिड़काव कराने, कीर्तन यात्रा के दौरान सचल शौचालयों की व्यवस्था करने, बीपी आयल मिल क्षेत्र की टूटी नालियों को मरम्मत कराने और आवारा पशुओं रोकने आदि के लिए ज्ञापन भी दिया है।

## जयपुर हाईवे पर 5 वाहन भिड़े, एक मृत, 12 घायल रिंग रोड पर ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा

**आगरा।** थाना किरावली क्षेत्र में आगरा-जयपुर हाईवे के साथ ही किरावली के पास तीन जगह कई वाहन आपस में टकरा गए हैं। दक्षिणी बाईपास फ्लाईओवर के पास घने कोहरे में एक के बाद एक तीन वाहन आपस में टकरा गए। ट्रोला में एक यात्री बस जा घुसी। पीछे से आती एक गाड़ी ने बस को ठोक दिया। इसके कुछ देर बाद दो और वाहन इसी जगह पर टकरा गए। तीसरी घटना किरावली के पास हुई है। इन दुर्घटनाओं में एक व्यक्ति की मौत हुई है जबकि दर्जन भर घायल हुए हैं। आगरा-जयपुर हाईवे पर घने कोहरे में आपस में टकराने से क्षतिग्रस्त हुए वाहन और हादसे में घायल लोग। आगरा-जयपुर हाईवे पर दो दुर्घटनाओं में पांच वाहनों के टकराने के साथ ही आगरा में इनर रिंग रोड पर धरना दे रहे किसानों के धरनास्थल के पास ही एक बाइक सवार को एक ट्रक ने रौंद दिया। इसमें बाइक सवार की मौत हो गई है। पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतक की पहचान कर रही है। आगरा-जयपुर हाईवे पर दक्षिणी बाईपास पुल के पास सबसे भीषण हादसा हुआ। जयपुर से आगरा की ओर आते ट्रोला को मथुरा जाने के लिए दक्षिणी बाईपास पर चढ़ना था, लेकिन टर्निंग प्वाइंट पर संकेतक न होने और घना कोहरा न होने के कारण ट्रोला दक्षिणी बाईपास पर मुड़ने के बजाय थोड़ा आगे बढ़ गया। ट्रोला के ड्राइवर को आगे बढ़ने का अहसास हुआ तो उसने गाड़ी में ब्रेक लगा दिया। इसी दौरान पीछे से आती गुजरात की एक यात्री बस ट्रोला में आ घुसी। इसके बाद एक और लोडर गाड़ी पीछे से गुजरात की यात्री बस में आ घुसा। तीन वाहनों के आपस में टकराने से घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। यात्री बस के आगे ट्रोला था जबकि पीछे लोडर। बस में यात्री बुरी तरह फंस गए थे। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस भी तत्काल राहत काम नहीं कर सकी क्योंकि यात्री बस दोनों वाहनों के बीच फंसी हुई थी और आगे और पीछे दोनों ओर से क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। इसके बाद पुलिस ने कटर मंगवाकर बस की ब ?डी को कटवाया और अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला। हादसे में घायल हुए ज्यादातर लोग बस सवार यात्री हैं। बस में पीछे से आकर टकराए वाहन की केबिन में बैठे दोनों लोग भी घायल हुए हैं। इन्हें भी ब ?डी काटकर बाहर निकाला।

# श्री सिद्धि विनायक महाविद्यालय के युवा प्रतिभा महोत्सव में हुआ कबड्डी का आयोजन



- कबड्डी में छात्र-छात्राओं की टीम ने दिखाया दमखम

**गोवर्धन।** शनिवार को युवा प्रतिभा महोत्सव सिद्दी विनायक महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं के वर्ग का कबड्डी मैच का आयोजन हुआ। कबड्डी मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि रघुनाथ दास गोस्वामी गद्दी के पीठाधीश्वर महंत बाबा केशवदास महाराज, प्रसिद्ध ज्योतिषविद श्रीमती रेखा कृष्णा मेहता ने गणेश जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करके और पुष्प माला पहनाकर किया। और कबड्डी के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके उनका उत्साहवर्धन किया।

मुख्य अतिथियों ने कहा कि श्री सिद्धि विनायक महाविद्यालय गुणवत्ता जे साथ उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। विद्यार्थी जीवन का खेल हमें नैतिकता और संयम की महत्वपूर्ण शिक्षा भी प्रदान करता है। आज के समय में खेल जितना स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, उतना ही खेल का महत्व पढ़ाई में भी है। युवा प्रतिभा महोत्सव में शनिवार को कबड्डी के मैच कराये गये। जिसमें महिला वर्ग के फाइनल मैच में शांतनु बिहारी इंटर कॉलेज सतोहा ने डीपीएस इंटर कालेज अडींग को हराकर विजेता बनी। आगुंतकों का स्वागत डायरेक्टर नंद किशोर शर्मा, सचिव श्रीमति मधु शर्मा, प्राचार्य अशोक कुमार शर्मा, महेश चंद अग्रवाल, सह निदेशक सतीश शर्मा, विपुल शर्मा ने मोतीमाला एवं स्मृति चिन्ह देकर किया। रेफरी की भूमिका दिलीप यादव ने निभाई। विधि विभागाध्यक्ष भारत उपाध्याय एडवोकेट ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर याचना शर्मा, प्रियंका तिवारी, अर्चना माथुर, नीलम, उमा जोशी, दीपा चतुवेदी, बुलबुल कौशक, अनुराधा मिश्रा, टीकम सिंह राजावत, राजेश शर्मा, पवन कुमार, विष्णुकांत शर्मा, जयप्रकाश कुंतल, कुमारपाल सिंह, भानु अग्रवाल, हारून, देवीराम, बालकृष्ण सैनी, दिनेश कौशिक, प्रकाश सिंह, चंद्रशेखर जोशी, चंदन सिंह आदि उपस्थित रहे।

## देश के प्रख्यात सर्जन डॉ. बीडी शर्मा का निधन, चिकित्सा जगत में शोक

आगरा। उत्तर प्रदेश में सबसे पहले दूरबीन विधि से प्रोस्टेट का ऑपरेशन करने वाले एसएन मेडिकल कॉलेज की सर्जरी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. बीडी शर्मा का आज 97 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही चिकित्सा जगत में शोक की लहर फैल गई। सर्जरी के क्षेत्र में देश भर में प्रख्यात सर्जन डॉ. शर्मा ने इग्लैंड से दूरबीन विधि से सर्जरी का प्रशिक्षण लेने के बाद यूपी में सबसे पहले एसएन मेडिकल कॉलेज में वर्ष 1968 में अत्याधुनिक दूरबीन विधि से सर्जरी शुरू की थी, उस समय ओपन सर्जरी हुआ करती थी। दूरबीन विधि से छोटे से चीरा से सर्जरी होने के कारण देशभर से तमाम राजनेता और ब्यूरोक्रेट्स, जज आदि एसएन में डॉ. शर्मा से ऑपरेशन कराने आते थे। डॉ. शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी, पूर्व राज्यपाल प्रकाश नारायण मल्होत्रा, देश के पूर्व चीफ जस्टिस सहित तमाम नामी-गिरामी लोगों की सर्जरी की थी। डॉ. शर्मा वर्ष में 1971 से लेकर 1989 तक सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष रहे।

# वृंदावन इस्कॉन में धोखाधड़ी : दान के करोड़ों रु. लेकर भक्त फरार, प्रबंधन ने करायी एफआईआर




**मथुरा।** देश की प्रमुख धार्मिक संस्था अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ इस्कॉन की वृंदावन शाखा में करोड़ों की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। मंदिर प्रबंधन ने एक कृष्ण भक्त पर दान की रसीदों में हेर फेर कर दान राशि लेकर रफूचक्कर हो जाने की रिपोर्ट कोतवाली वृंदावन में दर्ज कराई है। मामला इंटरनेशनल संस्था से जुड़ा होने के कारण पुलिस महकमा मामले की तहकीकात में जुट गया है। मथुरा के वृंदावन में स्थित इस्कॉन मंदिर में करोड़ों के दान घोटाला का मामला सामने आया है। मंदिर के मेंबरशिप डिपार्टमेंट में तैनात भक्त पर आरोप है कि उसने श्रद्धालुओं द्वारा दान में दिए गए करोड़ों रुपए हड़प लिए और रसीद बुक लेकर फरार हो गया। मामले की जानकारी मिलने पर मंदिर प्रबंधन ने धोखाधड़ी कर फरार हुए भक्त के खिलाफ वृंदावन कोतवाली में थ्प्त् दर्ज कराई है। वृंदावन इस्कॉन के मेंबरशिप डिपार्टमेंट में इंदौर की श्री राम कॉलोनी रायगंज निवासी मुरलीधर दास पुत्र निमाई चंद यादव तैनात था। मुरलीधर दास को मंदिर प्रबंधन ने श्रद्धालुओं को मंदिर का सदस्य बनाने और दान लेने के लिए 32 रसीद बुक दी। इन रसीद बुक के जरिए मुरलीधर दास ने श्रद्धालुओं से दान लिया। मंदिर के सीएफओ विश्वनाथ दास द्वारा वृंदावन कोतवाली में दी गई तहरीर में लिखा है कि मुरलीधर दास दान दाताओं द्वारा दी गई राशि जो करोड़ों में है के अलावा रसीद बुक को हड़प लिया। विश्वनाथ दास का आरोप है कि मुरलीधर दास दान में मिले करोड़ों रुपए और रसीद बुक को लेकर फरार हो गया। मुरलीधर दास इस्कॉन मंदिर में दान दाताओं को दान की रसीद देने के लिए नियुक्त किया गया था। विश्वनाथ दास का आरोप है कि मुरलीधर दास से जब फोन कर रसीद बुक और दान में मिले रुपए वापस करने के लिए कहा तो उसने जान से मारने की धमकी दी। इस मामले की शिकायत विश्वनाथ दास ने एसएसपी शैलेश पांडे से की। जिसके बाद एसएसपी ने इस मामले में वृंदावन पुलिस को तत्काल एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए।

## मथुरा के दो स्थानों पर अग्निकांड, भगदड़ और डूबने के परिदृश्य पर मेगा मॉक एक्सरसाइज का आयोजन

जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्राधिकरण के तत्वाधान में शैलेन्द्र कुमार सिंह जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार ह्लअग्निकांड, भगदड़ ० डूबने के परिदृश्य पर मेगा मॉक एक्सरसाइजह्ल का आयोजन जनपद में चिन्हित दो स्थलों पर किया गया। स्वर्ण जयंती अस्पताल पर अग्निकांड ० भगदड़ परिदृश्य पर व यमुना घाट, तहसील महावन पर डूबने के परिदृश्य पर ड्रिल का आयोजन किया गया।

योगानन्द पाण्डेय अपर जिलाधिकारी(वि/रा) इंसिडेंट कमांडर की भूमिका निभाते हुए कण्ट्रोल रूम में स्वर्ण जयंती हॉल में अग्निकांड ० भगदड़ की सूचना उपलब्ध होने पर घटना स्थल पर पहुंचे जहा पर कुल 08 व्यक्तियों को प्रभावित बताया गया जिनका रेस्क्यू अग्निशमन विभाग ०सिविल डिफेन्स के स्वयंसेवको के द्वारा कराया गया। रेस्क्यू ऑपरेशन के उपरांत 02 व्यक्तियों को डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल रवाना किया गया ०06व्यकितयों को प्राथमिक उपचार मेडिकल पोस्ट पर ही उपलब्ध कराया गया।

उक्त मॉक ड्रिल के बाद यमुना घाट पर डूबने के परिदृश्य पर मॉक ड्रिल कराया गया जिसमे दो व्यक्तियों के डूबने का परिदृश्य बना कर प्रशिक्षित आपदा मित्रो की टीम की सहायता से उनका रेस्क्यू किया गया, रेस्क्यू के उपरांत मेडिकल पोस्ट पर प्राथमिक उपचार के बाद उनको डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल रवाना किया गया। मॉकड्रिल के दौरान योगानन्द पाण्डेय अपर जिलाधिकारी (वि/रा), सुशील कुमार, आपदा विशेषज्ञ, अग्निशमन अधिकारी अपनी टीम के साथ, पुलिस/प्रशासन की टीम, सिविल डिफेन्स टीम, आपदा मित्र आदि मौजूद रहे।

## समाधान दिवस, डीएम ने सुनीं शिकायतें




**मथुरा।** डीएम की अध्यक्षता में तहसील मांट में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस/ तहसील दिवस। डीएम ने जनता की शिकायतों को सुना तथा संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट / एसडीएम मांट अभिनव जे जैन ने बताया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आज मांट तहसील में कुल 44 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 5 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। बाकी शिकायतें संबंधित विभागों को अग्रसारित कर दी गई है। वहीं डीएम ने राजस्व से संबंधित शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्धता से किए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। डीएम ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए के जनता के प्रति पुलिस का ही सरल व्यवहार होना चाहिए। इसी क्रम में आज महावन तहसील के सभागार में समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 27 शिकायतें प्राप्त हुई। एसडीएम गोवर्धन नीलम श्रीवास्तव ने अवगत कराया तहसील गोवर्धन में 13 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। एसडीएम छाता श्वेता ने बताया कि छाता तहसील में 18 शिकायतें प्राप्त हुई तथा एसडीएम सदर वैभव गुप्ता ने बताया कि तहसील सदर में 16 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 1 शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया।

## प्रधानाचार्य और नोडल शिक्षकों का हुआ दो दिवसीय प्रशिक्षण

**मथुरा।** समग्र शिक्षा माध्यमिक के अंतर्गत जनपद स्तरीय राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं नोडल शिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान मथुरा में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ प्रशिक्षण संस्थान के प्रभारी संतोष कुमार द्वारा गम ज्ञान की देवी सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलन करके किया गया। उन्होंने समस्त प्रधानाचार्य एवं कैरियर गाइडेंस प्रोगाम के नोडल शिक्षकों को कैरियर मार्गदर्शन के विषय में बच्चों के ज्ञान संवर्धन के लिए कहा कि इसके माध्यम से हम बच्चों के भविष्य को स्वर सकते हैं और इस प्रशिक्षण से सिख अपने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को लाभान्वित करेंगे। कैरियर गाइडेंस का यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश सरकार यूनिसेफ के सौजन्य से बहुत ही छात्रों के भविष्य की दिशा में एक अग्रणी कम है इससे छात्राओं को अपना करियर चुनने में मदद मिलेगी। वह क्षेत्र की प्रभारी एवं राज्य स्तरीय ट्रेनर श्रीमती कविता सक्सेना और श्रीमती नम्रता बरोलिया ने बताया कि इस प्रशिक्षण से जनपद के छात्र-छात्राएं लाभान्वित होंगे और उनको नवीन करियर चुनने में सहायता मिलेगी मास्टर ट्रेनर्स ने शासन के निर्देश अनुसार सभी को बारीकी से सभी बिंदुओं पर चर्चा की, जिसमें स्वाद जागरूकता का विकास समय प्रबंधन तनाव प्रबंधन टीमवर्क करियर के विकल्प आदि पर बारी-बारी से प्रकाश डाला साथ ही मोटिवेशनल वीडियो के माध्यम से उनका ज्ञान संवर्धन किया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा ने भी समापन पर करियर हेल्थ और रिलेशन प्रोग्राम पर जोर दिया साथ ही तनाव मुक्त करने के लिए योग करने के लिए भी प्रेरितकिया। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य राजेंद्र बाबू ने कैरियर मार्गदर्शन की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। जो छात्र-छात्राएं हमारे आते हैं यदि हम उनके साथ भावनात्मक रूप से जुड़े और उनके योग्यता में वृद्धि के लिए उन्हें बताएं तो वह निश्चित रूप से नए करियर की संभावनाओं को तलाश कर लेंगे।

# सड़क सुरक्षा माह को लेकर डीएम ने की बैठक

मथुरा। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के संबंध में बैठक हुई संपन्न। बैठक में डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने निर्देश दिए कि बी.एस.ए एवं डी.आई.ओ.एस सभी स्कूलों, कॉलेजों एवं यूनिवर्सिटी में सड़क सुरक्षा के संबंध में जन जागरूकता अभियान चलाए। 6 से 10 जनवरी 2025 तक चलाए जा रहे जन जागरूकता अभियान में सभी को जोड़े और अधिकाधिक प्रचार प्रसार करे।



उन्होंने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजेश राजपूत को निर्देश दिए कि जिला मुख्यालय के 5 विद्यालय, तहसीलों में एक-एक विद्यालय तथा समस्त 10 ब्लॉक में एक-एक विद्यालय चिन्हित करते हुए सड़क सुरक्षा एवं यातायात के नियमों के प्रति छात्र छात्राओं को जागरूक किया जाए तथा वहां वृहद कार्यक्रम आयोजित कराए जाए। ए.आर.टी.ओ. को रोस्टर बनाकर दिनांक 6 से 10 जनवरी 2025 तक किए जाने वाले समस्त विद्यालयों में कार्यक्रमों को बनाने के निर्देश दिए। समस्त विद्यालय में प्रातः असेंबली में सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी बच्चों को दी जाए। उन्होंने पैंफलेट, पोस्टर, स्टैंडी, बैनर, होर्डिंग आदि के माध्यम से सड़क सुरक्षा अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के निर्देश दिए। प्रमुख चैराहों, बस स्टैंड, टेंपो स्टैंड आदि स्थानों पर पैंफलेट व पोस्टर वितरित कर जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने वाहनों में रिफ्लेक्टर एवं रेडियम लगवाने हेतु जागरूकता फैलने के निर्देश दिए तथा वाहनों में अभियान चलाकर रेडियम व रिफ्लेक्टर लगवाए जाए। इस कार्य हेतु पुलिस विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों का सहयोग भी लिया जाए। जिलाधिकारी ने एन.एच.ए.आई एवं एक्सप्रेस-वे के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि अपने अपने क्षेत्रों में एम्बुलेंस, क्रेन आदि को अलर्ट मोड पर रखे। दुर्घटना की सूचना मिलने पर तत्काल एम्बुलेंस, क्रेन, पुलिस आदि पहुंचे। एन.एच.ए.आई एवं एक्सप्रेस-वे तत्काल दुर्घटना की सूचना डायल 112 पर दे, जिससे पुलिस भी स्थल पर पहुंचे। एन.एच.ए.आई एवं एक्सप्रेस-वे के पास फर्स्ट एड किट मौजूद होनी चाहिए। एन.एच.ए.आई एवं एक्सप्रेस-वे ओवरलोडिंग के डाटा को परिवहन विभाग को उपलब्ध कराए जिससे सभी का चालान किया जा सके। एस.पी. ट्रैफिक मनोज यादव को निर्देश दिए कि ड्रिंक एंड ड्राइव, रोंग साइड ड्राइविंग आदि के विरुद्ध अभियान चलाया जाए और कार्यवाही की जाए। ठण्ड में कोहरे के दृष्टिगत सड़कों पर कम विजिबिलिटी हो जाती है, इससे दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है, इस संबंध में उन्होने कहा कि खम्भो पर लगी लाईट एवं रोड पर बनी व्हाइट पट्टी को ठीक किया जाए तथा रेडियन का प्रयोग किया जाए।

## बालिका की मौत के बाद परिजनों ने काटा हंगामा, स्वास्थ्य विभाग ने किया आईसीयू सीज

**मथुरा।** बलदेव कस्बे के मेडीसिटी हास्पिटल में आज सुबह उपचार के दौरान एक बालिका की मौत से गुस्साए परिवारीजनों ने जमकर हंगामा काटा। घटना की सूचना पर इलाका पुलिस मौके पर पहुंच गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने इस मामले में अस्पताल प्रशासन को लापरवाह मानते हुए इसकी आईसीयू वार्ड को सीज कर दिया है। सीएमओ का कहना है कि इससे पहले भी एक व्यक्ति की मौत के मामले में अस्पताल को दोषी पाया गया था। यह दूसरा मामला है। इसका रजिस्ट्रेशन कैंसिल कर पीड़ित परिवारों को प्राथमिकी दर्ज कराने की कार्रवाई की जाएगी। महावन थाना क्षेत्र अन्तर्गत शाहपुर अड्डा निवासी नेत्रपाल ने रात्रि नौ बजे अपनी 14 वर्षीय बेटी पलक की दशा बिगड़ने पर बलदेव मेडीसिटी हास्पिटल में भर्ती कराया गया था जहां डाक्टरों ने आईसीओ में रखा गया। परिवार के लोगों का कहना है कि रात्रि 12 बजे तक अस्पताल प्रशासन ने बताया कि बालिका की दशा में सुधार है। लेकिन तड़के उसकी मौत की खबर परिवारीजनों को दी गई। जिससे वह आक्रोशित हो गए और हंगामा काटा। जिससे अफरातफरी मच गई जिससे आसपास के लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना पर पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आईसीयू को सीज कर दिया है। इस संबंध में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. ऐके वर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम ने प्रथम दृष्टया अस्पताल प्रशासन को दोषी पाया है और आईसीओ सीज कर अस्पताल प्रबंधन को नोटिस जारी किया गया है।

# डाटा संरक्षण नियमों में नागरिक अधिकारों की सुरक्षा विनियमन-नवाचार के संतुलन पर जोरः अश्वनी वैष्णव



नयी दिल्ली। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि सरकार द्वारा जारी डेटा संरक्षण नियम नागरिक अधिकारों की रक्षा करते हुए विनियमन और नवाचार के बीच संतुलन बनाते हैं।

सरकार ने शुक्रवार को डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (डीपीडीपी) अधिनियम के लिए मसौदा नियम 18 फरवरी तक सार्वजनिक परामर्श के लिए जारी किए। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री वैष्णव ने पीटीआई-भाषा से विशेष बातचीत में कहा, नियमों को अधिनियम की चारदीवारी के भीतर रहना चाहिए। यह संसद द्वारा पारित अधिनियम के दायरे में है। ये नियम नागरिकों के अधिकारों की पूरी तरह से रक्षा करते हुए विनियमन और नवाचार के बीच संतुलन सुनिश्चित करने के लिए तैयार किए गए हैं। मंत्री ने कहा कि पहले दुनिया के लिए केवल एक ही उदाहरण- उच्च स्तर के विनियमन के साथ यूरोपीय डेटा सुरक्षा नियम उपलब्ध था। हालांकि, भारतीय नियमों ने देश में स्टार्टअप के बीच विकसित हो रहे नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र में उछाल की रक्षा के लिए विनियमन और नवाचार के बीच संतुलन बनाने का प्रयास किया है।उन्होंने कहा कि उद्योग के साथ व्यापक विचार-विमर्श किया गया है और शिकायत पंजीकरण, उनका निपटान और वितरण, डिजिटल मंच के साथ बातचीत जैसी प्रणालियां लागू की गई हैं। मंत्री ने कहा कि अंतिम नियम मंजूरी के लिए मानसून सत्र में संसद के समक्ष रखे जाएंगे और डिजिटल रूप से डेटा संभालने वाली सभी संस्थाओं को कानून के अनुसार अपने तंत्र को जांचने के लिए दो साल का समय मिलेगा।वैष्णव ने कहा, अधिनियम के अंतर्गत आने वाली सभी संस्थाओं को नियम लागू होने के दो वर्ष के भीतर मौजूदा सहमति की समीक्षा करनी होगी। उन्होंने कहा कि नई डेटा व्यवस्था के अनुभव के आधार पर नियमों में सुधार किया जाएगा।

# जलवायु नीतियों के बावजूद 2050 तक गरीब देशों में उपभोक्ता कीमतें तीन गुना हो जायेंगी



नयी दिल्ली। महत्वाकांक्षी जलवायु नीतियों के बावजूद कम आय वाले देशों में 2050 तक उपभोक्ता खाद्य कीमतों में 2.45 गुना वृद्धि होगी। एक अध्ययन में यह जानकारी देते हुए कहा गया कि इस दौरान उत्पादक कीमतें बढ़कर 3.3 गुना हो जाएंगी।

जर्मनी के पॉट्सडैम इंस्टीट्यूट फॉर क्लाइमेट इम्पैक्ट रिसर्च (पीआईके) के शोधकर्ताओं ने कहा कि कम आय वाले देशों में उपभोक्ता कीमतों में बढ़ोतरी से किसान कम प्रभावित होंगे, लेकिन फिर भी इन देशों में लोगों के लिए पर्याप्त और स्वस्थ भोजन खरीदना मुश्किल हो जाएगा। पीआईके के वैज्ञानिक और नेचर फूड में प्रकाशित अध्ययन के प्रमुख लेखक डेविड मेंग-चुएन चेन ने कहा, अमेरिका या जर्मनी जैसे उच्च आय वाले देशों में, किसानों को खाद्य खर्च का एक चौथाई से भी कम मिलता है, जबकि उप-सहारा अफ्रीका में यह 70 प्रतिशत से अधिक है, जहां खेती की लागत खाद्य कीमतों का एक बड़ा हिस्सा है। उन्होंने कहा कि यह अंतर इस बात को रेखांकित करता है कि विभिन्न क्षेत्रों में खाद्य प्रणालियां कितने अलग-अलग तरीके से काम करती हैं। शोधकर्ताओं ने अनुमान लगाया कि जैसे-जैसे अर्थव्यवस्थाएं विकसित होंगी और खाद्य प्रणालियां औद्योगिक होंगी, किसानों को उपभोक्ता व्यय का कम हिस्सा मिलेगा। विश्लेषण के लिए, शोधकर्ताओं ने सांख्यिकीय और प्रक्रिया-आधारित मॉडल का उपयोग करके 136 देशों और 11 खाद्य समूहों में खाद्य मूल्य घटकों का मूल्यांकन किया। संपूर्ण खाद्य मूल्य श्रृंखलाओं का विश्लेषण करने से शोधकर्ताओं को यह समझने में भी मदद मिली कि ग्रीनहाउस गैसों को कम करने के उद्देश्य से बनाई गई नीतियां उपभोक्ताओं को कैसे प्रभावित करती हैं। कृषि में उत्सर्जन को कम करने के उद्देश्य से बनाई गई जलवायु नीतियां अक्सर खाद्य कीमतों में वृद्धि के बारे में चिंताएं पैदा करती हैं। विश्लेषण के मुताबिक आधुनिक खाद्य प्रणालियों की लंबी आपूर्ति श्रृंखलाएं उपभोक्ता कीमतों को भारी वृद्धि से बचाती हैं।

## परिधान निर्यातकों ने की कर प्रोत्साहन की मांग

नयी दिल्ली। परिधान निर्यातकों के संगठन एईपीसी ने शनिवार को सरकार से आगामी आम बजट में कर प्रोत्साहन की घोषणा करने का आग्रह किया।

इसमें परिधान मशीनरी पर आयात शुल्क कटौती और सीमा शुल्क छूट का दावा करने के लिए एमएसएमई को 45 दिनों के भीतर भुगतान की आवश्यकता वाले प्रावधान को हटाना शामिल है। परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) ने यह भी अनुरोध किया कि बजट में पांच प्रतिशत की ब्याज समानीकरण दर की घोषणा की जाए। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को संसद में बजट पेश करेंगी। परिषद ने नई परिधान इकाइयों की स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिए रियायती कर दर का विस्तार, आईजीसीआर (रियायती दर पर माल का आयात) के तहत ट्रिम्स और अलंकरण के आयात की प्रक्रिया में सरलीकरण और ई-कॉमर्स निर्यात प्रक्रियाओं को उदार बनाने की बात भी कही। एक बयान में कहा गया कि रेडीमेड गारमेंट (आरएमजी) उद्योग ने आगामी बजट में आईटी अधिनियम की धारा 43बी (एच) को हटाने की भी मांग की है।

जो किसी भी एमएसएमई कंपनियों को कर में किसी भी कटौती का दावा करने के लिए अधिकतम 45 दिनों के भीतर भुगतान से संबंधित है।

## कृषि मंत्री ने की योजनाओं की समीक्षा



नयी दिल्ली। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को राज्य के कृषि मंत्रियों के साथ विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की और केंद्रीय बजट से पहले चल रहे कार्यक्रमों और बजट आवंटन पर उनके सुझाव मांगे।

एक सरकारी बयान के अनुसार, एक आभासी बैठक के दौरान, चौहान ने वित्तवर्ष 2024-25 में कृषि और संबद्ध क्षेत्र की 3.5-4 प्रतिशत की संभावित उच्च वृद्धि दर पर संतोष व्यक्त किया और राज्य सरकारों से तेज गति से काम करने का आग्रह किया। उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक की रिपोर्ट का स्वागत किया, जिसमें दिखाया गया है कि ग्रामीण गरीबी दर वित्तवर्ष 2023 में 7.2 प्रतिशत से घटकर वित्तवर्ष 2024 में पहली बार पांच प्रतिशत से नीचे आ गई है। मंत्री ने कहा कि केंद्र कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए छह सूत्री रणनीति को लागू कर रहा है, जिसमें आईसीएआर द्वारा अनुसंधान के माध्यम से प्रति हेक्टेयर उत्पादन बढ़ाना और नई बीज किस्में जारी करना शामिल है। सरकार उत्पादन लागत कम करने, सूक्ष्म सिंचाई को बढ़ावा देने, कृषि मशीनीकरण, प्रौद्योगिकी अपनाने और नई कृषि पद्धतियों पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है। चौहान ने पीएम-किसान, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, डीएपी उर्वरक सब्सिडी, किसान क्रेडिट कार्ड और प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएमएएएसए) सहित प्रमुख योजनाओं में प्रगति पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में निरंतर प्रगति हो रही है और हम सभी इसके लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं... मुझे पूरा विश्वास है कि हम बजट, योजनाओं में सुधार के बारे में सुझाव साझा करेंगे और उस दिशा में मिलकर आगे बढ़ेंगे।

## पस्त कारोबार के बीच तेल तिलहनों के भाव अपरिवर्तित

नयी दिल्ली। देश के तेल-तिलहन बाजार में शनिवार को सुस्त कारोबार के बीच किसानों द्वारा सस्ते दाम पर बिकवाली करने से बचने की वजह से आवक घटने के कारण देश के तेल-तिलहन बाजार में खाद्यतेल-तिलहनों के दाम अपरिवर्तित बने रहे।

बाजार सूत्रों ने कहा कि पाम-पामोलीन के दाम बाकी तेलों के मुकाबले काफी अधिक हैं वहीं पैसों की दिक्कत की वजह से आयातित सोयाबीन डीगम तेल आयात की लागत से 2-2.5 प्रतिशत नीचे दाम पर बिक रहे हैं। दूसरी ओर देशी मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तिलहन बाजार में खप नहीं रहा क्योंकि बिनौला खल का दाम टूटने से बाकी खल के दाम भी टूटे हैं। इस खल के दाम टूटने के कारण पेराई मिलों के लिए मूंगफली, सोयाबीन की पेराई बेपड़ता बैठती है। इन देशी तेल-तिलहनों का जब तक बाजार नहीं बनेगा, खाद्य तेल-तिलहन किसान, उद्योग, पेराई मिलों को दिक्कत बनी रहेगी। इस ओर सरकार को ध्यान देने की जरुरत है। वहीं सियागंज किराना बाजार में शनिवार को शक्कर के भाव में 20 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी हुई। कारोबारियों के अनुसार आज शक्कर में चार गाड़ी की आवक हुई।

# आरबीआई ने किया वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन

भुवनेश्वर। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की भुवनेश्वर शाखा ने लोगों में वित्तीय साक्षरता को लेकर जागरूकता पैदा करने के अपने अभियान के तहत शनिवार को दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया और प्रतिभागियों के बीच ब्रेल लिपि में अनुवादित पुस्तिकाएं वितरित कीं।

अंतरराष्ट्रीय ब्रेल दिवस के अवसर पर वित्तीय साक्षरता और जागरूकता कार्यक्रम यहां द ओडिशा एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड के परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्रों, कर्मचारियों, सदस्यों और एसोसिएशन के पदाधिकारियों सहित लगभग 180 प्रतिभागियों ने भाग लिया। आरबीआई के उप महाप्रबंधक मधुकर आनंद ने कहा, प्रतिभागियों के बीच ब्रेल लिपि में अनुवादित आरबीआई की वित्तीय जागरूकता संदेश (फेम) पुस्तिका वितरित की गई। एसएसईपीडी (सामाजिक सुरक्षा एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण) में उप सचिव सन्यासी बेहरा ने कहा, कार्यक्रम संवादात्मक था, जहां प्रतिभागियों के कई प्रश्नों के उत्तर दिए गए तथा उनके सुझावों पर विचार किया गया। बेहरा दृष्टिबाधित हैं। उन्होंने कहा कि सभी प्रतिभागियों ने इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए आरबीआई की पहल की सराहना की तथा बैंक से भविष्य में इस तरह के और अधिक कार्यक्रम आयोजित करने का अनुरोध किया। आरबीआई अधिकारियों ने वित्तीय नियोजन, बचत, निवेश, बीमा और दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए विशेष प्रावधान जैसे विभिन्न विषयों पर सत्र में भाग लिया। प्रतिभागियों को धोखाधड़ी के बारे में भी जानकारी दी गई और उन्हें अपनी वित्तीय जानकारी किसी के साथ साझा न करने के लिए जागरूक किया गया। प्रतिभागियों को आरबीआई की शिकायत निवारण प्रणाली और शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया के बारे में भी बताया गया।

# नेपाल को दो लाख टन गेहूं निर्यात की अनुमति



नयी दिल्ली। सरकार ने नेपाल को दो लाख टन गेहूं निर्यात करने की अनुमति दी है। शनिवार को जारी एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने अधिसूचना में कहा कि निर्यात की अनुमति राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल) के माध्यम से दी गई है।

घरेलू आपूर्ति बनाए रखने के लिए गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध है, लेकिन कुछ देशों के अनुरोध करने पर सरकार उनकी खाद्य सुरक्षा जरूरतों के मद्देनजर निर्यात की अनुमति देती है। एक अलग अधिसूचना में, डीजीएफटी ने कहा कि अग्रिम प्राधिकरण धारकों, ईओयू (निर्यात उन्मुख इकाइयों) और एसईजेड (विशेष आर्थिक क्षेत्रों) द्वारा कृत्रिम बुने हुए कपड़ों के लिए कच्चे माल के आयात को एमआईपी (न्यूनतम आयात शर्त) से छूट दी जाएगी। सस्ते कपड़ों की आवक को हतोत्साहित करने के लिए सिंथेटिक बुने हुए कपड़ों पर 3.5 अमेरिकी डॉलर प्रति किलोग्राम एमआईपी लागू है।

## नयी कैमरी हाइब्रिड का हुआ अनावरण




लखनऊ। आज दिनांक 4 जनवरी 2025 को सनी टोयोटा शाहनजफ रोड शोरूम में नई टोयोटा कैमरी हाइब्रिड का अनावरण सनी टोयोटा के एमडी शिवम साहू द्वारा किया गया। पर्यावरण के संतुलन के लिए कार्बन न्युट्रल लक्ष्यों को साकार करने की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए टोयोटा ने अपनी नई कैमरी हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन को पांचवी पीढ़ी के हाइब्रिड टेक्नोलॉजी के साथ लॉन्च किया है जो काफी उन्नत तकनीति से लैस है। यह नया मॉडल अत्याधुनिक सुरक्षा मानको, बेहतरीन एक्सटेरियर एवं इंटीरियर डिजाइन के साथ बेहतर परफॉरमेंस प्रदान करेगा। यह 2.5 ली. ई-सी वी टी पेट्रोल इंजन के साथ हाइब्रिड टेक्नोलॉजी में 230 पी एस पावर एवं 221 एन एम का टॉर्क 3200 आर.पी. एम पर प्रदान करता है जो की हाइब्रिड सिस्टम के कारण 25. 49 किमी/लीटर का सर्वोत्तम माइलेज प्रदान करेगा।

## इचामती नदी पर पुल का शिलान्यास

स्वरूपनगर। केंद्रीयपत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग राज्यमंत्री शांतनु ठाकुर ने आज यहां सिंगल लेन सड़कपुल की आधारशिला रखी। नए आरसीसी पुल को यात्रियों के लिए सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने, निर्बाध नौवहन की सुविधा मुहैया कराने, क्षेत्रीय विकास और संपर्क लक्ष्यों को समर्थन प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। नया आरसीसी पुल 2 टन तक के भार के साथ यात्रियों और माल की सुरक्षित आवाजाही में सहायक होगा। करीब 16 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस नए पुल का सभी मौसम में उपयोग किया जा सकेगा। यह पुल 64 मीटर लंबा होगा तथा इसमें दोनों ओर 120 मीटर की एप्रोच सड़कें होंगी। यातायात और सुरक्षा में सुधार के प्रयासों के तहत स्वरूपनगर में इचामती नदी को पार करने के लिए बने मौजूदा बांस के पुल की जगह इस आरसीसीपुल को बनाया जा रहा है।

## संक्षेप

### स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग का आईपीओ 6 को खुलेगा

बंगलूरू। स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी लिमिटेड, जो रेवन्यू के मामले में वित्तीय वर्ष 2024 में भारत के फार्मास्युटिकल और केमिकल सेक्टर्स के लिए शीर्ष पांच स्पेशलाइज्ड इंजीनियरिंग इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर्स में से एक है, ने अपने पहले इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग के लिए 133 रुपए से 140 रुपए प्रति इक्विटी शेयर की प्राइस बैंड तय की है, जिसकी फेस वैल्यू 10 रुपए है। कंपनी का यह आईपीओ सोमवार, 6 जनवरी को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा और बुधवार, 8 जनवरी को बंद होगा। निवेशक कम से कम 107 इक्विटी शेयर और उसके बाद 107 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बिड लगा सकते हैं। यह आईपीओ एक फ्रेश इशू 210 करोड़ रुपए तक का है और जिसमें 1,42,89,367 इक्विटी शेयरों को इशू किया जाएगा। कंपनी द्वारा फर्श इशू से प्राप्त 10 करोड़ रुपए का उपयोग मशीनरी और उपकरणों की खरीद के लिए किया जाएगा। 130 करोड रुपए.का उपयोग कंपनी द्वारा लिए गए कुछ बकाया ऋणों के पुनर्भुगतान के लिए, और इसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एस2 इंजीनियरिंग इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड में निवेश के लिए किया जाएगा।

### मैक्स लाइफ बना एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस

नई दिल्ली। मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने अपने कॉरपोरेट नाम में एक्सिस शब्द जोड़ने का एलान किया है। अब कंपनी को एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाएगा। कंपनी ने अपनी ब्रांडिंग को भी रीब्रांड करते हुए एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कर लिया है, जो इसके ब्रांड के विकास में महत्वपूर्ण पड़ाव है। फाइनेंशियल सर्विस सेक्टर के दो भरोसेमंद नाम एक साथ जुड़ने से मेट्रो एवं टियर 1 शहरों से परे रणनीतिक विस्तार के माध्यम से विकास करने की कंपनी की महत्वाकांक्षाओं को ताकत मिलेगी। ब्रांड की यह नई पहचान सिर्फ ब्रांड के नाम में बदलाव तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन बीमा के परिदृश्य को बदलने की हमारी प्रतिबद्धता की दिशा में मजबूत कदम भी है। हमारी नई पहचान में अपने सभी हितधारकों को अनूठी वैल्यू देने का हमारा वादा नजर आता है। अब एक्सिस हमारी पहचान का हिस्सा है।

### ऑप्टिमस की एलएस स्पेक्ट्रम से साझीदारी

नई दिल्ली। ऑप्टिमस इंफ्राकॉम लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी ऑप्टिमस अनमैन्ड सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड (ओयूएस) ने भारतीय बाजार में एलएस स्पेक्ट्रम के अत्याधुनिक ड्रोन आधारित स्पेक्ट्रम एनालिसिस सॉल्यूशंस की मार्केटिंग, असेंबली और वितरण करने के लिए जर्मनी स्थित एलएस टेलीकॉम एजी की अनुषंगी कंपनी एलएस स्पेक्ट्रम सॉल्यूशंस प्रा. लि. के साथ साझीदारी की आज घोषणा की। अपने ड्रोन व्यवसाय और मेक इन इंडिया को और गति देते हुए ऑप्टिमस की एलएस स्पेक्ट्रम के साथ साझीदारी, इसकी रक्षा पेशकश में पासा पलटने वाली साबित होगी और यह इस बाजार में कंपनी को और मजबूती प्रदान करेगी। इस साझीदारी से ड्रोन आधारित सॉल्यूशंस से परे जाने की संभावना है।

### आरोहन से ऋण प्रतिबंध हटा

बंगलुरू। भारतीय रिजर्व बैंक ने आरोहन फाइनेंशियल सर्विसेज पर लगाए गए ऋण प्रतिबंध हटा दिए हैं। शुक्रवार को जारी एक बयान में, भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा कि आरोहन ने सुधारात्मक कदम उठाए और अपनी विभिन्न अनुपालनों को प्रस्तुत किया। कंपनी की प्रस्तुतियों के आधार पर, और उनके द्वारा अपनाई गई पुनर्गठित प्रक्रियाओं, प्रणालियों और नियामक दिशानिर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए, विशेष रूप से ऋण मूल्य निर्धारण में निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए, आरबीआई ने आरोहन फाइनेंशियल सर्विसेज पर लगाए गए प्रतिबंधों को तुरंत प्रभाव से हटाने का निर्णय लिया है।

### आयुष महाकुंभ के वैज्ञानिक सत्र को संबोधित करेंगे डॉ. द्विवेदी

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। इसके पूर्व वहाँ 2 से 6 जनवरी तक आयुष महाकुंभ एवं ग्लोबल आयुष एक्सपो 2025 का आयोजित किया जा रहा है, इसमें देश भर के चुनिंदा विश्वप्रसिद्ध आयुष चिकित्सा विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे। इस 5 दिनी आयोजन के तहत, 5 जनवरी को आयोजित वैज्ञानिक सत्र में इंदौर के होम्योपैथिक चिकित्सक और सी सी आर एच, आयुष मंत्रालय के वैज्ञानिक सलाहकार मंडल के सदस्य डॉ. ए.के. द्विवेदी अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।

## पेज एक का शेष

### भगोड़ा घोषित

के बाद भी जारी रह सकता है। यह एक अलग अपराध है। पूर्ववर्ती दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 82 किसी व्यक्ति के भगोड़ा घोषित करने से संबंधित है। पूर्ववर्ती भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 174ए, सीआरपीसी की धारा 82 के तहत भगोड़ा घोषित किये जाने के बाद भी गैर-हाजिर रहने से संबंधित है।पीठ ने कहा, सीआरपीसी की धारा 82 का उद्देश्य, जैसा कि वैधानिक पाठ को पढ़ने से समझा जा सकता है, यह सुनिश्चित करना है कि जिस व्यक्ति को अदालत के समक्ष पेश होने के लिए बुलाया जाता है, वह ऐसा करे। शीर्ष अदालत ने कहा कि भारतीय दंड संहिता की धारा 174ए का उद्देश्य और प्रयोजन किसी व्यक्ति की उपस्थिति के लिए आवश्यक अदालती आदेश की अवहेलना के लिए दंडात्मक परिणाम सुनिश्चित करना है।

### कुछ लोग

को पक्के घर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के माध्यम से सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल भी उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, आज डेढ़ लाख से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकी की सहायता से टेलीमेडिसिन ने गांवों में सर्वश्रेष्ठ चिकित्सकों और अस्पतालों का विकल्प सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि ई-संजीवनी के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में करोड़ों लोगों को टेलीमेडिसिन का लाभ मिला है। प्रधानमंत्री ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए आर्थिक नीतियां बनाने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार का लक्ष्य गांवों को विकास और अवसर के जीवंत केंद्रों में बदलकर ग्रामीण भारत को सशक्त बनाना है।

उन्होंने कहा हमारी सरकार की मंशा, नीतियां और फैसले ग्रामीण भारत को नयी ऊर्जा के साथ सशक्त बना रहे हैं। मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को लगभग तीन लाख करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दी गई है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में कृषि ऋण की राशि में 3.5 गुना वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि अब पशुपालकों और मछली पालकों को भी किसान क्रेडिट कार्ड दिए जा रहे हैं। मोदी ने कहा कि देश में 9,000 से अधिक किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) वित्तीय सहायता प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने रेखांकित किया कि सरकार ने पिछले 10 साल में कई फसलों के लिए एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) में लगातार वृद्धि की है। मोदी ने कहा, जब इरादे नेक होते हैं, तो परिणाम संतोषजनक होते हैं।

उन्होंने कहा कि देश अब पिछले 10 वर्ष में की गई कड़ी मेहनत का लाभ उठा रहा है। प्रधानमंत्री ने कई अहम तथ्यों का खुलासा करने वाले एक हालिया बड़े सर्वेक्षण का हवाला देते हुए कहा कि 2011 की तुलना में ग्रामीण भारत में खपत लगभग तीन गुनी हो गई है, जो दर्शाता है कि लोग अपनी पसंदीदा वस्तुओं पर अधिक खर्च कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले ग्रामीणों को अपनी आय का 50 प्रतिशत से अधिक भोजन पर खर्च करना पड़ता था, लेकिन आजादी के बाद पहली बार ग्रामीण क्षेत्रों में भोजन पर होने वाला खर्च 50 प्रतिशत से कम हो गया है और अब वे अन्य इच्छाओं एवं जरूरतों पर खर्च कर रहे हैं, जिससे उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार हो रहा है। मोदी ने सर्वेक्षण के एक अन्य महत्वपूर्ण निष्कर्ष पर प्रकाश डाला जिससे यह पता चला है कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच खपत का अंतर कम हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले यह माना जाता था कि शहरी व्यक्ति गांवों के लोगों की तुलना में अधिक खर्च कर सकते हैं, लेकिन निरंतर प्रयासों से यह असमानता कम हो गई है। उन्होंने कहा कि ये उपलब्धियां पिछली सरकारों के कार्यकाल के दौरान हासिल की जा सकती थीं, लेकिन आजादी के बाद दशकों तक लाखों गांव बुनियादी जरूरतों से वंचित रहे। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की अधिकतर आबादी गांवों में रहती है और पिछली सरकारों ने उनकी उपेक्षा की है। मोदी ने कहा कि इसके कारण गांवों से लोगों का पलायन हुआ, गरीबी बढ़ी और ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के बीच की खाई बढ़ती गई।

### मिशन मिल्कीपुर

अपील करें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यकर्ताओं की हौसलाअफजाई भी की। उन्होंने कहा कि जब रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई तो दुनिया ने अयोध्यावासियों को सिर आंखों पर बिठाया। उन्होंने कहा कि कुंदरकी में 65 प्रतिशत मुस्लिम आबादी के बाद भी विकास के नाम पर भारतीय जनता पार्टी ने रिकार्ड मतों से उपचुनाव में जीत हासिल की। कार्यकताओं की बदौलत ही उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव में 9 में से 7 सीट जीतने में हमनें सफलता हासिल हुई। कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा के साथ मिल्कीपुर उपचुनाव को रिकार्ड मतों से जीतने का लक्ष्य लेकर कार्य करें। संचालन विधान परिषद सदस्य इंजी. अवनीश सिंह पटेल ने किया। बैठक में प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, मंत्री जेपीएस राठौर, गिरीश चंद्र यादव, दयाशंकर मिश्र 'दयालु', मयंकेश्वर शरण सिंह, सतीश शर्मा, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, पूर्व सांसद लल्लू सिंह, विधायक रामचंद्र यादव, वेद प्रकाश गुप्ता, अमित सिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य डॉ. धर्मेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, अवधेश पांडेय बादल, कमला शंकर पांडेय, अभिषेक मिश्र, रामू प्रियदर्शी, बाबा गोरखनाथ, आलोक सिंह रोहित, राघवेंद्र पांडेय, शैलेंद्र कोरी समेत मिल्कीपुर विधान सभा के सभी मंडल अध्यक्ष, प्रभारी, शक्ति केंद्र संयोजक, जिला पदाधिकारी, मोर्चा-प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य व ग्राम प्रधान आदि मौजूद रहे।

### सरकार ने

हैं। मुख्यमंत्री योगी ने यह भी निर्देश दिया है कि जरूरतमंदों तक कम्बल पहुंचाने में कोई कोताही न बरती जाए।

रैन बसेरों में महिलाओं की सुरक्षा के लिए है विशेष इंतजाम : रैन बसेरों में महिलाओं की सुरक्षा और उनकी जरूरतों का विशेष ध्यान रखा गया है। आश्रय स्थलों में पर्याप्त रोशनी, स्वच्छता और अलाव की व्यवस्था की गई है। यह सुनिश्चित किया गया है कि महिलाएं रैन बसेरों में सुरक्षित महसूस करें और उनकी सभी आवश्यकताओं का ख्याल रखा जाए। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि रैन बसेरों की स्थिति और अलाव की व्यवस्था की तकनीकी मॉनिटरिंग की जाए। राहत आयुक्त कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम से रैन बसेरों, अलाव और कंबल वितरण की स्थिति पर सीधे संवाद किया जा रहा है। फीडबैक के आधार पर कमियों को तुरंत दूर करने का आदेश दिया गया है। रैन बसेरों की जानकारी सार्वजनिक करने का निर्देश : योगी सरकार ने रैन बसेरों की जानकारी आम जन तक पहुंचाने के लिए नगर निगम को विशेष निर्देश दिए हैं। प्रत्येक जोन में रैन बसेरों की विस्तृत सूची प्रदर्शित की जा रही है।

### तमिलनाडु : पटाखा

करते हुए कहा कि उन्होंने अधिकारियों को मदुरै के सरकारी अस्पताल में घायल कर्मियों की विशेष देखभाल सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने अधिकारियों को मुख्यमंत्री जन राहत कोष से पीड़ित परिवारों को 4-4 लाख रुपये जारी करने का आदेश दिया है। साथ ही उन्होंने घायल कर्मी को एक लाख रुपये देने का आदेश दिया है।

### यूपी में सर्दी

और संत कबीर नगर में कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा ललितपुर, झांसी, जालौन, औरैया, मिजार्पुर, सोनभद्र, चंदौली, प्रयागराज, संत रविदास नगर, वाराणसी, कौशांबी, कांशीरामनगर, रामपुर, गाजीपुर, मऊ, गोंडा, बस्ती, बहराइच, श्रावस्ती में कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने यूपी के सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, बागपत, ज्योतिबाफुले, बिजनौर, मुरादाबाद, संभल, बरेली, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर, खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, हरदोई, फरुर्खाबाद, बाराबंकी, सीतापुर, आजमगढ़, अयोध्या, अंबेडकरनगर, अमेठी, रायबरेली, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, जौनपुर, प्रयागराज, कौशांबी, हमीरपुर, कानपुर, कानपुर देहात, संत रविदास नगर, चित्रकूट, फतेहपुर, बांदा और कन्नौज में कोल्ड डे का अलर्ट जारी किया गया है। इसमें कुछ जिले ऐसे भी हैं, जिसमें कोल्ड डे के साथ कोहरा भी छाया रहेगा। मौसम विभाग की मानें तो उत्तर प्रदेश में 5 जनवरी को कई जिलों में मौसम साफ रहेगा तो कुछ जिलों में कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं 6 जनवरी को प्रदेश में मौसम पूरी तरह से साफ रहेगा। सुबह के समय कहीं-कहीं हल्का कोहरा रह सकता है, लेकिन कोहरे का कोई अलर्ट अभी तक जारी नहीं किया गया है। मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि इस बार उत्तर प्रदेश में ठंड लंबी चल सकती है।

वहीं नई दिल्ली में घने कोहरे के कारण दृश्यता कम होने से दिल्ली हवाई अड्डे पर शनिवार तड़के 19 उड़ानों का मार्ग परिवर्तित किया गया और 200 से अधिक उड़ानें विलंबित हुईं। देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो ने सुबह-सुबह ही विमानों के आगमन और प्रस्थान को अस्थायी रूप से रोक दिया था। एक अधिकारी ने बताया कि दृश्यता कम होने के कारण शुक्रवार रात 12.15 बजे से डेढ़ बजे के बीच 19 उड़ानों का मार्ग परिवर्तित किया गया। अधिकारी ने बताया कि इनमें से 13 घरेलू और चार अंतरराष्ट्रीय उड़ानें थीं। 200 से अधिक उड़ानों में देरी हुई और अब परिचालन सामान्य हो गया है। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डीआईएएल) ने सुबह छह बजकर 56 मिनट पर सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, दिल्ली हवाई अड्डे पर उड़ानों के उतरने और उड़ान भरने का सिलसिला जारी है, लेकिन जो उड़ानें कैट तृतीय के अनुरूप नहीं हैं वे प्रभावित हो सकती हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि वे उड़ानों की अद्यतन जानकारी के लिए संबंधित विमानन कंपनी से संपर्क करें। किसी भी असुविधा के लिए हमें खेद है।

### मिलेट्स मंडुआ

के किसानों से मंडुआ खरीदने के लिए बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों और किसान उत्पादक संगठनों के सहयोग से जगह-जगह संग्रह केंद्र स्थापित किए। इस प्रयोग की सफलता की कहानी यूं कही जा सकती है कि 2020-21 में जहां इन केंद्रों की कुल संख्या 23 थी जो 2024-25 में बढ़कर 270 हो गई है। इन केद्रों के जरिए इस साल उत्तराखंड के किसानों से 3100.17 मीट्रिक टन, मंडुआ की खरीद की गई, इसके लिए किसानों को 42.46 प्रति किलो की दर से समर्थन मूल्य दिया गया। सरकार ने मंडुआ खरीद में सहयोग देने के लिए किसान संघों को 150 रुपए प्रति कुंतल और बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों को प्रति केंद्र 50 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की। साथ ही सुनिश्चित किया गया कि केंद्रों का भुगतान 72 घंटे में कर दिया जाये। प्रदेश में 2021-22 में मंडुआ समर्थन मूल्य कुल 2500 प्रति कुंतल था, जो 2024-25 में 4200 प्रति कुंतल हो गया है। इस तरह दो साल के अंतराल में ही समर्थन मूल्य 68 प्रतिशत बढ़ गया है। किसानों तक इसका लाभ पहुंचने से मंडुआ उत्पादन क्षेत्र भी बढ़ रहा है। इसके साथ ही सरकार ओपन मार्केट और हाउस ऑफ हिमालय के जरिए भी मंडुआ उत्पादों को प्रोत्साहन दे रही है।

### जम्मू-कश्मीर

सेना के जवानों की मौत से अत्यंत दुखी हूं। राष्ट्र उनकी सेवा और प्रतिबद्धता के लिए उनका अत्यंत आभारी है। शोकसंतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।




# 181 रन पर ऑस्ट्रेलिया ढेर, भारत को बढ़त

## पंत के आक्रामक अर्धशतक से सिडनी टेस्ट रोमांचक मोड़ पर



सिडनी। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने अपने आक्रामक तेवरों का खुलकर इजहार करते हुए 33 गेंद पर 61 रन बनाए जिससे भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यहां खेला जा रहा पांचवा और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच दूसरे दिन रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया।

पहली पारी में 185 रन बनाने वाले भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 181 रन पर ढेर करके चार रन की मामूली बढ़त हासिल की। भारत ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 141 रन बनाए और इस तरह से उसकी कुल बढ़त 145 रन की हो गई है। पिच से तेज गेंदबाजों को मदद मिल रही है। इसका सबूत दूसरे दिन गिरे 15 विकेट हैं जो सभी तेज गेंदबाजों ने हासिल किए। ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी नजर आ रहा है लेकिन जिस तरह की परिस्थितियां हैं उन्हें देखते हुए उसके लिए लक्ष्य तक पहुंचना आसान नहीं होगा। पंत ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करके दिखाया कि इस विकेट पर रन बन सकते हैं। उनकी तूफानी पारी में छह चौके और चार छक्के शामिल हैं। मिशेल स्टार्क की लगातार गेंद पर लगाए गए उनके छक्के दर्शनीय थे। उनकी इस पारी में भारत को दूसरी पारी में शर्मसार होने से बचा दिया क्योंकि सीम और उछाल लेती पिच पर अन्य भारतीय बल्लेबाज संघर्ष करते हुए नजर आए। भारतीय तेज गेंदबाजों ने भी हालांकि ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों को नहीं चलने दिया। भारतीय कप्तान बुमराह (33 रन देकर दो विकेट) के एहतियाती तौर पर स्कैन के लिए चले जाने के बाद प्रसिद्ध कृष्णा (42 रन देकर चार विकेट), मोहम्मद सिराज (51 रन देकर तीन विकेट) और नितीश रेड्डी (32 रन देकर दो विकेट) ने बखूबी जिम्मेदारी संभाली। इस मुश्किल विकेट पर विराट कोहली (06) और शीर्ष क्रम के उनके साथी बल्लेबाजों के लिए स्कॉट बोलैंड (42 रन देकर चार विकेट) का सामना करना मुश्किल रहा। कोहली ने श्रृंखला में लगातार आठवीं बार ऑफ स्टंप से बाहर जाती गेंद पर अपना विकेट गंवाया। मैच का तीसरे दिन समाप्त होना लगभग तय लग रहा है लेकिन अगर भारत को लक्ष्य का बचाव करना है तो बुमराह का पूरी तरह से फिट होना जरूरी है। अगर बुमराह फिट हो जाते हैं तो ऑस्ट्रेलिया के लिए 175 रन का लक्ष्य हासिल करना भी मुश्किल हो जाएगा। कोहली ने बोलैंड की गेंद पर स्लिप में कैच दिया जिससे 123 टेस्ट मैच खेलने वाले बल्लेबाज का भविष्य संदिग्ध लगता है। बोलैंड ने इससे पहले केएल राहुल (13) और यशस्वी जायसवाल (22) को भी पेवेलियन की राह दिखाई थी। पंत ने हालांकि अपने आक्रामक अंदाज से ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों को बैक फुट पर भेज दिया था। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को मजबूर होकर सीमा रेखा के पास क्षेत्ररक्षक लगाने पड़े। कमिंस ने ही पंत को विकेट के पीछे कैच करा कर अपनी टीम को राहत दिलाई। इससे पहले बुमराह लंच के बाद एक ओवर करके स्कैन के लिए चले गए। उनकी अनुपस्थिति में कोहली ने टीम की कमान संभाली और गेंदबाजी में आवश्यक बदलाव करके ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों पर दबाव डाला। प्रसिद्ध ने लंच से पहले स्टीव स्मिथ (33) को आउट किया था जो ऑस्ट्रेलिया की पारी का टर्निंग प्वाइंट साबित हुआ। दूसरे सत्र में उन्होंने कोण लेती गेंद पर एलेक्स कैरी (21) को आउट किया। कैरी सहज होकर खेल रहे थे लेकिन जब प्रसिद्ध ने अपनी लेंथ हासिल कर ली तो उन्हें खेलना मुश्किल था। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे ब्यू वेबस्टर ने अपना चयन सही साबित करते हुए सर्वाधिक 57 रन बनाए। ऐसे में रेड्डी ने गेंदबाजी ने कमाल दिखाया और अपने दूसरे स्पैल में कमिंस और स्टार्क के विकेट लिए। प्रसिद्ध ने वेबस्टर को आउट करके रही सही कसर पूरी कर दी। सिराज ने अपने पहले स्पैल में घातक गेंदबाजी करते हुए खूबसूरत आउटस्विंगर पर दो विकेट लिए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया का शीर्ष क्रम थाकर उसका स्कोर चार विकेट पर 39 रन कर दिया। इसके बाद स्मिथ ने वेबस्टर के साथ पांचवें विकेट के लिए 57 रन की साझेदारी की। प्रसिद्ध का शुरू में अपनी गेंदों पर नियंत्रण नहीं था। ऐसे में बुमराह ने उनका छोर बदला और उनका यह फैसला सही साबित हुआ। प्रसिद्ध की सटीक लेंथ से की गई गेंद स्मिथ के बल्ले का किनारा लेकर दूसरी स्लिप में खड़े केएल राहुल के हाथों में चली गई। दिन की शुरुआत में सैम कोन्स्टास (38 गेंदों में 23 रन) ने बुमराह के खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाया, लेकिन मार्नस लाबुशेन (02) जल्दी आउट हो गए। बुमराह की अच्छी लेंथ से की गई गेंद उनके बल्ले का किनारा लेकर ज्षभ पंत के दस्तानों में पहुंची थी। बांग्लादेश के अंपायर शरफुदौल इब्ने सैकत ने इसे नॉट आउट करार दिया था, लेकिन भारत के रेफरल लेने के बाद टीवी रिप्ले में स्पष्ट हो गया कि गेंद ने बल्ले का किनारा लिया था। कोन्स्टास ने भले ही आक्रामक रवैया अपनाया लेकिन उनका रक्षण अच्छा नहीं था। सिराज की सटीक लेंथ से की गई आउटस्विंगर को ड्राइव करने के प्रयास में उन्होंने गली में यशस्वी जायसवाल को कैच थमाया। ट्रैविस हेड (04) ने खूबसूरत ऑन-ड्राइव के साथ शुरुआत की लेकिन सिराज की इसी ओवर में की गई एक अन्य आउटस्विंगर (बाएं हाथ के बल्लेबाज के लिए इनस्विंगर) उनके बल्ले को चूमकर स्लिप में राहुल के पास चली गई।

## पंत की बल्लेबाजी हैरान करने वाली थी: मैकडोनाल्ड



सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने शनिवार को कहा कि ज्षभ पंत के की दूसरी पारी में की गयी आक्रामक बल्लेबाजी से वह चिंतित नहीं है लेकिन मैच के शुरुआती दिन इस बल्लेबाज की अति रक्षात्मक रवैया उनके लिए हैरान करने वाला था।

पंत ने पहली पारी में क्रीज पर 149 मिनट बिताये और शरीर पर कई चोटें खाते हुए 98 गेंदों में 40 रन बनाए। पंत ने इस पारी के बाद कहा था कि वह आक्रमण करने की मानसिक स्थिति में नहीं थे। इस बल्लेबाज ने हालांकि दूसरी पारी में विपरीत अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए मिचेल स्टार्क की लगातार गेंदों पर बड़े छक्के जड़े। उन्होंने स्कॉट बोलैंड और ब्यू वेबस्टर को भी नहीं बख्शा और दोनों गेंदों के खिलाफ छक्के लगाये। मैकडोनाल्ड ने दूसरे दिन के खेल के बाद कहा, सबसे पहले तो मैं यह कहना चाहूंगा कि पंत की आज की बल्लेबाजी को देखकर काई हैरानी नहीं हुई। हम हालांकि पहली पारी में उनकी बल्लेबाजी से थोड़े हैरान थे। उसके पास गेंदबाजों पर दबाव बनाने की शानदार क्षमता है। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान ने हालांकि दूसरी पारी में पंत को 61 रन पर आउट कर भारत को बैकफुट पर धकेल दिया। मैकडोनाल्ड ने कहा कि हमने उसके खिलाफ योजना बनायी थी, हमने इस श्रृंखला के लिए उसके लिए योजना बनायी थी। हम इस दौरान कई बार अपनी योजनाओं से भटक रहे थे और उसे बाउंड्री लगाने से रोकने की कोशिश कर रहे थे। यह एक ऐसी पारी थी जिसके बारे में आप कहेंगे कि यह उस समय के लिए सही थी। इस दौरे पर विराट कोहली नौ पारियों में आठ बार ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद पर विकेट के पीछे (विकेटकीपर या स्लिप क्षेत्ररक्षक) लपके गये। ऑस्ट्रेलिया के कोच मैकडोनाल्ड ने टीम के गेंदबाजों खासकर बोलैंड को सलाह दी थी कि कोहली के खिलाफ ऑफ स्टंप के बाहर गेंदबाजी जारी रखे।

### संक्षेप

## राष्ट्रीय खेलों की मशाल बागेश्वर पहुंची

पिथौरागढ़ (उत्तराखंड)। 38वें राष्ट्रीय खेलों की मशाल तेजस्विनी शनिवार को बागेश्वर पहुंची जहां जिला खेल अधिकारियों और खेलप्रेमियों ने इसका स्वागत किया। उत्तराखंड इस महीने के अंत में पहली बार राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी कर रहा है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 26 दिसंबर को हल्द्वानी से खेलों की मशाल रैली को हरी झंडी दिखाई जो 13 जिलों के 99 स्थानों का दौरा करने के बाद 25 जनवरी को देहरादून पहुंचेगी। मशाल 27 दिसंबर को हल्द्वानी के गौलापार स्टेडियम पहुंची थी। राष्ट्रीय खेल 28 जनवरी से 14 फरवरी तक देहरादून के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने इसके शुभंकर, गान, लोगो, टैगलाइन और जर्सी का अनावरण किया था। राज्य की खेल मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि मशाल रैली का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को खेलों से जोड़ना है। उन्होंने कहा, देहरादून से शुरू हुई तेजस्विनी की यात्रा राज्य भर में कुल 3823 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद राज्य की राजधानी में समाप्त होगी।

## चोट के कारण रिटायर हुए ग्रिगोर

ब्रिस्बेन (ऑस्ट्रेलिया)। ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के गत चैंपियन ग्रिगोर दिमित्रोव शनिवार को यहां जिरी लेहेका के खिलाफ सेमीफाइनल के दौरान ग्रोइन चोट के कारण रिटायर हो गये। लेहेका से 6-4, 4-4 से पिछड़ रहे दुनिया के 10वें नंबर के खिलाड़ी दिमित्रोव ने ग्रोइन और कूल्हे का उपचार लिया। वह कोर्ट से बाहर चले गए और फिर खेलने का प्रयास किया लेकिन अंत में उन्होंने रिटायर होने का फैसला किया। इससे 23 वर्षीय लेहेका अपने चौथे एटीपी फाइनल में पहुंच गए। लेहेका ने पिछले साल एडिलेड इंटरनेशनल खिताब जीता था और यह उनका पहला एटीपी एकल खिताब था। अब वह ऑस्ट्रेलिया में दूसरी ट्रॉफी जीतने की कोशिश करेंगे।

## सेंथिल, रेवती भारत की चुनौती की अगुआई करेंगे

नयी दिल्ली। भारत के शीर्ष जूनियर खिलाड़ी सेंथिल कुमार और माया राजेश्वरन रेवती यहां डीएलटीए परिसर में छह जनवरी से शुरू हो रहे आईटीएफ जे300 प्रतियोगिता में क्रमशः लड़के और लड़कियों के वर्ग में भारत की चुनौती की अगुआई करेंगे। पिछले सत्र में आईटीएफ जूनियर सर्किट पर कई टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने वाले सेंथिल के अलावा भारत के शीर्ष पांच खिलाड़ियों में शामिल हितेश चौहान, अर्णव पापरकर और वरूण वर्मा भी लड़कों के वर्ग के मुख्य ड्रॉ में हिस्सा लेंगे। विदेशी खिलाड़ियों में दुनिया के 87वें नंबर के निकता बिलोजेर्त्सेव और तुकी के दुनिया के 111वें नंबर के खिलाड़ी हेदर केम गोकपिनर भी खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे।

# स्कैन के बाद ड्रेसिंग रूम में लौटे जसप्रीत बुमराह



सिडनी। भारत के कप्तान जसप्रीत बुमराह चोट के कारण एहतियाती स्कैन कराने के बाद ड्रेसिंग रूम में लौट आए। बुमराह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच के दूसरे दिन शनिवार को यहां लंच के बाद केवल एक ओवर कर पाए थे इसके बाद उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा था।

बुमराह कुल मिलाकर तीन घंटे और 20 मिनट तक मैदान से दूर रहे, लेकिन उनकी वापसी से ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी से पहले भारतीय खेमे की चिंताएं कम हो सकती हैं। बुमराह की अनुपस्थिति में विराट कोहली ने टीम का नेतृत्व किया। श्रृंखला में पहले ही 32 विकेट ले चुके बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में 10 ओवरों में 33 रन देकर दो विकेट लिए। उन्होंने सुबह के सत्र में मार्नस लाबुशेन का विकेट लिया था। लंच के बाद अपने स्पैल में एक ओवर फेंकने के बाद बुमराह को कुछ असुविधा महसूस हुई। उन्हें साइड स्ट्रेन में परेशानी नजर आ रही थी। उन्होंने कोहली से बात की और मैदान से बाहर चले गए और फिर आधिकारिक प्रसारकों ने उन्हें टीम के सुरक्षा संपर्क अधिकारी अंशुमन उपाध्याय और टीम डॉक्टर के साथ मैदान से बाहर जाते हुए दिखाया। फॉक्स स्पोर्ट्स के दृश्यों में उन्हें एक एसयूवी में स्टेडियम से बाहर निकलते हुए दिखाया गया। तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा शनिवार को कहा कि कप्तान जसप्रीत बुमराह की पीठ में ऐंठन है और भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें टेस्ट में लक्ष्य का बचाव करते समय मेडिकल स्टाफ से इस स्टार तेज गेंदबाज की उपलब्धता को लेकर जानकारी का इंतजार कर रही है। बुमराह चोट के कारण एहतियाती स्कैन (जांच) कराने के बाद ड्रेसिंग रूम में लौट आए। उन्हें यहां लंच के बाद केवल एक ओवर गेंदबाजी करने के बाद मैदान से बाहर जाना पड़ा था। इस टेस्ट में बुमराह की गेंदबाजी भारत के लिए काफी अहम होगी क्योंकि टीम ने अपनी दूसरी पारी में 141 रन पर छह विकेट गंवा दिये है और उसकी कुल बढ़त सिर्फ 145 रन की है।

कृष्णा ने दूसरे दिन के खेल के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, उनकी पीठ में ऐंठन थी। वह स्कैन के लिए गए थे। मेडिकल टीम उनकी निगरानी कर रही है। जब मेडिकल टीम हमें कोई जानकारी देगी तभी इस बारे में कुछ पता चलेगा। बुमराह कुल मिलाकर तीन घंटे और 20 मिनट तक मैदान से दूर रहे, लेकिन उनकी वापसी से ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी से पहले भारतीय खेमे की चिंताएं कम हो सकती हैं। बुमराह की अनुपस्थिति में विराट कोहली ने टीम का नेतृत्व किया। बुमराह इससे पहले पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण 2022 और 2023 के बीच लगभग एक साल तक क्रिकेट से बाहर रहे थे। श्रृंखला में पहले ही 32 विकेट ले चुके बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में 10 ओवरों में 33 रन देकर दो विकेट लिए। उन्होंने सुबह के सत्र में मार्नस लाबुशेन का विकेट लिया था।

## पिच के असामान्य उछाल से हमारे लिए मैच में बने रहने का मौका होगा: कृष्णा

सिडनी। भारत की कुल बढ़त अभी 200 रन के आंकड़े से काफी दूर है लेकिन तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा का मानना है कि सिडनी क्रिकेट मैदान (एससीजी) की पिच से मिल रहे असामान्य उछाल से टीम मैच में बनी रहेगी क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के लिए चौथी पारी में बल्लेबाजी करना आसान नहीं होगा। भारत ने पांचवें टेस्ट के दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक शनिवार को यहां छह विकेट पर 141 रन बना लिये। टीम की कुल बढ़त 145 रन है और बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी बरकरार रखने के लिए उसे यह मैच जीतना होगा। कृष्णा ने यहां दिन के खेल के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, पिच के कुछ हिस्सों से गेंद को परखना मुश्किल हो रहा है। गेंद कभी-कभी नीचे रह रही है। हमारे पास मैच में बने रहने का पूरा मौका है। हमें पर्याप्त उछाल हासिल कर बल्लेबाज को बल्ले की दोनों ओर से छकाना होगा और किनारा लगने पर कैच लपकने के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने हालांकि भारत की जीत की संभावना को मजबूत करने के लिए जरूरी रनों का कोई आंकड़ा नहीं दिया। हमने कोई विशेष संख्या (रन) तय नहीं की है। हम जितने रन बनाएंगे, वह बचाव करने के लिए अच्छा स्कोर होगा।

# अर्जुन पुरस्कार मेरा मजाक उड़ाने वालों को जवाब है : पैरा शटलर नित्या



नयी दिल्ली। अर्जुन पुरस्कार के लिए चुनी गयी पैरालंपिक कांस्य पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी नित्या श्री सुमति सिवन को अब भी स्कूल के वे आंसू भरे दिन याद हैं अपने ऊपर कसी गयी फब्तियों से निराश होकर वह अवसाद में रहने लगी थी।

इस 19 साल की खिलाड़ी ने कहा कि यह प्रतिष्ठित पुरस्कार निराशा के उन दिनों को देखते हुए उचित सम्मान की तरह है। नित्या ने पीटीआई से कहा, जब मैं छठीं या सातवीं कक्षा में थी तब मेरा शारीरिक विकास रुक गया था। स्कूल में मेरे खिलाफ शरारत होती थी। मैं बहुत दुखी रहती थी। मैं परेशानी होकर हर छोटी-छोटी बात पर रोती रहती थी। यह पुरस्कार उन लोगों को जवाब है कि मैं भी कुछ कर सकती हूं और बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकती हूं। उन्होंने कहा, मैंने अपने कई साथी खिलाड़ियों को देखा है जो पुरस्कार जीत रहे हैं और उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। इसलिए राष्ट्रीय पुरस्कारों में से एक प्राप्त करना बहुत प्रतिष्ठित है। इस युवा खिलाड़ी ने कहा, यह मेरे लिए गर्व का क्षण है। सभी पदक और पुरस्कार मेरे लिए उपहार की तरह हैं। यह मेरी कड़ी मेहनत, खेल के प्रति समर्पण, हर दिन अभ्यास करने, हर चीज का पालन करने और अनुशासित रहने को मान्यता प्रदान करता है। तमिलनाडु के होसुर में जन्मी और पली-बढ़ी नित्या जब सिर्फ एक साल की थी, तब उनकी मां का निधन हो गया था। पिता और दादी ने उनका लालन-पालन किया और इस दौरान उनके भाई ने उनका पूरा साथ दिया। उन्होंने कहा, मैं अक्सर घर के अंदर रहती थी। मेरे पिता मुझे खेलने के लिए लगातार प्रेरित करते थे ताकि मैं घर से बाहर निकलने में संकोच न करूं। इसमें बैडमिंटन ने मेरी मदद की है। मैं अब वास्तव में स्वतंत्र महसूस करती हूं। बैडमिंटन खेलने से पहले, मैं वास्तव में ज्यादा बात नहीं करती था लेकिन अब बिना किसी झिझक के मैं लोगों से बात करती हूं।

एशियाई पैरा खेलों (2022) में तीन कांस्य पदक जीतने वाली नित्या के पिता को खेलों से काफी लगाव है। उनके भाई ने भी जिला स्तर पर क्रिकेट खेला है। नित्या ने भी पहले क्रिकेट खेलना शुरू किया था।

# ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के क्वार्टर फाइनल में हारे नोवाक जोकोविच



ब्रिस्बेन। ऑस्ट्रेलियाई ओपन की तैयारी में लगे नोवाक जोकोविच को शनिवार को यहां ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में रीली ओपेल्का से 7-6 (6), 6-3 से हार का सामना करना पड़ा।

जोकोविच साल का अपना पहला टूर्नामेंट खेल रहे थे। यह 37 वर्षीय खिलाड़ी 24 बार का ग्रैंड स्लैम चैंपियन है। इनमें से 10 खिताब उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में जीते हैं जो 12 जनवरी से मेलबर्न शुरू होगा। सेमीफाइनल में ओपेल्का का मुकाबला जियोवानी मपेत्शी पेरिकार्ड से होगा, जिन्होंने जैकब मेन्सिक को 7-5, 7-6 (5) से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में जिरी लेहेका का मुकाबला ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा। लेहेका ने निकोलस जैरी को 6-4, 6-4 से हराया जबकि दिमित्रोव ने जॉर्डन थॉम्पसन के मैच के बीच से हट जाने के बाद अंतिम चार में जगह बनाई। उस समय दिमित्रोव 6-।, 2-। से आगे चल रहे थे।

## पाकिस्तान के बल्लेबाज साइम अयूब टखने की चोट के कारण क्रिकेट से दूर

कराची। पाकिस्तान के सभी प्रारूपों के युवा सलामी बल्लेबाज साइम अयूब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रहे दूसरे टेस्ट के दौरान टखने की चोट के कारण छह सप्ताह के लिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर हो गये। इस चोट के कारण वह अगले महीने शुरू होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो सकते हैं। वह केपटाउन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के दूसरे और अंतिम टेस्ट में आगे हिस्सा नहीं लेंगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने शनिवार को कहा कि उनका एमआरआई और अन्य परीक्षण किया गया। चिकित्सकों ने साइम को छह सप्ताह के आराम की सलाह दी है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को बाउंड्री पर फील्डिंग करते समय साइम के टखने में चोट लग गई थी। पीसीबी के एक अधिकारी ने कहा, उनके दाहिने टखने में फ्रैक्चर है जिसे ठीक होने में कम से कम छह सप्ताह लगेंगे। इस चोट के कारण वह इस महीने के अंत में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू मैदान पर दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला और 19 फरवरी से पाकिस्तान और दुबई में शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले फरवरी में दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के साथ होने वाली त्रिकोणीय सीरीज में नहीं खेल पायेंगे।

# कहीं जा नहीं रहा, सिर्फ इस टेस्ट से बाहर हुआ हूं : रोहित



सिडनी। भारत के सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा ने अपने संन्यास को लेकर लग रही अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि वह कहीं नहीं जा रहे हैं और आस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट से बाहर रहने का कारण खराब फॉर्म था। खराब फॉर्म से जूझ रहे रोहित ने सिडनी टेस्ट से आराम लिया है और उनकी जगह तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह कप्तानी कर रहे हैं। इससे टेस्ट क्रिकेट में रोहित के भविष्य को लेकर अटकलें लगने लगी हैं।

रोहित ने स्टार स्पोर्टस से कहा कि मैने संन्यास नहीं लिया है। मैं बाहर हुआ हूं। मैने कोच और चयनकर्ताओं से यही बात की कि मैं रन नहीं बना पा रहा हूं, फॉर्म में नहीं हूं और इस महत्वपूर्ण मैच में हमें ऐसा खिलाड़ी चाहिये जो फॉर्म में है। उन्होंने कहा कि हम बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में टीम में ऐसे खिलाड़ी ज्यादा नहीं होने चाहिये जो फॉर्म में नहीं हैं। यही बात मेरे दिमाग में चल रही थी। मैं कहीं जा नहीं रहा हूं। सैंतीस वर्ष के रोहित ने कहा कि टीम प्रबंधन और चयनकर्ताओं ने उनके फैसले का समर्थन किया। उन्होंने कहा किमैं कोच और चयनकर्ताओं से कहना चाहता था कि मेरे दिमाग में यह चल रहा है। उन्होंने मेरे फैसले का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि तुम इतने साल से खेल रहे हो और तुम्हे पता है कि तुम क्या कर रहे हो। रोहित ने कहा कि मेरे लिये यह कठिन फैसला था। लेकिन अगर सब कुछ सामने रखें तो यह फैसला तर्कसंगत था। मैं बहुत आगे की नहीं सोचूंगा। रोहित की गैर मौजूदगी में शुभमन गिल को भारतीय टीम में शामिल किया गया। भारत श्रृंखला में ।. 2 से पीछे है और बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी अपने पास रखने के लिये उसे सिडनी टेस्ट हर हालत में जीतना होगा। रोहित ने 2024 में टेस्ट क्रिकेट में 14 मैचों की 26 पारियों में सिर्फ 619 रन बनाये। सिडनी टेस्ट से पहले इस श्रृंखला के तीन टेस्ट की पांच पारियों में वह 31 रन ही बना सके हैं।

रोहित के साहसिक फैसले से यह अटकलें लगाई जा रही है कि वह इस श्रृंखला के बाद टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह सकते हैं। उन्होंने हालांकि कहा के यह संन्यास का फैसला नहीं है। मैं खेल छोड़ने नहीं जा रहा। ऐसा कोई फैसला नहीं है। मैं सिर्फ इसलिये इस मैच से बाहर हूं क्योंकि मेरा बल्ला काम नहीं कर रहा है। लेकिन इसकी कोई गारंटी नहीं है कि पांच महीने बाद भी बल्ला नहीं चलेगा। इसकी कोई गारंटी नहीं है कि बल्ला दो महीने या छह महीने बाद भी नहीं चलेगा। हमने टेस्ट क्रिकेट में बहुत कुछ देखा है। हर मिनट, हर सेकंड, हर रोज जिंदगी बदलती है। मेरा मानना है कि हालात बदलेंगे। लेकिन हमें यथार्थवादी भी होना होगा। अगर किसी व्यक्ति के पास माइक, लैपटॉप या कलम है तो वह क्या लिखता है या क्या बोलता है, इससे हमारी जिंदगी नहीं बदलती। हम इतने साल से खेलते आ रहे हैं। ये लोग तय नहीं कर सकते कि हमें कब जाना चाहिये या कब नहीं खेलना चाहिये। मै समझदार इंसान हूं और परिपक्व भी। मैं दो बच्चों का पिता हूं लिहाजा मेरे पास भी थोड़ा दिमाग है कि जीवन में मुझे क्या चाहिये। यह पूछने पर कि क्या उन्होंने मेलबर्न टेस्ट की हार के बाद यह फैसला लिया था, रोहित ने कहा, नहीं। मैने यह फैसला सिडनी आने के बाद लिया। मैच के बाद हमारे पास बीच में दो ही दिन थे और एक दिन नववर्ष का था और मैं नये साल में कोच और चयनकर्ता से यह नहीं बोलना चाहता था। लेकिन यह मेरे दिमाग में चल रहा था कि मैं लगातार कोशिश कर रहा हूं लेकिन रन नहीं बन रहे। मुझे यह स्वीकार करना होगा कि रन नहीं बन रहे और ऐसे में मेरे लिये अलग हटना जरूरी था। उन्होंने कहा कि मैं जब भी कप्तानी कर रहा हूं तो मैं यह नहीं सोचता कि पांच या छह महीने बाद क्या होगा। आप निकट भविष्य में क्या चाहते हैं, उस पर फोकस जरूरी है। हमारा पूरा फोकस इन पांच मैचों पर था। हमें ट्रॉफी बरकरार रखनी थी, जीतना था। ऐसे फैसले लेते समय टीम को आगे रखा जाता है। उन्होंने बुमराह की भी तारीफ की और कहा, उसने गेंदबाजी में नये मानदंड कायम किये हैं।

# शाह ने बोला केजरीवाल पर हमला

## केजरीवाल ने दिल्ली की आधारभूत संरचनाओं को सुधारने के बजाय शीश महल बनवाया: शाह



नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को आरोप लगाया कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री के तौर पर अपने लगभग 10 साल के कार्यकाल में राजधानी की आधारभूत संरचनाओं को सुधारने के बजाय खुद के लिए, शीश महल बनवाया।

शाह ने यह भी कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) संयोजक को इसका हिसाब देना होगा। शाह ने नयी दिल्ली नगरपालिक परिषद द्वारा स्थापित कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास सुषमा भवन के उद्घाटन के बाद एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केजरीवाल (मुख्यमंत्री के तौर पर) के आधिकारिक आवास में इस्तेमाल की गई कई महंगी चीजों के नाम गिनवाए और कहा कि उन्होंने तो इनमें से कई चीजों के नाम तक नहीं सुने हैं। शाह ने कहा कि जब केजरीवाल राजनीति में आए तो उन्होंने कसम खाई थी कि सरकारी कार या बंगला नहीं लेंगे और कहा था कि एक नए प्रकार की राजनीति का आगाज करेंगे। उन्होंने कहा कि लेकिन आप नेता का एक, दो, तीन या चार बंगलों से मन नहीं भरा और दिल्लीवासियों के 45 करोड़ रुपये के खर्च से 50,000 वर्ग गज जमीन पर शीश महल बनवाया। भाजपा केजरीवाल पर निशाना साधने के लिए शीश महल का मुद्दा उठा रही है। आम आदमी पार्टी की सरकार ने दिल्लीवासियों को पानी की आपूर्ति करने के लिए कोई व्यवस्था नहीं बनाई लेकिन केजरीवाल के चार सदस्यीय परिवार के लिए 15 करोड़ रुपये का पानी संयंत्र लगाया गया। उन्होंने आरोप लगाया, जब केजरीवाल मुख्यमंत्री आवास में रहते थे तब डिजाइनर मार्बल पर छह करोड़ रुपये, आधुनिक पर्दों पर छह करोड़ रुपये, स्वचालित दरवाजों पर 70 लाख रुपये, कालीनों पर 50 लाख रुपये और स्मार्ट टीवी पर 64 लाख रुपये खर्च किए गए। शाह ने केजरीवाल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री को सोशल मीडिया मंच एक्स पर सुझाव दिया था कि उन्हें दिल्ली के लोगों को शीश महल के दर्शन कराने चाहिए ताकि वे देख सकें कि उनके मुख्यमंत्री किस तरह के घर में रहते हैं। केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि केजरीवाल ने घोटालों के अलावा कुछ नहीं किया, चाहे शराब नीति घोटाला हो, मोहल्ला क्लीनिक घोटाला हो, सीसीटीवी कैमरे और बस खरीद में घोटाला हो। शाह ने दिवंगत भाजपा नेता सुषमा स्वराज की विरासत का भी जिक्र किया और उन्हें तेजतर्रार विपक्षी नेता बताया और विभिन्न प्रमुख मंत्रालयों में उनकी सेवा के लिए उन्हें याद किया। शाह ने इस बात पर जोर दिया कि विदेश और स्वास्थ्य मंत्रालयों में स्वराज के योगदान को भारत के संसदीय इतिहास में याद किया जाएगा, वहीं केजरीवाल की विरासत भ्रष्टाचार और स्वार्थ से

# केंद्रीय मंत्री रीजीजू ने प्रधानमंत्री की ओर से अजमेर दरगाह में चढ़ाई चादर



जयपुर। केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजीजू ने शनिवार को अजमेर दरगाह पर जारी उर्स के दौरान सूफी संत मोइनुद्दीन चिश्ती की मजार पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भेजी गई चादर चढ़ाई।

उन्होंने दरगाह पर प्रधानमंत्री का संदेश पढ़ा, जिसमें सभी धर्मों के लोगों से सद्भावना के साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया गया है। रिजीजू ने कहा कि ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह से पूरे देश-दुनिया में भाईचारे और शांति का संदेश जाता है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री द्वारा दी गई चादर चढ़ाते हुए मैंने यही कामना की कि हमारे देश में सभी लोग अमन व मैत्री से रहें और देश की तरक्की में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि उन्हें यहां आकर प्रसन्नता हुई है और वे अपने मंत्रालय की ओर से यहां सुविधाओं में सुधार के लिए प्रयास करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी, जमाल सिद्दीकी, दरगाह दीवान सैयद नसरुद्दीन चिश्ती आदि भी मौजूद थे। रिजीजू ने दरगाह शरीफ पर चादर चढ़ाने के बाद आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री का संदेश पढ़ा, जिसमें मोदी कहा कि वह गरीब नवाज के 813वें उर्स मुबारक के मौके पर दुनिया भर से आये हुए श्रद्धालुओं को मुबारकबाद देते हैं। उन्होंने कहा कि भारत में विभिन्न कालखंडों में विभिन्न संतों और फकीरों ने जन-जन के बीच जाकर उनके जीवन को आलोकित किया और मानवता के संदेश से अपनी अमिट छाप छोड़ी, इन्हीं में से एक ख्वाजा गरीब नवाज ने समाज में प्रेम और सौहार्द बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

संक्षेप

## मुझे देश छोड़ने की पेशकश की : इमरान

लाहौर। पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने दावा किया है कि उन्हें तीन साल के निर्वासन पर देश छोड़ने का मौका दिया गया था, लेकिन उन्होंने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया था। पूर्व क्रिकेटर खान (72) ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी एक पोस्ट में कहा, जब मैं अटक जेल में था तो मुझे तीन साल के निर्वासन पर देश छोड़ने की पेशकश की गई थी, लेकिन मैं पाकिस्तान में ही रहूंगा और मरूंगा। खान ने रावलपिंडी की अडियाला जेल में मीडियाकर्मियों से बातचीत में कहा कि उन्हें इस्लामाबाद में बानी गाला निवास में स्थानांतरित करने के लिए परोक्ष रूप से संपर्क किया गया है। पूर्व प्रधानमंत्री अगस्त 2023 से अडियाला जेल में कैद हैं। खान ने हालांकि एक्स पर जारी पोस्ट में दावा किया कि उन्होंने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है। उन्होंने कहा, मेरा रुख स्पष्ट है: पहले मेरे हिरासत में लिये गए कार्यकर्ताओं और नेताओं को रिहा करें। उसके बाद ही मैं अपनी व्यक्तिगत स्थिति पर चर्चा करने पर विचार करूंगा। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक ने कहा कि उनका मानना है कि पाकिस्तान के फैसले देश के भीतर ही लिये जाने चाहिए। हालांकि, जब बुनियादी मानवाधिकारों की बात आती है, तो स्वाभाविक रूप से वैश्विक स्तर पर आवाजें उठेंगी।

# भाजपा वह माचिस है जिसने मणिपुर को जला दिया: खरगे



नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मणिपुर में हिंसा की ताजा घटना को लेकर शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) वह माचिस है जिसने पूर्वोत्तर के इस प्रदेश को जला दिया।

खरगे ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि नरेन्द्र मोदी जी, आपकी मणिपुर की आखिरी यात्रा जनवरी, 2022 में भाजपा के लिए वोट मांगने को लेकर थी। 3 मई 2023 को राज्य में हिंसा भड़क उठी। 600 से अधिक दिन बीत चुके हैं और खबरों से अब पता चला है कि राज्य में गांव के गांव मिटा दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि हाल में ताजा हिंसा तब देखी गई जब भीड़ ने कांगपोकपी जिले में पुलिस अधीक्षक पर हमला कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप वह घायल हो गए।

# आतिशी का मुकाबला रमेश बिधूड़ी से



नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा के चुनाव के लिए 29 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की और नयी दिल्ली सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल के खिलाफ पूर्व सांसद प्रवेश वर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया। पार्टी ने एक और पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी को कालकाजी से उम्मीदवार बनाया है, जहां से मौजूदा मुख्यमंत्री आतिशी आप की उम्मीदवार हैं।

केजरीवाल वर्ष 2013 से नयी दिल्ली सीट से विधायक हैं। इस बार उनका मुकाबला दो पूर्व मुख्यमंत्रियों के बेटों से होगा। प्रवेश वर्मा 1990 के दशक में दो वर्ष के लिए मुख्यमंत्री रहे साहिब सिंह वर्मा के बेटे हैं। पश्चिमी दिल्ली के पूर्व सांसद प्रवेश वर्मा ने आधिकारिक उम्मीदवार घोषित होने से पहले ही इस सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी शुरू कर दी थी और कहा था कि पार्टी के राष्ट्रीय नेताओं ने उनकी उम्मीदवारी को मंजूरी दे दी है। कांग्रेस ने नयी दिल्ली सीट पर तीन बार दिल्ली की मुख्यमंत्री रहीं शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा की पहली सूची में आठ ऐसे उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं, जो हालिया महीनों में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी छोड़कर आए हैं। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रमुख अरविंदर सिंह लवली को पूर्वी दिल्ली की गांधी नगर सीट से मौजूदा भाजपा विधायक अनिल बाजपेयी की जगह उम्मीदवार बनाया गया है।

# वर्तमान शिक्षा प्रणाली पर फिर से विचार की जरूरत: राहुल

नयी दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि युवाओं के बेहतर भविष्य और भारत को वैश्विक नेतृत्वकर्ता बनाने के लिए यह जरूरी है कि देश की मौजूदा शिक्षा प्रणाली पर पुनर्विचार किया जाए तथा शिक्षा पर अधिक पैसा खर्च किया जाए। उन्होंने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के छात्रों के एक समूह के साथ बातचीत में यह भी कहा कि निजीकरण और वित्तीय प्रोत्साहन के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हासिल नहीं की जा सकती। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने बातचीत का यह वीडियो विभिन्न सोशल मीडिया मंचों पर साझा किया। मुझे हाल ही में आईआईटी मद्रास के कुछ प्रतिभाशाली युवाओं से बात करने का सौभाग्य मिला।


क्षेत्रवासियों को नववर्ष एवं गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



समरेंद्र बहादुर सिंह
श्याम राजकुँवारि जगन्नाथ सिंह सनातन धर्म कन्या इंटर कॉलेज भगवन्तनगर उन्नाव


# ट्रंप होटल के बाहर टेस्ला के साइबरट्रक को उड़ाने वाले सैन्यकर्मी ने छोड़ा था पत्र

लास वेगास (अमेरिका)। लास वेगास में ट्रंप होटल के बाहर विस्फोट से ठीक पहले टेस्ला साइबरट्रक में खुद को गोली मारकर जान देने वाले एक सैन्यकर्मी ने एक पत्र छोड़ा था। इसमें उसने लिखा था कि नए साल के पहले दिन का यह विस्फोट देश की बुराइयों को लेकर सचेत होने के रूप में काम करेगा। जांच अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

कोलोराडो स्प्रिंग्स, कोलोराडो के 37 वर्षीय ग्रीन बेरेट मैथ्यू लिवेल्सबर्गर ने अपने सेलफोन पर एक पत्र लिखा था। लिवेल्सबर्गर 2006 से सेना में कार्यरत था और दो बार अफगानिस्तान में उसकी तैनाती हुई थी। लिवेल्सबर्गर ने पत्र में लिखा, यह कोई आतंकवादी हमला नहीं था, यह एक चेतावनी थी। अमेरिकी केवल तमाशा और हिंसा पर ध्यान देते हैं। आतिशबाजी और विस्फोटकों के साथ स्टंट से बेहतर मेरी बात को समझाने का और क्या तरीका हो सकता है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह पत्र जारी किया। विस्फोट में सात लोगों को मामूली चोटें आईं, लेकिन ट्रंप इंटरनेशनल होटल को कोई नुकसान नहीं हुआ। अधिकारियों ने कहा कि लिवेल्सबर्गर ने अकेले इस घटना को अंजाम दिया। लिवेल्सबर्गर ने पत्र में राजनीतिक हमलों, सामाजिक समस्याओं और यूक्रेन में युद्ध सहित घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों सहित कई विषयों को उठाया। उसने एक पत्र में कहा कि अमेरिका की हालत बहुत खराब है और बदहाली की ओर बढ़ रहा है। इस बीच, सहायक शेरिफ डोरी कोरेन के अनुसार, टेस्ला इंजीनियरों ने जांच अधिकारियों के लिए साइबरट्रक से डेटा निकालने में मदद की।

# हिलेरी, जॉर्ज और मेस्सी को प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम प्रदान करेंगे बाइडन

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन, फैशन डिजाइनर राल्फ लॉरेन, फुटबॉल सुपरस्टार लियोनल मेस्सी, पूर्व रक्षा मंत्री दिवंगत एश्टन कार्टर और विवादास्पद निवेशक जॉर्ज सोरोस के अलावा 14 लोगों को प्रतिष्ठित प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम के लिए नामित किया है।

बाइडन शनिवार दोपहर को अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस में पुरस्कार विजेताओं को अमेरिका के सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम से सम्मानित करेंगे। व्हाइट हाउस ने शनिवार को कहा कि यह प्रतिष्ठित पुरस्कार उन व्यक्तियों को दिया जाता है, जिन्होंने अमेरिका की समृद्धि, मूल्यों या सुरक्षा, वैश्विक शांति या अन्य महत्वपूर्ण सामाजिक, सार्वजनिक या निजी प्रयासों में अनुकरणीय योगदान दिया है। बाइडन का मानना है कि महान नेता विश्वास बनाए रखते हैं, सभी को समान अवसर देते हैं और शालीनता को सबसे ऊपर रखते हैं। व्हाइट हाउस ने कहा कि पुरस्कार के लिए चुने गए क्लिंटन, लॉरेन, मेस्सी, कार्टर और सोरोस सहित ये 19 व्यक्ति ऐसे महान नेता हैं।


क्षेत्रवासियों को नववर्ष एवं गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

दीपक पटेल (मामा)
बिजली विभाग, पावर हॉउस बिहार, उन्नाव




इंटरटेनमेंट...

# अल्लू अर्जुन ने पूरी की कोर्ट की औपचारिकताएं



हैदराबाद। अभिनेता अल्लू अर्जुन ने भगदड़ मचने की घटना में एक महिला की मौत के मामले में नियमित जमानत मिलने के बाद, शनिवार को अपनी जमानत शर्तों के अनुसार एक स्थानीय अदालत में निजी मुचलका भरा और जमानती बॉण्ड जमा किये।

हैदराबाद की एक अदालत ने फिल्म पुष्पा-2 के प्रीमियर के दौरान भगदड़ मचने से एक महिला की मौत होने के मामले में शुक्रवार को अल्लू अर्जुन को नियमित जमानत दी थी। अभिनेता के वकील अशोक रेड्डी ने बताया अदालत के निर्देशानुसार अल्लू अर्जुन ने व्यक्तिगत रूप से सभी औपचारिकताएं पूरी कीं। उनके साथ उनके ससुर चंद्रशेखर रेड्डी भी थे। यहां द्वितीय अतिरिक्त मेट्रोपोलिटन सत्र न्यायाधीश ने शुक्रवार को अल्लू अर्जुन को नियमित जमानत दी थी। अदालत ने अभिनेता को 50-50 हजार रुपये के दो जमानती बॉण्ड जमा करने के अलावा उतनी ही राशि का मुचलका भरने का निर्देश दिया था। जमानत की शर्तों के तहत, अभिनेता को दो महीने की अवधि के लिए या आरोपपत्र दाखिल होने तक हर रविवार को पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न एक बजे के बीच जांच अधिकारी के सामने पेश होना होगा। अभिनेता को मामले के निस्तारण तक अदालत को पूर्व सूचना दिए बिना अपना आवासीय पता नहीं बदलना होगा। उन्हें अदालत की पूर्व अनुमति के बिना देश नहीं छोड़ने का निर्देश दिया गया। घटना के सिलसिले में अभिनेता को 13 दिसंबर को गिरफ्तार किया गया था और तेलंगाना उच्च न्यायालय की ओर से चार सप्ताह की अंतरिम जमानत मिलने के बाद 14 दिसंबर को जेल से रिहा कर दिया गया था। अभिनेता की अंतरिम जमानत 10 जनवरी को खत्म होनी थी। अल्लू अर्जुन को मामले में आरोपी नंबर 11 के रूप में नामजद किया गया है। उन्होंने अदालत में नियमित जमानत याचिका दायर की थी।

# 11 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी प्रतीक की फुले



मुंबई। अभिनेता प्रतीक गांधी की आने वाली फिल्म फुले 11 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म को खासतौर पर समाज सुधारक ज्योतिराव फुले की 197वीं जयंती के अवसर पर रिलीज किया जा रहा है।

फुले के लेखक एवं निर्देशक अनंत महादेवन हैं। इसमें प्रतीक सामाजिक कार्यकर्ता एवं सुधारक ज्योतिराव फुले की भूमिका में और अभिनेत्री पत्रलेखा शिक्षाविद् सावित्रीबाई फुले का किरदार निभाती दिखेंगी। इसका निर्माण डांसिंग शिवा फिल्म्स, किंग्समेन प्रोडक्शंस और जी स्टूडियोज ने शुक्रवार को फिल्म की रिलीज की तारीख की आधिकारिक घोषणा की। फिल्म की रिलीज की तारीख की घोषणा के लिए सावित्रीबाई फुले की जयंती का दिन चुना गया। निर्देशक महादेवन ने बयान में कहा कि उनकी फिल्म फुले के जीवन के नए पहलुओं को सामने लाएगी। उन्होंने कहा यह फिल्म भारत के एक महान बेटे तथा बेटी को हमारी विनम्र श्रद्धांजलि है। इस फिल्म को युवा पीढ़ी को जरूर देखना चाहिए क्योंकि इससे उन्हें इतिहास की पुस्तकों में वर्णित घटनाओं से कहीं अधिक जानने का मौका मिलेगा।






# कियारा की तबीयत बिगड़ी आराम करने की सलाह



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी के प्रतिनिधि ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराये जाने संबंधी खबरों को खारिज करते हुए शनिवार को कहा कि काम की व्यस्तता के बाद अदाकारा को आराम करने की सलाह दी गई है। अपनी आगामी फिल्म गेम चेंजर के शनिवार को ट्रेलर लॉन्च कार्यक्रम में वह शामिल नहीं हुईं, जिसके बाद अभिनेत्री के अस्पताल में भर्ती होने की खबरें आई थीं। अभिनेत्री के प्रतिनिधि ने बताया कियारा आडवाणी को अस्पताल में भर्ती नहीं कराया गया है उन्हें आराम करने की सलाह दी गई है क्योंकि वह लगातार काम करती रही हैं।

# पाताल लोक दूसरे सीजन का टीजर जारी




नयी दिल्ली। ओटीटी मंच प्राइम वीडियो ने पाताल लोक के दूसरे सीजन का टीजर शुक्रवार को जारी किया। अभिनेता जयदीप अहलावत पाताल लोक के दूसरे सीजन में एक बार फिर पुलिस निरीक्षक हाथी राम चौधरी का किरदार निभाते दिखाई देंगे।

प्राइम वीडियो ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया खाते पर दूसरे सीजन का टीजर साझा किया। इसमें अहलावत उर्फ हाथी राम दर्शकों को एक नये रहस्य से रूबरू कराते हुए दिखाई दिये। अहलावत ने पहले सीजन में हिंदू महाकाव्य महाभारत की एक कहानी सुनाई थी ठीक इसी तरह टीजर में अभिनेता दर्शकों को एक और कहानी सुनाते हुए दिखाई दिये। एक लिफ्ट में खड़े अहलावत एक ऐसे व्यक्ति की कहानी सुनाते नजर आ रहे हैं जो अपने बिस्तर के नीचे मिले एक कीड़े को मार देता है। उन्होंने कहा कि एक कीड़े को मारने वाला व्यक्ति खुद को शक्तिशाली समझता है लेकिन बाद में उसके बिस्तर के नीचे अनगिनत कीड़े पैदा होने शुरू हो जाते हैं। अभिनेता ने कहा बेचारे आदमी ने सोचा कि एक कीड़े को मार दिया और खेल खत्म। ऐसा थोड़ी न होता है यहां पाताल लोक में। अहलावत के अलावा अभिनेता इश्वाक सिंह और गुल पनाग भी दूसरे सीजन में मुख्य किरदार निभाते दिखाई देंगे।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com